RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 45
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 3 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





मुझे विश्वास नहीं था कि मैं शो में काम कर रही थीं
विविध-12



www.dailypioneer.com


# फिल्म उद्योग मुंबई से बाहर ले जाने का इरादा नहीं: योगी

● कहा, हम दुनिया की सबसे खूबसूरत फिल्म सिटी बनाने के लिए प्रतिबद्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई, लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि फिल्म उद्योग को मुंबई से बाहर ले जाने का उनका कोई इरादा नहीं है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि हालांकि यह खुली प्रतिस्पर्धा है और जो प्रतिभा को उभरने के लिए सही माहौल और सुरक्षा दे सकेगा, उसे निवेश मिलेगा।

योगी की मुंबई यात्रा से पहले कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि फिल्म सिटी को मुंबई से छीन कर उत्तर प्रदेश ले जाने की साजिश रची जा रही है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी कहा था कि किसी को फिल्मोद्योग को जबरन यहां से ले जाने नहीं दिया जाएगा। आदित्यनाथ ने कहा, हम किसी का निवेश नहीं छीन रहे हैं। उन्होंने कहा, कोई अपने साथ कुछ नहीं ले जा सकता। यह कोई पर्स नहीं है जिसे ले जाया सकता है। यह खुली प्रतिस्पर्धा है। जो सुरक्षित माहौल, बेहतर सुविधाएं और विशेष रूप से सामाजिक सुरक्षा दे सकेगा, उसे निवेश प्राप्त होगा। शिवसेना सांसद संजय राउत के बयान का जवाब देते हुए आदित्यनाथ ने कहा, हम यहां से कुछ लेकर जाने के लिए नहीं आए हैं। हम कुछ नया निर्माण कर रहे हैं। आप क्यों चिंतित हो रहे हैं? हम सभी को विश्व स्तरीय अवसंरचना दे रहे हैं। इसलिए सभी को ऊपर उठकर सोचना चाहिए, सोच का दायरा बढ़ाना चाहिए और बेहतर सुविधाएं देनी चाहिए। जो यह कर सकेगा उसे लोग मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने फिल्म जगत की हस्तियों से कहा कि हम नोएडा में सिर्फ उत्तर प्रदेश के लिए नहीं पूरी दुनिया के लिए फिल्म सिटी बनाने जा रहे हैं। यह फिल्म सिटी आपकी होगी। आपकी जरूरतों के अनुसार होगी, आप सुझाव दें। उसी के अनुसार अपने वादे के अनुरूप, नोएडा में देश ही नहीं, बल्कि दुनिया की सबसे खूबसूरत फिल्म सिटी बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

बुधवार को मुम्बई के एक निजी होटल में फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े नामी कलाकारों, निर्माताओं और निर्देशकों से कहीं। उन्होंने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री के लिए उत्तर प्रदेश में सारी जरूरी चीजें हैं। विंध्य इलाके में प्रकृति का अनुपम सौंदर्य, संस्कृति और इतिहास की सम्पन्न विरासत समेटे बुन्देलखण्ड, भगवान श्री राम की अयोध्या के अलावा और भी बहुत कुछ है। इस दौरान फि ल्मी हस्तियों ने अपने कीमती सुझाव दिए और कुछ ने अपने प्रोजेक्ट और फिल्म को लेकर व्यक्तिगत रूप से मिलने की ईच्छा भी जाहिर की। कई कलाकारों ने नोएडा में फिल्म सिटी बनाने की सीएम योगी की पहल का मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम का संचालन उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के चेयरमैन राजू श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने रखी। सीएम ने कहा कि हम जिस जगह फिल्म सिटी बनाने जा रहे हैं, वह जगह तो दिल्ली से लगी हैं। भगवान ( शेष पेज 9 )



मुंबई स्थित बाम्बे स्टॉक एक्सचेंस में बुल की मूर्ति के साथ चित्र खिंचाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। वे लखनऊ नगर निगम के बांड की सूचीबद्धता के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में यहां आए। (समाचार पेज 2)

## उद्योगपतियों को दिया निवेश का निमंत्रण अनुकूल परिवेश का किया वादा

**मुंबई।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुंबई में देश के चुनिंदा उद्योगपतियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि असीमित संभावनाओं वाले उत्तर प्रदेश में आप सबका स्वागत है। हम, आपको सुरक्षा, सम्मान और माहौल देंगे। आने वाले कुछ ही वर्षों में उत्तर प्रदेश बुनियादी सुविधाओं के लिहाज से वैश्विक स्तर पर टक्कर लेगा। हमारी आबादी हमारा संसाधन है और आपके लिए बाजार भी। टूरिज्म, चिकित्सा, एक जिला, एक उत्पाद और एमएसई सेक्टर में बहुत संभावनाएं हैं। मुंबई के ट्राइडेंट होटल में देश के नामी उद्योगपतियों से बातचीत में कही। साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित भी किया और प्रदेश में बड़े पैमाने पर किए गए इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जेवर में एशिया का सबसे बड़ी ग्रीन ( शेष पेज 9 )

## रक्षा उत्पादों के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर ही नहीं, निर्यातक भी बनेगा: मुख्यमंत्री

**मुंबई।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के कारोबारियों से कहा कि आपके हर सुझाव का हम स्वागत करते हैं।

डिफेंस कॉरिडोर के लिए हम देश के शीर्ष तकनीकी संस्थानों में शुमार आईआईटी कानपुर और अन्य ऐसी संस्थाओं से सलाह भी ले रहे हैं। उम्मीद है कि सभी के प्रयास से रक्षा उत्पादों के क्षेत्र में शीघ्र ही भारत आत्मनिर्भर ही नहीं निर्यातक भी बनेगा। यह प्रधानमंत्री के एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने जैसा होगा। उन्होंने कहा कि डिफेंस एक्सपो से हमें काफी उम्मीदें हैं। आप लोगों ने जो हौसला और उत्साह दिखाया है, उससे हम लोगों का भी हौसला बढ़ा है।

डिफेंस कॉरिडोर में छह नोड झांसी, चित्रकूट, अलीगढ़, आगरा, कानपुर और लखनऊ हैं। हर नोड में पर्याप्त जमीनें हैं। सभी नोड को हम आने वाले समय में एक्सप्रेस वे से जोड़ देंगे। इस दौरान डिफेंस उत्पादों के कारोबारियों ने अपने कई अहम सुझाव भी ( शेष पेज 9 )

आपूर्ति की दिक्कत से जूझ रहा ड्रैगन

## चीन ने भारत से 30 साल में पहली बार खरीदा सबसे अधिक चावल

● दो माह में पांच हजार टन चावल खरीदने का दिया आर्डर

● नूडल और शराब बनाने के काम आते हैं गैर बासमती टूटे चावल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सीमा** पर गतिरोध के बीच चीन ने पिछले तीन दशक में इस बार भारत से सबसे ज्यादा टूटा चावल खरीद का ऑर्डर दिया है। दो महीनों के दौरान चीन लगभग 5,000 टन चावल का लदान करने वाला है। टूटे हुए चावल का उपयोग नूडल्स बनाने और शराब उद्योग में किया जाता है।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक और चीन इसका सबसे बड़ा आयातक देश है। ऑल इंडिया राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अनुसार, चीन ने दो साल के अंतराल के बाद फिर भारतीय चावल का आयात करना शुरू किया है और लगभग 5,000 टन गैर-बासमती चावल के लदान का ऑर्डर दे दिया है क्योंकि यह विश्व बाजार में सबसे सस्ता चावल है। भारतीय व्यापारियों ने दिसंबर-फरवरी के बीच 100,000 टन टूटे हुए चावल निर्यात का सौदा लगभग 300-320 डॉलर प्रति टन के हिसाब से किया है। अन्य ग्रेड जैसे कि सफेद चावल 25 प्रतिशत और 5 प्रतिशत टूट इस समय 330 अमरीकी डालर (24,600 रुपये) और 360 अमरीकी डालर (26,800 रुपये) प्रति टन हैं। दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक और आयातक चीन विभिन्न माध्यमों से भारत से आयात पर प्रतिबंध लगाता रहा है। वर्श 2006 में भारतीय चावल के लिए चीनी बाजार खुला, लेकिन इसका लदान 2017-18 में जाकर ही हुआ।

बीजिंग सालाना लगभग चार मिलियन टन चावल का आयात करता है लेकिन वह गुणवत्ता आदि मुद्दों का हवाला देकर भारत से चावल खरीदने से बचता है। चीन के पारंपरिक आपूर्तिकर्ताओं जैसे थाईलैंड, वियतनाम, म्यांमार और पाकिस्तान में इस बार निर्यात के लिए कम चावल है और भारत के मुकाबले उनका चावल 30-60 डॉलर प्रति टन अधिक महंगा पड़ रहा है। पश्चिम अफ्रीका में बेनिन, केप वर्डे, घाना, माली, नाइजीरिया, सेनेगल और सिएरा लियोन जैसे पारंपरिक ग्राहक देशों ने महामारी के दौरान भारत से गैर-बासमती चावल की खरीदारी बढ़ा दी है।

## ब्रिटेन ने फाइजर के कोविड-19 टीके को दी मंजूरी




**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन** अग्रणी दवा कंपनी फाइजर-बायोएनटेक के कोविड-19 टीके को मंजूरी देने वाला पहला देश बन गया है। इस तरह, घातक कोरोना वायरस को नियंत्रित करने के लिए अगले सप्ताह से अति जोखिम वाले लोगों के टीकाकरण करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। ब्रिटेन की दवा और स्वास्थ्य उत्पाद नियामक एजेंसी (एमएचआरए) ने बताया कि यह टीका उपयोग में लाने के लिए सुरक्षित है। दावा किया गया था कि यह टीका कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए 95 प्रतिशत तक कारगर रहा है। ब्रिटेन सरकार ने कहा कि आंकड़ों के व्यापक विश्लेषण ( शेष पेज 9 )

## संसद सत्र बुला कानून खत्म करे सरकार

किसानों की मांग

● पांच दिसंबर को केंद्र सरकार के खिलाफ पूरे देश में करेंगे प्रदर्शन

● कृषि कानूनों को लेकर आंदोलनरत किसानों और केंद्र के बीच बैठक आज

**शेखर सिंह।** नई दिल्ली

**कृषि** कानूनों के विरोध में बुधवार लगातार सातवें दिन किसानों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। अन्य राज्यों से जुड़ी दिल्ली की सीमाओं की नाकेबंदी मजबूत कर दी गई है। यहां तक कि हरियाणा से जुड़े लिंक रोड को बंद कर दिया गया है।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि कल होने वाली बैठक में उनकी मांगों को नहीं माना गया तो वे सीमाओं को बंद कर देंगे। इस बीच, गुरुवार को किसानों की बैठक से पहले पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे।

क्रांतिकारी यूनियन पंजाब के दर्शनपाल सिंह ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि यदि सरकार हमारी मांगों से सहमत नहीं होती तो किसान कार्रवाई तेज कर देंगे। सरकार जिस तरह से पांच सदस्यों की कमेटी के गठन का प्रस्ताव देकर किसान संगठनों को बांटना चाहती है, वह स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने हमें बैठक के लिए नहीं बुलाया बल्कि किसानों और उनके संगठनों के बीच मतभेद करना चाहती है। सिंह ने कहा कि तीन दिसंबर की बैठक में हम 10 पन्नों का ज्ञापन सौंपेंगे जिसमें ये कारण होंगे कि सरकार को कृषि बिल को क्यों रद्द करना चाहिए। बिल को रद्द करने के लिए संसद के एक विशेष सत्र को बुलाया जाना चाहिए। हम दिन रात बात करने के लिए तैयार हैं लेकिन हम अपनी लड़ाई जारी रखेंगे और सीमाओं को सील करेंगे।

उन्होंने कहा कि हमने यह भी आह्वान किया है कि पांच दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुकेश अंबानी का पूरे देश में पुतला जलाया जाए। यदि सरकार हमारी मांगों को नहीं मानती तो खिलाड़ी और अन्य हस्तियां अपने पुरस्कारों को लौटाएंगी। संयुक्त ( शेष पेज 9 )



नई दिल्ली के सिंघू बॉर्डर पर प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते क्रांतिकारी किसान यूनियन के अध्यक्ष दर्शन पाल और साथ में हैं स्वराज इंडिया के अध्यक्ष योगेंद्र यादव (दाहिने)। फोटो: रंजन डिमरी

## बारातियों की कार पर पलटा ट्रक, आठ लोगों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** कौशाम्बी

**कौशाम्बी** जिले के कड़ा धाम क्षेत्र में बुधवार को सड़क किनारे खड़ी बारातियों से भरी एक कार पर बालू लदा ट्रक पलट जाने से आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर गांव से एक बारात कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के देवीगंज गांव गई थी। उन्होंने बताया कि समारोह में शिरकत करके कुछ बाराती एक कार पर सवार होकर वापस शहजादपुर जा रहे थे और आज भोर देवीगंज गांव से बाहर निकलने पर रास्ता भटक जाने की वजह से उन्होंने कार सड़क किनारे खड़ी कर दी थी, तभी एक अनियंत्रित ट्रक उस कार पर पलट गया। उन्होंने बताया कि इस हादसे में पूनम (40), मुस्कान (14), सोना (16), रोशनी (50), नेहा (28) ओम (आठ), शशि (40) तथा कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। दो लड़कियों ने गाड़ी की खिड़की से कूदकर जान बचाई। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गैस कटर से गाड़ी काटकर शव निकाले और पोस्टमार्टम के लिए भेजे। हादसे के बाद ट्रक चालक भाग गया। उसकी तलाश की जा रही है।

## ट्रंप प्रशासन के प्रस्तावित दो एच-1 बी नियमों पर रोक

● अमेरिकी अदालत का फैसला, भारतीय पेशेवरों और शीर्ष आईटी कंपनियों को मिली राहत

**भाषा।** वाशिंगटन

**हजारों** भारतीय पेशेवरों और शीर्ष अमेरिकी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों को एक बड़ी राहत देते हुए एक अमेरिकी अदालत ने ट्रंप प्रशासन द्वारा प्रस्तावित दो एच-1बी नियमों पर रोक लगा दी है। ये प्रस्ताव विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करने की अमेरिकी कंपनियों की क्षमता को बाधित करते थे।

एच-1बी वीजा एक गैर आव्रजक वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विशेष व्यवसाय, जिनमें सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की जरूरत होती है, के लिए विदेशी कर्मचारियों को रखने की इजाजत देता है। अमेरिका प्रतिवर्ष 85 हजार एच-1बी वीजा जारी करता है। आमतौर पर ए तीन साल के लिए जारी होते हैं और इन्हें नवीकृत कराया जा सकता है। करीब 6 लाख एच-1बी वीजाधारकों में से अधिकतर भारत और चीन से हैं। नॉर्दर्न डिस्ट्रिक ऑफ कैलीफोर्निया के जिला न्यायाधीश जैफरी व्हाइट ने मंगलवार को अपने 23 पन्नों के आदेश में ट्रंप प्रशासन की उस हालिया नीति पर रोक लगा दी जिसके तहत रोजगार प्रदाता को एच-1बी वीजा पर विदेशी कामगारों को महत्वपूर्ण रूप से ज्यादा मजदूरी देनी पड़ती।

उन्होंने इसके अलावा एक अन्य नीति को भी दरकिनार किया जो अमेरिकी टेक कंपनियों और अन्य रोजगार प्रदाताओं के लिए अहम माने जाने वाले एच-1बी वीजा की अर्हता को कम कर देती। इस फैसले के बाद गृह सुरक्षा विभाग का रोजगार और अन्य मुद्दों पर सात दिसंबर से प्रभावी होने वाला नियम अब अमान्य हो गया है। मजदूरी पर श्रम विभाग का आठ अक्तूबर को प्रभावी हुआ नियम भी अब वैध नहीं है। इस मामले में वाद यूएस चैंबर्स ( शेष पेज 9 )

## कृष्ण गोवर्धन रोड प्रोजेक्ट पर सुप्रीम कोर्ट ने उठाए सवाल



**भाषा।** नई दिल्ली

**उत्तर** प्रदेश के मथुरा में कृष्ण गोवर्धन रोड प्रोजेक्ट पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठा दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सड़क बनाने के समय पेड़ क्यों काटे जाएं? अदालत ने सुझाया कि पेड़ों को काटने के बजाय बेहतर तो ये होगा कि सड़कों को टेढ़ा मेढ़ा रखा जाए। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि भगवान कृष्ण के नाम पर वृक्षों को काटने की इजाजत नहीं दी जा सकती और उत्तरप्रदेश सरकार से मथुरा में कृष्ण-गोवर्धन सड़क के लिए काटे जाने वाले पेड़ों को लेकर आकलन करने को कहा। शीर्ष अदालत ने कहा कि लकड़ी के मूल्य के हिसाब से नहीं बल्कि ऑक्सजीन देने की क्षमता वाले पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आकलन करना होगा। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यम की पीठ ने कहा कि राज्य सरकार यह बता पाने की स्थिति में नहीं है कि वन विभाग वृक्षों का किस तरह आकलन करेगा।

आकलन को लेकर अपनाए जाने वाले तरीके के बारे में अवगत कराने के लिए चार हफ्ते का वक्त दिया जा रहा है। राज्य सरकार और लोक निर्माण विभाग समेत उसके प्राधिकारों ने एक याचिका दायर कर मथुरा में कृष्ण-गोवर्धन रोड परियोजना के लिए 2940 वृक्षों को काटने की अनुमति देने का अनुरोध किया है। राज्य के पीडब्ल्यूडी की ओर से पेश एक वकील ने कहा कि परियोजना के तहत मथुरा में भगवान कृष्ण के जन्मस्थान पर स्थित मंदिर तक जाने वाली सड़क को चौड़ा भी किया जाना है, इस पर पीठ ने कहा, भगवान कृष्ण के नाम पर आप हजारों वृक्षों को नहीं काट सकते हैं। पीठ ने कहा, सिर्फ लकड़ी के हिसाब से आकलन नहीं करें बल्कि आकलन का ऐसा तरीका अपनाएं जिसमें यह ध्यान रखा जाए कि अगर किसी खास पेड़ को नहीं काटा गया तो बाकी जीवन काल में उससे ऑक्सीजन पैदा होने की कितनी क्षमता ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 44,618 | ↓ | 37 | |
| निफ्टी | 13,113 | ↑ | 04 | |
| सोना | 48,169 | ↑ | 675 | /10g |
| चांदी | 62,496 | ↑ | 1280 | /kg |

## क्विक न्यूज

### प्रदेश में धीरे-धीरे बढ़ रहा है ठंड का असर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ठंड का असर धीरे-धीरे बढ़ रहा है और कुछ जगहो पर कोहरा भी रहा। आंचलिक मौसम केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटो के दौरान कानपुर मंडल में न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव नही हुआ। इस अवधि में चुर्क राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जबकि बस्ती में अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो प्रदेश में सबसे ज्यादा था। रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश के ज्यादातर स्थानो पर दिन में खिली धूप रही। हालांकि कुछ स्थानो पर बदली का असर भी देखा गया। इसमे अगले 24 घंटो के दौरान मौसम आमतौर पर सूखा रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है।

## विवादित टिप्पणी पर हाईकोर्ट के पूर्व जज कर्णन गिरफ्तार

● जजों और उनकी पत्नियों के खिलाफ की थी अपमानजनक टिप्पणी, पहले भी विवादों में रहे हैं कर्णन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पहले** से ही तमाम विवादों में घिरे पूर्व हाईकोर्ट जज सीएस कर्णन को जजों की पत्नियों और महिला जजों के खलिाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में चेन्नई पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। हाईकोर्ट ने कुछ दिन पहले इस मामले में संज्ञान लिया था और तमिलनाडु पुलिस को कार्रवाई न करने पर कड़ी फटकार लगाई थी। ताजा मामले से उनकी मुसीबतें और बढ़ सकती हैं। आरोप है कि पूर्व जस्टिस सीएस कर्णन ने कथित तौर पर सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के मौजूदा न्यायाधीशों के खिलाफकथित तौर पर अपमानजनक और मानहानि करने वाली टिप्पणी की और उन्हें ऑनलाइन पोस्ट किया, जो यू ट्यूब के जरिये वायरल होकर सबके सामने आया। दरअसल, जस्टिस कर्णन पहले ही न्यायपालिका पर अपनी टिप्पणियों को लेकर विवादों में घिरे रहे हैं। विगत 9 मई 2017 को सात जजों की बेंच ने जस्टिस कर्णन को अवमानना का दोषी मानते हुए छह महीने की सजा सुनाई थी, लेकिन वह फरार थे। जुलाई में उनकी गिरफ्तारी हुई। गौरतलब है कि 23 जनवरी 2017 को जस्टिस कर्णन ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के वर्तमान 20 जजों की सूची भेजी थी और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी।

## गणतंत्र दिवस पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री हो सकते हैं मुख्य अतिथि

● मोदी ने अपने समकक्ष बोरिस जॉनसन को टेलीफोन बातचीत में दिया निमंत्रण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**ब्रिटिश** प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन अगले साल गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि हो सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 27 नवंबर को टेलीफोन से हुई बातचीत के दौरान उन्हें इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया है।

यह वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान भारत में किसी विदेशी हस्ती की पहली हाई-प्रोफाइल यात्रा होगी। हालांकि दोनों ने इस यात्रा की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने मोदी को अगले साल जी-7 शिखर सम्मेलन का बुलावा दिया। यदि यह यात्रा होती है तो जॉनसन 27 साल से अधिक समय के बाद गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि होने वाले पहले ब्रिटिश पीएम होंगे। इससे पहले 1993 में ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री जॉन मेजर गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि थे। बतचीन के दौरान दोनों नेताओं ने निमंत्रण के अलावा, कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ लड़ाई, जलवायु परिवर्तन और अन्य संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। बातचीत की जानकारी रखने वाले एक वरिश्ठ अधिकारी ने बताया कि दोनों नेताओं ने कोविड और ब्रेक्सिट युग के बाद की स्थितियों पर भारत-यूके साझेदारी में प्रगति वृद्धि की इच्छा को दोहराया और व्यापार, निवेश, वैज्ञानिक अनुसंधान, पेशेवरों का आदान-प्रदान, शिक्षा, रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर बातचीत हुई।



बीते नवंबर में भारत में ब्रिटेन की कार्यकारी उच्चायुक्त जेन थॉम्पसन ने कहा था कि जॉनसन जल्द ही भारत की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा था कि उम्मीद है कि ब्रिटेन के विदेश सचिव डॉमिनिक राब अगले कुछ महीनों में भारत जाएंगे। इसके अलावा, पीएम बोरिस जॉनसन भी भारत आने के लिए बहुत उत्सुक हैं। वार्ता के बाद पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा था कि अगले दशक में भारत-ब्रिटेन संबंधों के लिए महत्वाकांक्षी रोडमैप पर यूके के पीएम और दोस्त बोरिस जॉनसन के साथ बेहरीन चर्चा हुई। व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई जैसे सभी क्षेत्रों में सहयोग के लिए सहमत हुए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बुधवार को मुंबई में नाबार्ड के चेयरमैन डॉ. जीआर चिन्टाला ने मुलाकात की



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुंबई में भेंट करते टाटा सन्स के चेयरमैन एन चन्द्रशेखरन



मुंबई में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ पार्श्व गायक कैलाश खेर

# लखनऊ नगर निगम का प्रयास एक नये युग की शुरुआतः योगी

- सीएम योगी ने जारी किया लखनऊ नगर निगम का म्युनिसिपल बॉन्ड
- बॉण्ड जारी करने वाला उत्तर भारत से पहला निकाय बना लखनऊ नगर निगम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/मुंबई



**उप्र के** लखनऊ नगर निगम के म्युनिसिपल बॉन्ड की बुधवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज बीएसई में लिस्टिंग हो गई। उत्तर भारत के किसी नगर निगम द्वारा पहली बार किए गए इस प्रयास को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक नए युग की शुरुआत बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आबादी के लिहाज देश का सबसे बड़ा प्रदेश और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का राज्य उप्र अपने नागरिकों के जीवन स्तर में विकास, उन्हें विकास के लिए हर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सतत काम कर रहा है।

ईज ऑफ बिजनेस डूइंग की राष्ट्रीय स्तर की हालिया रैंकिंग में प्रदेश ने पिछले वर्ष के प्रदर्शन से आगे निकलते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। यह रैंकिंग निवेशकों, उद्यमियों और उद्योग जगत के विश्वास का ही प्रमाण है।

बुधवार को बीएसई के हेरिटेज हॉल में आयोजित रिंगिंग बेल सेरेमनी में मुख्यमंत्री ने परंपरानुसार बेल बजाकर लखनऊ नगर निगम का म्युनिसिपल बॉन्ड जारी किया। सीएम योगी ने इस मौके पर कहा कि कोरोना के इस कालखंड में लखनऊ नगर निगम द्वारा 200 करोड़ रुपये के म्युनिसिपल बॉन्ड की लिस्टिंग के साथ आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। निगम का यह प्रयास न केवल लखनऊ वासियों को बेहतर अवस्थापना सुविधाएं देने के लिए वित्तीय जरूरतों को पूरा करने वाला होगा बल्कि उत्तर प्रदेश के अन्य नगर निगमों को भी इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। तमाम उद्यमियों, निवेशकों, बीएसई के अधिकारियों व अनेक गणमान्य जनों की मौजूदगी में योगी ने कहा की लखनऊ के बाद अब अतिशीघ्र गाजियाबाद नगर निगम भी बीएसई में अपने म्युनिसिपल बांड की लिस्टिंग कराएगा। सीएम योगी ने कहा कि निवेशकों की रुचि के कारण ही यह बॉण्ड ओवर सब्सक्राइब हुआ। साढ़े चार गुना अधिक ओवर सब्सक्रिप्शन मिलना शानदार है। यह हमें और बेहतर करने को प्रेरित करेगा। बॉण्ड के माध्यम से निकायों में प्रशासनिक और वित्तीय सुधार सम्भव हो सकेंगे।

### एमएसएमई इकाइयां भी हो रही बीएसई में लिस्ट

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम यूपी की एमएसएमई इकाइयों को एनएसई और बीएसई में लिस्टिंग के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। अब तक 15 इकाइयों ने बीएसई में लिस्टिंग कर अपनी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार की नीतियां निवेशोंमुखी हैं। हम निवेशकों की सरलता और सुगमता के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। सिंगल विंडो प्रणाली के माध्यम से हाल के समय में उत्तर प्रदेश में निवेशकों की जरूरतों और अपेक्षाओं का यथोचित समाधान हो रहा है। योगी ने बताया कि यूपी इन्वेस्टर समिट में उद्योग जगत की ओर से यूपी को आशातीत सहयोग मिला। यह प्रयास सतत जारी रहेगा। अब यूपी में डिफेंस कॉरिडोर की स्थापना हो रही है, जो देश को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में ग्लोबल हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण होगा। इस मौके पर लखनऊ नगर निगम की मेयर संयुक्ता भाटिया, उप्र सरकार के मंत्री सतीश महाना, सिद्धार्थ नाथ सिंह, आशुतोष टण्डन, सरकार के वरिष्ठ अधिकारी नवनीत सहगल, अवनीश अवस्थी, संजय प्रसाद, मुत्थु स्वामी, नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# महंत नृत्य गोपाल दास को देखने मेदांता पहुंचे सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**राजधानी** स्थित मेदान्ता हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास को देखने बुधवार देर शाम मुख्यमंत्री ने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी हासिल की। इसके बाद मुख्यमंत्री अस्पताल में भर्ती अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल की माँ को भी देखने पहुंचे। ब्रेन हेमरेज की वजह से उन्हें यहां भर्ती कराया गया है।

अस्पताल के निदेशक डॉ राकेश कपूर ने बताया कि 15 मिनट रुकने के बाद मुख्यमंत्री वापस लौट गए। उन्होंने बताया कि महंत की हालत स्थिर है। बता दें कि महंत नृत्य गोपाल दास की मेडिकल रिपोर्ट में कहा गया था कि महंत के फेफड़ों में अधिक मात्रा में खून के थक्के पाए गए, जिसके कारण उन्हें सांस लेने में बहुत परेशानी हो रही थी। साथ ही दिल पर लोड भी पड़ रहा था। इसके अलावा उनका ब्लड प्रेशर कम हो रहा था और गुर्दे भी काम नहीं कर रहे थे। जांच रिपोर्ट एग्जामिन होने के बाद कार्डियक सर्जरी के डायरेक्टर डॉक्टर गौरंगो मजूमदार, आईसीयू एक्सपर्ट डॉक्टर दिलीप दुबे, इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के डॉक्टर रोहित अग्रवाल और इंटरवेंशन कार्डियोलॉजी के डॉक्टर अविनाश सहित अन्य चिकित्सकों ने बिना समय गवाएं जांच के उपरांत ऑपरेशन थिएटर में महंत के फेफड़ों में जमे हुए खून के थक्के को गलाने की प्रक्रिया शुरू की। ऑपरेशन के दौरान खून के थक्के को गलाने में सफलता प्राप्त हुई थी। फ़िलहाल महंत को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। फेफड़ों में सुधार देखने को मिला है। ब्लड प्रेशर भी पहले से बेहतर हुआ है।

## किसानों के पुराने ऋणों के ब्याज पर 35 से 100 प्रतिशत तक की छूट

**लखनऊ।** सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने बताया कि कोविड 19 की महामारी के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के बकायेदार कृषकों को तत्कालिन राहत पहुंचाने हेतु राज्य सरकार द्वारा एकमुश्त समाधान योजना संचालित की गई है जिसमें कृषकों को उनके पुराने ऋणों हेतु देय ब्याज 35 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक छूट दिये जाने की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि यह योजना 31 मार्च 2021 तक प्रभावी की गयी है तथा इस योजना की शर्ते पूर्व में लागू एकमुश्त समाधान योजना में वर्णित शर्तों के अनुसार ही रहेंगी।

## किसान आंदोलन को लेकर वेस्ट यूपी में हाई अलर्ट

**लखनऊ।** किसानों के आंदोलन को लेकर सरकार ने मेरठ, सहारनपुर समेत चार मंडलों में हाई अलर्ट कर दिया है। गृह विभाग के विशेष सचिव की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि किसान आंदोलन को लेकर मेरठ, सहारनपुर, आगरा और अलीगढ़ मंडलों में धरना, प्रदर्शन और अन्य आंदोलनात्मक कार्यक्रम हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में कमिश्नर, डीएम, आईजी, डीआईजी, एसएसपी, एसपी को जारी संदेश में किसानों के आंदोलन को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।

## एमएलसी चुनाव की मतगणना आज

**लखनऊ।** उप्र विधान परिषद के 5 खण्ड स्नातक तथा 6 खण्ड शिक्षक की कल गुरुवार को मतगणना की जायेगी। यह जानकारी प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने दी।

# राष्ट्रीय किसान आयोग की रिपोर्ट को दबाए रखा गयाः राधा मोहन

- यूपी में नड्डा का चार दिवसीय दौरा 25 से

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**बीजेपी के** प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने पार्टी मुख्यालय प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें आगामी कार्यक्रमों और रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के यूपी में 25 दिसम्बर से प्रारम्भ हो रहे 4 दिवसीय प्रवास पर भी चर्चा हुई। नड्डा 25 व 26 दिसम्बर को लखनऊ में और 27 व 28 को राज्य में किसी अन्य स्थान पर प्रवास पर रहेंगे। बैठक में तय किया गया कि 20 दिसम्बर तक मण्डल प्रभारियों की कार्यशालाएं 18 स्थानों पर कमिश्नरी मण्डल स्तर पर आयोजित की जायेंगी।

राधा मोहन सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में बिहार सहित देश के कई अन्य राज्यों में हुए उपचुनाव में भाजपा की विजय यह दर्शाती है कि देश की जनता मोदी जी के साथ है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के कुशल नेतृत्व के कारण आज भाजपा सम्पूर्ण देश में विकास, विश्वास और प्रगति का प्रतीक बन गई है। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर किसानों को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी का मानना है कि देश के खजाने पर पहला हक गांव, गरीब, किसान का है।

उन्होंने स्वामी नाथन रिपोर्ट की चर्चा करते हुए कहा कि 6 अगस्त 2018 को स्वामीनाथन ने स्वयं कहा कि यद्यपि राष्ट्रीय किसान आयोग का गठन 2006 में किया गया लेकिन इसकी रिपोर्ट को मोदी सरकार के आने तक ठण्डे बस्ते में डाले रखा गया। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि मोदी सरकार की प्रतिबद्धता गांव, गरीब, किसान के कल्याण की है। मोदी के नेतृत्व में पिछले 6 वर्षों में गांव, गरीब व किसान के हितों को लेकर जितना काम हुआ है उतना पहले कभी नहीं हुआ। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 6 वर्षो के कार्यकाल में किसानों के कल्याण के लिए बेमिसाल कार्य हुए हैं। गांव, गरीब, किसान को समर्पित मोदी सरकार द्वारा देश के 10 करोड़ किसानों को साल में 6 हजार रूपये दिये जा रहे है। वर्षों से किसानों में बैचेनी थी कि उन्हें दलालों से मुक्ति मिले जिसे दूर करने का श्रेय नरेन्द्र मोदी को जाता है। प्रदेश प्रभारी ने उप्र के संगठन की सुद्दढ़ता की प्रंशासा करते हुए कहा कि बाकी पार्टियां जब चुनाव आते हैं तब सक्रिय होती हैं लेकिन बीजेपी अपने संगठन को हमेशा मजबूत कर सक्रिय रखते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर जनता से सीधा जुड़ाव रखती है। उन्होंने कहा चुनाव आते-जाते रहते हैं लेकिन भाजपा कार्यकर्ता संगठन की मजबूती और समाज की सेवा का कार्य निरंतर करते रहते हैं। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा, सत्या कुमार व संजीव चौरसिया, प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल सहित सभी प्रदेश पदाधिकारी व क्षेत्रीय अध्यक्ष सम्मलित हुए।

# गौ आश्रय स्थलों में गोवंश की देखभाल करेंगे कैदी

- ट्रायल के लिए चार जेलें चयनित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गौ आश्रय** स्थलों में गोवंश की देखभाल के काम में अब जेल में निरूद्ध कैदियों को भी लगाया जाएगा। इसके लिए जेल प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। पहले चरण में 4 जेलों में इस योजना का ट्रायल होगा और अगर सफलता मिली तो इसे प्रदेश की सभी जेलों में लागू किया जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जिन जेलों का चुनाव हुआ है उनमें बाराबंकीए उरई, फर्रुखाबाद और लखीमपुर खीरी शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि कैदियों को रोजाना गौ आश्रय स्थलों तक ले जाने और वहां से वापस लाने के लिए जेल प्रशासन की ओर से सुरक्षा की योजना बनाई गई है। काम के लिए खतरनाक और पेशेवर बंदियों को चयनित नहीं किया जाएगा। गौ सेवा के लिए उन कैदियों को शामिल किया जाएगा जो गलती से गुनाह कर बैठे हैं और सजा काट रहे हैं। जेल से दूर गौ आश्रय स्थलों पर कार्य करने जाने वाले कैदियों को सामान्य से ज्यादा वेजेज देने का प्रस्ताव है। इनको प्रतिदिन 410 रुपये दिए जाने की तैयारी है। सामान्य रूप से जेल के अंदर ही कार्य करने वाले कैदियों को 20 से 40 रुपये का ही भुगतान जेल की ओर से किया जाता है। इसके पीछे मंशा है कि कैदी बाहर कार्य स्थल पर जाने के दौरान नियंत्रण में रहें।

# भाजपा के कुशासन से अन्नदाता हो रहे बर्बादः अखिलेश यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार का कार्यकाल एक वर्ष भी नहीं बचा है। जैसे-जैसे चुनाव की घड़ी नजदीक आती जा रही है, मुख्यमंत्री प्रदेश छोड़कर गगनचारी बन गए हैं। कभी हैदराबाद, कभी मुम्बई, कभी पश्चिम बंगाल, कुछ दिन पहले बिहार में थे। प्रदेश में सरकारी दायित्वों के निर्वहन से मुंह मोड़कर बैठे ठाले दूसरे राज्यों के दौरों की सक्रियता जताती है कि भाजपा से जनता के मोहभंग से मुख्यमंत्री परिचित हो गए हैं। भारतीय लोकतंत्र के साथ इस तरह की स्थिति शायद ही पहले हुई हो जिसमें जबानी जमा खर्च से कार्यव्यापार चलाया गया हो।

न अपना कोई काम और नहीं किसानों के साथ न्याय फिर भी सरकारी दावेदारी कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। सबका साथ और सबका विश्वास पाने के लिए लाठी गोली, आंसू गैस और पानी की बौछार का तोहफा। लंबे चौड़े वादों से लोगों को बहकाने की साजिशें। भाजपा के कुशासन से अन्नदाता बर्बाद है। भाजपा राज में किसानों को राहत के ये नए फार्मूले हैं। अखिलेश ने कहा कि किसान की आय दुगुनी करने के झूठे आश्वासन से कृषि कानूनों की आड़ में किसानों की जमीन हड़पने का जो षडयंत्र है उसे खेती किसानी करने वाले अच्छे से समझते हैं। किसानों का असंतोष आक्रोश बनकर फूट पड़ा है। भाजपा शासित राज्यों के किसान भी आंदोलित हैं। किसान भाइयों के हित में समाजवादी सरकार ने एमएसपी दिलाने के लिए मंडियों की स्थापना और कृषि सुरक्षा वाली संरचना के विस्तार पर कदम उठाए थे, भाजपा ने इनको चौपट करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि समाज को बांटने, भ्रम, भय और भ्रष्टाचार की राजनीति में भाजपा की दक्षता और कुशलता के सभी कायल हैं और उसकी सच्चाई से भी अवगत हैं। किसानों के आंदोलन को उलझाने के लिए विपक्ष पर आरोप लगाए जा रहे हैं।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैं मालती देवी पुत्री जीवन लाल पता–मुढ़ी हुलासराय, पो0 मुढ़ी औरैया मेरा उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से वर्ष 2003 में रोल नं0–1028398 से हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण की थी जिसका अंक पत्र कहीं गुम हो गया है। मालती देवी पुत्री जीवन लाल पता मुढ़ी हुलासराय पो0 मुढ़ी, औरैया

**isfc इंडियन स्कूल फाइनैंस कम्पनी (आईएसएफसी)** — कब्जा सूचना
पंजीकृत कार्यालय : यूनिट 8–2–269/2/52, प्लॉट नंबर 52, सागर सोसायटी, रोड नंबर 2, बंजारा हिल्स, हैदराबाद–500034
शाखा कार्यालय पता : डी/58/12, ए–7, बनारस–टीवीएस, द्वितीय तल, गांधी नगर, मोहल्ला–सिगरा, वाराणसी–221010

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8(1) के अधीन। (परिशिष्ट–4)
जबकि अधोहस्ताक्षरी ने इंडियन स्कूल फाइनैंस कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड (इसमें आगे आईएसएफसी कही गई है) ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर को एक मांग सूचना जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अतः एतद्द्वारा कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने आईएसएफसी की ओर से उक्त नियमावली के नियम 8(1) के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है।
विशेष रूप से कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर को तथा सर्वसाधारण को संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईएसएफसी की निम्नवर्णित बकाया राशि तथा उस पर ब्याज के प्रथम प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/पता और ऋण संख्या | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | मांग सूचना दिनांकित और राशि | कब्जा लेने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. श्री सौम्य प्रकाश बर्नवाल (कर्जदार) मकान नंबर 18(1), आत्मा नगर, सैदपुर, गाजीपुर सैदपुर, जखानियां, गाजीपुर, उत्तर प्रदेश– 233304 2. सुश्री दीपा बर्नवाल (सह–कर्जदार) मकान नंबर 18(1), आत्मा नगर, सैदपुर, गाजीपुर सैदपुर, जखानियां, गाजीपुर, उत्तर प्रदेश– 233304 3. सुश्री नीतू बर्नवाल (सह–कर्जदार) मकान नंबर 0, बभेनिया, बभानिया पार्ट, तहसील सदर सैदपुर, गाजीपुर, उत्तर प्रदेश–233304 4. ज्ञान भारती सोसायटी (सह–कर्जदार) द्वारा इसके प्रबंधक श्री सौम्य प्रकाश बर्नवाल, बाइजो नगर, सादत रोड, सैदपुर, गाजीपुर, उत्तर प्रदेश–233304 ऋण संख्या 146102000001 एवं 146101000003 | सम्पत्ति सं. 1 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंडः अराजी नंबर 472/2, मकान नंबर स–1/173एबी–1, दौलतपुर खजूरी, शिवपुर सदर, पांडेपुर, वाराणसी, उत्तर प्रदेश, भूमि क्षेत्रफल 2040 वर्ग फीट एवं बीयूए 2895 वर्ग फीट (जी+1 फ्लोर्स) चौहद्दी निम्नानुसारः उत्तर :– यतीन्द्र नारायण का मकान, दक्षिण :– स्टोन रोड 12 फीट, पूरब :– राम मूरत का मकान, पश्चिम :– राधे श्याम जायसवाल का मकान सम्पत्ति सं. 2 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : अराजी नंबर 2, मौजा दहरा कला, परगना एवं तहसील सैदपुर, जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश, भूमि क्षेत्रफल 1.32765 हेक्टेयर्स। चौहद्दी निम्नानुसार : उत्तर :– रोड (सैदपुर से बहरियाबाद बाद नाला), दक्षिण :– अजीम अंसारी का खेत, पूरब :– श्री नारायण का खेत, पश्चिम :– ताज मोलान का बॉर्डर | 27–07–2020 तक रू. 7758904.00 (सतहत्तर लाख अठ्ठावन हजार नौ सौ चार मात्र) मय ब्याज | 27–11–2020 |

स्थान : गाजीपुर
तिथि : 02–12–2020
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियन स्कूल फाइनैंस कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड

**isfc इंडियन स्कूल फाइनैंस कम्पनी (आईएसएफसी)** — कब्जा सूचना
पंजीकृत कार्यालय : यूनिट 8–2–269/2/52, प्लॉट नंबर 52, सागर सोसायटी, रोड नंबर 2, बंजारा हिल्स, हैदराबाद–500034
शाखा कार्यालय पता : रतन स्क्वायर बिल्डिंग, यूनिट नंबर 106, प्रथम तल, 20ए, विधान सभा मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ–226001

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8(1) के अधीन। (परिशिष्ट–4)
जबकि अधोहस्ताक्षरी ने इंडियन स्कूल फाइनैंस कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड (इसमें आगे आईएसएफसी कही गई है) ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर को एक मांग सूचना जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अतः एतद्द्वारा कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने आईएसएफसी की ओर से उक्त नियमावली के नियम 8(1) के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है।
विशेष रूप से कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर को तथा सर्वसाधारण को संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईएसएफसी की निम्नवर्णित बकाया राशि तथा उस पर ब्याज के प्रथम प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/पता और ऋण संख्या | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | मांग सूचना दिनांकित और राशि | कब्जा लेने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. श्री अमर चंद जौहर (कर्जदार) 261, गाडी, गाडीपुरा, शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश 2. सुश्री निशा पाल जौहर (सह–कर्जदार) 261, गाडी, गाडीपुरा, शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश 3. सिद्धार्थ एजूकेशनल ऐंड वेल्फेयर सोसायटी (सह–कर्जदार) द्वारा इसके ट्रस्टी श्री अमर चंद जौहर तक्षशिला पब्लिक महाविद्यालय, पासगवां मोहम्मदी, खीरी, लखीमपुर, मोहम्मदी खीरी, उत्तर प्रदेश–262804 ऋण संख्या 142105000014 | सम्पत्ति सं. 1 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : ग्राम सराय खास, परगना, तहसील और जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश स्थित प्लॉट/मकान परिमाप 194.64 वर्ग मीटर। चौहद्दी निम्नानुसार : उत्तर :– श्री अशोक की भूमि, दक्षिण :– श्री अशोक की भूमि, पूरब :– श्री जगदीश एवं अन्य की भूमि, पश्चिम :– रोड सम्पत्ति सं. 2 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : ग्राम सराय खास, परगना, तहसील और जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश स्थित प्लॉट/मकान परिमाप 152.05 वर्ग मीटर। चौहद्दी निम्नानुसार : उत्तर :– श्री अमर चंद जौहर की भूमि तथा मुन्ना लाल एवं अन्य का मकान, दक्षिण :– श्री वीरेन्द्र पाल सिंह एवं अन्य की भूमि, पूरब :– श्री मुन्ना लाल एवं अन्य का मकान, पश्चिम :– 14' रोड सम्पत्ति सं. 3 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : ग्राम जसमढ़ी, परगना पासगवां, तहसील मोहम्मदी और जिला खीरी, उत्तर प्रदेश में स्थित भूखंड खसरा नंबर 77 परिमाप 0.213 हेक्टेयर। चौहद्दी निम्नानुसार : उत्तर :– चक रोड, दक्षिण :– श्री रामचंद एवं अन्य की भूमि, पूरब :– लिंक रोड, पश्चिम :– सिद्धार्थ एजूकेशनल ऐंड वेल्फेयर सोसायटी | 20–07–2020 तक रू. 1,84,16,619.00 (एक करोड़ चौरासी लाख सोलह हजार छह सौ उन्नीस मात्र) मय ब्याज | 27–11–2020 |

स्थान : शाहजहांपुर
तिथि : 02–12–2020
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियन स्कूल फाइनैंस कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी–33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# लाखों का चूना लगाने वाले चार जालसाज गिरफ्तार

### करीब एक दर्जन जालसाज पुलिस के रडार पर, फ्रीज करवाए गए खाते

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**इंदिरानगर** पुलिस और साइबर क्राइम टीम ने बुधवार को लाखों का चूना लगाने वाले चार शातिर जालसाजों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से जालसाजी में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। वहीं कई खाते फ्रीज कराए गए हैं। इसके अलावा आरोपियों से मिली सूचना के आधार पर अन्य की तलाश की जा रही है।

इंस्पेक्टर क्षितिज त्रिपाठी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आरोपियों की धरपकड़ के लिए स्थानीय पुलिस के साथ-साथ निरीक्षक मथुरा राय के नेतृत्व में साइबर क्राइम टीम को सक्रिय किया गया। इसके बाद से आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। ऐसे में बुधवार को आरोपियों की लोकेशन स्थानीय थाने इलाके में मिली तो पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दी। इस दौरान सोनीपत निवासी जंग शेर सिंह उर्फ शमशेर उर्फ करन, गाजियाबाद निवासी मंगल सिंह उर्फ जयप्रकाश, सुमित के अलावा मुशाहिद उर्फ सन्नी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों ने हाल में ही राजधानी को अपना नया ठिकाना बनाया था। पुलिस तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से करीब आधा दर्जन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इसके अलावा पूछताछ में आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। पकड़े गए आरोपी फर्जी नंबर से झांसा देकर लोगों से अकाउंट में पैसा ट्रांसफर करवा लेते थे। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी अब तक करीब 40 लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी कर चुके हैं। वहीं, पुलिस को कई अहम सुराग भी मिले हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है। साथ ही मामले की गहनता से जांच पड़ताल के दावे कर रही है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मिली जानकारी के आधार पर खाते फ्रीज करवा दिए गए हैं। ऐसे में चार लाख रुपए अभी तक विड्रा नहीं हो पाया था। इसके अलावा अन्य जानकारियां जुटाई जा रही है। वहीं पुलिस सूत्रों का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ में करीब एक दर्जन जालसाजों के बारे में जानकारियां मिली हैं। ऐसे में पुलिस जल्द ही गैंग के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार कर सकती है। पुलिस का कहना है कि पकड़े गए आरोपियों में ज्यादातर वेल एजुकेटेड है। इसमें एमएससी और एमकाम जैसी डिग्रियां शामिल हैं

## पालीटेक्निक में प्रवेश को लेकर विकल्प भरने का आज आखिरी मौका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** भर में पालीटेक्निक में दाखिले को लेकर गुरुवार को विकल्प भरने का आखिरी मौका है। विकल्प भरने के बाद शुक्रवार को नतीजे घोषित किये जायेंगे। जबकि पांच दिसंबर को प्रवेश का अंतिम तारीख होगी। इसी के साथ पॉलीटेक्निक की तीन महीने से चल रही प्रवेश प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी।

नवें चरण की काउंसिलिंग के घोषित परिणाम में राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में 83 फीसद सीटें भर चुकी हैं। अनुदानित संस्थानों में मात्र 25 फीसद सीटें रिक्त बची हैं। जबकि निजी संस्थानों में अभी भी 60 फीसद सीटें रिक्त हैं। निजी संस्थानों में प्रवेश का अधिक अवसर देने के लिए 10वां चरण शुरू किया गया है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के सचिव एसके वैश्य ने बताया कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने पांच तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है। ऐसे में यह काउंसिलिंग का अंतिम चरण है। इसके बाद रिक्त सीटों पर प्रवेश नहीं होगा।

# चाक चौबंद सुरक्षा के बीच रमाबाई रैली स्थल पर मतगणना आज

### शिक्षक व स्नातक लखनऊ निर्वाचन खंड का चुनाव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजधानी** में शिक्षक व स्नातक लखनऊ निर्वाचन खंड के लिए मतदान पूरा हो गया है । गुरुवार को होने वाली मतगणना पर हर प्रत्याशी की उम्मीदें बंधी हुई हैं। शिक्षक निर्वाचन के लिए 11 प्रत्याशियों की किस्मत मत पेटियो में बंद है वही स्नातक में दो दर्जन दावेदार हैं। मतदान के प्रतिशत को देखते हुए कांटे का मुकाबला माना जा रहा है।

गुरुवार को रमबाई रैली स्थल आशियाना में बनाए गए मतगणना केंद्र में शिक्षक व स्नातक एमएलसी की मतगणना शुरू होगी। मतगणना के लिए 14-14 टेबलें लगाई गई हैं। मंडल के सातों जनपदों की मतगणना यहीं पर होगी। इसके अलावा सातों जनपदों के आला अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। राजधानी लखनऊ में सबसे काम वोट पड़े है यहां पर स्नातक में केवल 29 फीसद के करीब मत पड़े हैं जबकि शिक्षक में यह आंकड़ा 47 फीसद के करीब है। हैरानी की बात है कि लखनऊ के अलावा दूसरे जिलों लखीमपुर खीरी, हरदोई, बाराबंकी, रायबरेली, प्रतापगढ़ में शिक्षक और स्नातक दोनों में ही अच्छी वोटिंग हुई है। डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट अभिषेक प्रकाश के मुताबिक मतगणना की पूरी तैयारियां कोविड प्रोटोकॉल के मुताबिक की गई हैं। प्रत्येक टेबल पर सोशल दूरी और मास्क का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इससे थोड़ा समय अधिक लग सकता है लेकिन कोविड प्रोटोकॉल को लेकर किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

#### सीसीटीवी से लैस मतगणना स्थल

पूरे मतगणना स्थल को सीसीटीवी कैमरों से लैस कर दिया गया है और एक कंट्रोल रूम बनाया गया है जहां पर सभी जगह की तस्वीरें मिलेंगी। मजिस्ट्रेट और अन्य अधिकारियों द्वारा लगातार इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। मतदान केंद्र के अंदर केवल अधिकृत एजेंटों को ही प्रवेश करने की अनुमति होगी। परिसर के अंदर किस तरह की नारेबाजी और प्रदर्शन पूरी तरह प्रतिबंधित है।

#### डीएम ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

गुरुवार को होने वाली मतगणना के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना स्थल का निरीक्षण भी किया गया। उन्होंने बताया की मतगणना स्थल की सुरक्षा का जिम्मा बीएसएफ को दिया गया है और परिसर की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है। जिससे राजनैतिक दल और प्रत्यशिगण भी स्ट्रांग रूम और परिसर पर निगरानी कर सकते हैं। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना के लिए स्तानक निर्वाचन के लिए 14 टेबल व शिक्षक निर्वाचन के लिए 14 टेबल की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया जी स्नातक व शिक्षक निर्वाचन की मतगणना कक्ष सं या 4 व 3 में की जाएगी।

# उपभोक्ताओं ने ऊर्जा मंत्री के सामने खोली अफसरों की पोल

### बीकेटी में साड़ामऊ स्थित पावर स्टेशन के औचक निरीक्षण के दौरान अफसर नहीं दे सके मंत्री के सवालों का संतोषजनक जवाब

संवाददाता। बख्शी का तालाब



**जो** उपभोक्ता लगतार अपने बिलो को जमा कर रहा है, उसके बिल जमा करने में जरा सी देरी होने पर उसका कनेक्शन काट दिया जाता है। वहीं बड़े-बड़े बकायदारों से वसूली करके उनके कनेक्शन को चलाया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा बीकेटी पावर हाउस के औचक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को ताक़ीद कर रहे थे। उन्होंने रैंडम लिस्ट बनाकर बकाएदारों से वसूली करने की ताकीद दी हैं । बुधवार 3 बजे के करीब बीकेटी में साड़ामऊ में स्थित पावर स्टेशन औचक निरीक्षण को पहुंच गये। उन्होंने पंहुचते ही अधिशाषी अभियंता एचपी मिश्रा एसडीओ अशोक कुमार मौर्या जेई बी एन यादव से सवाल पूछने चालू किये । कितने बकायेदार हैं, उनकी लिस्ट, कितनों पर पिछले छह महीने के कार्रवाई हुई । कितने बकायेदारों को बकाये की जानकारी दी गयीं। पिछले छह माह में कितने बड़े बकायदारों पर कार्रवाई की गयीं। उनके किसी भी सवाल का जवाब अधिकारी सही ढंग से नहीं दे पाये। उन्होंने सभी को कड़ी फटकार लगाई। वहीं कठवारा के रहने वाले किसान राजू सिंह ने मंत्री को बताया कि फरवरी माह में उनका स्टीमेट जमा हुआ था । लेकिन 10 माह बाद भी उसका कनेक्शन नही किया गया। वहीं भैसामऊ के रहने वाले राशिद अली ने बताया कि उनकी दुकान का बिल ज्यादा आया है उसे दुरुस्त करने के बजाय उसका कनेक्शन काट दिया गया। छठामील के रहने वाले राम दुलारे ने बताया कि वह पिछले 3 माह से घरेलू कनेक्शन के लिये दौड़ रहे है। लेकिन उनका कनेक्शन नही हो पाया है। मंत्री ने अधिकारियों को जल्द ही सभी की समस्याओं का समाधान के साथ ऐसी शिकायते मिलने पर कठोर कार्रवाई करने की बात कही है।

# दागी कालेज नहीं बन पाएंगे परीक्षा केंद्र

### हाईस्पीड इंटरनेट कनेक्शन के जरिये परीक्षा केंद्रों की होगी वेब कास्टिंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**माध्यमिक** शिक्षा परिषद यूपी द्वारा बोर्ड परीक्षा 2020.21 के लिए परीक्षा केंद्रों की निगरानी हाईस्पीड इंटरनेट कनेक्शन के जरिये की जाएगी। इसके लिए परीक्षा केंद्रों को हाईस्पीड इंटरनेट कनेक्शन लगाना अनिवार्य होगा। वहीं इस बार भी दागी कॉलेज प्रबंधकों को राहत नहीं मिलेगी। माध्यमिक शिक्षा सचिव परिषद दिव्यकांत शुक्ल की ओर से सभी डीआईओएस को भेजे गए निर्देश में कहा कि एक भी दागी कॉलेज को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा।

माध्यमिक शिक्षा सचिव परिषद द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सभी डीआईओएस जारी दिशा निर्देश को ध्यान में रखते हुए वेबसाइट पर अपनी कॉलेजों का सही डाटा अपलोड कराएं। बोर्ड ने कहा कि दागी कॉलेजों के ओर से डाटा अपलोड कर देने के कारण सेंटर बनाने की प्रक्रिया में ऐसे कॉलेजों का नाम अलग करने में प्रॉब्लम होती है। हालांकि इस बार कोरोना काल में सेंटर्स की संख्या बढ़ाए जाने की सूचना के बाद से दागी कॉलेज प्रबंधन खुश थे कि अब तो हर हाल में उनके कॉलेज को एग्जाम सेंटर बनाया जाएगा। लेकिन इस बार ऐसा नहीं है सभी कॉलेजों की सूची ऑनलाइन करते हुए दावा और आपत्तियां भी मांगी जाएगी। जिस कॉलेज के शिकायत आती है उसे भी तत्काल केंद्र की सूची से बाहर किया जाएगा। वही सेंटर निर्धारण से पहले कॉलेजों की सूची मांगी गई है, ऐसे में ऑनलाइन कॉलेज की जानकारी देते समय इस बात का ध्यान रखना होगा किए जो जानकारी दी जा रही है वह सही है या नहीं, जो कॉलेज जानकारी भरेंगे, उसका भौतिक सत्यापन भी किया जाएगा।

# बिना रजिस्ट्रेशन हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बेच रहे छह दुकानदारों को नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गाड़ियों** पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के अनिवार्य कर दिए जाने के बाद से पुलिस ने इस पर सख्ती कसना शुरू कर दिया है। प्रतिबंधित नंबर प्लेट बेचने वालों व नियम से ज्यादा रुपया लेकर नंबर प्लेट बनाने वालों के खिलाफ हजरतगंज पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान बगैर किसी कागजात के नंबर प्लेट बना रहे दुकानदारों को नोटिस दिया गया। एडीसीपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि प्रकाश में आया था कि कुछ दुकानदार अधिक पैसा लेकर लोगों को हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट उपलब्ध करा रहे हैं। जिनके पास इसे बनाने का कोई भी सर्टिफिकेट नहीं है। जिसके आधार पर हजरतगंज के लालबाग स्थित करीब छह दुकानों की जांच की गई, जो की गाड़ियों में नंबर प्लेट बनाकर लगा रहे थे। इन लोगों के पास नंबर प्लेट बनाने का कोई भी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट नहीं पाया गया। इन सभी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान किया गया है। इन दुकानदारों में राजू रेडियम, जहूर अहमद, कार बाजार के मंशाराम, दुष्यंत व परवेज शामिल है। उन्होंने बताया कि समय-समय पर फर्जी रूप से नंबर प्लेट बनाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। दुकानदारों को भी सख्त निर्देश दिए गए हैं कि बगैर किसी रजिस्ट्रेशन के नंबर प्लेट ना बनाएं।

**चायनीज मांझे के खिलाफ भी चलेगा अभियानः** लखनऊ। लोगों की जान के साथ-साथ यातायात में भी बाधा बनने वाले पतंगबाजी के शौक पर लगाम लगाने के लिए लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट अभियान चलने जा रही है। पतंग उड़ाने के शौकीनों के चायनीज मांझे और इलेक्ट्रिक तारों के इस्तमाल पर रोक लगाने के मकसद से अभियान चलाया जायेगा। पुलिस पहले चाइनीज मांझा बेचने वाले दुकानदारों को सचेत करते हुए वार्निंग देगी।

## राजधानी में 236, सूबे में मिले कोरोना के 1799 नए केस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बुधवार को राजधानी में कोरोना के 236 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 1799 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 22797 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3447 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7817 मरीजों की और राजधानी में 1008 की मौत हो चुकी है।

विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 539,491 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2607 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 516,694 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं।

# मुंबई से लखनऊ तक रही रिंगिंग सेरेमनी की धूम

### सीएम योगी के बांड जारी करते ही तालियों से गूंज उठा त्रिलोकी नाथ हाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुंबई** में लखनऊ नगर निगम के म्युनिसिपल बॉन्ड की बॉबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में लिस्टिंग हो गई। बांड के रिंगिंग सेरेमनी की मुंबई से लेकर लखनऊ तक धूम रही। नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकी नाथ हाल में मुंबई कार्यक्रम को लाइव देखा गया। सीएम योगी के बांड जारी करते ही त्रिलोकी नाथ हाल तालियों से गूंज उठा।

बुधवार को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में लखनऊ नगर निगम के बांड की रिंगिंग सेरेमनी की गयी। सीएम योगी 200 करोड़ के बांड की लिस्टिंग कार्यक्रम में शामिल हुए। सीएम के कार्यक्रम को लखनऊ नगर निगम मुख्यालय में देखा गया। बीएसई के हेरिटेज हॉल में आयोजित रिंगिंग बेल सेरेमनी में मुख्यमंत्री ने परंपरानुसार बेल बजाकर लखनऊ नगर निगम का म्युनिसिपल बॉन्ड जारी किया। मुख्यमंत्री के बांड जारी करते ही पूरा हाल तालियों से गूंज उठा। अपर नगरआयुक्त अमित कुमार द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। बीजेपी से कैंट विधायक सुरेश तिवारी, नगर निगम के कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रजनीश कुमार गुप्ता बॉबी, पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू शामिल हुए। इसके साथ कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकतर अधिकारी व कर्मचारी भी एतिहासिक पल के साक्षी बने।

## नमक घोटाले में मुल्जिमों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

**नमक** घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने मुल्जिम लोकेश मिश्रा, रितुल जोशी व राघव उर्फ प्रवीन राघव की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। विशेष जज संदीप गुप्ता ने प्रथम दृष्टया मुल्जिमों के अपराध को गंभीर करार दिया है।

सरकारी वकील प्रभा वैश्य के मुताबिक मुल्जिमों पर नमक सप्लाई का ठेका दिलाने के एवज में छह करोड़ छह लाख की ठगी का इल्जाम है। 11 अगस्त 2020 को इस मामले की एफआईआर नीलम नरेंद्र भाई पटेल ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी।

# अब कैमरे के साये में होगी रोडवेज बसों की चेकिंग

**लखनऊ।** रोडवेज बसों की चेकिंग करने वाले प्रवर्तन दल अब मनमानी नहीं कर सकेंगे। उन्हें अब बॉडी वॉर्न कैमरा लगाकर बसों की चेकिंग करना पड़ेगा। ताकि चेकिंग कार्यो में पारदर्शिता बनी रहे। एमडी धीरज साहू की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि बिना कैमरा चेकिंग दल द्वारा बसों की जांच मान्य नहीं होगी। इस संबंध में प्रदेश भर के क्षेत्रीय प्रबंधकों को दिशा निर्देश में यह व्यवस्था एक दिसंबर से लागू मानी जाएगी।

परिवहन निगम के अधिकारी बताते हैं कि बसों की चेकिंग के दौरान बिना टिकट सवारी ढोने वाले चालक परिचालक चेकिंग दलों से अभद्र व्यवहार करते है। हर चेकिंग दलों के पास अब बॉडी वॉर्न कैमरा होगा। चेकिंग का पूरा रिकार्ड डीसीआर में सुरक्षित रखा जाएगा। ताकि सुनवाई के समय संबंधित मामले का रिकार्डिंग प्रस्तुत किया जा सके। चेकिंग दलों से संबंधित रिकार्ड सीडी के जरिए सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी नियुक्त अधिकारी की होगी। प्रवर्तन दलों को दिए गए बॉडी वार्न कैमरा की निगरानी मुख्यालय की चेकिंग दल की टीम करेगी। मौके पर मुख्यालय के चेकिंग दल पहुंचकर बस की चेकिंग की रिकार्डिंग जांच करके अपनी रिपोर्ट एमडी को देगी। यहीं नहीं बस की चेकिंग का डीसीआर नहीं होगा तो भुगतान भी नहीं किया जाएगा।

## कैरियर मेकर इन्फ्रा प्रोजेक्ट कम्पनी के निदेशक को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

**लखनऊ।** पीएम आवास योजना का प्रलोभन देकर रकम हड़पने के मामले में गिरफ्तार मुल्जिम आशीष कुमार पटेल को अदालत ने 15 दिसंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मुल्जिम कैरियर मेकर इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर है। बीते मंगलवार को थाना गोमतीनगर की पुलिस ने इसे गिरफ्तार किया था। बुधवार को विशेष अदालत में पेश कर इसका न्यायिक रिमांड हासिल किया गया। 11 नवंबर 2020 को इस मामले में आईपीसी की धारा 420 व 419 के तहत एफआईआर दर्ज हुई थी।

## आरएसएम को फिर से बनाया जा सकता है कोविड अस्पताल

**लखनऊ।** राजधानी में कोरोना के लगातार बढ़ते संक्रमण के मामले को देखते हुए बीकेटी स्थित डॉ राम सागर मिश्रा अस्पताल के कोविड 19 अस्पताल के रूप में एक बार फिर से तब्दील किया जा सकता है। इससे पहले भी आरएसएम को कोविड अस्पताल बनाया गया था, मगर मरीजों की कम संख्या को देखते हुए इसे आम मरीजों के लिए खोल दिया गया था। यहां एक बार फिर से लेवल 2 के मद्देनजर उपलब्ध सुविधाओं का अधिकारियों द्वारा आंकलन किया गया है। पूर्व में यह अस्पताल लेवल-1 के कोविड अस्पताल के तौर पर काम कर रहा था। हालांकि इसको लेवल 2 कोविड.19 अस्पताल बनाने की घोषणा हुई थी, लेकिन यहां मरीजों को लेवल वन की ही सुविधाएं मिल रहीं थीं। होम आइसोलेशन की सुविधा शुरू होने के बाद सितंबर अक्टूबर में यहां भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या पांच से भी कम हो गई। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने आरएसएम को कोविड.19 की सूची से हटा दिया था। तब से अब यहां पर सामान्य ओपीडी चलाई जा रही है। अस्पताल के डॉक्टर रोहित सिंह ने बताया कि अभी यहां पर सौ से डेढ़ सौ मरीजों की ओपीडी हो रही है। जबकि पहले 400 से अधिक मरीज आते थे।

# अदालत ने आत्मसमर्पण करने वाले पति पत्नी को न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

विधि संवाददाता। लखनऊ

**सीनियर** आईपीएस अफसर अमिताभ ठाकुर व उनकी पत्नी डा. नूतन ठाकुर को रेप के एक झूठे मामले में फंसाने के मामले में एमपी-एमएलए की विशेष अदालत ने पुष्पा देवी व इनके पति भुजवीर सिंह को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बुधवार को इन दोनों ने आत्मसर्मपण कर अंतरिम जमानत पर रिहा करने की गुहार लगाई थी। विशेष जज पवन कुमार राय ने अंतरिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। उन्होंने प्रथम दृष्टया मुल्जिमों के अपराध को गंभीर करार दिया है। सरकारी वकील मुनेश बाबू यादव के मुताबिक मुल्जिमों के खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की नोटिस जारी थी। इनके खिलाफ आईपीसी की धारा 467, 468, 471, 420, 203, 211 व 120बी के तहत आरोप पत्र दाखिल हुआ था। 20 जून, 2015 को इस मामले की एफआईआर डा. नूतन ठाकुर ने थाना गोमतीनगर में दर्ज कराई थी। जिसमें मुल्जिमों के साथ ही सूबे के तत्कालीन काबीना मंत्री गायत्री प्रजापति व राज्य महिला आयोग की चेयरमैन जरीना उस्मानी समेत आठ लोगों को नामजद किया था।

#### नौकरी पर मांगा जवाब

**लखनऊ।** हाथरस की पीड़िता के किसी एक परिजन को नौकरी देने के मसले पर हाईकोर्ट की लखनऊ खण्डपीठ ने सरकारी वकील को निर्देश प्राप्त कर अवगत कराने का आदेश दिया है। जस्टिस पंकज मित्तल एवं जस्टिस राजन रॉय की पीठ ने यह आदेश हाथरस मामले में स्वतः संज्ञान द्वारा दर्ज जनहित याचिका पर दिया है।

# पुलिस की वर्दी में गुंडों को पीटते नजर आए जान अब्राहम

### बॉलीवुड अभिनेता ने लविवि के परिसर में की सत्यमेव जयते पार्ट 2 की शूटिंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**स्थापना** के 100 वर्ष पूरा कर 101वें वर्ष में पहुंच चुके लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार को बॉलीवुड अभिनेता जान अब्राहम विवि परिसर में गुंडों की पिटाई करते हुए नजर आए। पुलिस की वर्दी में दिख रहे जान अब्राहम स्टारर फिल्म सत्यमेव जयते 2 की शूटिंग कर रहे थे। उनके हर एक एक्शन सीन को लोग देखते ही उत्साहित नजर आ रहे थे। विवि में अभी गुरुवार को भी फिल्मांकन के दृश्य शूट किए जाएंगे।

विवि के प्रवक्ता प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक फिल्म की शूटिंग के लिए जगह किराए पर दी गई है। परिसर में आज शूटिंग के दौरान एक दृश्य में जॉन स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम में गए हुए होते हैंए जहां उनको मारने के लिए कुछ गुंडे आते हैं। ऐसे में स्टेज के पास खड़े जॉन को इसकी भनक लग जाती है और वो राष्ट्रगान खतम होने के बाद गुंडों की पिटाई कर देते हैं। फिल्म का शहर में शूटिंग शेड्यूल लगभग दो से ढाई महीने का हैए जिसमें लामार्टीनियरए मोती महलए कुड़िया घाटए इमामबाड़ाए लखनऊ विश्वविद्यालय समेत कई अन्य लोकेशन पर सीन फिल्माएं जाने हैं। फ़िल्म में जॉन के साथ शहर के 20 से अधिक कलाकार भी काम कर रहे हैं। इसमें संदीप यादवए आकाश पांडेयए अर्पित मिश्राए कपिल तिलहरीए अजय सिंहए प्रीति शुक्लाए वरुण टम्टा जैसे कई अन्य कलाकार शामिल हैं। बता दें कि इससे पूर्व जान अब्राहम यहां बाटला हाउस की शूटिंग कर चुके हैं।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने दायित्वों को निभाए समाज का हर व्यक्तिः केशव

● लोक निर्माण विभाग इस वर्ष सिंगिल यूज्ड बेस्ट प्लास्टिक से करेगा 1500 किमी. सड़कों का निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन की आवश्यकता पर विशेष जोर देते हुए कहा है कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति संवेदनशील व सजग होकर पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। समाज निर्माण तथा पर्यावरण प्रदूषण मुक्त भारत के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति अपना अमूल्य योगदान दे।श्री मौर्य ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण समय की प्रबल आवश्यकता है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के साथ ही साथ लोगों को इस विषय में जागरूक करें और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करके प्रदूषण मुक्त भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। श्री मौर्य आज राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर लोक निर्माण विभाग मुख्यालय में पौधरोपण करने के उपरांत अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन तो करें ही, साथ में समाज के निर्माण में भी अपना योगदान दें। इस अवसर पर उन्होंने लोक निर्माण विभाग मुख्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया और अधिक से अधिक संख्या में हर्बल पौधों को लगाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया । कहा कि इस वर्ष लोक निर्माण विभाग द्वारा 1500 किलोमीटर सड़कों का निर्माण सिंगिल यूज्ड बेस्ट प्लास्टिक के उपयोग से किया जाएगा, जिसमें लगभग 2 हजार टन सिंगल यूज्ड प्लास्टिक उपयोग किया जाएगा। इससे जहां एक तरफ वेस्ट प्लास्टिक का उपयोग हो सकेगा, वहीं प्रदूषण नियंत्रण में सहायता मिलेगी, साथ ही साथ सिंगल यूज़ प्लास्टिक का सड़कों में उपयोग करने से सड़कों की लागत में कमी आएगी। इसमें विटूमिन की मात्रा अपेक्षाकृत कम लगती है, जिससे सड़कों के निर्माण लागत में भी कमी आती है और साधारण सड़कों की अपेक्षा सिंगल यूज वेस्ट प्लास्टिक के उपयोग से बनी सड़कें ज्यादा मजबूत होती है । श्री मौर्य ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा नई तकनीक का इस्तेमाल करके 16 लाख टन कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई गई है, इस तरह लोक निर्माण विभाग जहां सड़कों को बना रहा है ,वहीं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कामों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है। इसी कड़ी में हर्बल बाटिकाओं का निर्माण ,हर्बल रोडों का निर्माण, सिंगल यूज़ प्लास्टिक रोड का निर्माण, शहीदों के नाम पर सड़कें, मेघावी छात्रों के नाम से सड़कें और खेल प्रतिभाओं के नाम पर सड़कें बनाकर जहां लोक निर्माण विभाग लोगों को आवागमन की सुविधाएं मुहैया करा रहा है।

# कल से शुरू होगी परिसीमन की प्रक्रिया छह जनवरी को फाइनल सूची

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पंचायत चुनाव**

**प्रदेश की** ग्राम पंचायतों के आंशिक हिस्सों के निकायों में शामिल होने के बाद पंचायत चुनावों को लेकर परिसीमन की प्रक्रिया 4 दिसम्बर से शुरू होगी। इसके साथ ही फाइनल सूची का प्रकाशन 6 जनवरी को होगा। इस बाबत बुधवार को पंचायतीराज विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से शासनादेश जारी कर दिया गया है।

शासनादेश के मुताबिक वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर ग्राम पंचायतवार जनसंख्या का निर्धारण 4 से 11 दिसम्बर के बीच किया जाएगा। बता दें कि जनवरी 2016 से लेकर अब तक राज्य के 49 जिलों में नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद, नगर निगम के सृजन या सीमा विस्तार के फलस्वरूप जिले में कतिपय विकास खण्ड या विकास खण्ड की ग्राम पंचायतें शहरी क्षेत्र में शामिल किये जाने से प्रभावित हुई हैं। इन पंचायतों के वार्डों का फिर से निर्धारण किया जाना है। ऐसे में पंचायत चुनावों को लेकर 21 दिसम्बर के बीच ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत के वार्डों की प्रस्तावित सूची की तैयारी और उसका प्रकाशन किया जाएगा। 22 से 26 दिसम्बर के बीच इन वार्डों के निर्धारण पर आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। 27 दिसम्बर से 2 जनवरी के बीच आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। 3 से 6 जनवरी के बीच वार्डों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। त्रि स्तरीय पंचायतों के वार्डों के निर्धारण के सम्बंध में ग्राम व क्षेत्र पंयायत से सम्बंधित आपत्तियां संबंधित जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय में और जिला पंचायत के वार्डों के संबंध में आपत्तियां जिला पंचायत कार्यालय में अपर मुख्य अधिकारी द्वारा प्राप्त की जाएंगी। साथ ही निर्धारित अवधि में प्राप्त इन सभी स्तर की आपत्तियों का निस्तारण जिला स्तर परर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा। इस समिति में मुख्य विकास अधिकारी और जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी सदस्य होंगे जबकि जिला पंचायत राज अधिकारी सदस्य सचिव होंगे।

## सभी जेलों में अधीक्षक के अधीन गठित होगा मीडिया सेल

**लखनऊ।** कारागार विभाग में पूरी तरह से पारदर्शिता लाने के लिए डीजी जेल आनंद कुमार ने सभी जेल अधीक्षकों को तत्काल प्रभाव से अपने अपने कारागार में एक मीडिया सेल का गठन करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि कारागार से संबंधित समाचार मीडिया को समय से उपलब्ध कराया जाएं। इस मीडिया सेल के प्रभारी स्वयं जेल अधीक्षक होंगे तथा वे अपने साथ एक अन्य अधिकारी को इस कार्य के लिए नामित कर सकेंगे। डीजी ने कहा है कि जेलों में इस प्रकार गठित मीडिया सेल में मान्यता प्राप्त पत्रकारों के फोन नम्बर ध्व्हाट्सअप नम्बर तथा ईमेल सुरक्षित रखा जाना चाहिए। जेलों के मीडिया प्रभारी का नाम, मोबाइल नम्बर, फेसबुक व्हाट्सएप के लिंक मुख्यालय के मीडिया सेल को उपलब्ध कराए जाने का निर्देश भी दिया गया है। डीजी ने कहा है कि मीडिया सेल के गठन से कारागार में पारदर्शिता लाने के साथ ही मीडिया को समय से खबरें उपलब्ध करानेए मीडिया के सहयोग से जेलों में सुधार कार्यक्रमों को बढ़ावा देने और अवांछित गतिविधियों को रोकने में मदद मिलेगी।

## डॉ. पीके गुप्ता गर्वनिंग बाडी के सदस्य निर्वाचित

**लखनऊ।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन लखनऊ व लखनऊ पैथोलॉजी एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व पीके पैथोलॉजी के संस्थापक वरिष्ठ पैथोलॉजिस्ट डॉ पीके गुप्ता को उत्तर प्रदेश मेडिकल कौंसिल की गवर्निंग बॉडी के निर्वाचित सदस्य चुना गया है। यूपी मेडिकल कौंसिल इसकी गवर्निंग बॉडी में 15 सदस्य होते हैं, चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक इसके चेयरमैन होते हैं। मेडिकल काउंसिल ऑफइंडिया जो अब नेशनल मेडिकल कमीशन हो गया है, उसकी शीर्षस्थ संस्था के रूप में यूपी मेडिकल काउंसिल कार्य करती है। यूपी मेडिकल कौंसिल का कार्य आधुनिक चिकित्सा पद्धति के डॉक्टर्स के पंजीकरण तथा नियामक संस्था के रूप में काम करती है। एमबीबीएस की पहली डिग्री से लेकर मेडिकल शिक्षा की सभी डिग्रियों का पंजीकरण यहां कराना अनिवार्य होता है। इसके अतिरिक्त विदेश या दूसरे राज्यों से डिग्री लेकर आये चिकित्सक जो उत्तर प्रदेश में कार्य करना चाहते हैं, उनकी डिग्रियों का पंजीकरण भी यूपी मेडिकल कौंसिल में किया जाता है।

## विहिप के सह प्रचार प्रमुख से मारपीट, चेन लूटी

**लखनऊ।** विश्व हिन्दू परिषद हरदोई जिला सह प्रचार प्रमुख निशात दीक्षित के साथ फैजुल्लागंज क्षेत्र में सलमान व चुन्ना समेत 20 अज्ञात लोगों ने मारपीट की और गले की चेन लूट ली। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफमारपीट व लूट का मुकदमा मड़ियांव थाने में दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने बताया कि सण्डीला, हरदोई निवासी निशात दीक्षित विश्व हिन्दू परिषद के जिला सह प्रचार प्रमुख हैं। निशात ने बताया कि संगठन के कार्य के लिए वह अपने साथी मयंक तिवारी के साथ सरोरा गांव महोली गए थे। वहां दूसरे समुदाय के कुछ युवको से किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गयी थी। मंगलवार को वह वापस अपने कार्यक्षेत्र संण्डीला जा रहा था, तभी रास्ते मे फैजुल्लागंज, सीतापुर रोड स्थित एक निजी स्कूल के पास सलमान व चुन्ना समेत करीब 20 अज्ञात लोगो ने गाड़ी से उतार कर मारपीट की तथा गले की सोने की चेन छीन ले गये। इंस्पेक्टर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों तलाश की जा रही है।

## डीएलएड प्रवेश प्रक्रिया में देरी को लेकर बेसिक शिक्षा मंत्री को निजी कालेजों ने लिखा पत्र

**लखनऊ।** प्रदेश के 2500 निजी डीएलएड कालेजों में प्रवेश को लेलर हो रही देरी को लेकर उप्र स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन ने बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ सतीश चंद्र द्विवेदी को पत्र लिखा है। पत्र में डीएलएड प्रवेश प्रक्रिया 2020 को जल्द से जल्द पूरी कराने की मांग की गई है। डीएलएड में प्रवेश प्रक्रिया के शुरू न होने से प्रदेश के 67 जनपदों में 2 लाख 28 हजार से ज्यादा सीटें रिक्त है। इन सीटों के रिक्त होने की वजह दाखिले की प्रक्रिया शुरू न होना है। जबकि वर्तमान में सभी राज्य विश्वविद्यालयों के स्नातक अंतिम वर्ष के परिणाम आ चुके है। जिसके बाद बीएड प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन सम्पन्न कराई जा रही है। एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय त्रिवेदी की तरफसे बेसिक शिक्षा मंत्री को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि अभी शैक्षिक सत्र नवम्बर में शुरू हुआ है। ऐसे में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर देरी नही हुई हैए इसलिए प्रवेश सम्बन्धी कार्यवाही शुरू कराई जाए।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की आलमबाग पुलिस ने शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल फोन बरामद की है पुलिस का कहना है शातिर चोर है जो कई चोरियों की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर आलमबाग ने बताया कि बीती रात उनकी टीम गस्त पर थी तभी मुखबिर से सूचना मिली की एक शातिर चोर चोरी की बाइक के साथ मौजूद है जो उसे बेचने के फिराक में ग्राहक का इंतिजार कर रहा है। पुलिस ने मुखबिर की बात पर भरोसा किया और पहुंच कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम बिहार कालोनी पारा निवासी आदेश मानकर बताया। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त कई चोरी की घटनाएं कारित करता था और भीड़ भाड़ वाले इलाके में घूमता था और महिलाओं की पर्स और मोबाइल चोरी कर बेचता था। पुलिस ने आरोपी को जेल रवाना कर दिया है।

## चेकिंग के नाम पर आमजन का उत्पीड़न बर्दाश्त नहींः अविनाश त्रिवेदी

**बख्शी का तालाब।** चेकिंग कर नाम पर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सामने खड़े होकर स्थानीय नागरिकों के उत्पीड़न की शिकायते लगातर आ रही थी । बुधवार को बीकेटी विधायक अविनाश त्रिवेदी चंद्रिका देवी मोड़ से गुजर रहे थे । उन्होंने देखा कि जूस की दुकान के सामने दरोगा हंसराज दलबल के साथ वाहन चेकिंग व मास्क के नाम पर आम जनमानस को परेशान कर रहे है । विधायक ने रुककर दरोगा को फटकार लगाते हुये तुरंत वहां से हटा दिया । गौरतलब है कि चंद्रिका देवी मोड़ अस्ती मोड़ एयरफोर्स मोड़ पर पुलिस आयेदिन व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सामने चेकिंग के नाम पर आमजन को परेशान करती है । बुधवार को बीकेटी में बडी बाजार लगती है । जिसमे स्थानीय लोग साइकल व निजी वाहनों से आते है । इसी का फायदा उठाकर पुलिस कभी मास्क हेलमेट तीन सवारी के नाम पर लोगो का चालान काटती है । ऐसा न होने पर अवैध वसूली की शिकायतें भी मिलती

## किशोरी से छेड़छाड़, केस दर्ज

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज के एक गांव में शौच के लिए निकली किशोरी से शोहदा अश्लीलता करने लगा। किशोरी के शोर मचाने पर पहुंचे उसके चचेरे भाईयों को आता देखकर शोहदा भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर केस दर्ज कर आरीपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरु कर दी है।

## फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**लखनऊ।** हसनगंज कोतवाली इलाके में तनाव ग्रस्त युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। हालांकि मृतक के पास से सुसाइड नोट बरामद नहीं होने से मौत के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कारखाई की जा रही है। नई बस्ती हसनगंज निवासी विनोद कुमार यादव यहां सहपरिवार रहते है। इन्होंने बताया कि इनका पुत्र सुनील कुमार 27 वर्ष नशे का आदी था और तनाव में रहता था। बुधवार की सुबह करीब 11.30 बजे के आस पास मकान के ऊपरी कमरे में छत से लगे कुण्डे में गम्छे का फंदा बनाकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक अविवाहित था। इंस्पेक्टर हसनगंज ने बताया कि परिजनो से पूछताछ के बाद ही मौत के कारणों की जानकारी हो सकेगी।

## नेशनल प्रतियोगिता में अरमान को मिला गोल्ड मेडल



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-5 के मेधावी छात्र अरमान आर्य ने नेशनल लेविल इण्टर-स्कूल ऑनलाइन कम्पटीशन 'ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड-2020' में गोल्ड मैडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित हुई। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के 1500 से अधिक विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें सीएमएस राजाजीपुरम के इस प्रतिभाशाली छात्र ने मेन्टल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल अर्जित किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने इस मेधावी छात्रा को आशीर्वाद देते हुए विद्यालय के शिक्षकों व प्रधानाचार्या के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री शर्मा ने बताया कि यह प्रतियागिता छात्रों को बौद्धिक क्षमता पर ध्यान केन्द्रित करने तथा त्वरित गति से समाधान ढूढ़ने एवं सीखने की क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

## आगरा स्नातक खण्ड मतगणना में अतिरिक्त पर्यवेक्षक व अर्धसैनिक बल की मांग

**आगरा।** स्नातक खण्ड से निर्दलीय प्रत्याशी कर्मचारी नेता ई. हरिकिशोर तिवारी इटावा ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर मतदान के दौरान हुए घटनाक्रमों और रिर्टनिग अधिकारी को भेजी शिकायतों का हवाला देते हुए मतगणना के दौरान अतिरिक्त पर्यवेक्षक और अर्धसैनिक बल की मांग की है। आयोग और रिर्टनिग अधिकारी को लिखे पत्र में तिवारी ने कहा है कि खण्ड स्नातक क्षेत्र में राजनैतिक पार्टियों द्वारा गड़बड़ियों के बार-बार प्रयास की विफलता के बाद अब काउन्टिग में दबाव और झड़प की व्यापक सम्भावनाएं है। स्नातक विधान परिषद क्षेत्र आगरा के चुनाव में मैने पत्र द्वारा कई संवेदनशील पोलिग बूथों का जिक्र कर अतिरिक्त फोर्स और पर्यवेक्षक की मांग की थी। इसमें इटावा के महेवा और बढ़पुरा ब्लॉक से पोलिग स्टेशन को संवेदनशील बताया गया था लेकिन किसी ने ध्यान नही दिया। इन दोनों पोलिग स्टेशनों में बीजेपी के नेताओं ने पोलिंग स्टेशन में फर्जी वोटिंग का प्रयास किया। आयोग से अनुरोध किया है कि 3 दिसम्बर को आगरा में मतगणना के लिए अतिरिक्त पर्यवेक्षक और अतिरिक्त अर्ध सुरक्षाबलों की व्यवस्था कराएं ताकि दबाव बनाकर वहॉ गड़बड़ी की आंशकाओं को दूर किया जा सके और कार्यकर्ताओं के मध्य झगड़े की स्थिति से बचा जा सके।

# भ्रष्टाचारियों का चरागाह बन गया है यूपी सचिवालयः लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश कांग्रेस** अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने उत्तर प्रदेश में चल रहे भ्रष्टाचार पर योगी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि पूर्व में घटित पशुधन विभाग में हुए घोटाले से न तो सरकार ने कोई सबक सीखा है और न ही सरकारी कर्मियों के अन्दर सरकार का कोई भय है।

उन्होंने कहा कि पशुधन विभाग में 9 करोड़ 72 लाख का घोटाला उजागर होने, सचिवालय में भ्रष्टाचारियों द्वारा समानान्तर सचिवालय चलाये जाने की बड़ी घटना होने के बाद जिसमें पशुधन विभाग के मंत्री के निजी सचिव सहित डीआईजी, सुरक्षा अधिकारी आदि बड़े अधिकारियों के खिलाफ अभी जहां जांच विचाराधीन है वहीं नये सिरे से सचिवालय में नौकरी के नाम पर युवाओं के ठगे जाने का मामला सार्वजनिक होने से भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेन्स की भाजपा सरकार की कलई खुल गयी है।

लल्लू ने कहा कि अभी कोरोना महामारी के दौरान प्रदेश सरकार द्वारा खरीदे गये पीपीई किट में घोटाला, बिजली विभाग में पीएफ घोटाला, स्मार्ट मीटरों की खरीद में घोटाला, पंचायतीराज विभाग में परफार्मेन्स ग्रान्ट घोटाला, प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों के लिए जूता, मोजा, स्वेटर एवं पाठ्यपुस्तकों की खरीद में घोटाला आदि योगी सरकार की भ्रष्टाचार और अपराधियों पर जीरो टॉलरेन्स के दावे की पोल खोलती है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सचिवालय में ठगी की घटना से ज्यादा बड़ा मामला प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास दिलवाने के नाम पर हुई ठगी है। यह मामला बकायदा एक कम्पनी बनाकर एक ग्रुप द्वारा किया जा रहा है। सवाल यह उठता है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री किस प्रकार के अपराधी और किस प्रकार के अपराध पर अंकुश लगाने की बातें कर रहे हैं।

# ऊर्जा संरक्षण को लेकर एलडीए व यूपीनेडा के बीच एमओयू

● व्यवसायिक भवनों में ईसीबीसी की गाइडलाइन होंगी लागू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लखनऊ** विकास प्राधिकरण और यूपीनेडा के बीच एनर्जी एफिशिएंट बिल्डिंग बनाए जाने के लिए एमओयू किया गया। समझौते के मुताबिक व्यवसायिक भवनों में ईसीबीसी की गाइडलाइंस का अनुपालन करना अनिवार्य होगा। आम जनता को भी एनर्जी एफिशिएंट बिल्डिंग बनाए जाने के लिए जागरूक किया जाएगा। एनर्जी एफिशिएंट बिल्डिंग बनाए जाने पर 5 स्टार रेटिंग दी जाएगी।

बुधवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण वीसी अभिषेक प्रकाश और यूपी नेडा के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं यूपी नेडा के बीच इस एमओयू से इस बात की सहमति बनी है कि ब्यूरो आफ एनर्जी एफिशिएंसी की गाइड लाइन के अनुसार द्वारा एलडीए नई बिल्डिंग में ऊर्जा संरक्षण के प्रावधान किए जाएंगे। फाइव स्टार रेटिंग के लिए सहयोग प्रदान किया जाएगा। व्यवसायिक भवनों में एनर्जी कंजर्वेशन बिल्डिंग कोड उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2018 से लागू किया गया है। जिसके अनुसार इस प्रकार के सभी बिल्डिंगों में ईसीबीसी नार्म्स का पालन किया जाना अनिवार्य है। आवासीय भवनों के लिए ईसीबीसी को लागू किया जाना अनिवार्य नहीं है, लेकिन ऊर्जा के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन के लिए आम जनता एवं प्राइवेट बिल्डर्स को इस बात के लिए जागरूक किया जाएगा कि वह अपने भवनों के निर्माण के लिए ईसीबीसी के मानकों का अनुपालन करें। मानकों के अनुपालन से विद्युत बिलों में काफी कटौती होगी एवं पर्यावरण के लिए सकारात्मक परिणाम होंगे। एलडीए उपाध्यक्ष द्वारा यह निर्देश दिए गए कि यूपी नेडा एवं लखनऊ विकास प्राधिकरण इस संबंध में एक वर्कशॉप का आयोजन करेंगे जिसमें सभी बिल्डरों को आमंत्रित करते हुए जागरूकता का अभियान चलाया जाए। इस सेमिनार को ऑनलाइन सौरभ डीडी निदेशक बीईई एवं विकास रंजन जीआईजेड द्वारा भी संबोधित किया गया। यूपी नेडा एवं लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा शारदा नगर विस्तार में बनाए जा रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के भवनों में ईसीबीसी के मानकों का समावेश किया गया है, जिस कारण बी ई ई द्वारा द्वारा इन भवनों को फाइव स्टार रेटिंग दी गई है।बसंत कुंज योजना में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के भवनों व अन्य प्रस्तावित भवनों में भी ईसीबीसी के मानकों का समावेश किया जाएगा।

## साजिश रचने वाले ताऊ व शूटर पुलिस की पकड़ से दूर

**लखनऊ।** राजधानी के विकासनगर इलाके में करीब बीस दिन पहले सर्राफ अभिषेक केसरवानी को गोली मार घायल कर दिया गया था। घटना के कुछ दिन बाद ही पुलिस ने मामले का खुलासा कर दिया और जमीनी विवाद के चलते वारदात की वजह बताते हुए नामजद भू माफिया को जेल भेज दिया लेकिन पुलिस अभी तक साजिश रचने वाले ताऊ राजेश केसरवानी और शूटरों को नहीं तलाश सकी। सर्राफा परिवार ने बताया कि सुरक्षाकर्मी तो मिले हैं, फिर भी दहशत बरकरार है। अभिषेक की माता ने पायनियर संवाददाता से बात करते हुए बताया कि तफ्तीश के नाम पर पुलिस आये दिन आकर परेशान कर रही है लेकिन हमलावरों तक नहीं पहुंच रही। वही इस संबंध में जब एडीसीपी राजेश कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि शूटरों का सुराग मिला है जल्द गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

# क्षय रोगियों का इलाज शुरू होने के 15 दिनों के अंदर दवाओं का परीक्षण जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**टीबी रोगियों** का इलाज शुरू होने के 15 दिनों के अंदर यूनिवर्सल ड्रग ससेप्टीबिलिटी टेस्ट (दवा के प्रति संवेदनशील परीक्षण) अवश्य कराना चाहिये, इस टेस्ट से यह पता चलता है कि मरीज किन दवाओं के प्रति संवेदनशील है, इससे इलाज में आसानी होती है। उपरोक्त सलाह राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से निजी क्षेत्र के चिकित्सकों के लिए आयोजित वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञ की तरफ से दी गई।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए एरा मेडिकल कॉलेज के पल्मोनरी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि क्षय रोग उन्मूलन सरकार के मुख्य उद्देश्यों में सबसे ऊपर हैए जिसमें सार्वजानिक क्षेत्र के साथ निजी क्षेत्रों की अहम् भूमिका है। निजी क्षेत्र के चिकित्सकों को टीबी रोगी की सूचना समय से स्वास्थ्य विभाग को मुहैया कराना चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय भटनागर ने कहा वर्तमान में टीबी की जांच के लिए जिले में अत्याधुनिक पांच ट्रूनेट तथा चार सीबीनाट मशीनें हैं। इसके द्वारा टीबी की जांच की जाती है। टीबी के मरीजों को नोटिफाई कर उन्हें इलाज मुहैया कराना है तथा उन्हें निक्षय पोषण योजना से जोड़ना हैए साथ ही इस बात पर विशेष जोर देना है कि वह अपना इलाज बीच में न छोड़ें तभी हम जिले को टीबी से मुक्त करा पायेंगे। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एके चौधरी ने बताया कि जिले में वर्तमान में निजी क्षेत्र में टीबी के 6470 रोगी नोटिफाई हैं। उन्होंने बताया सभी क्षय रोगियों का यूनिवर्सल ड्रग ससेप्टीबिलिटी टेस्ट इलाज शुरू करने के 15 दिन के भीतर कराने पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। इस टेस्ट से यह पता लगाया जाता है कि कौन सी टीबी की दवा व्यक्ति के लिए संवेदनशील है, जिससे मरीज को सही उपचार दिया जा सके। डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के टीबी एवं श्वसन रोग विभाग के प्रोफेसर हेमंत कुमार ने बताया कि टीबी रोगियों की जांच व निदान के लिए कार्यक्रम में आधुनिकतम जांच प्रणाली का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो पूरी तरीके से नि:शुल्क उपलब्ध है तथा गुणवत्ता की दवाइयां भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं।

## अब अयोध्या तक जाएगी कौशांबी से आने वाली एसी जनरथ

**लखनऊ।** कौशांबी बस स्टेशन से चलकर सीतापुर के रास्ते कैसरबाग बस अड्डे तक आने वाली एसी जनरथ बस का विस्तार किया गया है। टू बाई टू सीट वाली एसी जनरथ बस तत्काल प्रभाव से अयोध्या तक यात्रियों को सफर कराएगी। बसों के रूट और नई समय सारणी व किराया तय कर दिया गया है। साहिबाबाद डिपो के एआरएम बीपी अग्रवाल ने बताया कि ये बस कौशांबी बस अड्डे से रोजाना रात नौ बजे चलकर सुबह सात बजे सीतापुर व नौ बजे कैसरबाग बस अड्डे होते हुए दोपहर बारह बजे अयोध्या पहुंचेगी। वापसी में अयोध्या बस अड्डे से शाम साढ़े छह बजे रवाना होकर रात नौ बजे कैसरबाग, रात साढ़े ग्यारह बजे सीतापुर व सुबह नौ बजे कौशांबी बस अड्डे पहुंचेगी। गाजियाबाद क्षेत्र के आरएम एके सिंह ने बताया कि तीर्थ सर्किट क्षेत्र के अंतर्गत जनरथ बस को विस्तार दिया गया है। यात्रियों को कौशांबी से अयोध्या तक 1151 रुपये कियायाए कौशांबी से कैसरबाग 917 व कैसरबाग से अयोध्या का किराया 245 रुपये देना पड़ेगा। इस बस में एडवांस में सीटों की बुकिंग परिवहन निगम की वेबसाइट पर ऑनलाइन शुरू की गई है।

## आईआरसीटीसी जनवरी में करेगा भारत दर्शन यात्रा का आयोजन

**लखनऊ।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन द्वारा जनवरी माह में भारत दर्शन यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस यात्रा के तहत आम जनों को भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्मृति में निर्मित स्टेचू ऑफयूनिटी के साथ ही साबरमती आश्रम का भ्रमण कराने एवं कई ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कराए जाएंगे। आईआरसीटीसी द्वारा इस यात्रा का आयोजन 10 जनवरी से लेकर 18 जनवरी के मध्य किया जाएगा। यात्रा कुल 8 दिनों की होगी। इस पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति के हिसाब से 8505 रुपए होगा। पैकेज मूल के तहत ही आईआरसीटीसी द्वारा आम जनों को भोजन स्थानीय यात्रा एवं धर्मशाला में ठहरने की व्यवस्था भी की जाएगी। कोरोना काल के चलते इस यात्रा पर रवाना होने वाले आम जनों को आईआरसीटीसी द्वारा सेफ्टी किट प्रदान की जाएगी एवं ट्रेन में उचित सैनिटाइजेशन की व्यवस्था भी होगी। आमजन ट्रेन में वाराणसी, जौनपुर, फैजाबाद, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर से सवार हो सकेंगे। यात्रा के दौरान सुबह का नाश्ता दोपहर का भोजन एवं रात्रि का शाकाहारी भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। स्टेचू ऑफ़ लिबर्टी एवं साबरमती आश्रम के साथ ही आम जनों को ओम्कारेश्वर, महाकालेश्वर, सोमनाथ एवं नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराने के साथ ही द्वारिका में स्थित द्वारकाधीश मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि जो भी आमजन इस यात्रा पर रवाना होना चाहते हैं वह आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय कार्यालय या फिर अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से अपनी टिकटों की अग्रिम बुकिंग करा सकते हैं यात्रियों को पहले आओ पहले पाओ योजना के आधार पर टिकटों की बुकिंग की जाएगी।

# बार–बार सैम्पलिंग की सलाह से लोग परेशान, अधिकारी मौन

संवाददाता। मोहनलालगंज

**सैम्पल** कलेक्शन में खामी कहें या एसजीपीजीआई में टेस्टिंग की चूक लेकिन आरटीपीसीआर टेस्टिंग के लिए सीएचसी से आ रहे सैम्पलों में कुछ की रिपोर्ट में दोबारा सैम्पल भेजने की सलाह आमजन को भारी पड़ रही है। स्वास्थ्य विभाग और पीजीआई प्रशासन भले ही इसे सामान्य बात करार दे रहा हो लेकिन कोविड टेस्टिंग रिपोर्ट के लिए दो दिन तक घबराहट भरे इंतजार के बाद जब किसी को फिर से सैम्पल देने के लिए कहा जाता है तो संक्रमण फैलने का जोखिम लेने के साथ ही रोगी और उसके परिवार की परेशानी दूनी हो जा रही है।

मोहनलालगंज और गोशाईगंज सीएचसी से इन दिनों आरटीपीसीआर टेस्टिंग के लिए संदिग्ध लक्षणों वाले रोगी और उनके सम्पर्क में आए लोगों के सैम्पल लेकर एसजीपीजीआई भेजे जा रहे हैं। पीजीआई में टेस्टिंग के बाद आनलाइन अपलोड की जा रही रिपोर्ट में अमूमन प्रतिदिन कुछ सैम्पलों में रिपीट सैम्पलिंग रिक्वायर्ड लिखकर आ रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इसे सामान्य बात करार देकर ऐसे लोगों को दोबारा सैम्पल देने की सलाह देकर किनारा कर ले रहे हैं। लेकिन एक बार सैम्पल देकर दो दिन तक बेहद घबराहट भरे इंतजार के बाद जब किसी रोगी को पीजीआई की रिपोर्ट का हवाला देकर फिर से सैम्पल देने की सलाह दी जाती है तो ऐसे में रिपोर्ट पाजिटिव आने पर रोगी और उसके परिवारीजन के सम्पर्क में आने वाले लोगों में संक्रमण फैलने की आशंका बढ़ जा रही है। वहीं बार–बार सैम्पलिंग की सलाह पर लोगों को बेवजह भागदौड़ की परेशानी भी उठानी पड़ रही है। यही नहीं कुछ लोगों को तो तीसरी बार तक सैम्पल देने पड़ रहे हैं।

**कोविड टेस्टिंग का मामला**

### सैंपल कलेक्शन टीम भी परेशान

**सीएचसी से आरटीपीसीआर टेस्टिंग के लिए गांव-गांव भेजी जा रही सैम्पल कलेक्शन टीम भी पीजीआई की रिपोर्ट में दोबारा सैम्पल भेजने की सलाह से परेशान हैं। प्रतिदिन भेजे जा रहे सैम्पलों में कुछ सैम्पल की रिपोर्टिंग नहीं होने से टीम को दोबारा टेस्टिंग के लिए फिर से गांव जाकर सैम्पल लेने में लोगों की नाराजगी भी झेलनी पड़ रही है। कुछ दिन पूर्व जबरौली में तो टीम को तीन-तीन बार सैम्पलिंग के लिए जाना पड़ा था।**

### केजीएमसी में नहीं थी ऐसी शिकायत

पुख्ता सूत्रों की मानें तो सीएचसी के सैम्पल जब तक केजीएमसी में जमा होते थे वहां से इस तरह की कोई शिकायत नहीं थी। अलबत्ता सैम्पल जमा होने के बाद तय समय में रिपोर्टिंग भी हो जाया करती थी। लेकिन जब से पीजीआई में सैम्पल जमा करने की शुरुआत कराई गई तब से अमूमन प्रतिदिन किसी न किसी की टेस्टिंग में दोबारा सैम्पल मांग लिया जा रहा है। लेकिन अधिकारी इसे सामान्य करार देकर पल्ला झाड़ ले रहे हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, महोबा

**अति अल्प कालीन निविदा सूचना**

पत्रांक : 674/न0पा0प0 महोबा/2020–21 दिनांक : 28–11–2020

राज्य वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु सम्बन्धित ठेकेदारों/फर्मो से मुहरबन्द निविदायें दिनांक 07.12.2020 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन सायं 4:00 बजे ठेकेदारों की उपस्थिति में पालिका कार्यालय में सक्षम अधिकारी के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा निर्धारित मूल्य पर दिनांक : 07.12.2020 को कार्यालय नगर पालिका परिषद, महोबा से समय प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे तक क्रय की जा सकती है। निविदा क्रय करते समय निर्धारित जमानत/धरोहर धनराशि अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, महोबा के नाम डाकघर द्वारा सावधि जमा/एन0एस0सी0 सी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 बन्धक के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। शेष अन्य नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

| क्रमांक 1 | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य समस्त करों सहित (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नवीन प्राइवेट बस–स्टैण्ड महोबा में टीन शैड का निर्माण कार्य। | 4.98 | 0.50 | 268.00 | 15 दिवस |
| 02 | नवीन प्राइवेट बस स्टैण्ड महोबा में हाईमास्ट विद्युत पोल हेतु प्रोटेक्शन ब्लाक का निर्माण व बारबेड वायर पार्टीशन का कार्य। | 2.93 | 0.30 | 268.00 | 15 दिवस |

नोट – वर्तमान शासनादेश के अनुसार रॉयल्टी/अन्य सभी कर तथा परफोर्मेन्स सिक्योरिटी देय होंगें।

(राजेश कुमार यादव)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, महोबा

(दिलाशा सौरभ तिवारी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, महोबा

# जिलाधिकारी का धान क्रय केन्द्रों के निरीक्षण का अभियान जारी


**अम्बेडकरनगर।** खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में मूल्य समर्थन योजना अंतर्गत जनपद के किसानों के धान क्रय करने, क्रय केंद्रों का डीएम राकेश कुमार मिश्र द्वारा बुधवार को पुनः जायजा लिया गया। डीएम द्वारा मंडी समिति में पीसीएफद्वारा संचालित केंद्र का जायजा लिया गया। डीएम ने मौके पर उपस्थित केंद्र प्रभारी चंद्र प्रकाश तिवारी से खरीद की स्थिति की जानकारी प्राप्त किए। इस केंद्र पर मौके पर हरी सहाय वर्मा का 48 कुंटल धान की तौल किया जा रहा था। एक अन्य किसान का 28 कुंटल धान की तौल पूर्व में किया जा चुका था। डीएम द्वारा मंडी समिति में संचालित भारतीय खाद्य निगम के क्रय केंद्र का निरीक्षण किया गया। केंद्र प्रभारी सुजीत कुमार मौर्य उपस्थित थे। अब तक कृषक राजेंद्र प्रसाद का 50 कुंटल, रामदीन का 55 कुंटल, रामप्रसाद का 70 कुंटल धान की तौल किया जा चुका है, बाकी अन्य किसानों का प्रक्रिया संचालित है। जिला अधिकारी द्वारा खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा संचालित क्रय केंद्र का जायजा लिया गया, जिस पर विजय कुमार का तीन ट्राली धान की तौल प्रक्रिया की जा रही थी, यहां पर इसके पूर्व कृषक अमरजीत वर्मा का 64 कुंटल धान क्रय किया जा चुका था।


मण्डी समिति में धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

मार्केटिंग द्वारा नवीन मंडी परिषद में संचालित दो क्रय केंद्रों का जायजा लिया गया। दोनों केंद्र प्रभारी संजीत सिंह एवं शैलेंद्र गौर उपस्थित पाए गए। किसानों ने डीएम को अवगत कराया कि किसी भी किसान को अब कोई समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है। धान का क्रय तीव्र गति से किया जा रहा है। डीएम के निरीक्षण में मंडी परिषद में संचालित समस्त धान क्रय केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में विनोइंग फैन उपलब्ध पाए गए, धान की खरीदारी में काफी तेजी देखने को मिली। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अन्यदाताओं के धान क्रय में यदि किसी अधिकारी द्वारा अथवा केंद्र प्रभारी द्वारा लापरवाही किया जाना सामने आता है तो उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा सहित संबंधित अधिकारी मौके पर उपस्थित थे।

# फिल्मी अंदाज में दबंगों ने दूल्हे को धमका कर बारात लौटायी

**अम्बेडकरनगर।** कभी फिल्मों में लिखी जाने वाली पटकथा अब हकीकत में भी तब्दील होती दिखने लगी है। मंगलवार की रात भीटी थाना क्षेत्र में जो कुछ घटित हुआ वह एक फिल्मी पटकथा के समान रहा। घर से सज-धज कर दुल्हन लेने के लिए निकले दूल्हे को होने वाली ससुराल से महज चन्द मीटर पहले ही दबंगों ने जिस प्रकार का आतंक दिखाकर वापस लौटने के लिए विवश कर दिया, ऐसे मामले कम ही सुनने को मिलते हैं। शाहगंज से भीटी थाना क्षेत्र के समंथा चौराहे पर रहने वाले राम दयाल गुप्ता की पुत्री की शादी की बारात पंहुचने ही वाली थी कि अचानक ऐसा कुछ हो गया जिसकी कल्पना न तो वर पक्ष ने की थी और न ही कन्या पक्ष ने । जानकारी के अनुसार दो मोटर साइकिल पर सवार चार दबंगों ने दूल्हे की गाड़ी को पहले महरूआ के निकट से ही वापस करने का प्रयास किया लेकिन वहां उन्हें सफलता नही मिल सकी। बारात के साथ दूल्हे की गाड़ी जब समंथा चौराहे से महज दो –ढाई सौ मीटर पहले पंहुची थी, उसे एक बार फिर दबंगो ने रोक लिया तथा दूल्हे को धमकी देते हुए वापस लौट जाने को कहा। बताया जाता है कि दबंगो


जयमाल के लिए बना स्टेज

ने वहां फायरिंग भी की। दबंगो में एक उसी चौराहे पर रहने वाला एक युवक भी शामिल बताया जाता है। दबंगो के आक्रामक रूख को देखते हुए दूल्हा बारात के साथ वापस लौटने को मजबूर हो गया। बारात वापस जाते ही कन्या पक्ष की सभी तैयारियां धरी की धरी रह गयीं। सूचना पर पंहुची पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले रखा है। पीड़ित परिजनों ने अज्ञात के विरूद्ध तहरीर दी है। फिलहाल हिरासत में लिये गये आरोपियों को बचाने के लिए कई सफेदपोश लगे हुए हैं। घटना के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला सामने आ रहा है। इस सम्बन्ध में जब थानाध्यक्ष भीटी से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल बन्द रहा जबकि सीओ भीटी ने फोन ही नही रिसीब किया।

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक का निधन

**अम्बेडकरनगर।** राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अवकाश प्राप्त शिक्षक परमहंस यादव का बीमारी के कारण फैजाबाद के अस्पताल में आकस्मिक निधन हो गया जिसका समाचार मिलने पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मालूम हो शैक्षिक जगत में लोगो के लिए प्रेरणा स्रोत रहे स्व परमहंस यादव गिरैया बाजार से उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष भी थे जिनके आकस्मिक निधन पर जिले के सभी व्यापारी व जिले के गणमान्य लोगों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने एवं शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में सहनशक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। स्व परमहंस यादव का अंतिम संस्कार कम्हरिया घाट पर हजारों लोगों की उपस्थिति में नम आंखों के बीच किया गया।

### भाजपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का मनाया जन्मदिन

**अयोध्या।** जिला कार्यालय अयोध्या पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन समारोह में पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री संजीव सिंह ने जनपद वासियों की तरफ से बधाई प्रेषित की एवं संजीव सिंह ने कहा कि कि हमारे यशस्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में जिस प्रकार से हम लोगों ने तत्कालीन अध्यक्ष राजनाथ सिंह के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनाई एवं गृहमंत्री अमित शाह जी के नेतृत्व में कई प्रदेशों में सरकार बनाई और पार्टी का व्यापक विस्तार हुआ और दुनिया की नंबर एक पार्टी बनी, उसी प्रकार जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में पार्टी को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद मिलेगी और आज हमारी पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है।

### सभी बूथों पर 8-8 मतदाता बढ़ाने का रखा लक्ष्य

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिसकी तैयारियों को लेकर महानगर की बैठक पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई। 15 दिनों तक चलने वाले पुनरीक्षण अभियान में सभी बूथों 8–8 मतदाता बढानें का लक्ष्य रखा गया है। बैठक के मुख्य अतिथि महापौर ऋषिकेश उपाध्याय व अध्यक्षता अभिषेक मिश्र ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा लोकतंत्र में मतदान करना आवश्यक है यह हमारा अधिकार ही नही अपितु हमारा देश और समाज के प्रति दायित्व है।

### अवध विवि के तीन विद्यार्थियों ने नेट परीक्षा की उत्तीर्ण

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग एमएससी विषय के तीन मेधावी छात्रों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। विभागाध्यक्ष प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल ने बताया कि विभाग के तीन मेधावी छात्रों ने परिश्रम कर नेट परीक्षा को उत्तीर्ण कर विभाग एवं शिक्षकों का मान बढ़ाया है इसमें पूर्णिमा दुबे, फिजा अकील एवं बृजेश कुमार है। पूर्व के सत्र में भी विभाग की छात्रा फिजा अकील ने विगत दो वर्षों की भाँति इस वर्ष भी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

# तहसील दिवस में पांच का ही हो सका निस्तारण


तहसील दिवस में जनसुनवाई करते जिलाधिकारी

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**शासन** की मंशा के अनुसार जनसमस्याओं के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जनपद के समस्त तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में तहसील अकबरपुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, सीडीओ घनश्याम मीणा, एसडीएम अकबरपुर, सीओ सिटी एवं संबंधित अधिकारी मौके पर उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि जन समस्याओं का निवारण संबंधित अधिकारी गुणवत्ता पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि भूमि विवाद एवं छोटे-मोटे मामलों में अधिकारी टीम बनाकर मौके पर उपस्थित होगा। शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने में कोई लापरवाही ना बरतें। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा संचालित समस्त जनहितकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति पहुंचाना हमारी प्रथम प्राथमिकताओं में से है, अधिकारी गण ईमानदारी से कार्य करते हुए मजलूम, असहाय एवं जरूरतमंदों को योजनाओं से शत प्रतिशत अच्छादित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कोविड–19 के प्रोटोकॉल का अनुपालन निरंतर लोगों को जागरुक कर कराते रहे इस में शिथिलता न बरती जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम के समक्ष तहसील अकबरपुर में कुल 127 जन शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर पांच का निस्तारण कर दिया गया ,शेष समस्त प्रार्थना पत्रों को मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निस्तारण हेतु सौंप दिया गया। तहसील जलालपुर में उप जिला अधिकारी जलालपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 100 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 7 का निस्तारण कर दिया गया शेष निस्तारित हेतु संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया। तहसील भीटी में उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी के समक्ष कुल 55 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 6 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। तहसील आलापुर में कुल 69 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर पांच प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया। तहसीलदार आलापुर मैं संबंधित अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। वही तहसील टांडा में कुल 38 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 4 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया। मौके पर उप जिलाधिकारी, सीओ एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**● अकबरपुर में जिलाधिकारी की मौजूदगी में आयोजित हुआ तहसील दिवस**

# अंबेडकर ने समता मूलक भावना के साथ लिखा संविधानः डॉ. धर्मेंद्र

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**खजनी तहसील** के नगर पंचायत उनवल ए. टी. एस. इंटरनेशनल स्कूल टेकवार के मीटिंग हाल में भाजपा जिला इकाई द्वारा 26 नवम्बर संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि प्रत्येक 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाने का निर्णय 2015 में लिया गया। निर्णय लेने वाली सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार है। बाबा साहब भीमराव राम जी अम्बेडकर का संविधान निर्माण में विशेष योगदान था। उन्होंने समता मूलक भावना के साथ संविधान लिखा। अम्बेडकर को धर्म और जाति में नही बांटा जा सकता। वे महापुरुष थे, जिन्होंने हमेशा गरीब, असहाय, दलितों, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों के हक की लड़ाई लड़ी।

# डकैती की योजना बना रहे बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**गोरखपुर।** क्राइम ब्रांच और पीपीगंज पुलिस की सक्रियता से डकैती की योजना बना रहे बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान भगवानपुर सब्जी मंडी के पास से 6 अंतर्जनपदीय डकैतों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। पकड़े गए बदमाश ठंड में कोहरे का इंतजार कर रहे थे और बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी चल रही थी। पीपीगंज थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह की सूझबूझ और मुखबिर तंत्र की वजह से डकैतों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से देसी शराब, तमंचा, कारतूस ,मटर दाल, मटर जैविक खाद, सफारी गाड़ी, मारुति कार, पिक अप और दो मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने बरामद किया है। घटना का खुलासा पुलिस लाइन के वाइट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान एसएसपी जोगेंद्र कुमार ने दी। क्राइम ब्रांच पीपीगंज, कैंपियरगंज की पुलिस ने 6 डकैतों को गिरफ्तार किया है। इनके दो साथी फरार चल रहे हैं जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। इन बदमाशो की गिरफ्तारी से पीपीगंज, कैंपियरगंज और सिद्धार्थनगर में हुई घटना का खुलासा हुआ है।

# सीएम देंगे नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र

**गोरखपुर( पीएनएस )।** आगामी 5 दिसम्बर को दीदउ. गोविवि. के क्रीड़ा परिसर में नव नियुक्त शिक्षकों को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किया जायेगा। जिसके तैयारियों के संबंध में बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सतीश द्विवेदी ने कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के संबंध जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 69000 सहायक अध्यापकों की भर्ती के दूसरे चरण में बाकी बचे 36590 पदों को भरे जाने की काउंसिलिंग बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है। सभी जिला मुख्यालयों पर 2 से 4 दिसम्बर तक काउंसिलिंग किया जाना है और 5 दिसम्बर को सभी जिलों में नियुक्ति पत्र वितरित किया जायेगा। मंत्री ने बताया कि गोरखपुर में 644 नवनियुक्त शिक्षकों को मुख्यमंत्री के हाथों से नियुक्ति पत्र वितरित किया जायेगा तथा शेष जनपदों में जन प्रतिनिधियों द्वारा वितरण नियुक्ति पत्र वितरण किया जायेगा।

# दो महीने तक कोई नहीं रहेगा नेताः लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**कांग्रेस कमेटी** के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि दो महीने तक पार्टी में कोई नेता नहीं रहेगा। सब कार्यकर्ता बनकर गांव स्तर तक संगठन खड़ा करेंगे और इसे मजबूत बनाने में अपनी पूरी ताकत झोंकेंगे। आने वाला समय कांग्रेस का होगा। सिर्फ दो माह तक संगठन को मजबूती प्रदान करें। गांव स्तर पर यदि मजबूत संगठन खड़ा हो जाएगा तो आने वाला समय कांग्रेस का ही होगा। इस समय यूपी कांग्रेस का कद लगातार बढ़ रहा है। बस थोड़ा सा मेहनत और जरूरी है। पिपराइच ब्लाक के सोनबरसा बसडीला और खोराबार ब्लाक के रायगंज न्याय पंचायत में कार्यकर्ताओं संग बैठक कर रहे थे। संगठन की नींव जितनी मजबूत होगी, पार्टी और हम मजबूत रहेंगे। संगठन को कागज नहीं, जमीन पर ले आना है। जो न आए वह मान ले कि उसकी छुट्टी तय है। 15 दिसंबर तक हर हाल में न्याय पंचायत की कमेटी गठित कर लें। संगठन को मजबूत नहीं बनाएंगे तो वर्ष 2022 का लक्ष्य मुश्किल होगा।

## हो पावे तबही हां कहीं

न्याय पंचायत स्तर पर संगठन को खड़ा करने के लिए प्रदेश् अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से बात की। बोले, 'हम आप लोगन के अध्यक्ष के पद पर जिम्मेदारी देब, का आप लोग ऐके निभा पइबें। अइसन न हो कि हां-हां कइ दिहलीं और बाद में कुछ ना कइलीं।

## कृषि कानूनों को गलत बताया

प्रदेश अध्यक्ष ने तीन कृषि कानूनों को गलत बताते हुए केंद्र सरकार को आड़े हाथ लिया। कहा कि दिल्ली में किसानों का प्रदर्शन जायज है। सरकार सिर्फ उद्योगपतियों व पूंजीपतियों के हित में काम कर रही है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद सोनभद्र, जनपद–सोनभद्र

पत्रांक–1074 / 15वाँ वित्त / राज्य वित्त—निविदा / 2020–21 दिनांक–01.12.2020

## निविदा सूचना

निम्नांकित कार्य हेतु नगर पालिका परिषद सोनभद्र में पंजीकृत एवं निदेशक स्थानीय निकाय, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र सख्या–एक / 706 / कम्प्यू0सेल / 2019 दिनाक 27 सितम्बर, 2019 के अनुसार ठेकेदारों से वित्तीय वर्ष 2019–20 में 15वाँ वित्त एवं राज्य वित्त से उपलब्ध धनराशि से प्रस्तावित रु0 5.00 लाख से ऊपर के कार्यों की सीलबन्द निविदा दिनांक 09.12.2020 को समय 12.00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक जिलाधिकारी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे जिलाधिकारी महोदय या उनके द्वारा नामित अधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट में खोली जायेगी। रु0 5.00 लाख से नीचे की निविदा दिनांक 10.12.2020 को कार्यालय नगर पालिका परिषद सोनभद्र में समय 12.00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है एवं उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे नगर पालिका कार्यालय में खोली जायेगी। रु0 5.00 लाख से ऊपर की निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 07.12.2020 को 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक जिलाधिकारी कार्यालय के स्थानीय निकाय लिपिक काउन्टर से एवं कार्यालय नगर पालिका परिषद सोनभद्र तथा दिनांक 07.12.2020 को 5.00 लाख के नीचे निविदा प्रपत्र की बिक्री नगर पालिका कार्यालय से उक्त तिथि एवं समय पर ही निर्माण लिपिक काउन्टर से नकद भुगतान के आधार पर की जायेगा। निर्माण कार्य के सम्मुख अंकित निविदा का 2% जमानत धनराशि F.D.R या N.S.C. मूल रूप से अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सोनभद्र के पदनाम से बन्धक कर निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। उक्त निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त अथवा अपूर्ण एवं सशर्त निविदा पर कोई विचार नही किया जाएगा। प्राप्त निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। विशेष जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि | जमानत की धनराशि 2% | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 15वां वित्त आयोग मद से प्रस्तावित कार्य | | | | | |
| 1 | प्राथमिक विद्यालय जोगिया मंदिर वार्ड–20 राबर्ट्सगंज का कायाकल्प। | 6.71 | 13500.00 | 700.00 | 31 जनवरी 2021 |
| 2 | उच्चतर प्राथमिक विद्यालय जोगिया मंदिर वार्ड–20 राबर्ट्सगंज का कायाकल्प। | 8.95 | 17900.00 | 900.00 | " " " " |
| 3 | प्राथमिक विद्यालय इस्लामियां, राबर्ट्सगंज का कायाकल्प। | 4.62 | 9300.00 | 500.00 | " " " " |
| 4 | प्राथमिक विद्यालय राबर्ट्सगंज प्रथम का कायाकल्प। | 9.40 | 18800.00 | 1000.00 | " " " " |
| 5 | उच्चतर प्राथमिक विद्यालय मल्टी स्टोरी बिल्डिंग, राबर्ट्सगंज का कायाकल्प। | 6.32 | 12700.00 | 700.00 | " " " " |
| 6 | प्राथमिक विद्यालय मल्टी स्टोरी बिल्डिंग, राबर्ट्सगंज का कायाकल्प। | 6.60 | 13200.00 | 700.00 | " " " " |
| राज्य वित्त आयोग मद से प्रस्तावित कार्य | | | | | |
| 7 | तहसील परिसर में डी0जे0 आफिस के पीछे महिला व पुरुष शौचालय व मूत्रालय का निर्माण कार्य। | 4.23 | 8500.00 | 500.00 | " " " " |

**निविदा की अन्य शर्ते :–**

1. सर्शत निविदायें मान्य नहीं होगी और स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।
2. निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 / टी0डी0आर0 / एन0एस0सी0 कालम संख्या–4 में अंकित विवरण के अनुसार अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सोनभद्र के पदनाम से बन्धक कराकर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदा स्वीकृत होने के पश्चात सम्बन्धित ठेकेदार को शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0 / टी0डी0आर0 / एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र के पदनाम से बन्धक कराकर जमा करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा खोले जाने के समय निविदादाताओं की उपस्थिति वाछनीय है।
5. निर्माण कार्य में प्रत्येक निविदा के साथ निविदादाता को फर्म के प्रोप्राइटर के स्वयं के नाम का टी0–4, टी0–5, टी0–6, पैन न0. जी0एस0टी0 एव श्रम विभाग का पंजीयन प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।
6. निविदा स्वीकृति के उपरान्त निविदादाता को अपने व्यय से निर्धारित स्टैम्प पर अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।
7. निविदादाता द्वारा विभागीय लागत से कम लागत की निविदा डालने की दशा में शासनादेश सं0– 622 / 23–12–2012–2आडिट / 09 टी0सी0–2 दिनांक 08.06.2012 के अनुसार 10 प्रतिशत तक निम्न दरें प्राप्त होने पर 0.5 प्रतिशत प्रति प्रतिशत दर तथा 10 प्रतिशत से अधिक कम दरों पर 1.00 प्रतिशत प्रति 1.00 प्रतिशत कम दर पर परफार्मेन्स गारण्टी की अतिरिक्त धनराशि जमा करने के उपरान्त अनुबन्ध गठित किया जायेगा। निविदादाताओं द्वारा उक्त जमा न किये जाने पर उसकी धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
8. शासनादेश संख्या–115(1) / 86–2020–52(सा0) / 2019 टीसी दिनांक 15.01.2020 में स्पष्ट निर्देश है कि जिस खनिज की आपूर्ति बिना ई.एम.एम.–11 के माध्यम से कराया गया है उस खनिज की रायल्टी के साथ–साथ रायल्टी का पांच गुना खनिज मूल्य की वसूली ठेकेदार के बिल से की जायेगी एवं इस सम्बन्ध में भविष्य में उच्चाधिकारियों द्वारा प्राप्त निर्देश / आदेश का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
9. निविदादाता निविदा डालने के पूर्व उक्त सूची में अकित निर्माण कार्य के स्थल को भलीभाति निरीक्षण अवश्य कर ले।
10. निविदा के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर न्यायिक क्षेत्र अधिकार जनपद सोनभद्र न्यायालय में होगा।
11. जी0एस0टी0 के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी प्राविधान लागू होने तथा नियमानुसार आयकर व अन्य करों की कटौती की जायेगी।
12. निविदा स्वीकृति के पश्चात फर्म एवं ठेकेदार को एक सप्ताह के अन्दर अनुबन्ध की कार्यवाही पूर्ण करनी होगी अन्यथा ठेकेदार की निविदा को निरस्त कर जमा धरोहर धनराशि जब्त करते हुए दूसरे नम्बर की निविदा पर विचार किया जायेगा।
13. ऐसे निविदादाता जिसका सगा सम्बन्धी नगर पालिका में अधिकारी / कर्मचारी के पद पर आसीन होगें को कार्य करने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी। निविदादाता को इस सम्बन्ध में नाम तथा पद सहित कार्यकारी रिश्तेदार का शपथ पत्र पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
14. कोई भी निविदादाता जो स्टेट बार कौंसिल में पंजीकृत है उन्हें निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी, यदि संज्ञान में आया तो निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
15. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण करना होगा, विलम्ब की दशा में ठेकेदार के अनुबन्ध निरस्तीकरण की कार्यवाही / नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जा सकती है, जिसके लिए ठेकेदार का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।
16. उपरोक्त कार्य में से रु0 5.00 लाख मूल्य से अधिक धनराशि वाले कार्यों की निविदा अपर जिलाधिकारी (वि0 / रा0) महोदय के कार्यालय में खोली जायेगी एवं रु0 5.00 लाख से कम धनराशि वाले कार्यों की निविदा अध्यक्ष / अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र के समक्ष खोली जायेगी।

**(प्रदीप गिरि)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद–सोनभद्र**

**(विरेन्द्र कुमार जायसवाल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद–सोनभद्र**


# विवि ने एमए प्रथम वर्ष व बीएससी एग्री. प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित किया

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि ने सम्बद्ध महाविद्यालयों की एमए प्रथम वर्ष संस्कृतए चित्रकलाए मध्यकालीन इतिहास विषयों एव बीएससी एग्रीकल्चर प्रथम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा वर्ष.2020 का परीक्षाफल घोषित किया। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। जिसमें एमए प्रथम वर्ष संस्कृत विषय घोषित परीक्षाफल में सम्मिलित कुल 1599 परीक्षार्थियों में से 1379 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए है। इनका उत्तीर्ण प्रतिशत 86.24 रहा। कुल सम्मिलित 309 छात्रों के सापेक्ष 231 छात्र उत्तीर्ण घोषित हुए है। इनका उत्तीर्ण प्रतिशत 74.76 रहा। जबकि कुल सम्मिलित 1290 छात्राओं के सापेक्ष 1148 छात्राएं उत्तीर्ण घोषित हुई है। इनका उत्तीर्ण प्रतिशत 88.99 रहा। चित्रकला विषय में सम्मिलित कुल 87 परीक्षार्थियों में से 73 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए है। इनका उत्तीर्ण प्रतिशत 83.91 रहा। परीक्षा में कुल सम्मिलित 48 छात्रों के सापेक्ष 37 छात्र उत्तीर्ण घोषित हुए। इनका उत्तीर्ण प्रतिशत 77.08 रहा है। कुल सम्मिलित 39 छात्राओं के सापेक्ष 36 छात्राएं उत्तीर्ण घोषित हुई है। उत्तीर्ण प्रतिशत 92.31 रहा। मध्यकालीन इतिहास विषय में सम्मिलित कुल 515 परीक्षार्थियों में से 395 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए है। इनका उत्तीर्ण प्रतिशत 76.70 रहा। परीक्षा में कुल सम्मिलित 297 छात्रों के सापेक्ष 225 छात्र उत्तीर्ण घोषित हुए। इनका उत्तीर्ण प्रतिशत 75.76 रहा है। छात्राओं में कुल सम्मिलित 218 के सापेक्ष 170 छात्राएं उत्तीर्ण घोषित हुई है। उत्तीर्ण प्रतिशत 77.98 रहा। बीएससी एग्रीकल्चर प्रथम सेमेस्टर विषय के घोषित परीक्षाफल में सम्मिलित कुल 6662 परीक्षार्थियों में से 5784 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए है। इनका उत्तीर्ण प्रतिशत 86.82 रहा। परीक्षा में कुल सम्मिलित 5765 छात्रों के सापेक्ष 4955 छात्र उत्तीर्ण घोषित हुए एवं उत्तीर्ण प्रतिशत 85.95 रहा। कुल सम्मिलित 897 छात्राओं के सापेक्ष 829 छात्राएं उत्तीर्ण घोषित हुई है एवं उत्तीर्ण प्रतिशत 92.42 रहा। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि परीक्षार्थियों का परीक्षाफल एवं अंकों को विवरण विवरण विश्वविद्यालय की साइट पर अपलोड कर दिया गया है।

# मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण पर ईमानदारी से ध्यान दें कार्यकर्ता


बैठक में शामिल जिलामंत्री व अन्य पार्टी नेता

**अम्बेडकरनगर।** आगामी पंचायत चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण अभियान को बेहद गम्भीरता से ले रही है। इसी के तहत भाजपा सभी मण्डलों में बैठक कर बूथ स्तर तक के पदाधिकारियों को पुनरीक्षण कार्यों पर खास नजर रखने को कहा गया है। पार्टी पंचायत चुनाव में परचम फहराने के उद्देश्य से एक -एक मत को लेकर गम्भीर है। इसी क्रम में कटेहरी विधानसभा क्षेत्र के खजुरी, श्रवण क्षेत्र, कटेहरी व भीटी मण्डल की बैठक खजुरी स्थित आस्टिकन मंदिर में सम्पन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि जिलामंत्री दीपक तिवारी थे जबकि विशिष्ट अतिथि जिला मंत्री देव पटेल रहे। बैठक की अध्यक्षता खजुरी मण्डल के जिला प्रतिनिधि राजमणि सिंह ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए दीपक तिवारी ने कहा कि मतदाता सूचीयों के पुनरीक्षण अभियान कार्य में सभी कार्यकर्तोओं को पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करना है। क्योंकि पार्टी पंचायत चुनावों को लेकर काफी गम्भीर है। बैठक में मुख्य रूप से मण्डल महामंत्री रानेश पाण्डेय, अयोध्या प्रसाद, मण्डल मंत्री कुलदीप अग्रहरि, कोषाध्यक्ष बजरंग वर्मा, नन्दन सिंह, वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश तिवारी, सेक्टर संयोजक विनोद दूबे, अवधेश श्रीवास्तव, बूथ अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह समेत बड़ी संख्या में पार्टी नेता मौजूद रहे।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 3 दिसंबर, 2020



# किसानों से बातचीत

## सरकार पर दबाव

**अंततः** आंदोलनरत किसानों से सरकार की बातचीत शुरू हुई है, लेकिन उन्होंने अपने आंदोलन से राजनेताओं को बाहर रखा है, स्वयं संघर्ष कर रहे हैं तथा अपना एजेंडा मनवाने के लिए सरकार पर दबाव डाल रहे हैं। सरकार द्वारा घोषित नए कृषि कानूनों के बारे में किसानों ने अपनी आपत्ति प्रकट कर सरकार पर वार्ता के लिए दबाव डाला। वे आगे समझौता करने तथा आश्वासनों के बजाय नतीजे चाहते हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि सरकार नए कानूनों के बारे में विस्तृत विवरण देगी जिन पर वर्तमान समय में व्यापक कयास लगाए जा रहे हैं। किसानों ने इस मामले में स्पष्टता की मांग की है। यह सरकार के लिए भी अवसर है कि वह अपना कृषि उदारीकरण एजेंडे के दीर्घकालीन सुधार प्रभावों को स्पष्ट कर कार्पोरेशनों को खेती बेचने के आरोपों से मुक्त हो। राजनीतिक रूप से भाजपा को शायद ऐसे आंदोलन की उम्मीद नहीं थी जहां किसानों ने अपने आंदोलन को यथासंभव अराजनीतिक रखा है। यह अपने किस्म का पहला आंदोलन है जिसने नेताओं से परहेज किया है, हालांकि उन्होंने इससे जुड़ने के प्रयास किए हैं क्योंकि किसान मतदाताओं का 60 प्रतिशत हैं। अनेक एक्टिविस्टों, खिलाड़ियों व सेलेब्रिटीज़ ने भी किसानों का समर्थन किया है। सरकार का दावा है कि नए कृषि कानूनों से किसानों की मदद होगी, खुले बाजार के माध्यम से उनके खेतों से ही फसल बिक जाएगी, बेहतर कीमतें मिलेंगी तथा बड़ी खाद्य पदार्थ निर्माता कंपनियों के साथ साझेदारी से खासकर छोटे किसानों को लाभ होगा। लेकिन किसानों को डर है कि मुक्त बाजार शक्तियां उनको गारंटीशुदा न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी से वंचित कर देंगी तथा मंडियों के माध्यम से सरकार की प्रभावशीलता घटेगी।



प्रधानमंत्री ने बार-बार आश्वासन दिया है कि पुराने व नए माडल एकसाथ बने रहेंगे, पर किसानों को आशंका है कि कार्पोरेटीकरण के चलते समानान्तर बाजार संरक्षित बाजार को समाप्त कर देगा। गन्ने के मामले में ठेका खेती समस्या बन गई है तथा किसानों को अपना बकाया पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

पेप्सिको के कारण गुजरात के किसानों को हुए कष्ट भी भुलाए नहीं जा सकते हैं। उत्तर भारत के गेंहू व धान उत्पादक किसानों पर एमएसपी मुद्दे का प्रभाव सबसे ज्यादा हो सकता है। पंजाब में शिरोमणि अकाली दल नए कानूनों के मामले पर सर्वाधिक आक्रामक रुख अपनाए हुए है जिसने कुछ समय पूर्व भाजपा का साथ छोड़ दिया था। हालांकि, भाजपा को संसद में अपने संख्याबल के कारण अब सहयोगियों की आवश्यकता नहीं है, पर अन्य सहयोगियों के साथ छोड़ने पर अथवा जटिल सवालों का जवाब न देने पर गठबंधन प्रभावित हो सकता है। एमएसपी पर जननायक जनता पार्टी-जेजेपी ने जोर दिया है जो हरियाणा में मनोहरलाल खट्टर सरकार का हिस्सा है और जिसके नेता दुष्यंत चौटाला उप-मुख्यमंत्री हैं। उनके पिता अजय चौटाला ने कहा है कि भाजपा को किसानों को गुस्सा करने के बजाय मना लेना चाहिए। एक निर्दलीय विधायक सोमवीर सांगवान ने राज्य का सत्तारूढ़ गठबंधन छोड़ दिया है। राजस्थान में नागौर से सांसद तथा राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी-आरएलपी के नेता हनुमान बेनीवाल ने कहा है कि यदि नए कृषि कानून वापस नहीं लिए जाते हैं तो वे केन्द्र में पार्टी के समर्थन पर पुनर्विचार करेंगे। दुष्यंत चौटाला के समर्थक खासतौर से नौजवान और किसान हैं और वे जानते हैं कि सरकार में रह कर ही अपना जनाधार मजबूत कर सकेंगे। इसके बावजूद जेजेपी नैतिक आधार पर समर्थन वापस ले सकती है। हालांकि, हरियाणा में चुनाव चार साल बाद होने हैं, लेकिन किसान आंदोलन से जेजेपी लाभ उठाना चाहती है। मामले का समाधान होने पर वह इसका श्रेय लेगी नहीं तो नैतिक आधार पर सरकार से बाहर जा कर वह स्वयं को किसान-समर्थक की तरह पेश करेगी। शायद इसी कारण दुष्यंत के बजाय अजय चौटाला सक्रिय दिखते हैं। पंजाब में 2022 में चुनाव होने के कारण शिअद किसान-विरोधी नहीं दिखना चाहती थी, पर अभी जेजेपी के पास समय है।

# चीन सीमा पर जारी है गतिरोध

भारत-चीन सीमा या वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर दोनों देशों के बीच गतिरोध जारी है और भारी संख्या में सैनिक तैनात हैं।



**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



पूर्वी लद्दाख में 870 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर गतिरोध जारी है। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए के पीछे हटने की उम्मीद कम हो रही है क्योंकि बीजिंग ने विवादित डोकलाम पठार में भूटानी क्षेत्र के भीतर एक माडल गांव बसा लिया है। पिछले सप्ताह सरकार के वरिष्ठतम व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट में भाग लिया जिसका इस साल वर्चुअल आयोजन किया गया। पूछे गए सवालों का उत्तर देते समय उन्होंने एलएसी पर अस्पष्ट जवाब दिए जिनका उद्देश्य संभवत: चीनी आक्रामकता पर सूचनायें छिपाना था। हालांकि, उन्होंने यह प्रतिज्ञा दुहराई कि मोदी सरकार अपनी भूमि के एक इंच पर भी किसी को कब्जा नहीं करने देगी तथा जमीनी स्थिति को उस समय तक नहीं बदलने देगी जब तक दोनों पक्षों में कोई समझौता नहीं होता है। उन्होंने इस सवाल का जवाब टाल दिया कि क्या राफेल गेमचेंजर साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसका जवाब विशेषज्ञों को देना चाहिए, हालांकि उन्होंने भारतीय वायुसेना में इसे शामिल करने के लिए 'शस्त्र पूजा' हेतु फ्रांस की यात्रा की थी। पाकिस्तान के मामले पर राजनाथ सिंह ने पूरी आक्रामकता दिखाई। इस प्रकार भारत की दोनों मोर्चों पर लड़ाई की संभावना जटिल है और इसके लिए रणनीतिक दृष्टिकोण तथा मजबूत अर्थव्यवस्था जरूरी है।

अक्टूबर के मध्य में चीन ने सीमित रूप से पीछे हटने का एक प्रस्ताव किया था जिसमें पैगांग झील के उत्तरी व दक्षिणी किनारों से पीछे हटने के बदले उसने भारतीय सैनिकों से कैलाश पर्वतश्रृंखला की चुशुल पहाड़ियां खाली करने की मांग की थी। इसके बदले उसने फिंगर क्षेत्र में पीछे हटने का प्रस्ताव किया था। भारत ने कैलाश पर्वत के रणनीतिक महत्व को देखते हुए या तो यह प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया अथवा इस पर और स्पष्टीकरण मांगा। सिविल-सेना संवाद के नौंवे दौर के दौरान चीन ने इस पर कुछ नहीं कहा क्योंकि भारत एलएसी पर मई-पूर्व की स्थिति बनाने पर दृढ़ है। चीनी मामलों के विशेषज्ञों का मानना है कि पीएलए कमांडरों पैगांग झील के मामले पर पुन: विचार किया क्योंकि ऊंची पहाड़ियों पर तैनात भारतीय स्पेशल फ्रंटियर फोर्स की पीएलए पर नजर है। पीएलए के सीमारक्षक और सेना विपरीत मौसम झेलने तथा एलएसी पर चौकियों पर कब्जा बनाए रखने में अक्षम है। यही स्थिति कैलाश पर्वतश्रृंखला के दूसरी ओर ऊंचे पहाड़ों की है जहां वह 'जाड़े के कारण गंभीर समस्याओं' का सामना कर रही है। अगस्त में भारत ने अपनी पूर्व-नियोजित कमांडो कार्रवाई से रणनीतिक रूप से लाभ की स्थिति प्राप्त कर ली है। चीन को लगता है कि वह इस स्थिति को बनाए रख सकता है क्योंकि भारत अपनी लाभदायक सैनिक स्थिति का उपयोग नहीं करेगा। भारतीय सेना का सियाचिन, कारगिल व अन्य ऊंचे पहाड़ों पर संघर्ष करने का व्यापक अनुभव है और इस मामले में वह पीएलए पर भारी है। दोनों देशों ने एलएसी पर पहली बार भारी तैनाती की है और वे खराब मौसम के कारण भयानक समस्याओं का सामना करेंगे।

उच्च क्षमता वाली मैक्सार तकनीक से प्राप्त उपग्रह मानचित्रों से स्पष्ट है कि भूटान-चीन सीमा पर सिंचला दर्रे से दो किलोमीटर के क्षेत्र में हथियारों के बंकर बनाए गए हैं। इनको डोकलाम पठार में पांच किलोमीटर लंबी सड़क से जोड़ा गया है। भूटान सीमा के दो किलोमीटर भीतर पैंगडोन नामक गांव बनाया गया हे जो डोकलाम से 9 किलोमीटर लंबे रास्ते से जुड़ा है। स्ट्रेटोफोर के सितंबर 2020 अध्ययन के अनुसार 2017 में डोकलाम संकट उस समय पैदा हुआ था जब भारत ने विवादित क्षेत्र में चीनियों को सड़क बनाने से रोका था। बाद में भारत ने इस क्षेत्र में अपना सैनिक ढांचा मजबूत कर हेलीपैड व हवाईअड्डे बनाए। डोकलाम संकट टलने के बाद चीन ने कुछ महीने सड़क निर्माण का काम रोक दिया, लेकिन फिर उसे भूटान में जमफेरी पहाड़ों की ओर मोड़ दिया। अध्ययन के अनुसार पीएलए ने अपनी सैनिक गतिविधि को एलएसी के निकट सिविलियन परियोजनाओं की आड़ में छिपाया है। इनका प्रयोग सैनिक उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है और इन क्षेत्रों को स्थानीय जनता के लिए बंद रखा गया है। डोकलाम पठार पर भारतीय सीमा निर्धारित करने वाली टोरसा नदी के निकट भी चीनियों ने घुसपैठ के प्रयास किए हैं।

भारत में भूटान के राजदूत वेस्टप नामग्याल ने कहा था, 'भूटान के भीतर कोई नया चीनी गांव नहीं है। उपग्रह चित्रों ने डोकलाम में टकराव वाले बिंदु के निकट कुछ बस्तियां दिखाई हैं। यह गांव भूटान की ओर नहीं है।' एक सरकारी स्रोत ने स्पष्ट किया है कि पीएलए की घुसपैठ करने पर ही हम वहां जाएंगे तथा सिविलियन घुसपैठ से निपटना भूटान की जिम्मेदारी है। चीन के सरकारी टेलीविजन नेटवर्क के प्रोड्यूसर शेन शियावेई ने पहले यह गांव दिखाया था, पर बाद में इसे हटा लिया। चीन ने सिविल बस्तियों के माध्यम से सैनिक घुसपैठ में महारत हासिल की है और उसने यही काम नेपाल में भी किया है। डोकलाम में भारतीय सीमा चौकी को स्थिति पर सतर्क नजर रखनी चाहिए क्योंकि पीएलए के सीमा पार करने पर उसे सबसे पहले जवाबी प्रतिक्रिया करनी होगी।

भारत द्वारा अपने पास मौजूद सभी विकल्पों पर आगे बढ़ने के कारण चीन एलएसी पर दबाव के नए बिंदु बना रहा है। वह इनका विस्तार कर सैन्यीकरण कर सकता है जो उसकी हिंद-प्रशांत रणनीति, खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में रणनीति का हिस्सा है। उत्तरी सीमा और एलएसी पर चुनौती का सामना कर रहे भारतवर्ष ने मलक्का क्षेत्र में चीन की नौसेना पर दबाव डालना शुरू किया है। हिंद महासागर के इस क्षेत्र से रोज 6 से 7 विशाल चीनी टैंक 10 मिलियन बैरल तेल लेकर गुजरते हैं। भारत चीन पर मलक्का क्षेत्र में अपनी उपस्थिति से दबाव डालना चाहता है। भारत को एक समुचित जवाबी रणनीति बनानी होगी ताकि किसी प्रकार के सैनिक उकसावे से निपटा जा सके।

सरकार को पीएलए की आक्रामकता से कुछ सबक सीखने चाहिए। चार मूलभूत समझौतों पर हस्ताक्षर के बाद अब भारत को अमेरिका से ऐसे खुफिया उपकरण प्राप्त करने होंगे जो पीएलए की गतिविधियों पर निगरानी रख कर फौरन चेतावनी दे सकें। इससे हमारे बलों के समक्ष 'आश्चर्यचकित' करने वाले मामले नहीं आएंगे। सैनिक गतिविधियों के साथ हमें चीनी व्यवहार पर भी नजर रखनी होगी तथा पहले से अनुमान लगा कर और ज्यादा ऊंचे पहाड़ों की चोटियों पर कब्जा करना होगा। डेपसांग में घुसपैठ का मुकाबला करने के लिए जवाबी घुसपैठ जैसी कार्रवाई की जा सकती है जैसी चुमार में 2013 में की गई थी। चीनी फिर से डेपसांग जैसी घटना दुहरा चाहते हैं और पीछे हटने के लिए तैयार नहीं हैं।

पिछले महीने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पीएलए से युद्ध के लिए तैयार रहने को कहा था। इस महीने उन्होंने पीएलए को युद्ध के लिए तैयार रहने के साथ जीतने में सक्षम बनने का आह्वान किया है। भारत को संसद में एलएसी के मुद्दे पर व्यापक चर्चा करनी चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सरकार की संसद में चर्चा होने पर भारी खिंचाई हुई थी तथा अक्साईचिन में हाराकीरी का उल्लेख हुआ था।

भारत को नरेन्द्र मोदी के रूप में एक करिश्माई व्यक्तित्व वाला प्रधानमंत्री मिला है। उनको चीन के मुद्दे पर अपने सिविलियन सलाहकारों की गलत सलाहों के जाल में नहीं फंसना चाहिए, सदैव सतर्कता बनाए रखनी चाहिए तथा लगातार सैनिक क्षमता बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

# डिजिटल क्षेत्र में लैंगिक असमानताएं

**अर्चना दत्ता**
(लेखिका आईआईएस अधिकारी हैं)



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के एक प्रख्यात महिला विद्यालय की एक छात्रा द्वारा हाल ही में आत्महत्या किए जाने से हल्ला मच गया। बीएससी गणित की एक छात्रा, ऐश्वर्या रेड्डी, घर में स्थिर इंटरनेट कनेक्शन, क्रियाशील मोबाइल फोन व लैपटॉप के अभाव को लेकर परेशान थी। आर्थिक सहायता के लिए एक अभिनेता के पास पहुंची रेड्डी ने कहा था, 'आनलाइन कक्षाओं के कारण, लैपटॉप पर अध्ययन करना बेहद महत्वपूर्ण हो गया है। लैपटॉप खरीदना संभव नहीं है क्योंकि हमारा परिवार कर्ज के बोझ से लदा हुआ है।' पूर्व में, उसके कालेज में छात्र संघ सर्वेक्षण में पाया गया था कि 30 प्रतिशत छात्रों के पास लैपटॉप नहीं हैं और 40 प्रतिशत के पास उपयुक्त इंटरनेट सुविधा का अभाव है। एक स्कालरशिप मैनेजमेंट पोर्टल ने भारतभर में 12-18 वर्ष आयु वर्ग के 10,000 छात्रों से साक्षात्कार किया, जिन परिवारों की वार्षिक आय 7 लाख रुपए से कम है, और बताया कि केवल 17 प्रतिशत छात्रों के पास लैपटॉप है, चार प्रतिशत पास टैबलेट पीसी और शेष 79 प्रतिशत के पास आनलाइन शिक्षा हेतु स्माटफोन उपलब्ध हैं। 57 प्रतिशत लोगों के लिए खराब कनेक्शन सबसे बड़ी चुनौती है। एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, मुंबई की प्रोफेसर, मीरा देसाई, का कहना है, 'लगभग 30 प्रतिशत छात्र किसी उपकरण की उपलब्धता संबंधी समस्या से ग्रसित हैं। उसके बाद मोबाइल डाटा का मुद्दा आता है।' एक मीडिया खबर के अनुसार, पांच से 24 वर्ष आयु वर्ग के बीच के सदस्यों वाले केवल आठ प्रतिशत परिवारों के कम्प्यूटर और इंटरनेट दोनों उपलब्ध हैं। जब महामारी का हमला हुआ, विश्व बैंक ने अध्ययन संकट, दीर्घकालीन मानव पूंजी नुकसान एवं क्षीण होते आर्थिक अवसरों को लेकर आगाह किया था। यूनेस्को ने विश्व के 60 प्रतिशत छात्रों के मानवाधिकारों पर बुरा असर पड़ने को लेकर चिंता जताई थी। शिक्षा प्रणाली की गति को बनाए रखने के लिए, दुनिया डिजिटल पद्धति की ओर अग्रसर हुई लेकिन इस कारण लंबे समय से चले आ रहे पहुंच एवं वहनीयता संबंधी बहुत से ऐसे मुद्दे सामने आ गए। भारत के मामले में, एक शिक्षाविद एवं सल्जबर्ग फेलो, मीता सेनगुप्ता का कहना है कि, सूचना का सुपरहाइवे सामने लाने से पूर्व महामारी का आगमन हो गया, जो कि डिजिटल विभाजन का कारक बन गया क्यों कि केवल एक तिहाई जनसंख्या के पास आनलाइन शिक्षा हेतु आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। भारत में पहले से ही भारी डिजिटल डिवाइड विद्यमान है जहां केवल 23.5 प्रतिशत परिवारों के पास इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है। नगरीय क्षेत्रों में यह 42 प्रतिशत और, ग्रामीण इलाकों में यह मात्र 14.9 प्रतिशत है।

लंबे समय से स्कूल बंद होने के कारण, 1.5 मिलियन स्कूलों तथा आंकलन के मुताबिक 320 मिलियन विद्यार्थियों के साथ, भारत ई-लर्निंग सुविधा को लेकर संघर्ष कर रहा है। एनसीआरटी द्वारा किए गए एक अध्ययन में बताया गया है कि कम से कम 27 प्रतिशत छात्रों की पहुंच स्मार्टफोन अथवा लैपटॉप तक नहीं है अत: वे आनलाइन कक्षाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं और आनलाइन शिक्षण हेतु आवश्यक कौशल में भी पीछे हैं। पब्लिक स्कूल प्रणाली पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक और उत्तराखंड के 26 जिलों में किए गए अध्ययन में विद्या अध्ययन की डिजिटल पद्धति में बच्चों के साथ कियी भी प्रकार का भावनात्मक जुड़ाव स्थापित होना असंभव होने अथवा उनकी पढ़ाई का सार्थक मूल्यांकन न हो पाने के कारण शिक्षकों में पैदा होने वाली हताशा को उजागर किया गया है।

सेनगुप्ता को भय है कि, 'चूंकि हमारी शिक्षा प्रणाली आयु के अनुरूप गति एवं सीमा अवसरों पर अत्यधिक दबाव डालती है, जो पीछे छूट जाते हैं वे क्षतिपूर्ति करने में कभी सफल नहीं हो पाते। संकट के दौर में संवेदना का अभाव निर्धनतम छात्रों को सबसे ज्यादा आहत करता है।' भारत में पहले से ही 32 मिलियन छात्र महामारी के पहले ही स्कूलों से बाहर थे। दुर्भाग्य से, प्रारूप शिक्षा नीति, ई-लर्निंग मंचों को प्रोत्साहित करते समय, समता अथवा गुणवत्ता के मुद्दों पर मौन हो जाती है।

यूनेस्को का कहना है कि लैंगिक डिजिटल विभाजन शिक्षा के डिजिटलीकरण के चलते और अधिक बढ़ गया है। भारत में लिंग आधारित डिजिटल विभाजन सर्वाधिक है जहां केवल 21 प्रतिशत महिलाएं मोबाइल इंटरनेट का प्रयोग करती हैं जबकि पुरुषों में यह 42 प्रतिशत है। बिहार के पटना एवं मुजफ्फरपुर जिले में 10 सरकारी स्कूलों के जमीनी विश्लेषण में यह पाया गया कि लड़कों की स्मार्टफोनों तक पहुंच 36 प्रतिशत व लड़कियों की 28 प्रतिशत है। जिन लड़कियों के परिवारों के पास स्मार्टफोन हैं, वहां वे सदैव पुरुष सदस्यों के हाथों में रहते हैं और लड़कियां आनलाइन कक्षाओं व स्कूल से आने वाले फोन कालों से वंचित रहती हैं। उत्तर प्रदेश, असम, तेलंगाना एवं दिल्ली में 3,000 हाशियाकृत परिवारों के अध्ययन में पाया गया कि 70 प्रतिशत को पर्याप्त भोजन उपलब्ध नहीं होता और यद्यपि महामारी के स्कूल जाने वाले लड़कों व लड़कियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़े हैं, फिर भी उन्हें अतिरिक्त प्रभाव एवं दीर्घकालीन परिणाम झेलने पड़ रहे हैं।

लगभग 37 प्रतिशत लड़कियां अपनी स्कूल वापसी को लेकर अनिश्चित हैं। मलिन बस्तियों में रहने वालों के बीच काम करने वाले दिल्ली के एक एनजीओ, लक्ष्य जीवन जागृति, के सह संस्थापक, राहुल गोस्वामी, दुख व्यक्त करते हुए कहते हैं कि पुत्रियों को शिक्षा दिलाने के लिए प्रबंचित परिवारों की काउंसेलिग से जो लाभ हुए थे, वे सब बेकार हो गए। यद्यपि आनलाइन कक्षाएं जारी हैं, बहुत सी लड़कियों को उपकरणों के अभाव, कनेक्टिविटी संबंधी समस्याओं अथवा भावनात्मक सहयोग के अभाव चलते व्यवस्था से बाहर होने पर बाध्य होना पड़ा है। प्राय:, लड़कियों को देखभाल के कामों में लगा दिया जाता है। महामारी के दौरान ऐसा ही देखने को मिला है। क्योंकि उनके अध्ययन को प्राथमिकता पर नहीं रखा जाता है, संसाधन सदैव लिंग आधारित एवं पितृसत्ता द्वारा नियंत्रित होते हैं। राज्य की संस्थाएं एवं सत्ता संरचना छात्रों की समस्याओं की जिम्मेदारी लेने में विफल हो गए हैं। शिक्षा क्षेत्र को तो अनिवार्य सेवा भी नहीं माना जाता है।

निस्संदेह, रेड्डी के असामयिक निधन ने व्यापक व्यवस्थाजन्य अंतरालों को उजागर किया है जो डिजिटल वंचना, छात्रों, खासकर लड़कियों की आर्थिक एवं भावनात्मक निर्बलताओं का संज्ञान लेने में विफल रहते हैं। अब बहुत सी शिक्षण संस्थाएं एवं अन्य संघ वित्तीय सहयोग एवं छात्रवृत्ति लेकर आगे आ रहे हैं। डिजिटल इंडिया के अंतर्गत, 2025-26 से चार मुख्य छात्रों को मुफ्त मोबाइल फोन, लैपटाप व पीसी दिए जाने की योजना है। उम्मीद करते हैं कि रेड्डी का त्रासद कहानी डिजिटल इंडिया में दोहराई नहीं जाएगी, जो कि ''सशक्त बनाने हेतु शक्ति'' के उद्देश्य पर आधारित है।

## आप की बात

### किसान आंदोलन के पीछे साजिश

**देश** में तीन प्रकार के कृषि कानून पारित होने के बाद, कहीं कहीं पूर्णजोर विरोध प्रदर्शन हो रहा है। किसानों का कहना है कि सरकार उन्हें पूंजीपतियों के हाथ बेचना चाह रही है। लेकिन सोचने का विषय यह है कि सरकार ने साफ साफ शब्दों में कह दिया है कि किसान अपने द्वारा निर्धारित दाम पे फसल बेच सकता है इसके लिए उन्हें दबाब नही दिया जाता। सरकार प्रदर्शनकारियों से वार्ता को तैयार है। दिल्ली में एक हप्ते से खाशकर हरियाणा और पंजाब के किसानों ने सरकार के इस नीति का बड़े पैमाने पर विरोध कर रहे है। लेकिन क्या देश मे सिर्फ हरियाणा और पंजाब के ही राज्य है, बाकी राज्य क्यों विरोध नही कर रहे? लेकिन इस विरोध प्रदर्शन में किसान कम ,सिर्फ बिचौलियों की भीड़ ही नजर आ रही है। ये भी सोचने का विषय है कि किसान अपने फायदे को क्यों नही समझ पा रहे हैं? कभी नहीं। दो दिन पहले पंजाब प्रांत में कुछ लोगो ने देश विरोधी नारे लगाए।किसानों को उकसाया जा रहा है। उसी दिल्ली में मार्च में शाहीन बाग वाले घटना को बेमतलब अंजाम दिया गया था,सरकार के खिलाफ। सरज़िल इमाम मास्टरमाइंड पकड़ा गया था। जबकि कृषि कानून में साफ तौर पे किसानों के हित में कार्य करने की बात कही गई है।

– **सचिन आनंद,** खगड़िया, बिहार

### नशा मुक्ति की सार्थक पहल

**वर्तमान** दौर में युवापीढ़ी और कई लोग नशा प्रवृति के आदि है। छोटे बच्चों में भी सिगरेट, बीड़ी , तम्बाकू ,भांग गांजा, ओर अन्य नशीले सेवन की प्रवति पनप रही है। इस नशा मुक्ति की सार्थक पहल झारखंड सरकार की निश्चित ही भटके हुए नशे में चूर लोगों को सन्मार्ग पर लाएगी। समाचार पत्र के समाचार के आधार पर झारखंड में सरकारी नौकरी करनी है तो तम्बाकू सेवन नही करने का शपथपत्र जरूरी है। नियम लागू किया है। राज्य में अनुकरणीय पहल के अन्तर्गत बिना लाइसेंस के पान सिगरेट ,तम्बाकू पदार्थ नही बिकेंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि झारखंड में सरकारी नोकरी करने के लिए तम्बाकू सेवन न करने का शपथपत्र 1 अप्रैल 2021 से प्रभावी होगा। बहुत ही बढ़िया ओर सार्थक पहल है। बिल्कुल सही भी है नशा मुक्ति अभियान तो जोर शोर पर होता है, परन्तु परिणाम ढाक के तीन पात ही नजर आता है। तम्बाकू के अलावा सभी नशीले पदार्थो के लिए भी शपथपत्र भरवाना चाहिए। ताकि नशे प्रवति से दूर दूर तक का कोई रिश्ता न हो। इस तरह के सकारात्मक निर्णय का अनुसरण देश के सभी राज्यो ने करना चाहिये। ताकि देश भर में नशा मुक्ति अभियानों को सार्थकता मिल सके।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र


### सहयोग करे अमेरिका

**लगता** है अफगान तालिबान वार्ता का हिंसा पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। आए दिन हो रही घटनाओं में कट्टरपंथी तालिबान संगठन द्वारा फिर निर्दोष लोगों और सैनिकों के मारे जाने का क्रम जारी है। संघर्ष रोकने के लिए अब तक की गई वार्ताओं के बीच हुए हमलों से ही इस बात का अंदाजा लग रहा था। अब क्षेत्र से अमेरिकी सैन्य अड्डों को बंद किए जाने से तालिबानियों के हौसले और ज्यादा बढ़ेंगे इससे निर्दोषों की हत्याओं को बढ़ावा मिलेगा। कई दौर की वार्ता के बाद भी अफगान तालिबान के बीच संतुलन बनता नहीं दिखा है।वार्ताओं के चलते हिंसा की बड़ी घटनाएं हुई है जो इस बात को समझने के लिए पर्याप्त है कि तालिबान इन वार्ताओं को लेकर कितना गंभीर है? अफगान सरकार भी आखिर कितना झुके? अपने सैनिकों नागरिकों पर हमलों का वह चुप रह कर देख भी नहीं सकता। प्रत्युत्तर की कार्रवाई से फिर घटनाओं को बढ़ावा मिला है। इस बीच अफगान स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों को समेटने का फैसला उचित नहीं है इससे वहां हिंसा को बढ़ावा मिलेगा।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**भारतीय** किसानों के विरोध प्रदर्शन से संबंधित स्थितियां चिंताजनक हैं। कनाड़ा सदैव शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के पक्ष में खड़ा है।

– **जस्टिन ट्रूडियू**
कनाडा के प्रधानमंत्री



**प्रिय** जस्टिन ट्रूडियू, आपकी चिंता जानकर प्रभावित हुई, मगर भारत का आंतरिक मामला किसी अन्य देश की राजनीति का चारा नहीं है।

– **प्रियंका चतुर्वेदी**
शिवसेना नेता



**गुजरात** सरकार ने निजी प्रयोगशालाओं में कोविड-19 के लिए आरटी-पीसीआर परीक्षणों की दरों में कटौती की है। यह बुधवार से लागू होगी।

– **विजय रूपाणी**
मुख्यमंत्री गुजरात

# स्नातक व शिक्षक एमएलसी चुनाव की मतगणना आज

- पहड़िया स्थित हाल में मतगणना सुबह आठ बजे शुरू हो जाएगी
- डीएम व एसएसपी ने सुरक्षाकर्मियों को समय से पहड़िया मंडी पर पहुंचने का दिया निर्देश
- मतपेटियां पैरामिलिट्री के सुरक्षा में, डीएम व एसएसपी ने पुलिस लाइन में सुरक्षा कर्मियों के साथ की मीटिंग

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी





**विधान परिषद** के स्नातक व शिक्षक एमएलसी के चुनाव सम्पन्न होने के बाद सारे मतपेटियों को मंगलवार की देर शाम तक पहड़िया स्थित स्ट्रांग रूम में रखा गया है इस स्ट्रांगरूम की सुरक्षा पैरामिलिट्री फोर्स कर रही है। जहॉ परिंदा भी पर नहीं मार सकता। विधान परिषद के स्नातक व शिक्षक एमएलसी के चुनाव में मंगलवार को शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ। स्नातक निर्वाचन के लिए 32.44 प्रतिशत और शिक्षक निर्वाचन के लिए 65.84 प्रतिशत मतदान हुआ। शहर व ग्रामीण में बने मतदान केन्द्रों पर वोटरों की थर्मल स्कैनिंग की गई। जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा एआरओ ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित पाठक की उपस्थिति में बुधवार को एमएलसी शिक्षक व स्नातक की मतगणना कार्य को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पुलिस लाइन की सभाकक्ष में पुलिस अधिकारियों व पुलिस बल के जवानों को दिशाण्निर्देश दिए।ष् कल दिनांक 03 दिसम्बर को प्रात 8 बजे से पहड़िया मण्डी में वोटों की गिनती शुरू होगी। मतगणना कर्मियों सहित पुलिस बल की 12.-12 घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि वोटों की गिनती प्रारंभ होने से पहले सभी ड्यूटी कर्मी अपने अपने ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात रहेंगे। मतगणना कर्मियों को भी समय से पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।काउंटिंग हाल के अन्दर कोई भी मोबाइल लेकर प्रवेश नहीं करेगा। हाल के बाहर मोबाइल जमा किये जाने की व्यवस्था की गई है। अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश को रोकने के लिए मेन गेट, गोदाम के प्रवेश द्वार तथा मतगणना हाल पर सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे साथ परिसर में भ्रमणशील भी रहेंगे।ष्विजयी उम्मीदवारों को किसी प्रकार से सड़क पर काफिला बनाकरए झंडे लेकर भीड़ इकट्ठा कर सड़क पर विजय जुलूस निकालने तथा यातायात प्रभावित करने की अनुमति नहीं है।

## प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक प्रो. पंजाब सिंह प्रतिष्ठित इफको अवॉर्ड 2020 के लिए चयनित

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**जाने माने** कृषि वैज्ञानिक, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालयए झांसी के कुलाधिपति प्रो पंजाब सिंह को कृषि विकास एवं अनुसंधान में उनके जीवन पर्यंत योगदान व उपलब्धियों के लिए प्रतिष्ठित श्यूएस अवस्थी इफ्को अवॉर्ड 2020श् के लिए चयनित किया गया है। प्रो सिंह ने भारत सरकार के कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग यक त्म्द्ध के सचिव एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् यप्ब् त्द्धए के महानिदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं। इस सम्मान के तहत 25 लाख रुपये की नक़द राशिए स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जाएंगे। प्रोण् सिंह को ये सम्मान 7 दिसंबरए 2020 को नई दिल्ली में फर्टिलाइज़र एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में दिया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### चार दिवसीय जीआई अंतरराष्ट्रीय मेला 14 से 18 दिसंबर को

**वाराणसी।** कोरोना संक्रमण काल में जीआइ उत्पादों के कारोबार को बढ़ावा देने के लिए काशी में पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मेला लगने जा रहा है। यह आयोजन वर्चुअल व फिजिकल दोनों रहेगा। इसमें जहां प्रदेश के 51 जीआइ उत्पाद शामिल होंगे वहीं अन्य देशों के विशेषज्ञ आनलाइन तकनीकी पक्ष रखेंगे। मेले का आयोजन बड़ा लालपुर स्थित दीन दयाल हस्तकला संकुल में 14 से 18 दिसंबर तक होगा। वैश्विक महामारी कोरोना से बचाव के लिए मार्च से जून की बीच लगे लाकडाउन के कारण सभी तरह के कारोबार प्रभावित हुए। इसमें जीआइ उत्पाद भी शामिल थे। हालांकि लाकडाउन हटने के बाद स्थिति धीरेण्धीरे पटरी पर आने लगी है। इसको और गति देने के लिए इस मेले का आयोजन किया जा रहा है। ताकि धीरेण्धीरे बाजार पकड़ेए जिससे मांग व व्यापार बढ़े। इसी उद्देश्य से यह आयोजन होने जा रहा है। इस दौरान आम लोगों के लिए उत्पादों की प्रदर्शनी तो लगेगी ही साथ ही तकनीकी सत्र भी चलते रहेंगे। संयुक्त आयुक्तए उद्योग उमेश कुमार सिंह बताते हैं कि देशण्विदेश के विषय विशेषज्ञ मार्केटिंगए ब्रांडिंगए पैकेजिंगए डिजाइन डेवलपमेंटए जीआइ के लाभ आदि पर जानकारी देंगे। कोरोना काल में इतने बड़े पैमाने पर यह पहला कार्यक्रम होने जा रहा है। सिंह ने बताया कि इसके अलावा जिले के 3110 शिल्पियों को प्रशिक्षण देने एवं उन्हें कौशल उन्नयन कर टूलकिट दिए जाने की भी योजना बनाई गई है। इसके लिए उच्चस्तरीय बैठक भी हो चुकी है।मेटल रिपोजीए उडेन लेकर वेयरए स्टोन कार्विंगए गुलाबी मीनाकारीए पंजादारीए ब्लैक पाटरीए जूट वाल हैंगिंग व ग्लास बीड्स।

### कोरोना काल के बाद बढ़ी अर्थशास्त्र की भूमिका: प्रो. विश्वजीत धर

**वाराणसी।** कोरोना काल में अर्थशास्त्र की भूमिका काफी अग्रणी रही है, चाहे वह उद्योग के स्तर पर नीतियां बनाना हो या फिर सरकार द्वारा उठाये गये श्रमिक सुधार कार्यक्रम सभी ने अर्थशास्त्र की महत्ता को सिद्ध किया है। उक्त बातें बुधवार को जेएनयू के अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. विश्वजीत धर ने डीएवी पीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में आयोजित ऑनलाईन ओरिएण्टेशन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए डिमांड बढ़ाने की आवश्यकता है, इसके साथ ही उन्होंने एमएसएमई, कृषि और मजदूरों के पलायन जैसे मुद्दे पर सरकार द्वारा उठाये गये कदम की चर्चा की। उन्होंने कहा कि अर्थशास्त्र की पढ़ाई के बाद बैंकिंग, इंश्योरेंस, सिविल सर्विसेज के अलावा पत्रकारिता आदि क्षेत्रों में रोजगार के विस्तृत अवसर उपलब्ध होते है। चूंकि अध्यापन का क्षेत्र अर्थशास्त्र में सबसे उपर्युक्त माना गया है इसलिए छात्र स्वंय को शिक्षा के क्षेत्र के लिए तैयार करें। विशिष्ट वक्ता बीएचयू के प्रो. भूपेन्द्र विक्रम सिंह ने अर्थशास्त्र के अन्य स्कोप बतलाये। डॉ. पी.के. सेन ने भी विचार व्यक्त किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. विमल शंकर सिंह ने किया, स्वागत डॉ. अनूप कुमार मिश्र, संचालन डॉ. पारूल जैन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मयंक कुमार सिंह ने दिया।

### महामारी के समय में सर्व समावेशी वित्तीय सुरक्षा जरूरी

**प्रयागराज।** कोविड 19 महामारी के वातावरण में एक संपूर्ण वित्तीय सुरक्षा पॅकेज के तौर पर साबित होगा।जीवन बीमा कंपनी एचडीएफसी लाइफऔर जनरल गैर जीवन बीमा बीमा कंपनी एचडीएफसी एर्गो एक साथ आकर एक कॉम्बिनेशन बीमा उत्पाद क्लिक दो प्रोटेक्ट कोरोना कवच शुरू किया है। इसमें एचडीएफसी लाईफक्लिक दो प्रोटेक्ट थ्री डी प्लस तथा एचडीएफसी एर्गो कोरोना कवच का बेहतरीन संयोजन किया गया हैं। कोविड 19 की टेस्ट अगर सरकार द्वारा अधिसूचित जाँच केंद्र में पॉजिटिव आती है तो कोविड के लिए अस्पताल में इलाज कराने वाले मरीजों के पॉलिसी के ज़रिये बीमा सुरक्षा मिल सकती हैं। इस हालात में वित्तीय सुरक्षा सबसे ज़रूरी है। परिवार के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए कुछ ठोस कदम उठाने चाहिए। आज के महामारी के समय में सर्व समावेशी वित्तीय सुरक्षा देने के लिए ही ख़ासतौर पर बनाया गया है। जीवन बीमा सुरक्षा के साथ यह पॉलिसी में पूरे परिवार को समाने का प्रावधान भी है।

### अनुकूलता के साथ होगा क्षमताओं का प्रदर्शन

**प्रयागराज।** कोरोना काल में ग्लोबल तकनीक ब्रांड के रूप में इनोवेशन की सीमाओं से आगे बढ़ाने में विश्वास किया जा सकता है। भविष्य की दिशा में एक और साहसिक कदम उठाते हुए वी बीस प्रो के लांच के साथ वीवो वी बीस श्रृंखला का विस्तार करने के लिए उत्साहित हैं। वीवो इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ने आज वी बीस सीरीज का सबसे शक्तिशाली स्मार्टफोन वी बीस प्रो भारत में पेश किया। स्मार्टफोन दो रंगो सनसेट मेलोडी और मिडनाइट जैज़ में उपलब्ध होगा। वीवो वी बीस प्रो सबसे पतले फाइव जी स्मार्टफोन में आई ऑटोफोकस डुअल फ्रंट कैमरा है। निदेशक निपुन मार्या ने कहा कि वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शानदार कैमरा क्षमताओं और फाइव जी अनुकूलता के साथ मजबूत प्रदर्शन देने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

### जिलाधिकारी ने सीएमओ कार्यालय का किया निरीक्षण

**उन्नाव।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने सीएमओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित पंजिका का निरीक्षण किया। जिसमें सभी की उपस्थिति पायी गयी। उन्होंने यहीं से जिला अपस्ताल की साफसफाई के निर्देश दिये। जिला अस्पताल में बन रहे कोविड-19 की वैक्सीन रखने के लिए कोल्ड चैन हेतु निर्माणधीन भवन को 15 दिसम्बर 2020 से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि इस भवन को बनाने का समय 15 दिसम्बर 2020 तक दिया गया था। जिस कारण से इसमें जरा भी ढिलाई बर्दाशत नही होगी। इसके साथ ही उन्होंने नियमित टीकाकरण कोल्ड चैन को देखा और उसके रख रखाव हेतु बन रहे एक्सटेशन विस्तार निर्माण विल्डिंग में भी तेजी लाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सीएमओ डा0 तनमय कक्कड़, एसीएमओ डा0 आर0के0 गौतम, डा0 ए0के0 रावत, यूनीसेफसे दिलसाद आदि उपस्थित रहे।

### अस्पताल परिसर से बाइक चोरी

**सफीपुर उन्नाव।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा संगिनी सुनीता अपने पति खोखा पुर निवासी राजकुमार के साथ आयोजित बैठक में शामिल होने आई थी। जहां से उसके पति की बाइक अस्पताल परिसर से चोरी हो गई। कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में राजकुमार ने बताया है वह अपनी पत्नी स्वास्थ्य विभागीय बैठक में शामिल कराने के लिए सीएचसी पर आया था। जहां से बाइक पैशन प्रो गाड़ी वहां से गायब थी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक हरकेश राय ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई है आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### समूह की महिलाओं ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वितरित किया पोषाहार

**फतेहपुरचौरासी।** कुपोषित, किशोरियों, गर्भवती और धात्री महिलाओं का पुष्टाहार वितरण सरकार के निद्रेश पर महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा आंगनवाडी केन्द्रो पर किया गया। दिसम्बर माह में कुपोषित गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़ी महिला समूहों द्वारा सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से लाकर आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिका की देखरेख में दो दो माह का राशन वितरित किया गया। वही देशी घी और सूखे दूध की खरीद कोऑपरेटिव डेरी फेडरेशन (पीसीडीएफ) से प्राप्त न हो पाने से नहीं वितरित किया जा सका। इस सम्बन्ध में जब फतेहपुर 84 के सीडीपीओ अरविंद कुमार रस्तोगी जी से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि पहले शासन स्तर से दलिया पंजीरी ब्लाक को प्राप्त होती थी। जिसे आंगनबाड़ी कार्यकत्री लाभार्थियों को वितरित करती थीं। लेकिन अब स्वयं सहायता समूह आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की निगरानी में वितरित करेंगी।

### ग्राम विकास निधि के कार्यों का हुआ लोकार्पण

**उन्नाव।** नवाबगंज क्षेत्र पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत विकास निधि द्वारा कराए गए कार्यों का उद्घाटन लोकार्पण ग्राम पंचायत अजैयाखेडा के मजरों कोइली खेड़ा, कसंडा तथा अजैयाखेडा में विधायक बृजेश कुमार रावत व प्रमुख अरुण सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर विधायक एवं प्रमुख ने सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे उज्ज्वला योजना, मुफ्त बिजली कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि के संबंध में ग्रामीण जनता को महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। इस मौके पर ग्रामप्रधान प्रतिनिधि सुरेश गौतम, भाजपा नेता दिनेश सिंह जी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कोटेदार की शिकायत लेकर ग्रामीण पहुंचे तहसील मुख्यालय, एसडीएम को दिया शिकायती पत्र

**पाटन।** सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र के डोकरई ग्राम के लगभग आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों ने कोटेदार की शिकायत करने के लिए तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर सरकारी सस्ते गल्ले का आवंटन पारदर्शिता से कराए जाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि उनके लगातार शिकायत करने के बावजूद कोटेदार मनमानी कर रहा है। आज तहसील मुख्यालय पहुंचे डोकरई गांव निवासी गीता देवी प्रधान, सावित्री देवी, रामू सैनी, मनोज, मोहित गुप्ता, सुनीता देवी, शिव प्रसाद, जगदीश पाल समेत लगभग आधा सैकड़ा लोगों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया। ग्रामीणों ने बताया कि कोटेदार बिंदादीन काफी समय से गल्ला वितरण करते समय मनमानी कटौती करताआ रहा है। ग्रामीणों के विरोध पर अपनी पंहुच का हवाला देता है। कोटेदार की मनमानी की शिकायत भी कई बार विभागीय व प्रशासनिक अधिकारियों से की जा चुकी है। ग्रामीणों का कहना था कि कोटेदार प्रत्येक कार्ड पर 5 से 11 किलो तक आवाज काटकर दे रहा है। जिसे इस बार ग्रामीणों ने लेने से इंकार कर दिया। ग्रामीणों की शिकायत पर तहसीलदार दिलीप कुमार ने जांच और कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## कोरोनो महामारी को देखते हुए ग्राहक की बचत का विशेष ख्याल

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**कोरोनो महामारी** को देखते हुए तमाम कम्पनी ने उपभोक्ताओं का विशेष ख्याल रखते हुए उनके जेब तथा उनके पाकिट पर पड़ने वाले भार को कम करने के लिए तमाम प्रकार के ऑफर तथा कम बजट के फोन तथा नई सीरीज की घोषणा करती है इसी क्रम में आज मोटो जी 5जी के साथ अपनी नवीनतम पेशकश को लॉन्च करने की घोषणा की यह स्मार्टफोन मोटोरोला की जी सीरीज आपको कम दाम में अधिक मूल्य प्रदान करते हुए दुनिया भर में इस सेगमेंट में मौजूद स्मार्टफोन्स को असाधारण मूल्य प्रदान करने के लिए मशहूर है।

नई मोटो जी 5जी सीरीज भविष्य के लिए तैयार तकनीक को सभी के लिए उपलब्ध करवाने की ब्रांड की प्रतिबद्धता का एक और शक्तिशाली प्रमाण है।

## लबे रोड पर अलसुबह मॉल के बाहर वृद्ध की कूचकर हत्या

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**भेलूपुर** थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात में लबे सड़क स्थित एक मॉल के बाहर 60 वर्षीय वृद्ध की सिर कूंच कर हत्या कर दी गई। लबे सड़क अल सुबह वृद्ध की लाश मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में वृद्ध की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार उक्त वृद्ध विक्षिप्त भिखारी था और वहीं रहता था। पुलिस ने इस मामले में दूसरे भिखारी को आरोपी बनाकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या का कारण सोने को लेकर विवाद बताया है।

बताया जाता है कि भेलूपुर थाना से महज चंद दूरी पर भेलूपुर गुरुधाम लबे सड़क स्थित एक मॉल के सामने चबूतरा है। वहां रात के समय कई भिखारी सोते हैं। सुबह लोग जब उधर टहलने गए तब 60 वर्षीय एक वृद्ध की सिर कूंची लाश देखकर लोगों ने पुलिस को सूचित किया। शाकम्बरी चौमुहानी पुलिस पिकेट व थाने के बीच स्थित प्रसिद्ध मॉल के बाहर लबे सड़क पर हत्या से लोग सकते में आ गए। स्थानीय पुलिस ने आनन फ्फानन में लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थोड़ी ही देर में पुलिस ने एक भिखारी को ही इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की मानें तो हत्या का कारण सोने के स्थान को लेकर उपजा विवाद था।

**पूर्व में भी सोने के स्थान को लेकर हो चुकी है भिखारी की हत्या:** नगर निगम क्षेत्र में रैन बसेरा होने के बावजूद वहां की दुर्व्यवस्थाओं के कारण शहर में बाहर से आने वाले सैकड़ों मजदूर सड़क किनारे पटरियों पर सोते हैं। लॉक डाउन के पूर्व एक विक्षिप्त भिखारी की हत्या भी सोने को लेकर हो चुकी है। मामला कोतवाली थाने के बगल स्थित विश्वेश्वरगंज पोस्टऑफिस के सामने पटरी का था। उक्त भिखारी की हत्या एक मजदूर ने सोने के विवाद में सिर कूंच कर कर दी थी।

## किसान विरोधी तीनों कानूनों को काला कानून बताया पूर्व सांसद ने

- 2014 से ही किसानों के साथ लगातार धोखा का परिणाम है कि पूरे देश के किसानों का विश्वास भाजपा खो चुकी है: पूर्व एमपी महाबल मिश्र



**वाराणसी।** मोहनसराय बैरवन में बुधवार को सुबह 10 बजे किसानों से संवाद में पहुंचे दिल्ली के पूर्व सांसद महाबल मिश्रा ने नरेंद्र मोदी सरकार के किसान विरोधी तीनों कानून को काला कानून बताया ए महाबल मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री का बनारस में आकर के किसान विरोधी कानून के पक्ष में बयान देना और किसानो के अन्दोलन को भ्रम का शिकार बताना उनके सत्ता के मद में चूर अहंकार को दर्शाता है। 2014 से ही किसानों के साथ लगातार धोखा का परिणाम है कि आज पूरे देश के किसानों का विश्वास भाजपा सरकार खो चुकी है जिसका परिणाम है कि किसान अब संकल्प के साथ निर्णायक और आरपार की लड़ाई के लिए दिल्ली को चारों तरफ से घेर लिया है। अन्दोलनरत किसानो पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग और अनर्गल आरोप प्रत्यारोप भाजपा सरकार ए संगठन और उनके आईटी सेल द्वारा करके अन्नदाता के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। मिश्रा ने आरोप लगाया कि साजिश के तहत भारतीय जनता पार्टी किसान आंदोलन को उग्र करने के लिए तरह.तरह के हथकंडे अपना कर एवं ओछा बयान के कुचक्र से किसानों को भड़कार आंदोलन को गलत रूप देना चाहती है लेकिन आज देश का किसान पूरे होशो हवास के साथ अब सड़क पर इस संकल्प के साथ आया है किसान विरोधी सरकार का ईट से ईट बजाना है और अपने हक और अधिकार को लेकर के ही अपने घरों और खेतों में जाना है । किसानों ने एक स्वर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार से मांग किया कि कानून में न्यूनतम समर्थन मूल्य के प्रावधान को सुनिश्चित किया जायए कांट्रैक्ट फार्मिंग की एक निश्चित सीमा एवं आवश्यक वस्तु के भंडारण पर एक निश्चित मापदंड तैयार किये जाने हेतु स्वस्थ दिमाग से इमानदारी पूर्वक किसानो से सम्वाद कर सहमति बनायी जाय अन्यथा किसान मुहतोड जबाब देगे। किसान सम्बाद कार्यक्रम का संयोजन विनय शंकर राय मुन्ना ने किया प्रमुख रूप से मेवा पटेल , दिनेश तिवारी, बलिराम पटेल, विजय शाह, खिलाडी उपाध्याय, अमृत लाल पटेल, प्रेम शाह, सुन्नर पटेल इत्यादि लोग शामिल थे।

## जैव प्रौद्योगिकी कृषि ऊर्जा के क्षेत्र में निभा रहा भूमिका: डॉ. बृजेश

- जैव योगिकी तकनीकों के मूल्य तत्व नामक सात दिवसीय कार्यशाला का समापन

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**सीएमपी डिग्री** कालेज के वनस्पति विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में डीबीटी स्टार कालेज स्कीम के तहत सात दिवसीय अंत: विषयीय ई कार्यशाला का समापन हुआ। असिस्टेंट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान विभाग डा प्रतीक श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सात दिन तक चली ई कार्यशाला की समीक्षा की। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य डा बृजेश कुमार ने कार्यक्रम के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मानव जनसंख्या की दृष्टि अत्यधिक तीव्रता से हो रही है। खाधान्न आपूर्ति संवेदनशील है। शहरी विकास व भू सरण के कारण कृषि भूमि दबाव में है। एक विज्ञान के रुप में जैव प्रौधोगिकी कृषि ऊर्जा स्वस्थ्य पर्यावरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। समापन सत्र में डा संजय सिंह समन्वयक वनस्पति विज्ञान विभाग ने कहा कि जैव प्रौद्योगिकी का कृषि व वनस्पति जगत में अपार संभावनाएं हैं। पराजीनी पौधे ऊतक संवर्धन जैव उर्वरकतथा जीव फीतानाशी का प्रयोग बहुत ही लाभ दायक साबित हो रहा है। इसी कड़ी में डाण् विनीता जायसवाल समन्वयक जन्तुविज्ञान विभाग ने कहा जैव तकनीक का क्षेत्र अत्यन्त व्यापक है। जीव अभियांत्रिकी डीएनए अंगुलिछाप तकनीक पराजीनी जन्तु टीकों का निर्माण जैसे क्षेत्रों से खाधान्न पशुपालन कर्जा स्वास्थ्य व पर्यावरण आदि में कांतिकारी परिवर्तन आये हैं।

## दिव्यांगजनों को शिक्षित कर सृजनात्मक दिशा देने की जरूरत: मुनीश

- अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस की पूर्व संध्या पर केसर भवन में दिव्यांग जन सम्मान समारोह आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



सम्मानित करते सह प्रान्त प्रचारक मुनीश

**दिव्यांगों के** आत्मसम्मान प्रतिभा विकास शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के प्रति समाज को अपनी दृष्टि बदलनी होगी। उनके जीवन संस्कृति में परिवर्तन और अधिकारों के प्रति विश्वास बढ़ाना होगा। यह बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रान्त के सह प्रान्त प्रचारक मुनीश ने कहीं। वह बुधवार को अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस की पूर्व संध्या पर केसर भवन सभागार में सक्षम संस्था द्वारा आयोजित दिव्यांग जन सम्मान समारोह में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के समग्र विकास के लिए समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मण्डल सक्षम राष्ट्रीय स्तर पर सराहनीय पहल कर रहा है। दिव्यांगजनों को शिक्षित करके सृजनात्मक दिशा देने की जरूरत है। ताकि वह स्वयं आत्म निर्भर होकर राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकें। अध्यक्षता कर रहे सक्षम के राष्ट्रीय महासचिव कमलाकांत पाण्डेय ने वर्तमान में सरकार और समाज के कार्यों की चर्चा करते हुए दिव्यांगजनों के पुनर्वासन पर बल दिया।

कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगों के उत्थान हेतु समर्पित विशिष्ट संस्थाओं और उनके प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। हुडसा द्वारा संचालित समदरिया स्कूल ऑफ स्पेशल एजुकेशन के निदेशक डा मणि शंकर द्विवेदी मूक बधिर विद्यालय की शिक्षिका पूनम पांडेय के अलावा विशिष्ट कार्य कौशल के लिए दिव्यांग डा दीपक त्रिपाठी मान सिंह योगेन्द्र उदय नारायण अशोक यादव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंजली शुक्ला एवं अतिथियों का स्वागत प्रयागदत्त तिवारी तथा आभार ज्ञापन राजेश मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रशांत पाण्डेय राजेश पाण्डेय राजेश मिश्र अंकित मेहता नीरज शुक्ल डा बबली द्विवेदी वन्दना मिश्रा सत्यार्थ आदि उपस्थित रहे।

## खंड शिक्षाधिकारियों ने बीएसए को बारह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

- समस्याओं का निराकरण न होने पर विभागीय कार्य प्रभावित होने की संभावना जताई



**उन्नाव।** खंड शिक्षा अधिकारियों के जनपदीय संगठन उत्तर प्रदेशीय विद्यालय निरीक्षक संघ के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष अशीष चौहान के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिलकर विभिन्न समसयाओं को अवगत कराते हुए उनके निराकरण को लेकरे ज्ञापन सौंपते हुए उनका निराकरण कराए जाने की मांग बीएसए से की है। संघ के जिला अध्यक्ष आशीष चौहान व मंत्री शैलेंद्र कुमार वर्मा की अगुवाई में बीएसए को सौंपे अपने 12 सूत्री ज्ञापन में पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षामित्र तथा अनुदेशकों के शैक्षिक अभिलेखों के सत्यापन हेतु उनके चयन संबंधी मूल पत्रावली प्रदान की जाए साथ ही अभिलेख सत्यापन की प्रतियां भी उपलब्ध कराई जाएं। शिक्षकों के अवशेष देयक बनाने व भुगतान का दायित्व जिला वित्त एवं लेखाधिकारी का है, अतएव बीआरसी से किसी प्रकार के अवशेष देयक प्रस्तुत करने की अपेक्षा ना की जाए। बीआरसी केंद्रों पर आबद्ध कंप्यूटर ऑपरेटरों का 5 माह से भुगतान लंबित है। जिस कारण रिक्त पदों पर ऑपरेटर उपलब्ध नहीं हो पा रहे। जिसका समयबद्ध भुगतान कराया जए। बीआरसी पर सेवा प्रदाता के माध्यम से उपलब्ध कराए जाने वाले सहायक लेखाकार व कंप्यूटर ऑपरेटरों का नवीनीकरण तथा चयन न होने के कारण कार्य संपादन बाधित है। बीआरसी केंद्रों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से चौकीदार हेतु चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की व्यवस्था की जाए। बीईओ की सेवा पंजिका व जीपीएफ पासबुक अपडेट कर वेतन भुगतान प्रत्येक माह की 30 तारीख को सुनिश्चित किया जाए। परिषदीय लिपिकों को विकास खंड कार्यालयों में भेजा जाए। 69000 शिक्षक भर्ती के सहायक अध्यापकों के मूल अभिलेख तथा बीएसए कार्यालय में कार्यभार ग्रहण तिथि एवं कार्य मुक्त तिथि का विवरण उपलब्ध कराया जाए। जिससे कि मानव संपदा संबंधी प्रक्रिया पूर्ण कराई जा सके। कई विकास खंडों में उच्चाधिकारियों के निर्देश के बावजूद कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के सहायक लेखाकार उपस्थित नहीं हो रहे हैं। इनमें रिक्त पदों को भरा जाए। ज्ञापन में कहा कि खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा प्रेषित अनुरोध पत्र पर त्वरित निर्णय लिए जाने की आवश्यकता है। अन्यथा कार्य संपादन बाधित होने की संभावना है। ज्ञापन देने के दौरान बीईओ मधुलिका बाजपेई, सुषमा सेंगर सेंगर, प्रवीण दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार कार आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टकराई

- दो की मौत और दो गंभीर रूप से घायल

संवाददाता। बांगरमऊ, उन्नाव



**आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस** वे पर रफ्तार का कहर जारी है। गुड़गांव से गोरखपुर जा रही तेज रफ्तार कार आज तड़के एक्सप्रेस वे पर ग्राम गोल्हुवापुर के निकट आगे चल रहे अज्ञात वाहन से जा टकराई। टक्कर से कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कार में आगे बैठे चालक तथा एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि कार में पीछे बैठे युवक और युवती गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने मृतकों और घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद कार से बाहर निकाला और घायलों को यहां के सरकारी अस्पताल भेजा। हरियाणा के गुड़गांव निवासी मन्द्रिका 18 वर्ष स्थायी पता हथियागण थाना पुरन्दिरपुर जिला महराजगंज व सुमन 19 निवासी सरस्वतीपुरम थाना सेक्टर 10 ए जिला गुड़गांव और दीपक कुमार पांडेय 24 निवासी सराय सुल्तानी जिला प्रतापगढ़ तथा विनीता भूमि 20 वर्ष ग्राम कंधई थाना समरगांव जिला गोलाघाट आसाम चारों लोग कार से अपने अपने घर जा रहे थे। कार दीपक कुमार पांडेय चला रहा था। रास्ते मे ग्राम गोल्हुवापुर पुर के सामने आगे चल रहे अज्ञात वाहन से पीछे तेज रफ्तार कार जा भिड़ी। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए और कार में बैठे सभी यात्री कार के अंदर ही फंस गए। चीख-पुकार सुनकर एक्सप्रेस वे से गुजर रहे अन्य यात्रियों ने डायल 112 पर घटना की सूचना दी। सूचना पर पहुंची यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने कार में फंसे यात्रियों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। हादसे में चालक दीपक कुमार पांडेय और आगे की सीट पर बैठी महिला विनीता भूमि की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि मन्द्रिका और सुमन को गंभीर हालत में यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दोनो शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

# सुशील कुमार मोदी ने राज्यसभा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया

**भाषा।** पटना

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी ने राज्यसभा उपचुनाव के लिए राजग के प्रत्याशी के तौर पर बुधवार को नामांकन दाखिल किया। केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान के निधन की वजह से इस सीट पर चुनाव हो रहा है। पटना आयुक्त कार्यालय में राज्यसभा उपचुनाव के लिए राजग प्रत्याशी सुशील कुमार मोदी के नामांकन के समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत राजग के कई नेता उपस्थित थे। पटना प्रमंडलीय आयुक्त संजय अग्रवाल के समक्ष सुशील मोदी के नामांकन के बाद पत्रकारों से नीतीश कुमार ने कहा, आज हम सब सुशील मोदी को बधाई देने के लिए आए हैं। इन्होंने बिहार की काफी सेवा की है। ए पहले से ही लोकसभा, बिहार विधानसभा एवं बिहार विधान परिषद के सदस्य रह चुके हैं और अब राज्यसभा के भी सदस्य बनने जा रहे हैं। ऐसा सौभाग्य बहुत कम लोगों को मिलता है जो संसद के दोनों सदनों और विधानमंडल के दोनों सदनों के सदस्य रहें। इसलिए इन्हें विशेष तौर पर बधाई।

बिहार राजग सरकार में अपने मंत्रिमंडल में उपमुख्यमंत्री रहे सुशील के बारे में नीतीश ने कहा, मुझे खुशी है कि हमलोगों ने साथ काम किया है लेकिन हर एक पार्टी का अपना निर्णय होता है। अब राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने वाले हैं। सभी लोग बधाई देने के लिए आए हैं। केंद्र सरकार के सहयोग का लाभ बिहार को मिल रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। सुशील के नामांकन के समय उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद एवं रेणु देवी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल, राजग के अन्य घटक दल के नेता वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के नेता संतोष कुमार सहित बिहार सरकार के अन्य मंत्री मौजूद थे। रास की इस उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की तीन दिसंबर को आखिरी तारीख है। सात दिसंबर तक नामांकन वापस लिया जा सकता है व 14 दिसंबर को मतदान होगा।

केंद्र में राजग के घटक दल लोजपा के संस्थापक रामविलास पासवन के निधन के कारण यह सीट खाली हुई है। रामविलास ने अपने कैबिनेट सहयोगी रविशंकर प्रसाद के पटना साहिब लोकसभा सीट जीतने के बाद पिछले साल इस सीट के लिए हुए उपचुनाव में निर्विरोध चुने गए थे। हाल ही में संपन्न बिहार विधानसभा चुनाव में राजग में शामिल जदयू के प्रमुख और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व को अस्वीकार्य बताते हुए अकेले अपने बलबूते चुनावी मैदान में उतरी लोजपा के प्रमुख और रामविलास के पुत्र चिराग पासवान ने राज्यसभा उपचुनाव में भाजपा द्वारा तवज्जो नहीं दिए जाने के बाद शनिवार को कहा था कि यह भगवा पार्टी की सीट है जो इस बात का निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र है कि वह किसे चुनाव मैदान में उतारना चाहती है।

विपक्षी महागठबंधन का नेतृत्व कर रहे राजद के प्रवक्ता शक्ति यादव ने हालांकि एक बयान में कहा था, भाजपा ने लोजपा को सीट देने से इनकार कर अपनी खुन्नस निकाली है...। महागठबंधन के सूत्रों ने कहा था कि चिराग को अपनी मां रीना पासवान को इस सीट से मैदान में उतारने पर विचार करने के संकेत दिए गए हैं और उन्हें पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया गया है। चिराग ने हालांकि मंगलवार को अपनी पार्टी के स्पष्ट रूप से दौड़ में नहीं होने का जिक्र करते हुए संवाददाताओं से कहा, मैं राजद द्वारा हमारे प्रति दिखाई गई भावना की सराहना करता हूं।


पटना में पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी राज्यसभा के नामिनेशन करने के बाद जीत का निशान दिखाते। साथ में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व अन्य नेतागण।

## मस्जिदों में लाउडस्पीकरों के इस्तेमाल पर रोक लगाए केन्द्र : शिवसेना

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना** ने ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए बुधवार को केन्द्र सरकार से मस्जिदों में लाउडस्पीकरों के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए कहा। शिवसेना के मुखपत्र सामना में एक संपादकीय में कहा गया है कि यह ध्वनि प्रदूषण और पर्यावरण से संबंधित मुद्दा है। संपादकीय में कहा गया है, केन्द्र को ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के वास्ते मस्जिदों में लाउडस्पीकरों के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए अध्यादेश लाना चाहिए।

शिवसेना के मुंबई-दक्षिण विभाग के प्रमुख पी सकपाल ने मुसलमान बच्चों के बीच अजान पढ़ने की प्रतियोगिता कराने का सुझाव दिया था, जिसपर विवाद खड़ा हो गया था। इस विवाद के बीच संपादकीय में यह टिप्पणी की गई है। संपादकीय में कहा गया है कि शिवसेना नेता द्वारा अजान की प्रशंसा किए जाने की भाजपा द्वारा आलोचना किया जाना ठीक वैसा ही है, जैसा दिल्ली की सीमाओं पर (नए कृषि कानूनों के खिलाफ) प्रदर्शन कर रहे किसानों को पाकिस्तानी आतंकवादी कहना।

लेख में कहा गया है प्रदर्शनकारी किसानों में अधिकतर लोग वे हैं जो पूर्व सैनिक रह चुके हैं या जिनके बच्चे देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। सामना के मराठी संस्करण में कहा गया है, किसानों को आतंकवादी कहने वालों से हम क्या उम्मीद कर सकते हैं। ट्रोल करने वालों को लगता है कि शिवसेना ने हिंदुत्व छोड़ दिया है, लेकिन ईद के पकवान खाते हुए उनकी (भाजपा नेताओं) तस्वीरों पर कोई कुछ नहीं बोलता। संपादकीय में कहा गया है, हम इसे इसलिए राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाते क्योंकि देश के 22 करोड़ मुसलमान भारतीय नागरिक हैं।

## महिला माओवादी ने ओडिशा में किया आत्मसमर्पण, चार लाख रुपए का ईनाम था

**कोरापुट।** ओडिशा के कोरापुट में कट्टर महिला माओवादी ने बुधवार को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उसके सिर पर चार लाख रुपए का ईनाम था और वह कई आपराधिक वारदातों में शामिल थी। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मल्कानगिरी की रहने वाली 23 वर्षीय महिला चरमपंथी माओवादी सरगना अक्कीराजू हरगोपाल उर्फ आरके की सुरक्षा टीम की सदस्य थी। कोरापुट के पुलिस अधीक्षक कुकेश कुमार भामू ने बताया कि माओवादी की पहचान रामे मदकामी के तौर पर हुई है। वह प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) की आंध्र ओडिशा सीमा विशेष जोनल कमेटी की सदस्य थी और मल्कानगिरी एवं कोरापुट जिलों में सक्रिय थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वह आंध्र प्रदेश के सीमांत इलाकों में भी सक्रिय थी और कई अपराधों में संलिप्तत थी। ओडिशा सरकार ने उसके सिर पर चार लाख रुपए का ईनाम घोषित किया था।

## चौहान पर किसी अन्य की कविता को अपनी पत्नी की कविता बताने का आरोप, कांग्रेस ने की आलोचना

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने ससुर के निधन के बाद ट्वीटर पर पोस्ट की गई एक कविता के चलते कांग्रेस के निशाने पर आ गए हैं। दरअसल चौहान ने बाबुजी शीर्षक वाली एक कविता पोस्ट की और बताया कि इसे उनकी पत्नी साधना सिंह ने लिखा है जिसमें उन्होंने अपने पिता के अंतिम संस्कार के बाद की भावनाओं को व्यक्त किया है। इसबीच भूमिका बिरथरे नामक एक मीडियाकर्मी ने चौहान की पोस्ट की गई कविता पर स्वयं की रचना होने का दावा किया।

इस पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव ने कहा कि भाजपा नाम बदलने में माहिर है और यह बात एक बार फिर उजागर हो गई है। चौहान के सुसर का निधन 19 नवंबर को हुआ था और 22 नवंबर को उन्होंने कविता पोस्ट की और कहा, मेरी धर्मपत्नी ने स्व. बाबू जी के पुण्य स्मरण और जीवटता को कुछ पंक्तियों में पिरोया है- जिसके कंधे पर बैठकर घूमा करती थी, उसे कंधा देकर आई हूं....। इसके बाद पत्रकार होने का दावा करने वाली युवती ने 30 नवंबर को मुख्यमंत्री को शिकायती लहजे में ट्वीट किया, सर भांजी हूँ आपकी, मेरी कविता चुराकर आपको क्या मिलेगा? ए कविता मेरे द्वारा लिखी गई है। उम्मीद है आप मेरे अधिकारों का हनन नहीं करेंगे, मामा तो अधिकारों की रक्षा के लिए हैं ना।

चौहान को राज्य में मामा भी कहा जाता है। चौहान के अलावा भूमिका ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सहित अनेक नेताओं को भी यह पोस्ट किया है। भूमिका ने यह भी दावा किया कि उसने मुख्यमंत्री से पहले 20 नवंबर को सोशल मीडिया पर डैडी नाम से लिखी अपनी कविता को पोस्ट किया था।

भूमिका ने फेसबुक पर लिखा है, प्रिय मामा जी, आपसे यह उम्मीद ना थी। एक मामा तो भांजी की कविता की भावनाओं को समझ सकता है ना... पर आपने तो उसे अपनी धर्मपत्नी के नाम से पोस्ट कर दिया। उम्मीद है कि आप अपनी गलती स्वीकार करें। भूमिका ने एक दिसंबर को फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट करके यह भी दावा किया कि उसे पुलिस से फोन आ रहे हैं जो उसकी लोकेशन जानने की कोशिश कर रहे हैं। भूमिका ने सुरक्षा की मांग की है।

कांग्रेस नेता अरुण यादव ने ट्वीट किया, भाजपा नाम बदलने में माहिर है यह बात एक बार फिर उजागर हो गई, पहले कांग्रेस की योजनाओं के नाम बदलते थे, फिर शहरों के नाम बदलने लगे और अब तो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी दूसरों की लिखी हुई कविताओं को भी अपनी धर्मपत्नी की लिखी हुई कविता बताने लगे है। वाह शिवराज जी वाह। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के ससुर घनश्याम दास मसानी का 19 नवंबर को निधन हो गया था


नई दिल्ली में आर्म फोर्सेस झण्डा दिवस के अवसर पर केन्द्रीय सैनिक बोर्ड के अधिकारी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को झंडा लगाते हुए।

## मुम्बई से फिल्म सिटी को हटाना आसान नहीं : राउत

**मुम्बई।** शिवसेना सांसद संजय राउत ने बुधवार को कहा कि मुम्बई की फिल्म सिटी को कहीं और स्थापित करना आसान नहीं, ऐसा करने की कोशिश की गई है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी का बुधवार को बॉलीवुड फिल्मकारों और उद्योगपतियों के एक प्रतिनिधिमंडल से मिलने का कार्यक्रम है ताकि उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित फिल्म सिटी पर चर्चा की जा सके। योगी ने एक फिल्म सिटी स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना भी जारी की थी और फिल्म जगत के लोगों को उप्र का रुख करने का प्रस्ताव दिया था। उप्र सरकार ने गौतम बौद्ध नगर में यमुना एक्सप्रेसवे के पास सेक्टर-21 में एक फिल्म सिटी स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी भी दी है। इस पूरे घटनाक्रम पर राउत ने पूछा, नोएडा फिल्म सिटी की मौजूदा स्थिति क्या? क्या आप मुम्बई की फिल्म सिटी लखनऊ और पटना में स्थापति कर सकते हैं?

शिवसेना के प्रमुख प्रवक्ता ने कहा, पहले भी ऐसी कोशिशें की गई हैं। मुम्बई फिल्म सिटी जैसा कुछ भी कहीं भी स्थापित करना आसान नहीं है। मम्बई का एक शानदार फिल्म इतिहास है। राउत ने कहा कि दक्षिण और बंगाल में भी फिल्म उद्योग हैं। दक्षिणी सुपरस्टार रजनीकांत, नागार्जुन, चिरंजीवी ने भी हिंदी फिल्मों में काम किया है। राज्यसभा सांसद ने पूछा, क्या योगी जी उन राज्यों का भी रुख करेंगे या सिर्फ मुम्बई को निशाना बनाया जा रहा है? शिवसेना के अपनी मूल विचारधारा भूल जाने के भाजपा के दावे पर उन्होंने कहा, शिवसेना के हिन्दुत्व की बजाय, बेरोजगारी, गिरती जीडीपी और अर्थव्यवस्था पर चर्चा करें। राउत ने साथ ही यह भी कहा कि केन्द्र को नए कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों का मुद्दा हल करने के लिए कदम उठाने चाहिए, जो पिछले एक सप्ताह से दिल्ली की सीमाओं पर डटे हैं।

## क्विक न्यूज

### दाऊद इब्राहिम की रत्नागिरी की तीन संपत्तियां 1.10 करोड़ रुपए में नीलाम

**मुंबई।** भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम की महाराष्ट्र के रत्नागिरी में स्थित तीन संपत्तियों को एक नीलामी में एक करोड़ रुपए से अधिक में बेचा गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। तस्कर एवं विदेशी मुद्रा हेरफेर आरोपी (संपत्ति जब्त) अधिनियम (सफेमा) के तहत इस सप्ताह की शुरुआत में नीलामी का आयोजन किया गया था। खेड़ तेहसील के लोटे गांव में स्थित 30 गुंटा तथा 50 गुंटा के दो भूखंडों और एक इमारत को रविन्द्र काते नामक व्यक्ति ने खरीद लिया। एक गुंटा में लगभग 1089 वर्ग फुट होते हैं। इन संपत्तियों की तय कीमत।,09,15,500 रुपए थी इसे 1,10,01,051 रुपए में नीलाम कर दिया गया। सफेमा के अतिरिक्त आयुक्त आर एन डिसूजा ने कहा, ए संपत्तियां राजमार्ग के काफी नजदीक हैं। गैंगस्टर की इन संपत्तियों को छह अन्य संपत्तियों के साथ नवंबर में नीलाम किया जाना था, लेकिन कुछ तकनीकी दिक्कतों के चलते ए बिक नहीं सकीं थीं। आने वाले दिनों में खेड़ तेहसील में इब्राहिम की और संपत्तियों को भी नीलाम किया जाएगा।

### ड्रग मामले में रिया के भाई शौविक को जमानत मिली

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती के भाई शौविक चक्रवर्ती को बुधवार को जमानत दे दी। शौविक को अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े मादक पदार्थ मामले में गिरफ्तार किया गया था। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने शौविक को एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के तहत सितंबर महीने में गिरफ्तार किया था। विशेष एनडीपीएस अदालत के न्यायाधीश जी बी गुराव ने 50,000 रुपए के निजी मुचलके पर बुधवार को शौविक को जमानत दी। शौविक ने अपनी जमानत याचिका में उच्चतम न्यायालय के एक हालिया फैसले का जिक्र किया था, जिसमें शीर्ष न्यायालय ने कहा था कि एनसीबी अधिकारियों के समक्ष दिए गए इकबालिया बयान पर साक्ष्य के तौर पर विचार नहीं किया जा सकता। शौविक ने कहा था कि उन्हें मामले में फंसाया गया है। इससे पहले, अदालत ने एक संबद्ध मामले में भी उन्हें जमानत दी थी। एनसीबी का आरोप है कि सुशांत की लिव इन पार्टनर रही रिया और अभिनेत्री के भाई (शौविक) मादक पदार्थ उपलब्ध कराते थे तथा नकद,क्रेडिट कार्ड से और अन्य माध्यमों से भुगतान करते थे। जांच एजेंसी सुशांत की मौत से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। सुशांत इस साल 14 जून को उपनगरीय बांद्रा स्थित अपने आवास में मृत पाए गए थे।

### शशिकला ने सजा कम करने का किया अनुरोध

**बेंगलुरू।** तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जे. जयललिता की करीबी सहयोगी वीके शशिकला ने सजा कम करने और जेल से जल्द रिहाई का अनुरोध किया है। शशिकला आय से अधिक सम्पत्ति मामले में चार साल की जेल की सजा काट रही है। बेंगलुरू की विशेष अदालत में 10 करोड़ रुपए का जुर्माना भरने के बाद परापन्ना अग्रहारा केन्द्रीय कारागार में बंद शशिकला के 27 जनवरी 2021 को रिहा होने की उम्मीद है। उनके एक करीबी सूत्र ने बताया कि उन्होंने जल्द रिहा होने के लिए अपनी सजा कम करने की अपील की है। जेल अधिकारियों ने उनका अनुरोध उच्च अधिकारियों के पास भेज दिया है। जेल की सजा कम करने का अनुरोध किया है और विचार करने के लिए उसे विभाग के प्रमुख के पास भेज दिया गया है। अभी तक इस पर फैसला नहीं किया है।

### जम्मू कश्मीर में 75 किग्रा अफीम जब्त, एक गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में मादक पदार्थ बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से 75 किलोग्राम अफीम जब्त की गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस के एक दल ने चेनानी क्षेत्र के पास राजमार्ग पर एक ट्रक को रोका और उसके चालक मलकीत सिंह के पास से मादक पदार्थ बरामद किया। पुलिस ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और अफीम जब्त कर ली गई। उन्होंने कहा कि चेनानी पुलिस थाने में एक मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## बंगाल के विकास में बाहरियों ने बंगालियों से बड़ी भूमिका निभाई : दिलीप घोष

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** में बाहरी बनाम भीतरी की बहस के बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने बुधवार को दावा किया कि राज्य के विकास में दूसरे राज्यों के लोगों ने बंगालियों से बड़ी भूमिका निभाई है। उनकी टिप्पणी पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और कहा है कि घोष राज्य के इतिहास और संस्कृति के बारे में जाने बिना बांटने वाली राजनीति कर रहे हैं।

घोष ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, स्वतंत्रता पूर्व के काल से, जो लोग दूसरे राज्यों से आए थे, उन्होंने बंगाल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनमें से अधिकतर, मिलों और कारखानों में काम करने वाले लोग अन्य राज्यों से थे। इस तरह बाहर से आए लोगों ने राज्य के विकास में बंगालियों से बड़ी भूमिका निभाई।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि बंगाल के कल्याण के लिए काम करने वाले लोगों को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस अब बाहरी करार दे रही है। उन्होंने व्यंग्य किया, शाहरुख खान (राज्य के एंबैसडर) और प्रशांत किशोर (तृणमूल कांग्रेस के चुनाव रणनीतिकार) अब भीतरी हो गए हैं। घोष की टिप्पणी पर तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बंगालियों को अपमानित करने और उन्हें कमतर आंकने के भाजपा के इरादे का अब खुलासा हो गया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि दिलीप घोष राष्ट्र के संपूर्ण विकास और स्वतंत्रता संग्राम में बंगालियों द्वारा निभाई गई भूमिका के बारे में नहीं जानते।

## कंप्यूटर बाबा को महंगी गाड़ी देने वाले बदमाश का एक और अवैध निर्माण जमीदोज

**भाषा।** इंदौर (मध्यप्रदेश)

**विवादास्पद** धार्मिक नेता कंप्यूटर बाबा को महंगी चार पहिया गाड़ी मुहैया कराने वाले हिस्ट्रीशीटर का एक और अवैध निर्माण स्थानीय प्रशासन ने बुधवार को ढहा दिया। इंदौर नगर निगम के भवन निरीक्षक नागेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया, हिस्ट्रीशीटर रमेश तोमर ने अपनी पत्नी के नाम पर इदरीस नगर में करीब 2,500 वर्ग फुट पर अवैध रूप से दो मंजिला मकान बना रखा था। हमने इस मकान को ढहा दिया। उन्होंने बताया कि मूसाखेड़ी क्षेत्र में तोमर के कुल 15,000 वर्ग फुट में फैले अन्य अवैध निर्माण और अतिक्रमण 17 नवंबर को हटाए जा चुके हैं। इनमें चार पक्के निर्माण और दो खाली भूखंड शामिल हैं।

भदौरिया ने बताया, तोमर ने बगीचे की सरकारी जमीन पर भी अवैध कब्जा कर रखा था। हम इसे भी हटा चुके हैं। प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि इंदौर शहर से सटे जम्बूर्डी हप्सी गांव में आठ नवंबर को नामदेव दास त्यागी (कंप्यूटर बाबा का असली नाम) के अवैध आश्रम को ढहाया गया था। तब वहां से एक एसयूवी जब्त की गई थी।

उन्होंने बताया कि त्यागी इस महंगी गाड़ी का इस्तेमाल करते थे। हालांकि, यह गाड़ी परिवहन विभाग के रिकॉर्ड में हिस्ट्रीशीटर रमेश तोमर के नाम पर दर्ज है। तोमर के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, जबरिया वसूली, मारपीट और अन्य आरोपों में कुल 19 आपराधिक मामले दर्ज हैं। अधिकारियों ने बताया कि आश्रम ढहाए जाने के दौरान कंप्यूटर बाबा को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 151 (संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने के लिए की जाने एहतियातन गिरफ्तारी) के तहत केंद्रीय जेल भेज दिया गया था।

उन्होंने बताया कि इस कार्वाई के बाद कंप्यूटर बाबा के खिलाफ शहर के दो पुलिस थानों में तीन आपराधिक मामले भी दर्ज किए गए थे। ए मामले अलग-अलग लोगों से गाली-गलौज और मारपीट करते हुए उन्हें हथियार दिखाकर धमकाए जाने के आरोपों से जुड़े हैं। इन मामलों में जमानत अर्जियां मंजूर होने के बाद कंप्यूटर बाबा को 19 नवंबर को केंद्रीय जेल से रिहा कर दिया गया था। गौरतलब है कि कंप्यूटर बाबा को प्रदेश की भाजपा और कांग्रेस की पिछली सरकारों ने अलग-अलग निकायों में शामिल करते हुए राज्य मंत्री के दर्जे से नवाजा था। ए निकाय नर्मदा, क्षिप्रा और मन्दाकिनी नदियों की हिफाजत के साथ ही जल संरक्षण तथा स्वच्छता के विषयों पर जन जागरूकता फैलाने के लिए गठित किए गए थे।


नई दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आल इण्डिया डीजीपी/आईजीपी कांफ्रेंस-2020 में वीडियो कांफ्रेसिंग से बोलते हुए

# शुभेंदु अधिकारी के करीबियों ने तृणमूल नेतृत्व से सुलह हो जाने के दावे को गलत बताया

भाषा। कोलकाता

**राज्य** में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से बगावत करने वाले पार्टी के प्रमुख नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी लोगों ने पार्टी नेतृत्व से उनके सुलह होने के दावे को गलत करार दिया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि अधिकारी की नाराजगी कायम है क्योंकि उनकी शिकायतों को दूर नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि अधिकारी भारी जनाधार वाले प्रभावशाली नेता हैं, जिन्होंने राज्य मंत्रिमंडल और अन्य पदों से इस्तीफा दे दिया था, जो कुछ दिन पहले तक उनके पास थे।

करीबियों ने बताया कि अधिकारी इस बात पर कायम हैं कि उनके लिए पार्टी के साथ काम करना मुश्किल है। ऐसा कहा जा रहा है कि जिस तरह से तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने दावा किया कि मंगलवार को पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी, सौगत रॉय और सुदीप बंदोपाध्याय के अलावा चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद सभी मतभेद दूर हो गए हैं, उससे अधिकारी नाराज हैं। सूत्रों ने बताया कि अधिकारी पर्दे के पीछे हुई बैठक में क्या बात हुई, वह मीडिया में लीक नहीं करना चाहते हैं। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि अधिकारी ने पार्टी नेतृत्व को संदेश दिया है, उनके लिए पार्टी के साथ मिलकर काम करना मुश्किल होगा क्योंकि नेताओं ने उनके द्वारा उठाई की समस्याओं का समाधान किए बिना और उन्हें बोलने का मौका दिए बिना मीडिया में झूठे दावे किए हैं। बैठक के बाद से अधिकारी से संपर्क नहीं हो पा रहा है। अधिकारी की नाराजगी की जानकारी होने पर तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा सदस्य सौगत रॉय ने कहा, मैंने मंगलवार को जो भी कुछ कहा, वह बैठक में सामने आया सच था। अब अगर सुवेंदु ने अपना रुख बदल लिया है तो उन्हें स्पष्ट करना चाहिए। मुझे अब कुछ नहीं कहना है। बागी नेता को मनाने के लिए नए सिरे से वार्ता करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर रॉय का जवाब नकारात्मक रहा। तृणमूल पार्टी के एक नेता ने पहचान गोपनीय रखते हुए कहा कि अधिकारी इस बात से नाराज हैं कि रॉय ने मंगलवार रात को जल्दबाजी करते हुए दावा कर दिया कि सभी मुद्दों का समाधान हो गया है जबकि छह दिसंबर को संवाददाता सम्मेलन होना था।

अधिकारी के करीबी नेता ने कहा, शुवेंदु दा ने बैठक के बाद अपना रुख बताने के लिए कुछ समय मांगा था लेकिन पार्टी के कुछ नेताओं ने दूसरी ही तस्वीर पेश करने की कोशिश की। उन्हें यह पसंद नहीं आया और अब सबकुछ खत्म हो गया है। पूर्व मंत्री को मंगलवार और बुधवार को बार-बार फोन कॉल किया गया लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। उधर, अधिकारी के अपनी नाखुशी सार्वजनिक करने के बाद तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा सदस्य सौगत रॉय ने कहा, मंगलवार की रात को मैंने जो कुछ भी कहा था, वह बैठक के नतीजे के बारे में सच था। अगर शुभेंदु ने अपना रुख बदल लिया है तो अब उन्हें स्पष्ट करना है। मुझे और कुछ नहीं कहना है। रॉय से जब यह पूछा गया कि क्या नाराज नेता से नए सिरे से बातचीत शुरू करने की कोई संभावना है तो उन्होंने इसका नकारात्मक जवाब दिया। इस बीच, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, तृणमूल कांग्रेस रोज नए हथकंडे के साथ सामने आ रही है। अब वह रंगे हाथ पकड़ी गई है। कोई भी सक्षम नेता, तृणमूल कांग्रेस जैसी पार्टी में कभी स्थान नहीं पा सकता। गौरतलब है कि नंदीग्राम आंदोलन का चेहरा रहे अधिकारी ने पिछले हफ्ते राज्य के परिवहन, सिंचाई और जलमार्ग मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

इससे अटकलें लगने लगी थीं कि वह अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को छोड़ सकते हैं। अधिकारी को मनाने के लिए कई दौर की बातचीत हुई, माना जाता है कि वह संगठन में बदलाव और अभिषेक बनर्जी एवं प्रशांत किशोर की पार्टी में बढ़ते कद से नाखुश हैं। कई मौकों पर पार्टी नेतृत्व के प्रति शिकायतों का इजहार कर चुके असंतुष्ट विधायक अधिकारी पूर्वी मेदिनीपुर जिले के शक्तिशाली अधिकारी परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता शिशिर अधिकारी और भाई दिव्एंदु अधिकारी क्रमश: तामलुक और कंठी लोकसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस के सांसद हैं। अधिकारी का पश्चिमी मेदिनीपुर, बांकुड़ा, पुरुलिया, झाड़ग्राम और बीरभूम के कुछ हिस्सों और अल्पसंख्यक बहुल मुर्शिदाबाद जिले के अंतर्गत आने वाली 40-45 विधानसभा सीटों पर खासा प्रभाव है। गौरतलब है कि राज्य की 294 सदस्ईय विधानसभा के लिए अगले वर्ष अप्रैल-मई में चुनाव होना है।

## पंजाब में सीएम अमरिंदर सिंह को कोविड-19 टीके की पहली खुराक दी जाएगी

भाषा। चंडीगढ़

**आईसीएमआर** द्वारा कोविड-19 बीमारी से लड़ने के लिए तैयार संभावित टीके की मंजूरी मिलने के बाद पंजाब में पहली खुराक मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह को दी जाएगी और इसके बाद राज्य के 1.25 लाख स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण होगा।

बुधवार को यहां जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, राज्य सरकार ने यहां की तीन करोड़ आबादी में से 23 प्रतिशत आबादी यानी 70 लाख को प्राथमिकता के आधार पर टीका लगाने की योजना बनाई है जिनमें स्वास्थ्य कर्मी, महामारी के दौरान अग्रिम मोर्चो पर कार्य करने वाले, 50 साल से अधिक उम्र के लोग और पहले से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोग शामिल हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक राज्य में टीकाकरण की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की।




भोपाल में 1984 गैस आपदा में मारे गए पीड़ित परिवारों के सदस्यों की कोविड-19 से हुई मौतों पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी

# मथुरा में चकबंदी के 24 वर्ष बाद भी नहीं हुए चक परिवर्तन

● आए दिन किसानों में हो रहे विवाद

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में गोवर्धन तहसील के राधाकुण्ड कस्बे में करीब 24 वर्ष पूर्व चकबंदी पूरी होने के बावजूद आज तक चक परिवर्तन नहीं कराए गए हैं जिससे किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने राजस्व परिषद के अध्यक्ष और जिलाधिकारी को पत्र लिखकर जल्द ही चक परिवर्तन कराए जाने की मांग की है। मीडिया में जारी पत्र की प्रति के अनुसार उन्होंने लिखा है कि तमाम शिकायतों पर भी प्रशासन ने न तो यहां चक परिवर्तन कराए हैं और न ही सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटवाए हैं। पत्र में कहा गया है कि राधाकुण्ड में वर्ष 1996 में चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण हो गई थी, अब तक 24 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आज तक चक परिवर्तन नहीं होने से किसानों के बीच अक्सर झगड़े होते हैं।

# ममता बनर्जी का कार्यक्रम अंतिम समय में रद्द

● टीएमसी ने जताई नाराजगी

भाषा। कोलकाता



**ऑक्सफोर्ड** यूनियन डिबेटिंग सोसाइटी ने बुधवार को अप्रत्याशित परिस्थितियों का हवाला देकर अंतिम समय में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रस्तावित डिजिटल संबोधन को स्थगित कर दिया, जिससे सत्तारूढ़ टीएमसी भौंहें तन गईं।

बनर्जी दोपहर करीब ढाई बजे द ऑक्सफोर्ड यूनियन डिबेट को संबोधित करने वाली पहली भारतीय महिला मुख्यमंत्री बनने वाली थीं, लेकिन आयोजकों ने करीब। बजकर 50 मिनट पर कार्यक्रम स्थगित कर दिया। राज्य के गृह विभाग ने ट्विटर पर लिखा, आज दोपहर अचानक आयोजकों ने अंतिम समय में कार्यक्रम स्थगित करके उसमें बदलाव का अनुरोध किया। विभाग ने कहा, आयोजकों की ओर से टेलीफोन पर अनुरोध किया गया। उन्होंने इसके लिए तत्काल पैदा हुई अप्रत्याशित परिस्थितियों का हवाला दिया। ऑक्सफोर्ड यूनियन का आज का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। इस घटनाक्रम से नाराज टीएमसी नेतृत्व ने दावा किया कि यह फैसला लेने के लिए आयोजकों पर राजनीतिक दबाव डाला गया होगा।

टीएमसी के एक वरिष्ठ सांसद ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर पीटीआई-भाषा से कहा, यह अभूतपूर्व है...महीनों पहले तय हो चुके कार्यक्रम को इसके शुरु होने से कुछ ही मिनट पहले रद्द कर दिया गया। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के उनके कार्यक्रमों और विदेश यात्राओं के अंतिम समय पर रद्द किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी के संबोधन को रोकने के लिए ऊपरी स्तर से पूरा दम-खम लगाया गया होगा। हम ऐसी राजनीति की निंदा करते हैं।

इससे पहले, 2018 में स्वामी विवेकानंद की जयंती के मौके पर शिकागो में बनर्जी के एक कार्यक्रम, चीन की प्रस्तावित यात्रा और दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज में उनके संबोधन को अंतिम समय में रद्द कर दिया गया था। ऑक्सफोर्ड यूनियन डिबेटिंग सोसाइटी ने खेद प्रकट करते हुए सरकार को भेजे ई-मेल में लिखा, हमारे दर्शकों ने बेशुमार प्रश्न भेजे और हम उन प्रश्नों का चुनाव कर रहे हैं। कभी-कभी हालात पर आपका बस नहीं चलता। राज्य के सचिवालय के सूत्रों ने कहा कि बनर्जी संबोधन के दौरान कन्याश्री , रूपाश्री , कृषक बंधू और दुआरे बांग्ला जैसी अपनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर बोलने वाली थीं। सूत्रों ने कहा कि उन्हें जुलाई में निमंत्रण मिला था।

# शिक्षण समुदाय को साइबर सुरक्षा पर काम करने को प्रोत्साहित करें

● विश्वविद्यालयों से यूजीसी ने कहा

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सभी विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे शिक्षण समुदाय को साइबर सुरक्षा पर काम करने और इस विषय को पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए प्रेरित करें। आयोग ने उल्लेख किया है कि सरकार राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा रणनीति दस्तावेज तैयार करने की प्रक्रिया में है और तब तक स्कूल स्तर पर भी साइबर सुरक्षा जागरूकता शुरू हो जानी चाहिए।

यूजीसी सचिव रजनीश जैन ने उपकुलपतियों को लिखे पत्र में कहा है, साइबरस्पेस एक जटिल परिवेश है जिसमें सूचना और संचार प्रौद्योगिकी उपकरणों तथा नेटवर्क की मदद से लोगों के बीच संपर्क, सॉफ्टवेयर और सेवाएं शामिल हैं। यह इरादतन या अकस्मात, मानव निर्मित या प्राकृतिक घटनाओं के लिहाज से काफी संवेदनशील है। इसलिए, साइबर सुरक्षा आज की जुड़ी हुई दुनिया में प्रमुख चिंता का विषय बन गई है। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा रणनीति दस्तावेज तैयार करने की प्रक्रिया में है और इस बीच यह निर्णय किया गया है कि स्कूल स्तर पर साइबर सुरक्षा जागरूकता शुरू हो जानी चाहिए जहां पाठ्यक्रम साइबर सुरक्षा कदमों के साथ शुरू हो सकता है और इसमें आईआईटी तथा उच्च शिक्षा स्तर पर उत्तरोत्तर आक्रामक तथा रक्षात्मक पहलू शामिल हों।

आयोग ने उच्च शिक्षण संस्थानों को साइबर सुरक्षा जागरूकता क्रियान्वयन पर उचित कार्वाई का निर्देश देते हुए कहा, उच्च शिक्षण संस्थान शिक्षण समुदाय को साइबर सुरक्षा स्टार्टअप पर काम करने तथा हैकाथन आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं और बढ़ावा दे सकते हैं।

# अयोध्या आंदोलन का समर्थन करने वाली पहली पार्टी कांग्रेस थी: पुस्तक में किया गया दावा

भाषा। नई दिल्ली

**लेखक** विनय सीतापति ने अपनी एक नई पुस्तक में दावा किया है कि कांग्रेस ऐसी पहली राजनीतिक पार्टी थी, जिसने 1983 में उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर शहर में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) द्वारा आयोजित हिंदू सम्मेलन में अयोध्या आंदोलन को प्रोत्साहित किया था।

सीतापति ने जुगलबंदी: द बीजेपी बीफोर मोदी पुस्तक में कहा है कि यह महज संयोग नहीं था कि कांग्रेस के दो पूर्व मंत्री दाऊ दयाल खन्ना और गुलजारीलाल नंदा इस सम्मेलन में उपस्थित थे। पुस्तक का प्रकाशन पेंग्वीन ने किया है। खन्ना उत्तर प्रदेश में मंत्री रहे थे, जबकि कांग्रेस के प्रमुख नेताओं में शामिल नंदा देश के तीन प्रथम प्रधानमंत्रियों --जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री और इंदिरा गांधी--के मंत्रिमंडल में मंत्री रहे थे। नंदा दो बार कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने, 1964 में नेहरू के निधन के बाद और 1966 में शास्त्री की मृत्यु के बाद। सीतापति ने पुस्तक में दावा किया है, अयोध्या आंदोलन को प्रोत्साहित करने वाली पहली पार्टी कांग्रेस थी। यहां तक कि (लाल कृष्ण) आडवाणी ने अयोध्या आंदोलन के लिए कांग्रेस का शुरूआती समर्थन स्वीकार किया था। वहीं, इसके उलट भाजपा दूर रही थी। सीतापति ने पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव की जीवनी हाफ लॉयन भी लिखी है।

सीतापति ने अपनी नई पुस्तक में कहा है, ...जब विहिप ने 1983 में मुजफ्फरनगर में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया था, खुद को तुलसीदास के 20वीं सदी का अवतार बताने वाले दाऊ दयाल खन्ना स्टार वक्ता थे। कांग्रेस के एक अन्य नेता गुलजारीलाल नंदा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की उपस्थिति में खन्ना ने अपने विचार एक बार फिर से प्रकट किए, जिसमें उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण पर जोर दिया। हाल ही में विमोचित की गई पुस्तक में कहा गया है, वह खन्ना ही थे, जिन्होंने तीन उत्तर भारतीय मस्जिदों के बारे में भी मांग रखी, जिसमें उन्होंने दावा किया कि ए (मस्जिदें) मंदिरों के ध्वंसावशेषों पर निर्मित की गई हैं। अशोका विश्वविद्यालय में अध्यापन करने वाले सीतापति ने दावा किया है, खन्ना ने जिन मंदिरों का उल्लेख किया है, वे विभिन्न देवी-देवताओं के रहे होंगे: कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा, शिव से जुड़ा स्थान काशी और राम की जन्म स्थली अयोध्या। उन्होंने मांग की थी कि मस्जिदों को ध्वस्त करने के बाद फिर से मंदिर बनाए जाएं। निजी दस्तावेजों, पार्टी के दस्तावेजों, समाचार पत्रों और 200 से अधिक साक्षात्कारों के आधार पर यह पुस्तक आरएसएस, जनसंघ--जो बाद में भाजपा बन गया--की दशकों लंबी गाथा और इसके संस्थापक नेताओं, अटल बिहारी वाजपेई एवं लाल कृष्ण आडवाणी की साझेदारी के साथ-साथ भारतीय राजनीति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के वर्चस्व को बयां करती है।

पुस्तक में कांग्रेस के एक नेता का भी बयान शामिल किया गया है और कहा गया है, उन्होंने ये अफवाहें सुनीं थी कि इंदिरा गांधी पूजा अर्चना के लिए बाबरी मस्जिद के ताले 1983 में खोलने की योजना बना रही थी। हालांकि, कांग्रेस के इस नेता ने पुस्तक में अपने नाम का उल्लेख किए जाने से मना कर दिया है। उल्लेखनीय है कि बाबरी मस्जिद के ताले पूजा अर्चना के लिए एक फरवरी 1986 को खोले गए, जो तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के फैसले के बाद किया गया।

## मुख्य सचेतक ने कर्नाटक भाजपा प्रमुख से पार्टी विधायकों की बैठक बुलाने को कहा

**बेंगलुरु।** भाजपा की कर्नाटक इकाई के भीतर गुटबाजी की खबरों के बीच पार्टी विधायक और विधानसभा में सरकार के मुख्य सचेतक वी सुनील कुमार ने प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कटील से मंत्रिमंडल विस्तार और बोर्ड में नियुक्तियों सहित हालिया घटनाक्रमों पर चर्चा के लिए विधायकों की बैठक बुलाने को कहा है। मंत्रियों, विधायकों और पार्टी नेताओं के सार्वजनिक बयान देने पर चिंता जताते हुए उन्होंने कटील से आग्रह किया कि इस पर तुरंत रोक लगाई जाए। कुमार ने एक दिसंबर को कटील को लिखे अपने पत्र में कहा, इस तरह के सार्वजनिक बयानों से हजारों पार्टी कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों को ठेस पहुंची है, जो एक विचारधारा के तहत अनुशासन के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पुराने और नए नेताओं में भेद किए बिना पार्टी के अनुशासनात्मक ढांचे बारे में सभी को स्पष्ट कर देना चाहिए और मुझे विश्वास है कि आप यह जल्द से जल्द करेंगे।

# नौसेना ने हिंद महासागर में चीनी दुस्साहस को रोकने में अहम भूमिका निभाई: वाइस एडमिरल

भाषा। कोच्चि

**नौसेना** के एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को कहा कि चीन और भारत के बीच सीमा को लेकर तनाव बढ़ने के दौरान भारतीय नौसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र में चीनी नौसेना के किसी भी दुस्साहस को रोकने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

दक्षिणी नौसैन्य कमान के कमांडिंग-इन-चीफ फ्लैग ऑफिसर वाइस एडमिरल ए के चावला ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारतीय नौसेना ने उस समय हिंद महासागर में चीन की सेना पीएलए के किसी भी दुस्साहस को रोकने का काम किया। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि उन सबके पास संदेश चला गया कि समुद्र में किसी तरह का दुस्साहस काम नहीं आएगा। वाइस एडमिरल से एक सवाल पूछा गया था कि क्या दोनों देशों के बीच पूर्वी लद्दाख में बढ़े तनाव के दौरान भारत के लिए समुद्र में भी किसी तरह की चुनौती पेश आई।

उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता है कि समुद्र में भारत के खिलाफ कोई शरारत करने का प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना अपनी क्षमता बढ़ाने पर ध्यान दे रही है और मित्र देशों के साथ तालमेल कर रही है। वाइस एडमिरल ने कहा, हमारे बल के पास संचालन की क्षमता है। हम हमेशा तैयार रहते हैं।

### स्वदेशी विमानवाहक पोत का अगले साल के अंत या 2022 के आरंभ में होगा जलावतरण: चावला

**कोच्चि।** कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में स्वदेशी विमान वाहक पोत (आईएसी) का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है और अगले साल के अंत या 2022 के आरंभ में इसका जलावतरण किया जाएगा। दक्षिणी नौसैन्य कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल अनिल कुमार चावला ने बुधवार को यह बात कही। वाइस एडमिरल चावला ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया, अगले साल (2021) के अंत तक या 2022 की शुरुआत में इसका जलावतरण हो जाएगा। नौसैन्य बेस में आईएनएस शार्दूल पर मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगले साल के शुरुआती छह महीनों में आईएएसी को परीक्षण के लिए समुद्र में ले जाया जाएगा और अंतिम छह महीने में विमानवाहक पोत से विमानों के संचालन को बेहतर करने का काम होगा। विमानवाहक पोत का सोमवार को बेसिन ट्रायल कामयाब रहा। समुद्र में जहाज को उतारने के पहले उसकी मशीनरी और अन्य उपकरणों की जांच परख के लिए बेसिन ट्रायल किया जाता है।

# पेज 1 का शेष



## फिल्म उद्योग...

कृष्ण की मथुरा, वृंदावन मात्र आधे घण्टे और आगरा सिर्फ एक घण्टे की दूरी पर है। कनेक्टिविटी और अन्य बुनियादी सुविधाएं भी बेहतरीन हैं। मुख्यमंत्री ने फिल्मी हस्तियों से यूपी के लॉ एंड आर्डर पर कहा कि रही माहौल की बात, तो हम तो राम को मानते हैं। परंपरा के अनुसार राम-राम कहकर सज्जनों का स्वागत करते हैं। दुर्जनों के लिए एक ही शब्द है राम नाम सत्य का। विकास हमारी प्रतिबद्धता है। विकास आएगा, तो बाकी चीजें अपने आप आएंगी। लोगों का डर और असमंजस दूर हो जाएगा। उत्तर प्रदेश में यह सब हो रहा है। आप आइए आपका स्वागत है।

## उद्योगपतियों को...

फील्ड एयरपोर्ट बना रही है। पूर्वांचल, पूर्वांचल लिंक, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का निर्माण जारी है। करीब 600 किमी लंबा मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाला गंगा एक्सप्रेस वे जून 2021 से बनना शुरू हो जाएगा। इनके किनारों पर औद्योगिक गलियारे बनाए जाएंगे। हर जिले के एक जिला, एक उत्पाद के लिए क्लस्टर भी बनाएंगे। आप लोग इन सेक्टर्स में भी निवेश कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 75 में से कई जिलों में अब भी मेडिकल कॉलेज की आवश्यकता है। इन जिलों में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज बनाने के बारे में भी आप विचार कर सकते हैं। प्रदेश के कुछ हिस्सों में सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों की जरूरत है। मसलन गोरखपुर में नेपाल और बिहार, वाराणसी में भी बिहार से बड़ी संख्या में मरीज आते हैं। ऐसे में इन जगहों पर आप विशिष्ट अस्पताल बनाएं। सरकार आपका हर संभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से देश के दिग्गज कारोबारियों ने मुंबई में मुलाकात की। इसमें प्रमुख रूप से टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, हीरानंदानी ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. निरंजन हीरानंदानी, केकेआर इंडिया एडवाइजर्स प्राईवेट लिमिटेड के पार्टनर और सीईओ संजय नायर, सिमेंस इंडस्ट्री साफ्टवेयर लिमिटेड के वाइस प्रसिडेंट और एमडी सुप्रकाश चौधरी, एलएंडटी लिमिटेड के सीईओ और एमडी एसएन सुब्रमन्यन, कल्याणी ग्रुप के चेयरमैन बाबा कल्याणी, सेंट्रम कैपिटल लिमिटेड के चेयरमैन जसपाल बिंद्रा, वन 97 कम्यूनिकेशंस लिमिटेड के प्रेसिडेंट अमित नैय्यर, एके कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड के डायरेक्टर विकास जैन और एसोसिएट डायरेक्टर वरुण कौशिक और नाबार्ड के चेयरमैन डॉ. गोविंद रूजुलू चिंतला शामिल थे।

## रक्षा उत्पादों...

दिए। साथ ही इस बारे में सरकार की ओर से किए जा कार्यों को लेकर सराहना भी की। उन्होंने कहा कि 2018 में जब यूपी का पहला इंवेस्टर समिट हुआ था तब जो निवेश प्रदेश में हुआ था। उसके साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग कारिडोर की घोषणा की थी। यूपी में डिफेंस कॉरिडोर के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं क्योंकि हमारे पास टेक्नॉलोजी और नॉलेज के लिए बेहतर पार्टनर के रूप में आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू है। योगी ने कहा कि देश में सबसे बड़ी यूनिट्स एमसएसएमई की यूपी में ही हैं। कोरोना काल के दौरान हम लोगों ने प्रदेश में साढ़े 10 लाख से अधिक एमएसएमई यूनिटों को बैंकों के साथ जोड़ने की सफलता प्राप्त की है। रोजगार की व्यापक संभावनाओं को आगे बढ़ाया है। एक्सप्रेस वे का इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदेश में क्रिएट हुआ है और हो रहा है, वह प्रदेश की इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए बड़ी उपलब्धि है।

## ब्रिटेन ने...

के बाद इसकी मंजूरी दी गई और मानकों के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया गया। अमेरिकी दवा कंपनी फाइजर और जर्मन कंपनी बायोएनटेक ने साथ मिलकर इस टीके को विकसित किया है। कंपनी ने हाल में दावा किया था कि परीक्षण के दौरान उसका टीका सभी उम्र, नस्ल, अलग-अलग जगह के लोगों पर कारगर रहा। प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इस शानदार खबर का स्वागत किया और इसकी पुष्टि की है कि अगले सप्ताह से टीका उपलब्ध कराने की शुरुआत होगी। जॉनसन भी कोरोना वायरस से संक्रमित हुए थे। उन्होंने कहा, टीका से हमें जान बचाने में मदद मिलेगी और अर्थव्यवस्था फिर से आगे बढ़ेगी। टीका की दो खुराक दी जाएगी। पहली खुराक के 21 दिन बाद दूसरी खुराक दी जाएगी। दूसरी खुराक के सात दिनों बाद प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूती मिलने लगेगी। एमएचआरए ने कहा कि लोगों को टीका दिए जाने के साथ वह आंकड़ों पर भी करीबी नजर बनाए रखेगी। ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री मैट हैंकॉक ने कहा, मैं रोमांचित महसूस कर रहा हूं। मदद आने वाली है। यह साल बहुत कठिन रहा लेकिन 2021 बेहतर साल होगा। सरकार ने एमएचआरए की सिफारिश को औपचारिक तौर पर स्वीकार किया है। इसका मतलब है कि आगामी दिनों में जोखिम वाली श्रेणी के लोगों का टीकाकरण होगा। टीका की आठ लाख खुराक अगले कुछ दिनों में ब्रिटेन पहुंच जाएगी और जल्द ही टीका की एक करोड़ खुराक उपलब्ध हो जाएगी। स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल विभाग (डीएचएससी) के एक प्रवक्ता ने बताया, अगले सप्ताह से समूचे ब्रिटेन में टीका उपलब्ध कराया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के पास टीकाकरण का व्यापक अनुभव है और वह इसके लिए तैयारी शुरू करेगी। ब्रिटेन में टीकाकरण को लेकर बनाई गई संयुक्त कमेटी बुजुर्गों, स्वास्थ्यकर्मियों समेत प्राथमिकता समूह वाले लोगों को टीका देने के संबंध में अपनी सलाह प्रकाशित करेगी। वृद्धाश्रमों में रहने वाले लोग, वहां के कर्मचारी, 80 साल से ज्यादा उम्र के लोगों और स्वास्थ्यकर्मियों का पहले चरण में टीकारकरण होगा। एनएचएस के मुख्य कार्यकारी सिमॉन स्टीवेंस ने कहा कि देश के इतिहास में इतने बड़े पैमाने पर टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य सेवा बड़े स्तर पर तैयारी कर रही है। करीब 50 अस्पतालों को इसके लिए तैयार रखा गया है और टीकाकरण केंद्रों की स्थापना की जा रही है।

## संसद सत्र...

किसान मोर्चा के गुरुनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री ने किसानों का समर्थन किया है और किसानों पर आंसू गैस के गोले, लाठियां भांजने तथा वॉटर कैनन के इस्तेमाल का विरोध किया है। यदि सरकार ने जल्द कोई कदम नहीं उठाया तो हमें कुछ कार्रवाई करनी पड़ेगी। यदि सभी तीनों कृषि बिल कल वापस नहीं लिए गए तो हम अन्य राज्यों से जुड़ने वाली दिल्ली की सभी सीमाओं को बंद कर देंगे।' बुधवार को बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी चिल्ला बॉर्डर पर जुटे और इसमें अधिकांश पश्चिमी उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद, मेरठ, नोएडा और इटावा से थे। इस दौरान चिल्ला बॉर्डर पर ट्रैफिक थमा रहा। हालांकि बाद में इसे खोल दिया गया। इस बीच सिंघू सीमा पर बड़ी संख्या में किसानों को विरोध प्रदर्शन में शामिल होते देखा गया। विरोध प्रदर्शन का यह मुख्य स्थल है। दिल्ली की सीमाओं पर भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यहां कंक्रीट बैरियर तथा कई स्तरीय बैरिकेड लगाए गए हैं। पुलिस के मुताबिक सीमाओं पर वाहनों की जांच भी तेज कर दी गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि यूपी गेट के पास गाजीपुर बॉर्डर पर सीमेंट तथा कई स्तरीय बैरिकेड लगाए गए हैं। यहां शनिवार से बड़ी संख्या में किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी से जुड़ने वाली गुरुग्राम तथा झज्जर-बहादुरगढ़ सीमा को बुधवार को एहतियातन बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही पांच सीमाओं को बंद कर दिया गया है। इसमें सिंघू तथा टिकरी भी शामिल हैं। ट्रैफिक पुलिस ने कहा टिकरी, झड़ौदा तथा जटीकरा को सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया है। बादूसराय सीमा को केवल दो पहिया वाहनों के लिए खोला गया है। फिलहाल हरियाणा से जुड़े धानसा, दौराला, कापसहेड़ा, रजोकरी एनएच-8, बिजवासन, पालम विहार और ढूंढाहेड़ा से जुड़ी सीमाएं खुली है। इस दौरान सभी वाहन वैकल्पिक मार्गो को अपनाया जिससे वहां भी लंबा जाम लग गया। दिल्ली में प्रवेश करने तथा बाहर जाने वाले वाहनों चालकों को समस्या का सामना करना पड़ा।

## ट्रंप प्रशासन...

ऑफ कॉमर्स, बे एरिया काउंसिल और स्टैनफोर्ड समेत कुछ विश्वविद्यालयों और सिलिकॉन वैली की गूगल, फेसबुक व माइक्रोसॉफ्ट जैसी शीर्ष कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले कारोबारी निकायों की तरफ से दायर किया गया था।

## कृष्ण गोवर्धन...

होगी। ताजमहल के संरक्षण को लेकर पर्यावरणविद एम सी मेहता द्वारा दायर जनहित याचिका और कुछ अन्य याचिकाओं पर सुनवाई शुरू होने पर पीठ ने राज्य सरकार से पूछा कि परियोजना के लिए कितने वृक्ष काटे जाएंगे।

## चयनकर्ताओं से कोई संवाद नहीं : मलिक

**नई दिल्ली।** अनुभवी हरफनमौला शोएब मलिक ने बुधवार को कहा कि उन्हें नही पता कि पाकिस्तानी टीम के न्यूजीलैंड दौरे से उन्हें बाहर क्यों किया गया क्योंकि राष्ट्रीय चयन समिति से उनका कोई संवाद नही हुआ। पिछले महीने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने न्यूजीलैंड दौरे के लिए संयुक्त टीम घोषित की। मलिक अब केवल टी20 प्रारूप खेलते है, लेकिन उन्हें 35 सदस्ईय टीम में नही चुना गया।

## हसन ने प्रोटोकॉल के उल्लंघन के लिए माफी मांगी

**कराची।** जैविक रूप से सुरक्षित प्रोटोकॉल के उल्लंघन के बाद घरेलू क्रिकेट से बाहर किए गए पाकिस्तानी स्पिनर रजा हसन ने अपने बर्ताव के लिए माफी मांगी है कि और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से अपील की कि उन्हें कायदे आजम ट्राफी के बचे हुए मैचों में भाग लेने दिया जाए। पीसीबी के हाई परफोरमेंस सेंटर ने हसन को बाहर कर दिया था जब वह टीम प्रबंधन या मेडिकल पैनल को सूचित किए बिना कराची में टीम होटल से छोड़कर चले गए थे।

## गोवा के रीडीम पर एक अतिरिक्त मैच का निलंबन

**मडगांव।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की अनुशासनात्मक समिति ने बुधवार को मुंबई सिटी एफसी के खिलाफ इंडियन सुपर लीग मैच के दौरान खतरनाक फाउल करने के लिए एफसी गोवा के रीडीम तलांग पर अतिरिक्त एक मैच का निलंबन लगाया। एआईएफएफ ने पिछले हफ्ते 25 नवंबर को मैच में मुंबई के हर्नान संताना को जूते से गिराने के कारण लाल कार्ड दिए जाने के बाद तलांग को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। लाल कार्ड दिए जाने से उन पर एक मैच का प्रतिबंध लगा था।

## माराडोना मामले में अर्जेंटीना पुलिस ने दूसरे डॉक्टर के दफ्तर की तलाशी ली

**ब्यूनस आयर्स।** डिएगो माराडोना की मौत की जांच कर रही पुलिस ने फुटबॉल के इस महानायक की तीमारदारी करने वाली मनोचिकित्सक के कार्यालय और घर की तलाशी ली। पुलिस इस मामले में चिकित्सा को लेकर अनदेखी की जांच कर रही है। अटार्नी जनरल से आदेश मिलने के बाद पुलिस ने मंगलवार को मनोचिकित्सक आगस्टिना कोसाचोव के दफ्तर में प्रवेश किया। वही पुलिस के दूसरे दल ने उनके घर की छानबीन की।

## बार्कले की जगह न्यूजीलैंड क्रिकेट के चेयरमैन बने स्नीडन

**वेलिंगटन।** पूर्व खिलाड़ी माइकल स्नीडन न्यूजीलैंड क्रिकेट के नए चेयरमैन चुने गए है जो जार्ज बार्कले की जगह लेंगे। बार्कले हाल ही में आईसीसी के चेयरमैन बने है जिसकी वजह से उन्हें पद छोड़ना पड़ा। स्नीडन 1990 से 1992, 1999 से 2001 और 2013 से अब तक न्यूजीलैंड क्रिकेट के पूर्व मुख्य कार्यकारी और बोर्ड के सदस्य रह चुके है।

# पंड्या-बुमराह ने क्लीन स्वीप से बचाया



**भाषा।** कैनबरा

## तीसरे वनडे में दिलाई जीत, भारत ने आस्ट्रेलिया को 13 रन से हराया

हार्दिक पंड्या की एक और शानदार पारी के बाद लय में लौटे जसप्रीत बुमराह की उम्दा गेंदबाजी की मदद से भारत ने बुधवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और आखिरी एक दिवसीय क्रिकेट मैच में 13 रन से जीत दर्ज की हालांकि मेजबान टीम ने श्रृंखला 2–1 से अपनी झोली में डाली। पंड्या की 76 गेंद में 92 और जडेजा की 50 गेंद में 66 रन की नाबाद पारियों की मदद से भारत ने पांच विकेट पर 302 रन बनाए। कप्तान विराट कोहली ने भी 63 रन जोड़े। जवाब में आस्ट्रेलियाई टीम एक समय जीत की तरफ बढती नजर आ रही थी लेकिन 45वें ओवर में ग्लेन मैक्सवेल के आउट होने के बाद मैच उसकी जद से निकल गया। मेजबान टीम 49 . 3 ओवर में 289 रन ही बना सकी। आस्ट्रेलिया ने हालांकि सिडनी में खेले गए पहले दोनों मैच जीतकर श्रृंखला 2–1 से अपने नाम कर ली। भारत के लिए पहला मैच खेल रहे टी नटराजन ने दो और शारदुल ठाकुर ने तीन विकेट लिए लेकिन बुमराह ने मैक्सवेल का अहम विकेट लेकर भारत को मैच में लौटाया। उन्होंने 9 . 3 ओवर में 43 रन देकर दो विकेट लिए। मैक्सवेल ने 38 गेंद में 59 रन बनाए और वह आस्ट्रेलिया को क्लीन स्वीप की ओर ले जाते दिख रहे थे लेकिन बुमराह ने शानदार यार्कर पर उन्हें पवेलियन भेजा। इससे पहले भारतीय टीम में चार बदलाव किए गए थे और गेंदबाजी आक्रमण बदला हुआ था। आईपीएल की खोज नटराजन ने अपने पहले ही स्पैल में मार्नस लाबुशेन (सात) को आउट किया। वहीं मोहम्मद शमी की जगह आए ठाकुर ने पिछले दोनों मैचों में शतक जमाने वाले स्टीव स्मिथ (सात) को विकेट के पीछे लपकवाया। मोइजेस हेनरिक्स (22) और कप्तान आरोन फिंच (75) ने 51 रन की साझेदारी की जिसे ठाकुर ने तोड़ा और हेनरिक्स को आउट किया। बीच के ओवरों में कुलदीप यादव ने किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने पहला वनडे खेल रहे कैमरन ग्रीन (21) का विकेट भी लिया। मैक्सवेल और एलेक्स कारे ने इसके बाद डटकर खेला। ऐसा लग रहा था कि दोनों टीम को जीत तक ले जाएंगे लेकिन कारे अहम मौके पर रन आउट हो गए। इससे पहले भारत की शुरूआत खराब रही लेकिन पंड्या और जडेजा 32वें ओवर में साथ आए और छठे विकेट के लिए 150 रन की अटूट साझेदारी करके खेल की तस्वीर बदल दी। एक समय ऐसा लग रहा था कि भारतीय टीम 250 रन भी नहीं बना सकेगी लेकिन जडेजा और पंड्या ने भारत को 300 के पार पहुंचाया। दोनों ने क्रीज पर जमने में समय लिया लेकिन इसके बाद तेजी से रन बनाए। उन्होंने 46वें से 48वें ओवर के बीच 53 रन बनाए। आखिरी पांच ओवरों में 73 रन बने। पंड्या ने अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया जबकि जडेजा ने पांच चौके और तीन छक्के जड़े। कोहली, पंड्या और जडेजा के अलावा भारत का कोई बल्लेबाज सपाट पिच पर खुलकर नहीं खेल सका। शिखर धवन (16) और केएल राहुल (पांच) जैसे सीनियर बल्लेबाज खराब शॉट खेलकर आउट हुए जबकि श्रेयस अय्यर भी 19 रन ही बना सके। मानुका ओवल की पिच बड़े स्कोर के लिए जानी जाती है लेकिन भारतीय शीर्षक्रम यहां लय हासिल नहीं कर सका।

### वनडे में सबसे तेजी से 12 हजार रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने कोहली

**कैनबरा।** विराट कोहली बुधवार को सचिन तेंदुलकर का रिकार्ड तोड़कर वनडे में सबसे तेजी से 12000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए। कोहली ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और आखिरी मैच के दौरान यह रिकार्ड बनाया। कोहली को मैच से पहले इस आंकड़े तक पहुंचने के लिए 23 रन की जरूरत थी। उन्होंने अपनी 242वी पारी में सीन एबोट की गेंद पर 13वें ओवर में एक रन लेकर यह रन पूरे किए। तेंदुलकर 300 पारियों मे इस मुकाम तक पहुंचे थे। भारतीय कप्तान का वनडे मे औसत 60 के करीब है और उनके नाम 43 शतक तथा 59 अर्धशतक है। उन्होंने 2008 मे वनडे क्रिकेट मे पदार्पण किया था। तेंदुलकर ने 1989 से 2012 के बीच 463 वनडे में 44 . 83 की औसत से 18426 रन बनाए जिसमें 49 शतक और 96 अर्धशतक शामिल थे।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी** : धवन का एगर बो एबोट 16,गिल पगबाधा एगर 33,कोहली का कारे बो हेजलवुड 63, अय्यर का लाबुशेन बो जाम्पा 19,राहुल पगबाधा बो एगर 5,पंड्या नाबाद 92,जडेजा नाबाद 66, **अतिरिक्त** : आठ रन, **कुल योग** : 50 ओवर मे पांच विकेट पर 302 रन, **विकेट पतन** :1-26, 2- 82, 3-114, 4-123, 5-152, **गेंदबाजी** : हेजलवुड 10-1-66-1,मैक्सवेल 5-0-27-0, एबोट 10-0-84-1, ग्रीन 4-0-27-0, एगर 10 -0- 44-2,जाम्पा 10- 0 -45-1, हेनरिक्स 1-0 -7-0

**आस्ट्रेलिया पारी** :लाबुशेन बो नटराजन 7,फिंच का धवन बो जडेजा 75,स्मिथ का राहुल बो ठाकुर 7, हेनरिक्स का धवन बो ठाकुर 22,ग्रीन का जडेजा बो कुलदीप 21,कारे रन आउट 38,मैक्सवेल बो बुमराह 59, एगर का यादव बो नटराजन 28,एबोट का राहुल बो ठाकुर 4,जाम्पा पगबाधा बो बुमराह 4, हेजलवुड नाबाद 7, **अतिरिक्त** : 17 रन, **कुल योग** : 49 . 3 ओवर मे 289 रन, **विकेट पतन** : 1-25, 2-56, 3-117, 4 -123, 5-158, 6-210, 7-268, 8-278, 9-278, **गेंदबाजी** : बुमराह 9.3-0-43-2, नटराजन 10-1- 70-2,ठाकुर 10-1-51-3, यादव 10-0-57-1, जडेजा 10-0- 62-1

## टीम में बदलाव से ताजगी आई: कोहली



**कैनबरा।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने बुधवार को कहा कि आस्ट्रेलिया पर तीसरे और अंतिम वनडे में मिली सांत्वना भरी जीत सही समय पर आई जो बचे हुए दौरे के लिए मनोबल बढ़ाएगी और ऐसा टीम में बदलाव से आई ताजगी के कारण ही हो सका। भारत ने मैच के लिए अंतिम एकादश में चार बदलाव किए और श्रृंखला गंवाने के बाद आस्ट्रेलिया पर 13 रन से जीत हासिल की। हम आस्ट्रेलियाई पारी के पहले और दूसरे हाफ में दबाव में थे। शुभमन (गिल) और अन्य के आने से थोड़ी ताजगी आई। टीम को इस तरह के मनोबल की जरूरत थी। पहले दो मैचों में साधारण दिखने वाले भारतीय गेंदबाजों ने मनुका ओवल की पिच से काफी मदद हासिल की। यह सिडनी की पिच से काफी बेहतर थी, जहां पहले दो मैच खेले गए थे।

### हार्दिक और जडेजा ने हमसे मैच छीन लिया : मैक्सवेल

**कैनबरा।** आस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल बुधवार को यहां तीसरे और अंतिम वनडे में भारत के रविंद्र जडेजा और हार्दिक पंड्या की शानदार बल्लेबाजी से काफी प्रभावित हुए।यह पूछने पर हार्दिक-जडेजा के बीच साझेदारी ने मैच भारत के पक्ष के कर दिया तो मैक्सवेल ने कहा, हां, निश्चित रूप से, मुझे लगता है कि विकेट जिस तरह से बर्ताव कर रहा था, हमने 150 रन पर पांच विकेट चटका लिए थे और गेंदबाजी लाइन-अप के बल्लेबाजी के लिए आने से केवल एक विकेट दूर थे, इसलिए हम जानते थे कि हम एक विकेट दूर है।

## आस्ट्रेलिया आईसीसी सुपर लीग तालिका में शीर्ष पर पहुंचा, भारत छठे स्थान पर

**दुबई।** आस्ट्रेलियाई टीम बुधवार को भारत के खिलाफ श्रृंखला में 2–1 की जीत से आईसीसी विश्व कप सुपर वनडे लीग अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। वहीं भारतीय टीम छठे स्थान पर काबिज है। श्रृंखला में जीत से आस्ट्रेलिया के 40 अंक हो गए जिससे उसने इंग्लैंड को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया। इंग्लैंड की टीम अब दूसरे स्थान पर है। भारत ने यहां तीसरा और अंतिम वनडे जीतकर टूर्नामेंट से पहले अंक हासिल किए और टीम नौ अंक से छठे स्थान पर है। आरोन फिंच की अगुआई वाली आस्ट्रेलियाई टीम ने सभी विभागों में शानदार प्रदर्शन के बूते विराट कोहली की टीम पर श्रृंखला के शुरूआती दो मैचों में जीत हासिल की। कैनबरा में तीसरे वनडे में पदार्पण करने वाले टी नटराजन ने मार्नस लाबुशेन को आउट कर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय विकेट झटका। आस्ट्रेलिया ने 13 टीम की चैम्पियनशिप की पिछली श्रृंखला में इंग्लैंड को 2–1 से शिकस्त दी थी। 13 टीमों की चैम्पियनशिप इस साल ही शुरू हुई जिससे आईसीसी पुरूष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए सीधे सात क्वालीफायर भी तय होंगे। भारत ने मेजबान होने के नाते स्थान पक्का कर लिया। मौजूदा विश्व कप चैम्पियन इंग्लैंड के 30 अंक हैं। उसने चैम्पियनशिप की शुरूआती श्रृंखला में आयरलैंड को 2–1 से हराया था। पाकिस्तान के जिम्बाब्वे के खिलाफ 2–1 की जीत से 20 अंक हैं। जिम्बाब्वे के 10 अंक हैं।

### ग्रिप में मामूली बदलाव से शानदार पारियां खेल सके स्मिथ

**कैनबरा।** आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने खुलासा किया कि उन्होंने अपनी बल्ले की ग्रिप (पकड़) को हल्का सा बदलकर फार्म में वापसी की और वह नतीजों से काफी खुश थी क्योंकि वह भारत के खिलाफ मेजबान टीम के लिए लगातार शतकीय पारियां जड़ने में सफल रहे। श्रृंखला शुरू होने से पहले स्मिथ ने चेताया था कि वह फार्म में वापसी कर चुके हैं।

### स्टार्क कमर की चोट के कारण बाहर

कैनबरा। आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क कमर और पसली की चोट के कारण बुधवार को भारत के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे से बाहर रहना पड़ा। आस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच ने यह जानकारी दी। स्टार्क पहले दो मैचों में भी जूझते नजर आए थे। डेविड वॉर्नर भी चोट के कारण बाहर हैं।

### अंतिम टी20 के लिए दर्शकों से खचाखच भरा होगा एससीजी

**सिडनी।** भारत और आस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के खचाखच भरे स्टेडियम में खेले जाने की तैयारी है क्योंकि न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) सरकार ने सात दिसंबर से स्टेडियम पर से पाबंदियां हटा दी हैं। पूरी दुनिया कोविड–19 महामारी से जूझ रही है और आस्ट्रेलिया व भारत के बीच वनडे श्रृंखला के दौरान पाबंदियों के साथ दर्शकों की स्टेडियम में वापसी हुई (स्टेडियम में केवल 50 प्रतिशत सीटों पर ही दर्शकों को अनुमति दी गई)। हालांकि एनएसडब्ल्यू के प्रीमियर ग्लेडिस बेरेजिक्लियान ने घोषणा की कि स्टेडियम में सात दिसंबर से पूरी क्षमता में दर्शकों को अनुमति दी जा सकती है।

# शास्त्री को रोहित की चोट के बारे में कोहली को बताना चाहिए था : गंभीर

### प्रबंधन और चयनकर्ताओं के बीच संवादहीनता दुर्भाग्यपूर्ण

**भाषा।** नई दिल्ली



भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मानना है कि रोहित शर्मा की चोट को लेकर भारतीय टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं के बीच संवादहीनता दुर्भाग्यपूर्ण है और मुख्य कोच रवि शास्त्री को इस बारे में कप्तान विराट कोहली को बताना चाहिए था। आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला शुरू होने से पहले कोहली ने रोहित की चोट को लेकर लग रही अटकलबाजियों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि तस्वीर स्पष्ट नहीं होने और गलतफहमी की वजह से टीम प्रबंधन उनकी उपलब्धता को लेकर बस इंतजार ही करता रह गया। सभी पक्ष इस स्थिति से बेहतर तरीके से निपट सकते थे। यह दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि कप्तान कह रहा है कि उसे इस बारे में पता नहीं है। इस पूरे मामले में सबसे अहम तीन व्यक्ति मुख्य फिजियो, मुख्य कोच और चयन समिति के अध्यक्ष हैं। इन लोगों को एकमत होना चाहिए था। मुख्य कोच को चाहिए था कि वह रोहित शर्मा के बारे में विराट कोहली को ताजा जानकारी दे। रोहित भारतीय बल्लेबाजी क्रम का अभिन्न अंग है और आस्ट्रेलिया दौरे पर उनकी जरूरत थी।

### कुलदीप ने वापसी कर ली है, पहले टी20 में उन्हें आजमा सकता है भारत : गावस्कर

**कैनबरा।** महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा कि लगता है कि कुलदीप यादव ने लय मे वापसी कर ली है और भारत पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में युजवेंद्र चहल की जगह उनके साथ बरकरार रह सकता है। गावस्कर ने कहा, कुलदीप अच्छी लय में दिखे। उसने काफी लंबे समय पर गेंदबाजी की। मुझे लगता है कि कम से कम पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय तक उन्हें आजमाया जा सकता है और देख सकते है कि यह कैसा रहता है। तीन मैचों की टी20 श्रृंखला शुक्रवार से शुरू होगी। गावस्कर को यह भी लगता है कि अगर हार्दिक पंड्या छोटे प्रारूप में दो या तीन ओवर भी फेंक पाए तो यह भारत के लिए फायदेमंद होगा।अगर हार्दिक टी20 प्रारूप में दो ओवर फेंकते है तो इससे अन्य गेंदबाजो से दबाव कम हो जाएगा और कोहली के पास और विकल्प भी हो जाएगा।

# चैम्पियंस लीग : लीवरपूल और पोर्तो जीते, मैड्रिड संकट में

**भाषा।** पेरिस



पूर्व चैम्पियन लीवरपूल और पोर्तो चैम्पियंस लीग के नॉकआउट चरण में पहुंच गए जबकि रिकार्ड 13 बार की चैम्पियन रीयाल मैड्रिड को शख्तार दोनेत्स्क के हाथों 2–0 से मिली हार के बाद ग्रुप चरण से बाहर होना पड़ सकता है। जिनेदीन जिदान की टीम मंगलवार को यह मैच जीतकर नॉकआउट में पहुंच सकती थी लेकिन उसके डिफेंडरों ने बेहद निराशाजनक प्रदर्शन किया। अब रीयाल मैड्रिड उक्रेन की दोनेत्सक और जर्मनी की बोरूसिया मोंशेग्लाबाख से पीछे है। ग्रुप बी से अभी भी चारों टीमों के लिए दरवाजे खुले हैं मोंशेग्लाबाख को मैड्रिड से ड्रॉ खेलने की जरूरत है जबकि आखिरी स्थान पर काबिज इंटर मिलान को शख्तार को हराना होगा बशर्ते मोंशेग्लाबाख और मैड्रिड का मैच ड्रॉ नहीं हो। छह बार की चैम्पियन लीवरपूल ने फिटनेस समस्याओं से उबरते हुए अजाक्स को 1–0 से हराया। वहीं दो बार के विजेता पोर्तो ने मैनचेस्टर सिटी से गोलरहित ड्रॉ खेला। सिटी पहले ही शीर्ष पर रहकर क्वालीफाई कर चुकी है। एटलेटिको मैड्रिड ने बायर्न म्युनिख से 1–1 से ड्रॉ खेला। वहीं साल्सबर्ग ने लोकोमोटिव मॉस्को को 3–1 से हराया। मार्शेले ने ओलंपियाकोस को 2–1 से मात दी।

## भारत में गैस के बुनियादी ढांचा क्षेत्र में 66 अरब डॉलर का निवेश अनुमानित : प्रधान

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने बुधवार को कहा कि कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए स्वच्छ ईंधन पर सरकार के जोर के बीच भारत में गैस ढांचागत सुविधाओं में 66 अरब डॉलर के निवेश का अनुमान है। सरकार ने 2030 तक ऊर्जा क्षेत्र में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है जो फिलहाल 6.3 प्रतिशत है। इससे गैस खपत में कई गुणा वृद्धि की उम्मीद है जो फिलहाल 16 से 17 करोड़ घन मीटर मीटर प्रतिदिन है। प्रधान ने केपीएमजी इंडिया के सालाना ऊर्जा सम्मेलन एनरिच 2020 में कहा कि इसके लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आयात क्षमता बढ़ाई जा रही है। ईंधन परिवहन के लिए नई पाइपलाइन बिछाई जा रही है और ईंधन उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए शहरों में गैस ढांचागत सुविधाओं का विस्तार किया गया है।

### स्टार इंडिया ने क्रिकेट साउथ अफ्रीका मीडिया अधिकारों का अधिग्रहण किया

**मुंबई।** अपने क्रिकेट पोर्टफोलियो को मजबूत बनाते हुए स्टार इंडिया ने 2023–24 क्रिकेट सीजन के अंत तक के लिए एशियाए मध्यपूर्व और उत्तर अफ्रीका में क्रिकेट साउथ अफ्रीका–सीएसए के मीडिया अधिकारों का अधिग्रहण किया है। इस करार के तहत इस अवधि में ऑल इंडिया टूर्स से साउथ अफ्रीका सहित लिनियर एवं डिजिटल माध्यमों के लिए स्टार इंडिया को विशेष अधिकार की अनुमति मिल गयी है। यह गठबंधन 27 नवंबर 2020 को दक्षिण अफ्रीका में इंग्लैंड के टूर के साथ शुरू होगा। यह स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर इसके सबसे बड़े आईपीएल के बाद क्रिकेट की वापसी है। स्टार इंडिया के पास पहले से ही आईसीसीए बीसीसीआई क्रिकेटए इंडियन प्रीमियर लीग के वैश्विक अधिकारों के अलावा अन्य क्रिकेट अधिकार मौजूद हैं। स्टार इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्पोर्ट्स संजोग गुप्ता ने यह जानकारी दी।

### फिक्की की आम बैठक को 12 को संबोधित करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 दिसंबर को उद्योग संगठन फिक्की की 93वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर वह प्रेरित भारत बनाने में उद्योग जगत की भूमिका पर अपने विचार और दृष्टिकोण साझा करेंगे। फिक्की ने बुधवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का आभासी तरीके से उद्घाटन करेंगे। वह डिजिटल माध्यम से ही एजीएम को संबोधित भी करेंगे। यह बैठक 11, 12 और 14 दिसंबर को आयोजित हो रही है। इसका थीम प्रेरित भारत है।


### चीनी उत्पादन करीब दोगुना बढ़कर 42.9 लाख टन

नई दिल्ली। उद्योग संगठन भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने कहा कि चालू सत्र में चीनी मिलों द्वारा जल्द काम शुरु किए जाने की वजह से अक्टूबर–नवंबर के दौरान भारत का चीनी उत्पादन करीब दोगुना बढ़कर 42.9 लाख टन हो गया। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक का होता है। आंकड़ों के अनुसार, देश का चीनी उत्पादन, विपणन वर्ष 2020–21 की अक्टूबर–नवंबर अवधि के दौरान 42.9 लाख टन रहा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में 20.72 लाख टन का चीनी उत्पादन हुआ था। एसोसिएशन ने कहा कि चालू सत्र में जल्दी गन्ना पेराई का काम शुरू किए जाने के कारण उत्पादन बढ़ा है।

# मुनाफावसूली से सेंसेक्स 37 अंक टूटा

### निफ्टी में मामूली बढ़त

**भाषा।** मुंबई




बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स बुधवार को रिकार्ड उंचाई से नीचे आ गया। बैंक तथा बुनियादी ढांचा कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से सेंसेक्स 37 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। हालांकि, निफ्टी मुनाफावसूली के बीच हल्की बढ़त के साथ नए रिकार्ड स्तर पर बंद हुआ। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स कारोबार की समाप्ति पर 37.40 अंक यानी 0.08 प्रतिशत टूटकर 44,618.04 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 44,169.97 के न्यूनतम स्तर तक चला गया था। हालांकि, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 4.70 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 13,113.75 अंक पर बंद हुआ। रिजर्व बैंक की इस सप्ताह पेश होने वाली मौद्रिक नीति की समीक्षा से पहले बैंक शेयरों में मुनाफावसूली देखने को मिली। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक नुकसान में कोटक बैंक रहा। इसमें 3.28 प्रतिशत की गिरावट आई। एचडीएफसी बैंक 1.86 प्रतिशत, एचडीएफसी लि. 1.28 प्रतिशत तथा आईसीआईसीआई बैंक के शेयर मूल्य 0.99 प्रतिशत नीचे आए। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 0.5 प्रतिशत जबकि बजाज फाइनेंस 0.72 प्रतिशत टूट गया। लार्सन एंड टूब्रो का शेयर भी 0.16 प्रतिशत गिर गया। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले प्रमुख शेयरों में ओएनजीसी (4.11 प्रतिशत), एशियन पेंट्स (3.74 प्रतिशत) और टाइटन (3.48 प्रतिशत) शामिल हैं। वाहन कंपनियों की बिक्री नवंबर में बढ़ने से उनके शेयरों में तेजी रही। बजाज ऑटो 2.86 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.53 प्रतिशत और मारुति सुजुकी 1.47 प्रतिशत मजबूत हुए। आईटी कंपनियों में टीसीएस और इन्फोसिस शुरूआती गिरावट से उबरते हुए क्रमश: 0.81 प्रतिशत और 0.33 प्रतिशत मजबूत हुए। वैश्विक बाजारों में हाल की तेजी के बाद थोड़ी असमंजस वाली स्थिति देखने को मिली। क्योंकि निवेशकों की नजर कोरोना वायरस टीके को लेकर हुई प्रगति तथा अमेरिका में प्रोत्साहन पैकेज को लेक जारी बातचीत पर है। इस बीच, ब्रिटेन पहला देश बन गया है जिसने फाइजर के कोविड–19 टीके को मंजूरी दे दी है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, हाल की जोरदार तेजी के बाद बैंक शेयरों में गिरावट रही।


### बेहतर त्योहारी मांग के दम पर तीसरी तिमाही में भी जारी रहेगा उद्योगों के कामकाज में सुधार: इक्रा

**मुंबई।** चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही मे भारतीय उद्योगो के कामकाज में धीरे-धीरे सुधार हुआ है और बेहतर त्योहरी मांग के दम पर तीसरी तिमाही में भी यह सुधार जारी रहने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट मे यह अनुमान व्यक्त किया गया है। रेटिंग एजेंसी इक्रा रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा कि लॉकडाउन की पाबंदियो में ढील दिए जाने से विभिन्न क्षेत्रों में सुधार पहली तिमाही की तुलना मे दूसरी तिमाही में स्पष्ट दिखा। कुछ क्षेत्र कोरोना वायरस महामारी से पहले के स्तर पर लौटने मे भी सफल रहे और सालाना आधार पर उन्होने वृद्धि दर्ज की है। रेटिंग एजेंसी के उपाध्यक्ष (कॉरपोरेट सेक्टर रेटिंग) शमशेर दीवान ने कहा, मांग को लेकर हम उम्मीद करते है कि भारतीय उद्योग जगत धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की तरफ लौट रहा है।

### रुपया 13 पैसे की गिरावट के साथ 73.81 रुपए प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** शेयर बाजार में सुस्ती के रुख को देखते हुए, रुपए का आरंभिक लाभ लुप्त हो गया तथा अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 13 पैसे गिरकर 73.81 (प्रारंभिक आंकड़ा) रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुई। अन्तरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे कारोबार के दौरान रुपए में भारी उतार चढ़ाव दिखा। रुपया 73.45 पर खुला लेकिन बाद में आरंभिक लाभ लुप्त हो गया।

## रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू, नतीजों की घोषणा चार दिसंबर को



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक बुधवार को यहां शुरू हुई। माना जा रहा है कि खुदरा मुद्रास्फीति के उच्चस्तर पर होने की वजह से केंद्रीय बैंक की मौद्रिक समीक्षा बैठक में ब्याज दरों को यथावत रखा जाएगा। बैठक के नतीजों की घोषणा चार दिसंबर को की जाएगी। रिजर्व बैंक की अक्टूबर की पिछली मौद्रिक समीक्षा बैठक में भी उंची मुद्रास्फीति की वजह से ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया गया था। हाल के समय में मुद्रास्फीति छह प्रतिशत के पार निकल गई है। रिजर्व बैंक का अनुमान है कि कोविड–19 महामारी की वजह से चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था में 9.5 प्रतिशत की गिरावट आएगी। केंद्रीय बैंक इस साल फरवरी से नीतिगत दर या रेपो दर में 1.15 प्रतिशत की कटौती कर चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति उंची होने की वजह से रिजर्व बैंक नीतिगत दरों में कटौती नहीं करेगा। यस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ अध्यक्ष ने कहा कि चक्रीय संकेतक और जीडीपी आंकड़ों से पता चलता है कि आर्थिक गतिविधियों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जबकि खुदरा मुद्रास्फीति उच्चस्तर पर बनी हुई है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था चौथी तिमाही में गिरावट से उबरकर वृद्धि की राह पर होगी : योजना आयोग उपाध्यक्ष

**भाषा।** नई दिल्ली



नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब महामारी की वजह से आई गिरावट से उबर रही है और चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही (जनवरी–मार्च) में यह वृद्धि के रास्ते पर होगी। कुमार ने कहा कि केंद्र के नए कृषि सुधार कानूनों का मकसद किसानों की आमदनी बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों को लेकर किसानों के आंदोलन की वजह गलतफहमी तथा उनतक सही जानकारी नहीं पहुंचना है। इन चीजों को दूर करने की जरूरत है। कुमार ने कहा कि दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़ों से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था अब कोविड–19 महामारी की वजह से आई गिरावट से उबर रही है। मुझे उम्मीद है कि तीसरी तिमाही में हम आर्थिक गतिविधियों का वह स्तर हासिल कर लेंगे, जो एक साल पहले था। और चौथी तिमाही में जीडीपी दर सकारात्मक दायरे में पहुंच जाएगी और पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले में इसमें मामूली वृद्धि हासिल कर ली जाएगी।

### निर्यात 17.84 प्रतिशत घटा: वाणिज्य सचिव

**नई दिल्ली।** देश के निर्यात में चालू वित्त वर्ष के पहले आठ माह (अप्रैल-नवंबर) में 17.84 प्रतिशत की गिरावट रही है। इस दौरान आयात भी 33.56 प्रतिशत घटा है। वाणिज्य सचिव अनूप वाधवन ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस दौरान व्यापार घाटा भी नीचे आया है। वाणिज्य सचिव ने व्यापार बोर्ड (बीओटी) की बैठक में कहा, 2020-21 में अप्रैल से नवंबर के दौरान निर्यात 17.84 प्रतिशत घटा है।

### कुछ दिनों में आलू के दाम नीचे आने की संभावना: एसोसिएशन

**कोलकाता।** आलू की कीमतें जो पिछले कुछ महीनो से आसमान छू रही थी और अब 50 रुपए प्रति किलो के करीब है और कुछ ही दिन के भीतर पश्चिम बंगाल में इसके दाम 40 रुपए प्रति किलोग्राम से नीचे आना लगभग तय है। प्रदेश के एक कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

### इस वित्त वर्ष में अक्टूबर में सात माह में पहली बार बढ़ा एसआईपी निवेश प्रवाह

**नई दिल्ली।** छह महीने की लगातार गिरावट के बाद अक्टूबर में एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश बढ़कर 7,800 करोड़ रुपए हो गया। इससे पता चलता है कि खुदरा निवेशकों के लिए स्थितियां सामान्य हो रही है।

### अदालत ने अपफ्रंट मार्जिन मामले में सेबी, केंद्र से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक परिपत्र को चुनौती देने वाली याचिका पर बाजार नियामक सेबी और केंद्र से जवाब मांगा। इस परिपत्र में कारोबारियों और निवेशकों के लिए अपने खातो मे पूरे दिन न्यूनतम अपफ्रंट मार्जिन यानी अग्रिम राशि बनाए रखने को अनिवार्य किया गया है।

### सेबी ने ब्रोकरों, डिपोजिटरी भागीदारी के लिए अनुपालन नियमों में छूट दी

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने मंगलवार को ब्रोकरो और डिपोजिटरी भागीदारो के लिए अनुपालन जरूरतों में छूट दी। यह छूट कोरोना वायरस महामारी को देखते हुए आतंरिक के साथ-साथ प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट जमा करने को लेकर दी गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि शेयर बाजारों और डिपोजिटरी से इस संदर्भ में मिले अनुरोध के बाद यह निर्णय किया गया है।

# आतंकवाद से दुनिया में विश्व युद्धों की तरह जनसंहार होने का खतरा है: भारत

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**भारत ने कहा** है कि आतंकवाद समकालीन भारत में युद्ध छेड़ने के माध्यम के रूप में सामने आया है और इससे पृथ्वी पर उसी तरह का नरसंहार होने का खतरा है, जो दोनों विश्व युद्धों के दौरान देखा गया था। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन के प्रथम सचिव आशीष शर्मा ने सोमवार को कहा, द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने के 75 वर्ष पूरा होना, हमें संयुक्त राष्ट्र के मकसद और इसके आधारभूत सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः पुष्ट करने का अवसर देता है। संयुक्त राष्ट्र का मकसद युद्ध के अभिशाप से आने वाली पीढ़ियों को बचाना है।

शर्मा ने द्वितीय विश्व युद्ध के पीड़ितों के सम्मान में आयोजित विशेष बैठक में कहा, आतंकवाद समकालीन दुनिया में युद्ध छेड़ने के एक तरीके के रूप में सामने आया है। इससे दुनिया में उसी प्रकार का नरसंहार होने का खतरा है, जो हमने दोनों विश्व युद्धों के दौरान देखा था। आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है और वैश्विक स्तर पर प्रयासों के जरिए ही इससे निपटा जा सकता है। उन्होंने देशों से अपील की कि वे युद्ध छेड़ने के समकालीन प्रारूपों से लड़ने और अधिक शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित दुनिया सुनिश्चित करने के लिए स्वयं को समर्पित करें। शर्मा ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भारतीय उपमहाद्वीप के इतिहास में सबसे अधिक संख्या में सैन्यकर्मियों ने भाग लिया। औपनिवेशिक शासन के अधीन होने के बाजवूद भारत के 25 लाख जवान द्वितीय विश्व युद्ध में लड़े।उन्होंने कहा कि भारतीय सेना इतिहास का सबसे बड़ा स्वयंसेवी बल है, जिसके 87,000 जवानों की जान गई या वे लापता हो गए और लाखों जवान गंभीर रूप से घायल हुए। शर्मा ने कहा, हम हमारे एशियाई, अफ्रीकी और अरब भाइयों के बलिदानों को भी नहीं भुला सकते, जो मित्र ताकतों की आजादी के लिए लड़े और मारे गए, जबकि वे औपनिवेशिक शासन के गुलाम थे। शर्मा ने दुनिया को बचाने के लिए लड़ने वाले सभी देशों के बहादुर लोगों को सलाम करते हुए कहा कि यह निराशाजनक है कि औपनिवेशिक जगत के हजारों स्वयंसेवकों के युद्ध में योगदान के बावजूद उन्हें उचित सम्मान एवं मान्यता नहीं दी गई।



थाइलैंड के प्रधानमंत्री प्रयुथ चेनोचा को कोर्ट से राहत मिलने के बाद उनको फूल भेंट करते शुभचिंतक

## बाइडन ने नीरा टंडन को प्रबंधन और बजट कार्यालय की निदेशक के तौर पर नामित किया, हेली ने आलोचना की

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका में** रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली ने मंगलवार को कहा कि नव निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा प्रबंधन और बजट कार्यालय की निदेशक के तौर पर नीरा टंडन को नामित करने का फैसला काफी चिंतित करने वाला है क्योंकि उन्होंने अतीत में कई गलत निर्णय लिए थे।

हेली ने एक ट्वीट में कहा, टंडन पूर्व में कई बार गलत फैसले कर चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के खिलाफ साजिश में शामिल थे और कई बार रिपब्लिकन सांसदों को नीचा दिखाने का प्रयास किया। टंडन बस अपनी नीति पर काम करती हैं। यही कारण है कि जो बाइडन द्वारा उन्हें नामित किया जाना चिंता की बात है। साउथ कैरोलाइना की दो बार गवर्नर रह चुकीं हेली अमेरिकी कैबिनेट का हिस्सा बनने वाली पहली भारतवंशी महिला थीं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल के पहले दो वर्ष में हेली संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत थीं। सीनेट से मंजूरी मिलने पर टंडन राष्ट्रपति की कैबिनेट का हिस्सा बनने वाली दूसरी भारतवंशी महिला होंगी। प्रबंधन और बजट कार्यालय (ओएमबी) का नेतृत्व भी पहली बार कोई भारतवंशी करेगा। ओएमबी अमेरिका राष्ट्रपति को उनके शासकीय आदेशों को लागू करने में मदद करता है। यह कार्यालय राष्ट्रपति को उनकी नीति, बजट, प्रबंधन और नियामकीय लक्ष्यों और एजेंसी की संवैधानिक बाध्यताओं को पूरा करने में सहयोग देता है। नव निर्वाचित राष्ट्रपति बाइडन ने मंगलवार को टंडन को नामित करने के अपने फैसले का बचाव किया। बाइडन ने एक ई-मेल में अपने समर्थकों से कहा, नीरा टंडन हर मोर्चे पर खुद को साबित कर चुकी हैं और वह प्रबंधन एवं बजट कार्यालय की अगली निदेशक होंगी। अमेरिका के कामकाजी परिवारों की मदद करने के लिए नीतियां तैयार करने में उन्होंने अग्रणी भूमिका निभाई है। हालांकि, टंडन को लेकर रिपब्लिकन सांसदों का आलोचनात्मक रूख रहा है। अखबार वाल स्ट्रीट जर्नल के मुताबिक रिपब्लिकन नेताओं ने कहा है कि टंडन के पूर्व के बयानों के कारण उनकी प्रतिबद्धताओं को लेकर आशंका है। प्रभावशाली सांसद और सीनेट इंडिया कॉकस के सह अध्यक्ष जॉन कॉर्निन ने कहा कि बाइडन ने टंडन को नामित कर बहुत गलत

## नए वित्तीय दल के साथ पहले दिन से कर्मठता से काम करेंगे : कमला हैरिस

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका की** नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने मंगलवार को कहा कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा घोषित किए गए नए अनुभवी वित्तीय दल के साथ अगला प्रशासन पहले दिन से ही कर्मठता से काम करना शुरू कर देगा।इस नए वित्तीय दल में जेनेट एलेन को वित्त मंत्री के पद के लिए, भारतीय-अमेरिकी नीरा टंडन को प्रबंधन एवं बजट कार्यालय निदेशक, वैली एडेयोमो को उप वित्त मंत्री, अफ्रीकी-अमेरिकी सेसिलिया राउस को आर्थिक सलाहकार परिषद की अध्यक्ष, जारेद बर्नस्टीन और हीथर बॉउशे को आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्यों के रूप में नामित किया गया है।हैरिस ने कहा, मैं और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति बाइडन इस वित्तीय दल के साथ पहले दिन से ही



कर्मठता के साथ काम शुरू करने को तैयार हैं, क्योंकि इस संकट से निपटने के लिए यही जरूरी भी है और अमेरिकी लोग इसके हकदार भी हैं।

डेलावेयर के विलमिंगटन स्थित सत्ता हस्तांतरण मुख्यालय में बाइडन के आधिकारिक तौर पर वित्तीय दल की घोषणा करने के बाद हैरिस ने कहा कि यह वह टीम है, जिसकी जरूरत हमें अमेरिकी लोगों को तत्काल आर्थिक राहत पहुंचाने और हमारी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। लोगों को खोने के दर्द के साथ ही मंदी भी

### भारतीय अमेरिकी माजू वर्गीज प्रेसिडेंशियल इनॉगरल कमेटी के लिए नामित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचपित राष्ट्रपति जो बाइडन और उप राष्ट्रपति निर्वाचित कमला हैरिस ने भारतीय मूल के माजू वर्गीज को चार सदस्ईय प्रेसिडेंशियल इनॉगरल कमेटी (पीआईसी) के लिए नामित किया है। यह समिति 20 जनवरी को होने वाले शपथ ग्रहण से संबंधित कार्यक्रमों को आयोजित करेगी।इस दल में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर टोनी एलन, कार्यकारी निदेशक के तौर पर माजू वर्गीज, उप कार्यकारी निदेशक के तौर पर एरिन विलसन और वाना कैंसेला को शामिल किया गया है।वर्गीज ने एक बयान में कहा, अमेरिकी लोगों की सेहत और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए और अपने देश की ताकत को प्रदर्शित करते हुए नवनिर्वाचपित राष्ट्रपति जो बाइडन और उप राष्ट्रपति निर्वाचित कमला हैरिस के शपथ ग्रहण कार्यक्रमों की योजना तैयार करने वाली टीम की मदद करना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, यह ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह बाइडन-हैरिस प्रशासन को पहले दिन से काम शुरू करने, महामारी से निपटने, अर्थव्यवस्था में सुधार करने और हमारे देश को जोड़ने का काम शुरू करने का अवसर प्रदान करेगा। वर्गीज बाइडन-हैरिस अभियान में मुख्य परिचालन अधिकारी और वरिष्ठ सलाहकार थे। वर्गीज पेशे से वकील हैं और उनका जन्म अमेरिका में हुआ। वर्गीज के माता-पिता केरल के तिरुवल्ला से अमेरिका आए थे।

## संरा महासभा में कोविड-19 पर एक उच्च स्तरीय, विशेष सत्र होगा आयोजित

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** महासभा में इस सप्ताह कोविड-19 पर दो दिवसीय विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें विश्व नेता, संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष सदस्य और टीका बना रही कम्पनियों के लोग वैश्विक महामारी के प्रभाव और कई दशकों के सबसे बड़े वैश्विक स्वास्थ्य संकट से निपटने के लिए जरूरी बहुआयामी तथा समन्वित कदमों पर चर्चा करेंगे।कोरोना वायरस से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के विशेष सत्र का आयोजन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में तीन और चार दिसम्बर को किया जाएगा। वैश्विक संगठन ने कहा कि सरकार के नेता, संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख और अन्य संबंधित हितधारक....लोगों, समाजों और अर्थव्यवस्थाओं पर महामारी के प्रभाव पर बातचीत में शामिल होंगे और इस संकट से निपटने के लिए आवश्यक बहुआयामी तथा समन्वित प्रतिक्रिया पर चर्चा करेंगे।सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अदार पूनावाला का रिकॉर्डेड संबोधन चार दिसम्बर को इस सत्र में चलाया जाएगा।बायोटेक के सह-संस्थापक यूगुर साहिन और ओज़ेल ट्यूरसी, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में टीका विकसित कर रहे दल की प्रमुख सारा गिल्बर्ट और जीएवीआई (वैक्सीन गठबंधन) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सेथ बर्कले भी विशेष सत्र को संबोधित करेंगे।अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी, फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों, नेपाल के प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली, न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न, जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल भी इस सत्र को संबोधित करेंगी।



ब्रूसेल्स में आयोजित एक संयुक्त बैठक के बाद प्रेसवार्ता करने के दौरान पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटीनियो कोस्टा व यूरोपियन काउंसिल के राष्ट्रपति चार्ल्स माइकल

## क्विक न्यूज

### पाक ने 1,100 मेगावाट की क्षमता वाले नवनिर्मित परमाणु ऊर्जा संयंत्र में ईंधन भरना शुरू किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने कराची मे चीन की मदद से निर्मित 1,100 मेगावाट की क्षमता वाले परमाणु ऊर्जा संयंत्र मे ईंधन भरना शुरू कर दिया है। मीडिया मे बुधवार को आई एक खबर मे यह जानकारी दी गई है। खबर के मुताबिक, अप्रैल 2021 मे इस संयंत्र का वाणिज्यिक संचालन शुरू किया जाना है। संयंत्र का परीक्षण करने के लिए ईंधन भरने का कार्य शुरू किया गया है। नवनिर्मित कराची परमाणु ऊर्जा संयंत्र इकाई-दो (के-2) मे ईंधन भरने का कार्य मंगलवार को शुरू किया गया। इससे पहले पाकिस्तान परमाणु नियामक प्राधिकरण से ईंधन भरने की अनुमति ली गई। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक ईंधन भरने का कार्य शुरू किए जाने के समय चीन और पाकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। यह संयंत्र चीनी एचपीआर-1000 प्रौद्योगिकी पर आधारित है और यह अत्याधुनिक सुरक्षा विशेषताओं से लैस यह तीसरी पीढ़ी का विद्युत उत्पादन संयंत्र है।

### ट्रंप ने सोशल मीडिया कंपनियों को संरक्षण देने वाले कानून के खिलाफ वीटो के इस्तेमाल की धमकी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इंटरनेट कंपनियों को संरक्षण देने वाले उस कानून के खिलाफ वीटो के इस्तेमाल की धमकी दी है, जो कंपनियों को उनके यूजर द्वारा पोस्ट की गई सामग्री के लिए जवाबदेह बनाने से बचाता है।ट्रंप ने मंगलवार रात को ट्वीट कर 1996 कम्युनिकेशंस डीसेंसी एक्ट की धारा 230 पर निशाना साधा। यदि किसी व्यक्ति को लगता है कि किसी सोशल मीडिया मंच पर की गई किसी पोस्ट के कारण उसके साथ कुछ गलत हुआ है, तो वह इस धारा के कारण सोशल मीडिया कंपनी के खिलाफ मुकदमा नही कर सकता। ट्रंप ने धारा 230 को राष्ट्रीय सुरक्षा एवं चुनाव की अखंडता के लिए गंभीर खतरा बताया।उन्होंने कहा, इसलिए यदि बहुत खतरनाक एवं अनुचित धारा 230 को राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम (एनडीएए) के हिस्से के तौर पर पूरी तरह समाप्त नही किया जाता है, तो मुझे इस कानून के खिलाफ स्पष्ट रूप से वीटो का मजबूरन इस्तेमाल करना होगा। सोशल मीडिया कंपनियां पिछले कई महीने से ट्रंप के निशाने पर है। ट्रंप का दावा है कि वे रूढ़ीवादी आवाजो के साथ भेदभाव करती है।

### ईरान के राष्ट्रपति ने यूरेनियम संवर्धन को मजबूत करने वाले विधेयक को खारिज किया

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने संसद द्वारा स्वीकृत उस विधेयक को खारिज कर दिया है जिसमे संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधो की अनदेखी कर यूरेनियम संवर्धन को मजबूत करने की बात कही गई है। रूहानी ने कहा कि विधेयक 2015 के परमाणु समझौते को बहाल करने और अमेरिकी प्रतिबंधो मे ढील पर केंद्रित कूटनीतिक प्रयासों के विपरीत है। पिछले महीने ईरान के एक जाने-माने परमाणु वैज्ञानिक की हत्या के बाद इस विधेयक पर वाक्युद्ध शुरू हो गया था। राष्ट्रपति के कदम को अपेक्षाकृत उदार रूहानी और संसद मे प्रभुत्व रखने वाले कट्टरपंथी सांसदो के बीच प्रतिद्वंद्विता का परिणाम माना जा रहा है। विधेयक मे कहा गया था कि यदि यूरोपीय देश ईरान को अमेरिकी प्रतिबंधो से राहत देने मे विफल रहते है तो संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों की अनदेखी कर तेहरान को यूरेनियम संवर्धन को बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाना चाहिए।मंत्रिमंडल की बैठक मे रूहानी ने कहा कि उनका प्रशासन विधेयक से सहमत नही है क्योकि यह 2015 के परमाणु समझौते को बहाल करने और अमेरिकी प्रतिबंधो मे ढील पर केंद्रित कूटनीतिक प्रयासो के विपरीत है।उल्लेखनीय है कि 2015 में ईरान के साथ हुए समझौते से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को अलग कर लिया था। अमेरिका मे डेमोक्रेटिक जो बाइडन के राष्ट्रपति चुनाव मे जीतने के बाद ईरान संबंधित समझौते के बहाल होने की उम्मीद कर रहा है।

### चरणबद्ध लॉकडाउन के लिए ब्रिटेन की संसद में मतदान स्वास्थ्य मंत्री ने स्थिति को नियंत्रण में बताया

**लंदन।** ब्रिटेन मे चरणबद्ध लॉकडाउन लागू करने को मंजूरी देने के लिए देश की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमंस मे मंगलवार को मतदान हुआ। देश के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि ब्रिटेन मे कोरोना वायरस से पैदा हालात अब नियंत्रण में है , लेकिन काफी सावधानी बरतने की जरूरत है।चरणबद्ध लॉकडाउन मध्यरात्रि से लागू होगा। इस प्रस्ताव के पक्ष में 291 वोट पड़े, जबकि78 वोट इसके खिलाफ पड़े।ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के कई सांसदो ने इस प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। इससे पहले, ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री मैट हैंकॉक ने लॉकडाउन का समर्थन नही करने वालो को अपने पक्ष मे करने का प्रयास करते हुए सोमवार को डाउनिंग स्ट्रीट पर प्रेस वार्ता मे कहा था कि फिलहाल जारी देशव्यापी लॉकडाउन बुधवार को समाप्त हो रहा है, ऐसे मे क्षेत्रीय स्तर पर चरणबद्ध लॉकडाउन की प्रणाली होना आवश्यक है। हैंकॉक ने कहा, हम थोड़ी नरमी बरत सकते है लेकिन खुली छूट नही दे सकते।

## भारतीय राजनयिक जाधव के लिए वकील नियुक्ति पर भारत का रुख बताना चाहते हैं

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान में** भारतीय उच्चायोग के वकील ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय को सूचित किया है कि उप उच्चायुक्त गौरव अहलूवालिया, मौत की सजा पाए कैदी कुलभूषण जाधव के लिए वकील नियुक्त करने के मामले में भारत का पक्ष रखना चाहते हैं। यह जानकारी बुधवार को मीडिया में प्रकाशित खबरों में दी गई।

डॉन अखबार के मुताबिक इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अतहर मिनल्लाह, न्यायमूर्ति आमेर फारूक और न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की वृहद पीठ के समक्ष मंगलवार को भारतीय उच्चायोग के वकील बैरिस्टर शाहनवाज नून ने कहा कि जाधव के लिए वकील नियुक्त करने के मामले पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए और अदालत के समक्ष अहलूवालिया भारत सरकार का पक्ष रखेंगे।

न्यायमूर्ति मिनल्लाह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के आदेश को लागू करने के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय भारत सरकार के जवाब का इंतजार कर रहा है क्योंकि निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि अगर राजनयिक अदालत के समक्ष पेश होना चाहते हैं तो इसका हमेशा स्वागत है। अटॉर्नी जनरल खालिद जवाद खान ने अदालत को सलाह दी कि भारत के उप उच्चायुक्त आ सकते हैं लेकिन भारत को पहले मामले के लिए वकील की नियुक्ति करनी चाहिए।

खबर के मुताबिक नून ने अदालत को सूचित किया कि भारत को इस बात की भी चिंता है कि एक और भारतीय नागरिक इस्माइल जिसे जासूसी के आरोप में दोषी ठहराया गया था और उसकी सजा पूरी हो चुकी है इसके बावजूद हिरासत में लिया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि 53 वर्षीय इस्माइल सम्मा भारत-पाकिस्तान सीमा से 50 किलोमीटर दूर गुजरात के कच्छ जिले के नाना दिनारा गांव का रहने वाला है और अगस्त 2008 में लापता हो गया था। वह मवेशियों को चराते हुए गलती से पाकिस्तान की सीमा में दाखिल हो गया था।

इस्लाइल को पाकिस्तानी अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था और अक्टूबर 2011 में उसे जासूसी का दोषी ठहराते हुए पांच साल कैद की सजा सुनाई गई थी। खबर के मुताबिक नून ने उच्च न्यायालय को सूचित किया कि भारत के उप उच्चायुक्त ने जाधव के लिए वकील नियुक्त करने के मामले में भारत का रुख बताने की इच्छा जताई है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की संसदीय समिति ने अंतरराष्ट्रीय अदालत के निर्देशों के तहत जाधव की समीक्षा करने की अनुमति देने वाले सरकर के विधेयक को मंजूरी दी थी। भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी जाधव (51) को अप्रैल 2017 में पाकिस्तान की सैन्य अदालत ने जासूसी का दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सनाई थी। वर्ष 2017 में पाकिस्तान द्वारा जाधव तक राजनयिक पहुंच नहीं देने और उसे मौत की सजा के खिलाफ भारत ने अंतरराष्ट्रीय अदालत का रुख किया।

हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय अदालत ने जुलाई 2019 में दिए फैसले में कहा कि पाकिस्तान जाधव को सुनाई गई सजा की प्रभावी समीक्षा और पुनर्विचार करे, साथ ही बिना देरी भारत को जाधव तक राजनयिक पहुंच मुहैया कराए।

इस्माइल के मामले में अटॉर्नी जनरल खान ने अदालत को बताया कि मामला पहले ही गृह मंत्रालय के समक्ष विचाराधीन है। उन्हें जवाब के लिए कुछ समय चाहिए। उच्च न्यायालय की पीठ ने अटॉर्नी जनरल से जवाब तलब करते हुए मामले की सुनवाई 14 जनवरी तक के लिए टाल दी।

## ब्रिटिश भारतीय लेखिका अनिता आनंद की कहानी जालियांवाला बाग को मिला इतिहास साहित्य पुरस्कार

**एजेंसी।** लंदन

**ब्रिटिश** भारतीय पत्रकार और लेखिका अनिता आनंद की किताब द पेशेंट असैसिन : ए ट्रू टेल ऑफ मैसकर, रिवेंज ऐंड द राज को यहां का प्रतिष्ठित इतिहास साहित्य पुरस्कार प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस किताब में उन्होंने वर्ष 1919 में अमृतसर के जालियांवाला बाग में हुए नरसंहार से घिरे एक युवक (क्रांतिकारी उधम सिंह)की कहानी को पिरोया है। आनंद ने छह दावेदारों को मात देकर इतिहास के लिए प्रतिष्ठित पेन हैसल-टिल्टमैन प्राइज-2020 अपने नाम की। यह पुरास्कार हर साल वास्तविक घटनाओं खासतौर पर इतिहास से जुड़े तथ्यों के आधार पर लिखी पुस्तकों को दिया जाता है। विजेता को चुनने वाली चयनसमिति ने इसे मौलिक ऐतहासिक लेख करार दिया जिसे आने वाले दशकों तक पढ़ा जाएगा। उल्लेखनीय है कि आनंद राजनीतक पत्रकार हैं और पिछले 20

### इस किताब में उन्होंने क्रांतिकारी उधम सिंह की कहानी को अपने शब्दों में पिरोया है

साल से बीबीसी पर टेलीविजन और रेडियो कार्यक्रम प्रस्तुत कर रही हैं। पुरस्कार जीतने के बाद आनंद ने कहा कि कई प्रतिष्ठित इतिहासकारों की शानदार किताब में से उनकी किताब को विजेता घोषित करना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, कुछ समय तक के लिए तो मुझे विश्वास ही नहीं हुआ। पेशेंट असैसिन मेरे दिल के बहुत करीब है। जालियांवाला बाग कांड पर कहानी लिखने के लिए परिवार के इससे जुड़ाव को धन्यवाद देती हूं। मैं नरसंहार और उधमसिंह के बदले का इतिहास लिखना चाहती थी जो ब्रिटिश राज के प्रतिकार के प्रतीक बन गए हैं और फिल्म और टेलीविजन में बहुत लोकप्रिय हैं।

# ‘मुझे विश्वास नहीं था कि मैं शो में काम कर रही थीं’



अभिनेत्री **आशी सिंह** ने हाल ही में सोनी सब चैनल पर चल रहे धारावाहिक ‘अलादीन नाम तो सुना होगा’ में यास्मीन के चरित्र के लिए अभिनेत्री अवनीत कौर का स्थान लिया है। पायनियर संवाददाता **मुस्बा हाशमी** के साथ एक विशेष बातचीत में उन्होने इस चरित्र को निभाने में आई चुनौतियों तथा झलक दिखला जा को वो इतना क्यों पसंद करती हैं, आदि के बारे में विस्तार से अपने विचार रखे। प्रस्तुत हैं प्रमुख अंश-

**■ यास्मीन की भूमिका को आपने क्या सोचकर स्वीकार किया?**

मैंने तो केवल चरित्र के बारे में ही सोचकर इसे स्वीकार किया था। प्रारंभ में मैं इसे करने से हिचक रही थी क्योंकि ये किसी के स्थान पर था। लेकिन बाद में जब मैंने इस चरित्र को और कहानी को देखा तो मुझे ये बहुत ही अच्छा चरित्र लगा। मैं ऐसा ही कुछ करना भी चाह रही थी ये ऐसा चरित्र है जो आपको अपने जीवन में कभी देखने को नहीं मिलता। मैं तो इसे करने पर स्वयं को बहुत ही सौभाग्यषाली समझ रही थी।

**■ क्या आपके लिए चरित्र को आत्मसात करना कठिन था? इसलिये भी कि आप अवनीत के स्थान पर आ रही थीं और चरित्र पहले से ही कहानी में स्थापित हो चुका था?**

हां, चरित्र को आत्मसात करना चुनौतीपूर्ण तो था क्योंकि दर्शक पूरे दो साल तक अवनीत को इस चरित्र को करता देख चुके थे और ऐसे में उन्हें किसी दूसरे को वो चरित्र करता देखना कठिन हो जाता है। एक और महत्वपूर्ण बात ये थी कि अब चूंकि मैं इस धारावाहिक में बीच में आ रही हूं तो मेरे लिए चरित्र को अपने अनुसार करने की स्वतंत्रता नहीं रह जाती। अब दोनों अभिनेत्रियों की तुलना की जाएगी। प्रारंभ में मुझे इस चरित्र को अवनीत से कुछ अलग ढंग से करने को कहा गया था लेकिन मूलतत्व को बनाए रखने की भी अपेक्षा की जा रही थी। ये दोहरा दबाव था। वैसे भी इसे करने मे मैं पूरी तरह से सहज नहीं हो सकी क्योंकि इसमें एक्शन भी हैं और मैंने इससे पहले एक्शन नहीं किया था। इस चरित्र में करने को तो वैसे बहुत कुछ था।

**■ सेट पर की कुछ स्मृतियों को यदि आप हमसे साझा करना चाहें...**

मैं तो बस कुछ ही दिन पहले इस धारावाहिक में आई हूं लेकिन फिर भी मेरी स्मृतियों में कई बातें हैं जो मैं साझा करना चाहूंगी। हम सभी मिलकर खाना खाते थे और फिर अपने जीवन की बातें एक दूसरे से साझा किया करते थे। हमारे बीच अच्छा सामंजस्य बन चुका था। कई बार तो मैं भी चकित रह जाती हूं कि हमारे पास इतनी बातें आती कहां से हैं। जीनू जी के साथ बहुत मेरे अच्छे संबंध हैं जिसे राषुल टंडन ने किया है। शीफान और कोयल तथा अलादीन बने सिद्धार्थ निगम के साथ भी मेरे मधुर संबंध रहे हैं। हम एक दूसरे की टांग खींचने में जरा भी झिझकते नहीं हैं। सेट पर एक स्थान पर अंधेरा रहता है जहां हम भूतिया दृष्य करते हैं। अपने रिक्त समय में हम वहां बैठकर भूतिया बातें करते हैं, बहुत आनंद आता है।

**■ धारावाहिक ‘उन दिनों की बात है’ में आपका चरित्र नैना को दर्शकों ने बहुत सराहा था। उसके बाद से आपके जीवन में कितना परिवर्तन आय?**

बहुत परिवर्तन आया। जब शूटिंग प्रारंभ हुई थी तो मेरे लिए ये स्वीकार कर पाना कठिन हो गया था कि मैं एक शो में काम कर रही हूं और अभिनेत्री बनने का मेरा सपना पूरा हो रहा था। शो की शूटिंग के दौरान ही मेरा जीवन बदल चुका था। मेरे व्यक्तित्व में निखार आ गया था और मैंने बहुत कुछ सीखा भी। मैं अपने अपने घेरे से बाहर आकर अब दुनिया को अनुभव कर रही थी। कुछ अवसर ऐसे भी आए जब मुझे कुछ समस्या पेष आई लेकिन अब वो मुझे सीखने की प्रक्रिया अधिक लगती है और मुझे समस्याओं को सुलझाने में उनसे मदद मिलती है। मेरे लिए हर बात बताना कठिन होगा कि मेरा जीवन किन किन पहलुओं में बदल गया क्योंकि बताने को बहुत कुछ है और इसमें काफी समय लग सकता है।

**■ क्या ऐसा भी कोई रोल है आप जिसे करने से मना कर सकती हैं?**

नहीं ऐसा कोई रोल नहीं है। मैं अपने जीवन में विविध प्रकार के रोल करन चाहती हूं। मैं एक ही प्रकार की भूमिका को 5-6 सालों तक करते रह सकती हूं। मैं अलग अलग चरित्र करने की इच्छा रखती हूं। मेरे विचार से मुझे ऐसा कोई रोल नहीं ऑफर होगा जिसे मैं मना कर सकूं।

**■ क्या कोई रियल्टी शो ऐसा है जिसमें आप प्रतिभागी बनना चाहें?**

जी हां, मैं ‘झलक दिखला जा’ में प्रतिभागी बनना पसंद करूंगी। बचपन से ही ये शो मुझको अच्छा लगता रहा है और मैं उसका हिस्सा बनकर गर्व का अनुभव करूंगी।

# `भविष्य में कंटेंट रहेगी महत्वपूर्ण, प्लेटफार्म नहीं'



> “वरिष्ठ निर्माता आनंद पंडित का कहना है कि सिनेमा और ओटीटी प्लेअफॉर्म एक दूसरे के प्रतिद्वंदी नहीं हैं, बल्कि वे एक दूसरे के पूरक हैं।”

निर्माता आनंद पंडित के पास वर्तमान में दो बड़े बजट की फिल्में हैं। एक तो अभिषेक बच्चन की ‘द बिग बुल’ तथा अमिताभ बच्चन तथा इमरान हाषमी के साथ ‘चेहरे’ जो ओटीटी पर जल्दी ही रिलीज़ हो सकती हैं।

उनका मानना है कि वैष्विक महामारी के बीच फिल्म इंडस्ट्री के भीतर किसी प्रकार की बनावटी तुलना नहीं की जानी चाहिये। उनका कहना है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म के बारे में ये मिथ्याप्रचार की वो सिनेमा हॉल के लाभ में सेंध लगा देता, सही नहीं है बल्कि ऐसा कहना किसी भी दृष्टि से परिपक्वता नहीं कही जा सकती।

उन्होंने कहा, ‘मैं अमिताभ बच्चन को एक सुपर स्टार के रूप में देखता हुआ बड़ा हुआ हूं। उनके कारण ही सत्तर और अस्सी के दषक में सिनेमा हॉल में भगदड़ सी मची रहती थी। बड़े परदे पर मिलने वाले रोमांच को कहीं अन्यत्र नहीं पाया जा सकता उसके लिए सिनेमा हॉल में ही जाना होगा। वीडियो पायरेसी, केबल और सेटलाइट टीवी के बाद भी ये चल रहा है। अब महामारी के बाद भी इसका चलना तय है। आप ध्यान रखें मैं ओटीटी को किसी भी अर्थ में थियेटर का प्रतिद्वंदी नहीं मानता क्योंकि मेरा मानना है कि दोनों ही एक दूसरे के पूरक हैं।

ओटीटी प्लेटफॉर्म ने इस महामारी के समय में निर्माताओं को उसपर फिल्में रिलीज़ कर बड़ी हानि होने से बचाए रखा है। महामारी के बाद लोग सिनेमा हॉल के बाहर लाइन लगाए मिलेंगे और वे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी अपने प्रिय शो और लघु बजट की फिल्में भी देखते रहेंगे। इस युग में कंटेंट के ग्राहकों की चांदी हो गई है। ऐसे में थियेटर और ओटीटी भी उनकी इस पसंद के अनुसार फिल्म या शो बनाएंगे तो उनके बीच किसी प्रकार की प्रतिस्तर्धा नहीं रह जाएगी।’

उन्होंने बताया, ‘वर्तमान समय थियेटर के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण तो है लेकिन इंडस्ट्री के लोगों को इस कालखंड का प्रयोग दर्षकों की रुचि के अनुसार कंटेंट बनाने में करना श्रेयस्कर होगा। हमें मानना ही होगा कि जब दर्षक हमारे पास नहीं आ सकते तो हमें ही उनके पास जाना होगा। महामारी के बाद भी दोनों- सिनेमा और ओटीटी प्लेटफार्म बने रह सकेंगे क्योंकि दोनों ही दर्षकों को कुछ न कुछ अनूठा परोस सकते हैं। हम साथ मे काम करने के लिए, न कि एक दूसरे के विरुद्ध, कोई न कोई रास्ता निकाल ही लेंगे। हम इंडस्ट्री को बचाने का प्रयास नहीं बल्कि इसका विस्तार कर रहे हैं।’

# ‘भूत पुलिस’ शूटिंग से गदगद हैं अर्जुन कपूर



> अभिनेता अर्जुन कपूर अपनी अगली हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत पुलिस की शूटिंग में व्यस्त हैं। उनका कहना है कि घर से बाहर आकर शूटिंग करना नई ऊर्जा प्रदान करता है।

**अर्जुन कपूर** अपनी नई फिल्म ‘भूत पुलिस’ की शूटिंग के संबंध में मुंबई से बाहर हैं। सैफअली खान, जैकनीन फर्नांडीज़ तथा यामी गौतम के साथ वो डलहौज़ी तथा धर्मशाला में इस फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। अर्जुन को विशेष प्रसन्नता इस बात की है कि महामारी के बाद भी वो फिल्म की शूटिंग सामान्य ढंग से कर पा रहे हैं। अर्जुन का कहना है, ‘इतने दिनों के बाद बाहर आकर शूटिंग करना नई ऊर्जा प्रदान करता है। इंडस्ट्री के लिए महामारी का प्रसार तथा बाद में लॉकडाउन बहुत कठिन समय था। अब ये दुबारा अपने पैरा पर चल निकली है ये प्रसन्नता की बात है। हम सावधानी से अपना काम कर रहे हैं और सुरक्षा का पूरा ध्यान रख रहे हैं। तभी ये सब सामान्य ढंग से चल पा रहा है।’ उन्होने निर्माता रमेश तूरानी तथा अक्षय पुरी को सुरक्षित शूटिंग सुनिश्चित कराने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके कारण ही सब लोग सुरक्षित रह सके। उनके अनुसार टीम ने मिलकर बायो बबल बनाए रखने में सफलता प्राप्त की। अर्जुन ने आगे बताया, ‘हमें प्रसन्नता है कि हम सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हम एक बायो बबल बनाए रखने में सफल रहे। हमें कई स्थानों पर शूटिंग करनी थी और ऐसे में सुरक्षा में कई बार चूक हो जाती है। लेकिन कहना होगा कि हमारे निर्माता लोगों ने टीम के हर सदस्य को पूरी सुरक्षा उपलब्ध कराई। हम अपनी शूटिंग को सही ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशसन तथा हिमाचल सरकार का भी धन्यवाद देते हैं।’

# भारत में 2018 की तुलना में 2019 में मलेरिया के मामलों में 17.6 प्रतिशत की कमी रही

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**केंद्रीय स्वास्थ्य** मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की विश्व मलेरिया रिपोर्ट-2020 से यह संकेत मिलता है कि भारत ने मलेरिया से होने वाले वाले खतरे को घटाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। विश्व मलेरिया रिपोर्ट (डब्ल्यूएमआर) गणितीय अनुमानों के आधार पर मलेरिया के अनुमानित मामलों का आंकड़ा उपलब्ध कराता है। मंत्रालय ने कहा कि जहां तक मलेरिया के मामलों की बात है, भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां 2018 की तुलना में 2019 में 17.6 प्रतिशत की (मामलों में) कमी दर्ज की गई है। मंत्रालय ने कहा, वार्षिक मलेरिया मामलों (एपीआई) में 2017 की तुलना में 2018 में 27.6 प्रतिशत की कमी आई थी और 2018 की तुलना में 2019 में इसमें 17.6 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। क्षेत्रवार स्तर पर भी भारत में इस तरह के मामलों में सर्वाधिक कमी आई है और यह दो करोड़ से घट कर करीब 60 लाख हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि भारत में 2000 से 2019 के बीच मलेरिया के मामलों में 71.8 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि इससे होने वाली मौत की दर 73.9 प्रतिशत घटी है। उल्लेखनीय है कि देश में मलेरिया उन्मूलन के लिए कोशिशें 2015 में शुरू की गई थी और 2016 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा मलेरिया उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय फ्रेमवर्क शुरू किए जाने के बाद इसमें तेजी आई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जुलाई 2017 में मलेरिया उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय रणनीतिक योजना (2017-22) शुरू की, जिसने अगले पांच वर्षों के लिए रणनीतियां निर्धारित की। वर्ष 2019 में मलेरिया के कुल मामलों में 45.47 प्रतिशत मामले ओडिशा, झारखंड, मेघालय और मध्यप्रदेश में सामने आए। मंत्रालय के मुताबिक मलेरिया से करीब 63.64 प्रतिशत मौतें भी इन्हीं राज्यों में दर्ज की गई।

# जयपुर साहित्य उत्सव के अमेरिकी संस्करण ने पुस्तक प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया

**एजेंसी।** ह्युस्टन (अमेरिका)

**जयपुर साहित्य** उत्सव (जेएलएफ) का अमेरिकी संस्करण इस बार डिजिटल माध्यमों से आयोजित किया गया और यह करीब एक महीने तक चला। इसने पुस्तक प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अमेरिका में यह उत्सव आठ नवंबर को जेएलएफ कोलोरैडो सत्र के साथ शुरू हुआ था, जो आठ से 11 नवंबर और 15 से 18 नवंबर तक चला था। जेएलएफ ह्यूस्टन ऑनलाइन 21-22 नवंबर, जेएलएफ न्यूयार्क ऑनलाइन 23-24 नवंबर और जेएलएफ टोरंटो 27-29 नवंबर को आयोजित किया गया था। पिछले वर्षों के सत्रों के अनुरूप इस बार भी प्रख्यात लेखकों, कवियों, पत्रकारों, विचारकों और नोबेल, पुलित्जर, राष्ट्रमंडल एवं अन्य पुरस्कार विजेताओं ने वर्चुअल माध्यम से विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने कोरोना वायरस, अश्वेत लोगों का जीवन मायने रखता है आंदोलन, पर्यावरण, कविता,लोकतंत्र, संगीत, मनोरंजन और सौंदर्य आदि विषयों पर अपने विचार साझा किए। मुख्य वक्ताओं में शशि थरूर, मार्कण्ड आर परांजपे, नमिता गोखले, भारतीय-अमेरिकी लेखिका चित्रा बनर्जी दिवाकरूंज, अमेरिका में भारतीय राजदूत रह चुके नवतेज सिंह सरना, प्रोफेसर होमी के. भाभा, पुलित्जर पुरस्कार विजेता कवि विजय शेषाद्री आदि शामिल थे। उत्सव के शुभारंभ के अवसर पर अमेरिका में नियुक्त भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने कहा था, आज जेएलएफ एक साहित्य उत्सव से कहीं अधिक बड़ा कार्यक्रम है-यह इतिहासकारों, कवियों, कलाकारों और संगीतज्ञों, सपने देखने वालों और उन्हें साकार करने वालों को एक मंच पर लाता है। ह्यूस्टन में नियुक्त भारतीय महावाणिज्यदूत असीम आर महाजन ने कहा कि जेएलएफ ह्यूस्टन के तीसरे एवं वर्चुअल सत्र ने विभिन्न विधाओं के प्रख्यात वक्ताओं को एक मंच पर लाया। जेएलएफ सह-निदेशक नमिता गोखले ने कहा कि बदलते समय की चुनौतियों ने उन्हें समृद्ध एवं विविध डिजिटल मंच सृजित करने के लिए प्रेरित किया।

# चीन का अंतरिक्षयान चंद्रमा की सतह पर उतरा

**एजेंसी।** बीजिंग

**चीन का** एक अंतरिक्ष यान चंद्रमा से चट्टान के नमूने पृथ्वी पर लाने के उद्देश्य से चंद्रमा की सतह पर उतरा। चीन की सरकार ने यह जानकारी दी। वर्ष 1970 के बाद से चंद्रमा से नमूने एकत्र करने का यह पहला अभियान है। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन की ओर से कहा गया कि चांगए-5 अंतरिक्ष यान, निर्धारित स्थान पर रात 11 बजे (जीएमटी अपराह्न तीन बजे) के कुछ देर बाद सफलतापूर्वक उतरा। लैंडर को 24 नवंबर को हैनान द्वीप से प्रक्षेपित किया गया था। चंद्रमा पर भेजा गया लैंडर दो दिन में सतह से दो किलोग्राम चट्टान और धूल के नमूने एकत्र करेगा। इसके बाद नमूनों को कक्षा में भेजा जाएगा और वहां से इन नमूनों को रिटर्न कैप्सूल के जरिए पृथ्वी पर लाया जाएगा। योजना के अनुसार, महीने के मध्य तक अंतरिक्ष यान मंगोलिया में उतरेगा। यदि यह अभियान सफल रहता है तो 1970 के बाद से चंद्रमा से चट्टान के ताजा नमूने एकत्र करने वाला यह पहला सफल अभियान होगा।




**हैदराबाद में *निसान मैग्नाइट* के अनावरण समारोह के दौरान मॉडलों के साथ श्रेया रॉव (दायें), मिस इंडिया-2018 सेकेंड रनरअप**

69 हजार शिक्षक भर्ती के दूसरे चरण की काउंसिलिंग शुरू...

# पहले दिन 760 भावी शिक्षकों ने जमा किए दस्तावेज, 82 अपसेंट

## ● काउंसिलिंग के वक्त उड़ती दिखीं कोविड प्रोटोकाल की धज्जियां

**संवाददाता।** सीतापुर

**शिक्षक भर्ती** का पेपर देने के करीब 2 वर्षों बाद बुधवार को 760 अभ्यर्थियों ने शिक्षक बनने के लिए अपने दस्तावेज खैराबाद स्थित डायट में जमा कर दिए। काउंसिलिंग कराने आए भावी शिक्षको व उनके परिजनों के चेहरो पर खुशी से ज्यादा संतोष के भाव नजर आए। दरअसल बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 2018 में शुरू हुई 69 हजार शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में दूसरे चरण की काउंसिलिंग बुधवार को डायट खैराबाद में शुरू हो गई। जानकारी देते हुए डायट प्राचार्य मनोज कुमार अहिरवार ने बताया कि पहले दिन गुणांक 73.21 से 68.46 तक 842 अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग कराने के लिए बुलाया गया। जिसमें 760 अभ्यर्थियों ने पहले दिन अपने दस्तावेज जमा कर दिए। जबकि 82 अभ्यर्थी किन्हीं कारणवश अबसेट रहे। इस दौरान विद्यार्थियो की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त मजिस्टेऱ्ट शिशिर कुमार की निगरानी में 14 काउंटरो पर निगरानी में काउंटरो पर काउंसिलिंग सपन्न हुई। डायट प्राचार्य के पूर्णतय: कोविड प्रोटोकाल के अनुपालन में शान्तिपूर्ण सम्पन्न प्रक्रिया के दांवो के बीच सोशल डिस्टेंसिंग तो छोड़िए इक्का-दुक्का भावी शिक्षको के चेहरे पर ही मास्क नजर आए। आपको बता दें कि काउंसिलिग के दूसरे दिन गुरूवार को गुणांक 68.45 से 63.07 तक 840 अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग तय समयानुसार होगी।



सीतापुर-काउंसिलिंग के लिए लाइन में लगे अभ्यर्थी

> 5 दिसम्बर को नियुक्ति पत्र बांटे जाएंगे, इस बावत जिले के सभी विधायको व सांसदो को नियुक्ति पत्र वितरण हेतु निमंत्रित किया जाएगा।
> **अजीत कुमार, बीएसए।**


## ...जब हक पाने को बीएसए के समक्ष बैठे भूख हड़ताल पर

### ● अभिलेखों में हुई त्रुटियों को ठीक कराने की कर रहे मांग

**सीतापुर।** 31277 शिक्षक भर्ती में चयनित सहायक शिक्षकों की त्रुटियों दुरुस्त न होने से इनकी नियुक्तियां नहीं हो पा रही है। इससे खफा दर्जनों प्रशिक्षु शिक्षक बुधवार को बीएसए कार्यालय के समक्ष अनिश्चित कालीन अनशन पर बैठ गए हैं। इस दौरान अनशनकारियों ने वहीं पर धरना दिया। चयनित शिक्षक अर्चना पाल, मनीष कुमार, कोमल सिंह, संध्या गौड़, नेहा वर्मा, कंचन गौतम, पुष्पा देवी जायसवाल, संध्या देवी, राजेश कुमार, पुष्पेंद्र, कामिनी, सरोजनी, राजीव यादव, आकांक्षा सिंह, अनुष्का दुबे, अंजली राज, दीपशिखा श्रीवास्तव आदि का कहना है कि उनका चयन 31277 शिक्षक भर्ती में हुआ था, लेकिन अभिलेखों में त्रुटियां होने की वजह से उनकी नियुक्त नहीं हो पा रही है। इससे वो काफी समय से होल्ड पर हैं। उनका कहना है कि त्रुटियों को ठीक कराने के लिए ध्ठनके द्वारा विभाग को आवेदन भी दिए जा चुके हैं। पर अभी तक विभाग द्वारा दस्तावेज ठीक नहीं कराए जा सके हैं। इससे उनकी नियुक्ति नहीं हो पा रही है। 'पायनियर' ने बीएसए कार्यालय के समक्ष धरना दे रहे प्रशिक्षुओं से बातचीत की, तो उनका दर्द सामने आ गया है।


सीतापुर-बीएसए कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते अभ्यर्थी

## कोरोनाकाल में पड़े यातायात माह में बेपटरी यातायात व्यवस्था, और जुर्माना वूसला 4 करोड़



### ● 1 नवंबर को पुलिस मुखिया ने किया था शुभारम्भ, विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को यातायात के लिए किया गया जागरूक

**सीतापुर।** कोरोना काल में सीतापुर पुलिस कितनी पावर फुल रही इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कोरोना काल में यातायात का उल्लघंन करने वालो के शरीर पर नहीं बल्कि जेब पर पुलिस ने जमकर डंडा चलाया और यातायात माह में ही 28302 वाहनों का ई-चालान कर बहादुर पुलिस ने 4 करोड़ 4 लाख रूपये व वसूल डाले। यातायात माह में लगे हाथ राहंगीरो पर भी पुलिस ने आर्थिक चाबुक चलाते हुए 5 लाख 85 हजार रू. का शमन शुल्क वसूल डाला। आपको बता दें कि पूरे जिले में 1 नवम्बर से 30 नवम्बर तक यातायात माह आयोजित किया गया। यातायात जागरूकता एवं यात्री सुरक्षा के सम्बंध में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विभिन्न विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को यातायात नियमों तथा संकेतो की विस्तृत जानकारी दी गई। यहीं नहीं नाटक, नुक्कड़ सभाओं एवं रैलियों के माध्यम से आवाम को जागरूक किया गया। अभियान चलाकर वाहन चालको को यातायात नियमों व संकेतों की जानकारी भी दी गई और आम जनमानस को हेलमेट सीट बेल्ट लगाने के महत्व को भी समझाया लेकिन इन सबके बावजूद जिलो की याता व्यवस्था कैसी है यह किसी से छिपी नहीं है। सड़क हो या चौराहा जाम से कराहते आपको मिल जाएंगे। उन पर चलने वाले रेंगने को मजबूर नजर आएंगे, हेलमेट लगाने और सीट बेल्ट बांधने की बात करना सीतापुर में फ्लिहाल बेईमानी है। सड़को पर चलने वाहनों की मनमानी से हर कोई आजिज है फ्लिहाल पुलिस ने यातायात माह में सरकारी गाइड लाइन के अनुसार मना लिया। कोरोना काल में परेशान हर किसी से जुर्माना वसूल लिया। यातायात व्यवस्था पहले भी बेपटरी थी और अब भी बेपटरी ही है। यहां सुबह का निकला वापस लौट आए तो उसे नई जिन्दंगी मिल जाना ही कहेगें।

## दिव्यांग बिटिया को योगी सरकार ने दिया तोहफा...




**हर माता-पिता का सपना होता है कि उसका बच्चा जब दुनिया में आएं तो वे कुछ माह बाद बोलना शुरू करें और मनभावन शरारतें करें। लेकिन सीतापुर तम्बौर के नाउनपुरवा रेहार के सुनील जायसवाल के साथ ऐसा नहीं हो पाया, क्योंकि उनकी बिटिया शुभी न तो सुन पा रही थी और न ही बोल। उनके पास इतना पैसा भी नहीं था, कि वो उसका इलाज करा पाते। ऐसे में उनके कान लंबे समय तक अपनी बिटिया शुभि जायसवाल की आवाज सुनने को तरस गए थे। मगर उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग में खूब चक्कर भी लगाए, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। योगी सरकार बनने के बाद एक बार फिर विभाग का दरवाजा खटखटाया और वहां से उनकी बिटिया को बोलने और सुनने का योगी सरकार में तोहफा मिल गया।**

**(फोटो-विपिन राजवंशी)**

## क्विक न्यूज

### यातायात माह में चालन से वसूले चार करोड़ चार लाख रुपये

**सीतापुर।** यात्रियों की जागरूकता के लिए 1 नवम्बर से 30 नवंबर तक मनाए जाने यातायात माह में महकमे द्वारा करीब 4 करोड़ 4 लाख के 28302 ई-चालान किए गए। इतना ही नहीं यातायात नियम तोड़ने वाले राहगीरों से करीब 6 लाख रुपए समर्थन शुल्क भी वसूला गया है। एसपी आरपी सिंह ने बताया यातायात माह के दौरान विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को यातायात के नियम व संकेतों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा सड़कों पर भी नुक्कड़ नाटक व रैलियां आयोजित कर आवाम को यातायात के नियमों व सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक भी किया गया है।

### पंचायत चुनाव की हलचल: नगरीय क्षेत्र से जुड़ी पंचायतों का परिसीमन

**सीतापुर।** पंचायत चुनाव को लेकर सरकार द्वारा नगर निकाय की सीमा विस्तार से प्रभावित ग्राम पंचायतों और जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्रों का आंषिक परिसीमन कराएगा। इस कार्य के लिए प्रमुख सचिव मनोज कुमार सिंह ने कार्यक्रम जारी कर दिया है। 4 दिसम्बर से शुरू परिसीमन कार्य के लिए 11 दिसम्बर तक सूची तैयार की जाएगी। 22 से 26 तक आपत्तिया स्वीकार की जाएगी, 27 से 2 जनवरी तक उनका निस्तारण होगा और 3 से 6 जनवरी तक निर्वाचन क्षेत्रों की अन्तिम सूची का प्रकाषन किया जाएगा।

### माध्यमिक शिक्षा विभाग का हुआ उन्मुखीकरण

**सीतापुर।** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित तीन दिनी राजकीय शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यक्रम में लोक सेवा आयोग से चयनित राजकीय शिक्षकों को अनुशासन का पाठ-पढ़ाया। साथ ही विषय विशेषज्ञों ने सभी को शैक्षिक गतिविधियों से भी परिचित कराया। राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में घ्डीआईओएस नरेंद्र शर्मा ने विभागीय संरचना पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने शिक्षकों को विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जानकारी दी। जीआईजी से सेवानिवृत्त उप प्रधानाचार्य अरुण कुमार त्रिपाठी ने शिक्षकों को बताया कि किस तरह से विद्यालय का बुनियादी ढांचा होना चाहिए। जबकि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रवक्ता वंदना तिवारी ने कक्षा प्रबंधन की जानकारी दी। राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह ने शिक्षक, छात्र, अभिभावकों एवं प्रधानाचार्य से किस तरह से संवाद कायम करना चाहिए। जिससे कि आपसी सामंजस्य बना रहे। आचार्य नरेंद्र देव टीचर्स ट्रेनिंग कालेज की प्राचार्या डॉ. प्रणिता सिंह ने भी सिद्धांतिक एवं व्यवहारिक शिक्षण पद्धातियों के बारे में बताया। अघ्सिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. इमरान ने शिक्षा में सूचना प्रोद्योगिकी का प्रयोग, शिक्षा में नवाचार पर भी प्रकाश डाला। इनके अलावा राजकीय हाई स्कूल मोहरनियां के प्रधानाध्यापक छत्रपाल यादव, राजकीय हाई स्कूल थानगांव के प्रध्यायापक कमेंद्र पाल सिंह ने भी अपने विचार रखे।

### आवास प्लस योजना में पैसा मांगने पर कार्रवाई

**सीतापुर।** प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना में लाभाघ्र्थी के परिवारीजनों से घूस मांगने के प्रकरण में अब एलिया की ग्राम पंचायत पेरईरायपुर के प्रधान पर गाज गिरना तय है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए आडियो का संज्ञान लेकर ग्राम पंचायत अधिकारी शालिनी राजवंशी ने संबंधित ग्राम प्रधान के खिलाफकेस दर्ज करने को इमलिया सुल्तानपुर थाना पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें ग्राम पंचायत पेरई रायपुर के प्रधान अनूप सिंह और लाभार्थी के परिवार के अमित सिंह के बीच हुई करीब दस मिनट की बातचीत में आवास प्लस योजना में आवंटित धनराशि में बीस हजार रुपये देने का उल्लेख किया जा रहा है, योजना में यहां की विद्यावती पत्नी वीरेंद्र सिंह को आवास दिया गया है। इस मामले में पेरई रायपुर की ग्राम पंचायत अधिकारी शालिनी राजवंशी ने इस मामले में प्रधान के विरूद्ध कार्रवाई के लिए इमलिया सुल्तानपुर पुलिस को तहरीर दी है।

### डीएम ने बैंक अधिकारियों के कसे पेंच

**सीतापुर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने बुधवार को लापरवाह बैंक अधिकारियों के पेंच कसे हैं। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना और एक जनपद एक उत्पाद योजना में इनके द्वारा आवेदकों को लोन देने में शिथिलता बरती जा रही थी। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में योजनाओं की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि स्वीकृत आवेदनों के सापेक्ष ऋण वितरण में कोई भी विलम्ब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संदीप कुमार, अपर सांख्यिकी अधिकारी जिला उद्योग केन्द्र नीरज गुप्ता, लीड बैंक मैनेजर सहित संबंधित अधिकारी व बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### बसपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**सीतापुर।** बुनियाद महाविद्यालय खैराबाद में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं का जमावाड़ा हुआ। यहां आयोजित जिला स्तरीय बैठक को लखनऊ मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी एवं सांसद राज्यसभा डॉ अशोक सिद्धार्थ ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा। जिलाध्यक्ष विनोद कुमार गौतम ने कार्यकर्ताओं से चुनाव में जुट जाने का आह्वान किया। इस मौके पर मुख्य सेक्टर प्रभारी लखनऊ मण्डल चंद्रिका प्रसाद गौतम, मा. डॉ.राममूर्ति मधुकर, मा. सोबरन लाल गौतम, सेक्टर प्रभारी लखनऊ मंडल बीपी हंस, मा. नेक पाल भारती, राजेश सिद्धार्थ आदि मौजू रहे।

आये दिन अक्सर लटकता है बोर्ड कनेक्टि विटी नही का बोर्ड...

# भारतीय स्टेट बैंक से उपभोक्ता परेशान

## ● दो महिला कर्मचारियों के सहारे चल रही बैंक, स्टाफ की है कमी होना बता रहे शाखा प्रबंधक

**संवाददाता।** मिश्रिख सीतापुर

**कस्बे में** स्थित भारतीय स्टेट बैंक का बुरा हाल है ये समस्या लगभग दो माह से चल रही है आये दिन सर्वर नही, सर्वर है तो स्टाफ नही आज बुधवार केवल बैंक में शाखा प्रबंधक सहित दो कर्मचारी ही उपस्थित मिले यहां तक कुछ लोगो ने बताया बिना परमिशन शाखा प्रबंधक के बैंक में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है अब सवाल यह उठता है कि जिसको किसी इलाज के लिए पैसे की आवश्यकता है या फ्रि अपनी लड़की के विवाह के लिए या फ्रि जरूरतमंद लोगों को पैसा कहां से मिले जिससे उपभोक्ता बहुत ही परेशान नजर आ रहा है उपभोक्ता मनोज कुमार ने बताया तीन चार दिन से दौड़ रहे हैं भारतीय स्टेट बैंक में कोई कार्य नहीं हो रहा है पैसे की निकासी व जमा की काफी दिक्कतें आ रही हैं आए दिन सरवर नहीं है बता दिया जाता है या फ्रि स्टाफनहीं है पैसा होते हुए भी हम लोग ठगे से नजर आ रहे हैं विशुन दयाल त्रिवेदी पेंशनर निवासी सहसा पुर ने बताया तीन चार दिन से दौड़ रहे है गठिया बाई है लेकिन पैसा नही मिल पा रहा है भारतीय स्टेट बैंक बेकार हो गई है विमला देवी ने बताया मुझे इलाज के लिए पैसे की आवस्यकता थी लेकिन एटीएम से भी पैसा नही मिल पाया रामशंकर विस्वकर्म ने बताया मुझे लड़की की ननद की शादी में जाना था लेकिन चार दिन से दौड़ रहा हूँ लेकिन पैसा नही मिल पा रहा है शाखा प्रबंधक सौर्य नारायण सिंह से जब बात की गई तो बताया महिला दो कर्मियों की उपस्थिति है कैश मेरी आईडी से नही निकल सकता स्टाफकी भारी कमी है दो कर्मचारी प्रशिक्षण पर गए हैं।


मिश्रिख-बैंक के बाहर पड़ा ताला

## एग्रीकल्चर बिल के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** एग्रीकल्चर बिल को वापस लिए जाने की मांग के समर्थन में रालोद ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासन को दिया। इस दौरान पार्टी जिलाध्यक्ष प्रवीण सिंह ने कहा कि एग्रीकल्चर बिल से किसानों को नहीं, बल्कि कारपोरेट जगत को फायदा होगा।


सीतापुर-ज्ञापन देते रालोद पदाधिकारी

## आज आएंगे ग्राम विकास मंत्री राजेन्द्र प्रताप

**सीतापुर।** प्रदेश सरकार के ग्राम विकास मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह 'मोती सिह' गुरूवार को नैमिष में मत्था टेकेंगे। उनके निजी सचिव जगदीश विमल ने बताया कि सुबह 9 बजे मंत्री नैमिषारण्य पहुंच जाएंगे, इसके चक्रतीर्थ, मां ललिता देवी, हनुमान गढ़ी और व्यास गद्दी का दर्शन करेंगे। इसके दोपहर सवा 12 बजे वह माता सती देवी चमखर परिसर में आयोजित एक मागंलिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, जिसका संयोजन धौरहरा सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र वर्मा की ओर से किया गया है।

## अमितेश ने बीट किया जेआरएफ परीक्षा


अमितेश राजवंशी

**सीतापुर।** सीतापुर के जैतीखेड़ा के रहने वाले अमितेश राजवंशी ने जेआरएफ बीट किया है। उसने 25 सितंबर को लाइब्रेरी साइंस के लिए विश्व विद्यालय अनुदान आयोग की परीक्षा में हिस्सा लिया था। गुरू दयाल तीसरे प्रयास में सफ्ल हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप मन लगाकर पढ़ाई करेगें तो सफ्लता जरूर मिलेगीं।

# सीसीटीवी फुटेज उजागर करेगा क्रेसर का बवाल ?

## ● पंचायत चुनाव लड़ने वालों ने रची थी साजिश!

**संवाददाता।** सीतापुर

**तो पंचायत** चुनाव लड़ने वालों ने हरगांव थाना इलाके के कटेसर गांव के समीप श्री चतुभुज खांडसारी उद्योग में बवाल कर दिया। जी हां, पुलिस को सौंपे गए सीसीटीवी के वीडियोघ् फ्लिहाल यही बयां कर रहे हैं। इस वीडियो में साफ्तौर पर दिखाई दे रहा है घ्कि किस तरह ग्रामीण क्रेसर में बवाल कर रहे हैं और गार्ड को दौड़ाकर उसका असलहा छीनते हुए दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा क्रेसर मालिकों व गार्ड के खिलाफ दर्ज कराई गई एफ्आईआर के बाद क्रेसर मालिक ने भी उपद्रव करने वाले ग्रामीणों हिमांशु दीक्षित, गंगेश दीक्षित, लवकुश शुक्ला व छोटू के विरूद्ध क्रेघ्सर परिसर में लाठी-डंडा व जबर्दस्ती घुसकर पैसा दो या मिल बंद करो और जान से मारने की धमकी देने लगे, मना करने पर गार्ड की रायफ्ल छीनने की कोशिश के कारण छीनाझपटी में गार्ड की रायफ्ल से अचानक गोली चलने का मुकदमा दर्ज कराया है। यह मुकदमा लवलेश कुमार त्रिपाठी की ओर से दर्ज कराया गया है, जिसमें यह भी कहा गया कि पुलिस को सौंपे गए सीसीटीवी फुटेज से अन्य ग्रामीणों की भी पहचान की जा सकती है। जबकि दूसरी तरफ ग्रामीणों का कहना है कि मिल की राख उड़ने से वो बीमार हो रहे हैं, प्रदूषण भी फैल रहा है, इसको लेकर वह मिल मालिकों से बात करने गए थे, इस दौरान गार्ड ने फायर कर दी। लेकिन सीसीटीवी फुटेज ने सब कुछ बयां कर दिया है कि सच्चाई क्या है? मिल मालिकों की मानें तो जिला पंचायत व प्रधान का चुनाव लड़ने वालों ने फोन कर लगातार धमकियां दीं, कि पैसा दो या मिल बंद करो। मना करने पर कहा गया कि मिल से राख उड़ती है। जिससे वो बीमार हो रहे हैं, जिसकी शिकायत अधिकारियों से की जानी चाहिए थी, खुद ग्रामीणों को मिल पर पहुंचकर हगांगा करने की क्या जरूरत पड़ गई। मौके पर एसडीएम लहरपुर रामदरश राम और सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय, थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्र व कोतवाल लहरपुर ओपी राय ने हगांमा कर रहे ग्रामीणों को समझाया, तब तक ग्रामीण क्रेसर को बंद करा व गार्ड को पुलिस के सुपुर्द कर चुके थे। कई घंटों के बाद क्रेसर पुन: चालू हो सकी। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर कार्रवाई करेंगी।


(फाइल फोटो)

# स्वयं सहायता समूहों के हाथ में 105 सामुदायिक शौचालयों की बागडोर

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी



**मंगलवार** को विकास खंड मोहम्मदी के प्रांगण में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में 105 ग्राम पंचायतों के नवनिर्मित एक-एक सामुदायिक शौचालयों की बागडोर स्वयं सहायता समूह को सौंप दी गई। ब्लाक परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह व सीडीओ अरविंद सिंह ने किया।

डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार नित नए कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि यहां की समूह की महिलाओं ने स्वप्रेरणा से सामुदायिक शौचालयों के संचालन की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली। जिसकी हर स्तर पर प्रशंसा हो रही है। सीडीओ अरविंद सिंह ने कहा कि आपके ब्लॉक में सभी ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि आज यहां के स्वयं सहायता समूह को सामुदायिक शौचालयों की संचालन एवं रखरखाव की बागडोर सौंपी गई है।उन्होंने कहा कि सामुदायिक शौचालयों की साफ सफाई इतनी बेहतर हो लोग इसकी मिसाल प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि समूह की महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा होने पर प्रशासनिक अधिकारी पूरा सहयोग करेंगे। आज के इस कार्यक्रम में विकासखंड मोहम्मदी की कुल 105 स्वयं सहायता समूह को प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में प्रधान एवं ग्राम सचिव द्वारा संचालन पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम में एसडीएम मोहम्मदी स्वाति शुक्ला, डीसी मनरेगा राजनाथ भगत व बीडीओ मोहम्मदी महेंद्र यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## गोष्ठी एवं किसान सम्मान समारोह का शुभारंभ

**लखीमपुर-खीरी।** मोहम्मदी में एकदिवसीय टिश्यू कल्चर केला गोष्ठी एवं किसान सम्मान समारोह का शुभारंभ जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने केले की आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीक से उत्पादन पर परिचर्चा हुई। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा खीरी कृषि प्रधान जनपद है। किसान भाई फसल चक्र पर ध्यान देकर उसे अपनाएं। केला आपके मन को शांत करता है। विटामिंस का अपार भंडार है केला। एक केला रोज खाओ और बीमारी को दूर भगाओ। केले की उन्नतशील खेती करके बढ़-चढ़कर के आगे बढेए इसकी खेती में अपार संभावनाएं है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी खेती का मर्दा अवश्य परीक्षण कराए। गेहूं धान एवं गन्ना खेती के अतिरिक्त अन्य फसलों के उत्पादन में रूचि दिखाएं। सरकार ने केले की खेती के भी बीमा करने की व्यवस्था की है।

# एसपी ने किया कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण

- दिए उचित दिशा-निर्देश
- मीडिया से भी मुखातिब हुए एसपी

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी



**पुलिस अधीक्षक** विजय ढुल ने कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। मालखाने, वाहनों, महिला हेल्प डेस्क, शौचालय, मेस व कम्प्यूटर कक्ष सहित आरक्षियो के आवासों का भी निरीक्षण किया। उसके उपरांत सीओ कार्यालय का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक अभय प्रताप मल और प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार त्रिपाठी भी साथ रहे।

मीडिया से मुखातिब होते हुए एसपी ने कहा कि यह कोतवाली मोहम्मदी का वार्षिक निरीक्षण है। माल खाना, वाहनों, कंप्यूटर व महिला हेल्प डेस्क सहित लंबित विवेचना के बारे में जानकारी ली गई है। अभिलेखों तथा वस्तुओं के रखरखाव सही पाए गए हैं। जो वाहन माल खाने में जमा है उसके बारे में उन्होंने कहा लावारिस वाहनों के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। महिला हेल्प डेस्क के संबंधित लोगों को फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। आरक्षियों के पुराने आवासों को ठीक करने के लिए उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया। गंभीर मामलों में हीला-हवाली बर्दाश्त न किए जाने की चेतावनी दी। पारिवारिक विवादों को मध्यस्थता से निबटाने के प्रयास की सलाह दी।

# प्रेस करने वाले ने नब्बे हजार देकर पेश की ईनामदारी की मिशाल

संवाददाता। मैगलगंज-खीरी



**आज के इस** दौर में ऐसे बहुत कम लोग मिलते हैं जो ईमानदारी के पाठ को जिंदा रखें लेकिन जब कोई रुपयों से भरा बैग वापस कर दे तो लगता है कि हां आज भी इंसानियत जिंदा है। जीवन में रुपया पैसा कुछ भी मायने नहीं रखता। असली धन तो इंसान का ईमान है। चौराहे पर सोनू कनौजिया नाम का व्यक्ति कपड़ों में प्रेस करने का काम करता है। आज सुबह कस्बे के व्यापारी अजय गुप्ता कपड़ों में प्रेस कराने के लिए कपड़े लेकर सोनू कनौजिया के पास गए। कपड़ों के साथ भूलवश झोला भी दे दिया। इसमें 90 हजार रुपए रखे थे। वह झोला रखकर चले गए। कई घंटे के बाद अजय गुप्ता को जब पैसे की आवश्यकता पड़ी तो देखा झोला गायब है। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब झोला नहीं मिला तो अजय गुप्ता सोनू कनौजिया के पास पहुंचे। सोनू कनौजिया ने अजय गुप्ता को देखते ही पैसे और झोला तुरंत लौटा दिया और बताया दादा आपके यह पैसे और झोला कपड़ों के साथ आ गए थे। अजय गुप्ता ने अपने फार्म पर बुलाकर सोनू कनौजिया को सम्मानित करते हुए 1100 रुपए का नगद पुरस्कार दिया। परिवार के लिए मिठाई भेंट की। व्यापारियों ने सोनू कनौजिया की ईमानदारी की काफी प्रशंसा की।

## हत्याकांड में दो और आरोपी गिरफ्तार



**बेहजम-खीरी।** बीते शुक्रवार को नीमगांव थाने से चंद कदमों के फासले पर बसे गांव लोनिपुरवा में बकरी बांधने के विवाद में जमकर लाठी डंडे चले थे। मारपीट में घायल हरीराम ने अस्पताल में दम तोड़ दिया था। इस मामले में नीमगांव पुलिस ने मृतक के परिजन की तहरीर पर गैर इरादतन हत्या व मारपीट की घटना में चार लोगों को नामजद व अन्य के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं दो अभियुक्तों लवकुश व छोटे लाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घटना में लिप्त शेष दो नामजद आरोपी विजय पुत्र हीरा लाल व मंत्री पुत्र विजय निवासी लोनिपुरवा थाना नीमगांव को पुलिस टीम के दरोगा अनिल कुमार पांडे ने अपने हमराहियों के साथ रात्रि में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। दोनों को जेल भेजा गया।

### युवक ने लगाई फांसी

गोला गोकर्णनाथ खीरी। थाना कोतवाली गोला के मोहल्ला कृष्णापुरम निवासी विकास चौधरी ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी से झूलकर मौत को गले लगा लिया। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिया भेजा है। मृतक की पत्नी ने पुलिस को दी सूचना में बताया है कि उनके पति मानसिक अवसाद से ग्रसित थे। नशे की हालत में पहले भी आत्महत्या का प्रयास कर चुके है।

# डीएम को मिलीं चौंतीस शिकायतें

संवाददाता । मोहम्मदी-खीरी



**मोहम्मदी सम्पूर्ण** समाधान दिवस जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह पहुंचे। आज समाधान दिवस मंगलवार को स्नातक एमएलसी चुनाव को देखते हुए बुधवार को हुआ। कुल 34 शिकायती पत्र आए। इसमें राजस्व 20, चकबंदी चार, पुलिस तीन, विद्युत एक, नगर पालिका दो शिकायतें शामिल थीं। आज किसी भी समस्या का मौके पर निस्तारण नहीं हुआ। समाधान दिवस में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जनता की समस्या को देखते हुए सम्पूर्ण समाधान और थाना समाधान दिवस शासन ने आयोजित किये हैं। इसमें सभी को जल्द न्याय मिलता है। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिह ने अपने सम्बोधन में कहा कि जो शिकायती पत्र आते हैं समय से उसका निस्तारण करें। कुछ विभाग लगातार लापरवाही कर रहे हैं जो उचित नहीं है। किसी समस्या को टालिए मत। लगातार जिले पर समीक्षा की जाती है। कुछ विवादों को बातचीत के जरिए हल कराएं। पुलिस अधीक्षक विजय ढुल ने कहा कि आईजीआरएस को सही तरीके से निस्तारण करें। प्रशासन को अगर पुलिस का सहयोग नहीं मिल पा रहा हो तो मुझे या जिलाधिकारी को बताएं। जनता के साथ किसी भी कीमत पर दुर्व्यवहार न किया जाए। त्यौहार पर आपसी बैठक कर पहले से तैयारी करें। समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक विजय ढुल, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला, पुलिस उपाधीक्षक अभय प्रताप मल, अधिशाषी अभियंता अताउर जफर, गन्ना अधिकारी सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### चौकीदार की रात में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बरेली** । रात के समय बाजार में चौकीदारी करने वाले एक चौकीदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।कोतवाली थाना क्षेत्र में आलम गिरि गंज बाजार के चौकीदार नेपाल के कैलाली जिले के थाना बूढोला के गांव गिला निवासी 61 वर्षीय गौरी शंकर पुत्र राम बहादुर की बीती रात ड्यूटी पर ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुबह होने पर स्थानीय लोगों ने उसकी लाश को सड़क किनारे एक चबूतरे पर देखा और घटना की सूचना पुलिस को दे दी। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की लाश को जिला अस्पताल भेजा। जहां से उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### छोटे भाई पर लगाया ताऊ की हत्या का आरोप

**बरेली।** ताऊ की मौत के बाद उसे देखने के लिए पहुंचे ग्रामीण में अपने छोटे भाई पर जमीन के लालच में ताऊ की हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।भोजीपुरा थाने के गांव रजपुरा निवासी 80 वर्षीय छेदा लाल पुत्र इंदल की बीती रात अपने छोटे भाई प्रसादी लाल के घर में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर प्रसादी लाल का छोटा बेटा हरप्रसाद अपने ताऊ को देखने पहुंचा। लेकिन घर में मौजूद उसके छोटे भाई राम सिंह ने उससे गाली-गलौज की और मारपीट कर दी। जिससे नाराज हैं हरप्रसाद में छोटे भाई राम सिंह पर ताऊ की 3 बीघा जमीन की लालच में हत्या करने का आरोप लगाते हुए घटना की शिकायत पुलिस से कर दी। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक विवाहिता था और अपने छोटे भाई प्रसादी लाल के मकान में ही रहता था।

### सूदखोर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**बरेली।** सूदखोर पर ब्याज पर रकम देने और लोगों से गाली गलौज वाह मारपीट करने का आरोप लगाने वाले ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग की।आंवला थाना क्षेत्र के गांव पक्का कटरा निवासी राजेश उर्फराजू खंडेलवाल पुत्र प्रेम शंकर खंडेलवाल ने इलाके में ही रहने वाले सूदखोर अमित उर्फसोनू मित्तल पुत्र जितेंद्र मित्तल पर आरोप लगाया कि अमित लोगों को अधिक ब्याज पर पैसा देता है। जब लोग उसका पैसा वापस नहीं कर पाते तो वह उनके साथ गाली गलौज व मारपीट करता है ।राजेश ने आरोप लगाया कि अमित लोगों से दिए गए पैसा का ब्याज लेने के बावजूद उनसे ब्याज मांगता है और प्रताड़ित करता है। उसने घटना की शिकायत पुलिस से करते हुए अमित पर कार्रवाई की मांग की।

### सीज मोरम प्रकरण का मामला पहुंचा लखनऊ

**फतेहपुर।** जनपद के हुसैनगंज थाना क्षेत्र में प्रशासन द्वारा सीज की गई यमुना की रेत (मोरम) का मामला राज्य मुख्यालय तक पहुंच गया है। इस मामले में सत्तारुढ़ दल के एक विधायक ने अत्यन्त गोपनीय पत्र महराज जी (मुख्यमंत्री) को भेजा है, एक विधायक के गुर्गो का सारा किया धरा बताया गया है और इस कारस्तनी में संबंधित थाने के तत्कालीन प्रभारी निशीकान्त की भूमिका अहम बताई गई है, जिनके संरक्षण में कई करोड़ की कीमत वाली मोरम को पार करने का खेल खेला गया। इस मामले में जिला प्रशासन की भूमिका को भी अहम बताया गया है। साथ ही अब तक प्रशासनिक जिम्मेदारों द्वारा प्रभावी कार्यवाहीं न किए जाने पर खासा आश्चर्य जताया गया है। पत्र में मुख्यमंत्री से इस गंभीर प्रकरण पर कड़ी कार्यवाही की आवश्यक्ता जताई गई है।

### बैनामा कार्यालय सदर के क्रिया कलापों की जांच करवाने की मांग

**फतेहपुर।** सब रजिस्ट्रार कार्यालय सदर में कई बैनामो और कुछ महत्त्वपूर्ण पत्रावलियों के गायब होने का मामला एक बार फ्रि चर्चा में है। लोकजन शक्ति पार्टी के एक जिला स्तरीय पदाधिकारी ने शासन स्तर पर मामले को पुनः भेजकर किसी एजेंसी से जांच करवाने की मांग की है। इस पत्र में 16 अलग-अलग मामलो का विस्तार से जिक्र किया गया है। साथ ही पिछले डेढ़ दशक के दरम्यान इस कार्यालय में तैनात रहे सब रजिस्ट्रारो, कर्मचारियों एवं बैनामा लेखकों की भूमिका और संपत्तियो की जांच करवाने की मांग की गई है। पत्र में मोटे तौर पर कई करोड़ की स्टाम्प चोरी, माफ्यिाओं को अपरोक्ष रूप से लाभ पहुंचाने एवं जानते हुए भी सरकारी जमीनों के बैनामे होने देने का उल्लेख किया गया है।

### गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड के पोर्टल से जुड़े अनुराग

**फतेहपुर।** गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड के पोर्टल न्यूज पॉजिटिव जिसमे पूरे विश्व के रिकॉर्ड होल्डर्स, पद्म विभूषण सम्मान से सम्मानित समाजसेवी और ऐसे तमाम चर्चित व्यक्ति जो चिकित्सा, समाजसेवा, शिक्षा, साहित्य, खेल व योग एवं धर्म व संस्कृति के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य कर रहे हैं उनके कार्यों को स्थान दिया जाता है।

# वृद्धाश्रम में भोजन रोस्टर के अनुसार गुणवत्तापूर्ण दिया जाए: इंद्र विक्रम सिंह



संवाददाता। शाहजहांपुर

**जिलाधिकारी** इन्द्र विक्रम सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान कहा कि माता-पिता व वरिष्ठ नागरिक (60 वर्ष या अधिक) जो स्वयं का भरण पोषण करने में असमर्थ है वह संतान से भरण पोषण का दावा कर सकते है।श्री सिंह ने कहा है कि बनतारा वृद्धाश्रम में रह रहें वृद्धजनों की हर संभव मदद की जाए। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक 15 दिवस में एक बार महिलाध्पुरूष डॉक्टरों से वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा है कि अधिकतर वृद्धजनों को आख, कान व जोड़ों का दर्द आदि की समस्या होती है। इसलिए विषेष तौर से हड्डी, कान, आंख आदि के विषेषज्ञों से भी जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि षीतऋतु का समय चल रहा है, इसलिए ठण्ड से बचाव हेतु कपड़ों की व्यवस्था की जाए। श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि वृद्धाश्रम में भोजन रोस्टर के अनुसार गुणवत्तापूर्ण दिया जाए। उन्होंने कहा है कि परिवार में ऐसे वृद्धजन जिनका पालन-पोषण सही तरीके से नहीं हो रहा है वह वृद्धाश्रम में रह सकतें है।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रेरणा षर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुमन कुमार, समिति के सदस्य हरगोविन्द मोदी, श्रीमती विमला, यदुनाथ, जे0डी सक्सेना आदि उपस्थित रहें।

### ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31 दिसंबर

**जिला अल्पसंख्यक** कल्याण अधिकारी बरखा सिंह ने बताया है कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित प्री-मैटिक, पोस्ट-मैट्रिक एवं मेरिट-कम-मीन्स छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्रध्छात्राओं द्वारा आनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि दिनांक 31.12.2020 कर दी गई है। अतएव सभी षिक्षण संस्थाओंध्मदरसों के प्रबन्धक प्रधानाचार्यो से अनुरोध है कि जिन षिक्षण संस्थाओं द्वारा अभी तक के0वाई0सी0 नही कराई गई है वह तत्काल अपने विद्यालय की के0वाई0सी0 कराकर उसकी हार्ड कापी मय संलग्नकों सहित कार्यालय में उपलब्ध करायें ताकि के0वाई0सी0 को अप्रूव किया जा सकें और पत्र अल्पसंख्यक छात्रध्छात्रायें छात्रवृत्ति आवेदन कर सकें।

## वायरस मानव के इम्यून सिस्टम को प्रभावित करता है: आमीन



**शाहजहांपुर।** इस्लामिया इण्टर कालेज एड्स डे के अवसर पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्रों ने प्रतिभाग किया । । मोहम्मद अफ्रोज खान ने कहा कि एड्स से बचाव का सबसे सुरक्षित मार्ग एड्स के विषय में जानकारी प्राप्त करना है ।इस लिए हमें यह जानना जरूरी है कि एड्स किन बातों से फैलता है और किन बातों से नहीं फैलता है । पाकीजगी का पालन सबसे सुरक्षित मार्ग है । दूसरी ओर कालेज के प्रधानाचार्य मोहम्मद आमीन ने कहा कि एड्स स्वयं में कोई बिमारी नहीं है बल्कि यह बिमारीयों का समूह है। इसके वायरस मानव के इम्यून सिस्टम को प्रभावित करता है। जिससे मनुष्य की बिमारियों से लड़ने की क्षमता प्रभावित होती है जिससे मनुष्य विभिन्न प्रकार की बिमारियों से ग्रसित हो जाता है । इस लिए इस बीमारी से केवल बचा जा सकता है ।जीव विज्ञान अध्यापक हन्नान अहमद की निर्देशन में सम्पन्न हुई प्रतियोगिता में मोहम्मद आजम खाँ ,कक्षा 12 एफ पारस अग्रवाल कक्षा 12 बी एवं अयान खान कक्ष 12 एफ ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया । सभी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य श्री मोहम्मद आमीन ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।आयोजन का संचालन कार्य श्री हन्नान ने किया ।

# कोरोना से अब तक मरने वालों की संख्या 106 हुई



**शाहजहांपुर** ।जिले में बुधवार कोरोना संक्रमण से दो लोगो की मौत हो गई इसके साथ ही जिले में कोरोना वायरस से मरने वालो की संख्या 106 हो गई है इसके साथ ही जिले में पांच कोरोना के मरीज जाँच में पॉजिटिव पाए गए मृतकों में तहसील जलालालाबाद के महाजन निवासी बुजुर्ग को कोरोना वायरस की पुष्टि के बाद 30नवम्बर को कोविडअस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसकी उचार के दौरान मौत हो गई इसके साथ ही तहसील तिलहर के गोबर सांडा के रहने वाले पैसठ वर्षीय बुजुर्ग को कोरोना के संकरण की पुष्टि के बाद नवम्बर को कोविड अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गए बुधवार को कोविड गाइडलाइन के अनुसार दोनों शवों का परिजनों का दाहसंस्कार कर दिया स्वास्थ्य विभाग के आकड़ों के अनुसार जिले में बुधवार को पांच पॉजिटिव मरीज मिले है इसके साथ ही कोरोना पॉजिटिव मरीजों की कुल संख्या 6678 हो गई है इसमें उपचार के बाद डिस्चार्ज मरीज 3028 तथा होम आईसोलेशन में 3430 मरीज तथा अबतक 106 मरीजों की कोरोना संक्रमण से मौत हो चुकी है

# श्याम तिवारी पर गंभीर आरोप, सत्ता के संरक्षण में अपराध करने का आरोप

संवाददाता। फ्तेहपुर

**सदर** कोतवाली क्षेत्र के गांव सनगांव निवासी रामचन्द्र पटेल, सिद्दीकी, नियाज अहमद आदि ने प्रधानमंत्री, प्रधान न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय, प्रधान न्यायाधीश उच्च न्यायालय, मुख्यमंत्री भाजपा के उच्च व जिला स्तरीय नेताओ के साथ साथ शासन प्रशासन के उच्च स्तरीय अधिकारियों को एक शिकायती पत्र भेजकर क्षेत्रीय विधायक के तथाकथित प्रतिनिधि श्याम कुमार तिवारी पुत्र अशोक कुमार तिवारी को अपराधिक गतिविधियों में लिप्त बताते हुए उन पर कई संगीन आरोप लगाये है। पत्र में कहा गया है कि 2006 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे श्याम कुमार तिवारी पर विभिन्न जनपदों के विभिन्न थानों में दर्जनों मुकदमें होने के बावजूद 2017 से 2020 के मध्य उसकी पत्नी व भाई के नाम रिवाल्वर व बन्दूक के लाइसेंस किस आधार पर जारी किए गए, यह बडी जांच का विषय है। इस पत्र में श्याम तिवारी की आर्थिक स्थिति का आंकलन करने और आय के स्रोतों की जांच करने, जनपद की मलवा एवं कल्याणपुर थाने तथा सदर एवं बिंदकी कोतवाली की पुलिस द्वारा उसको संरक्षण देने और उसके द्वारा आम लोगों को प्रताड़ित किए जाने की भी जांच कराने की मांग की गई है। साथ ही आरोप लगाया गया है कि साधन सहकारी समिति हरिहरगंज के चुनाव में क्षेत्रीय विधायक द्वारा धांधली कराकर सत्ता का दुरुपयोग करते हुए समिति का अध्यक्ष बनवाया गया। जिसकी भी जांच करवाई जाए। इस पत्र में चार अन्य गंभीर मामलों का भी जिक्र करते हुए शासन प्रशासन से सवाल किया गया है कि 7 क्रिमिनल एक्ट एवं गैंगस्टर समेत विभिन्न धाराओं में वंचित होने के बावजूद ऐसे व्यक्ति को खुला छोड़ना क्या अपराध एवं अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देना नहीं है। मांग की गई है कि उपरोक्त मामले की शासन स्तर से जांच करवाई जाए। असलहो के लाइसेंस निरस्त किए जाए क्योंकि इनका उपयोग अपराधिक गतिविधियों में किया जा रहा है। साथ ही सत्ता के संरक्षण की भी जांच हो।रिपोर्ट दर्ज कराई।

### लापता युवक की गुमशुदगी दर्ज

**फतेहपुर।** औंग थाना क्षेत्र के अभयपुर मजरे के गोपालपुर गांव का एक युवक पिछले 3 दिनों से लापता है। परिजनों ने इस बारे में पुलिस थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है लेकिन युवक के बारे में अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। जानकारी के मुताबिक 22 वर्षीय धर्मराज 29 नवंबर को सुबह कानपुर ड्यूटी करने के लिए गया था लेकिन फ्रि घर वापस नहीं पहुंचा। परिजनों ने अपने स्तर पर धर्मराज की तलाश की लेकिन जब पता नहीं चल पाया तो 2 दिसंबर को गुमशुदगी का मामला दर्ज करवा दिया। परिजनों ने लोगों से गुहार लगाई है कि धर्मराज 22 वर्षीय 5 फुट 6 इंच रंग सावला शरीर में नीली जैकेट पेंट जींस काली चप्पल पहने हुए हैं।

### सीएम को गोपनीय पत्र, फतेहपुर आकर देखें हालात

**फतेहपुर।** भाजपा के एक पूर्व जिला स्तरीय कैडर पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री को गोपनीय पत्र भेजकर जनपद आकर यहां के हालातों पर स्वयं गौर करने की अपील पुरजोर मांग की है। इस महत्त्वपूर्ण पत्र में तेरह बिंदुओं को शामिल किया गया है। अपना नाम न छापने की शर्त पर उन्होंने बताया कि सूबे में भाजपा की सरकार के पदारूढ़ होने के बावजूद सरकारी कार्यालयों में जनमानस का शोषण कम नहीं हो सका है।

# जंगली जानवर के पंजों के निशान मिले

**● निशान मिलने के बाद सक्रिय हुए वन विभाग की टीम ने डाला डेरा, ग्रामीणों में है दहशत का माहौल**




संवाददाता। फर्रुखाबाद

**राजेपुर** थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव क्षत्र में जंगली खूंखार जानवर होने की वजह से गांव वालों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण अपने खेत में जाने से डरते हैं वहीं पर वन विभाग की टीम भी डेरा डाले हुए हैं जिसमें कानपुर से आए वन विभाग के अधिकारी रुके हुए हैं। वन विभाग के रेंजर उदय प्रताप,एसआई लालाराम व बन दरोगा मोहित शर्मा,राजेपुर थाने के एसआई रमाशंकर भी टीम के साथ टाइगर की छानबीन में जुटे हैं। पंजों के चिन्ह से टाइगर होने का अनुमान लगाया जा रहा है। नाइट विजन 20 कैमरे लगाए गए हैं।

बताया गया कि इन कैमरों का रेंज 380 फुट दूरी तक कवर करता है। वहीं पर इनमें चिप व बैटरी लगी हुई है। बैटरी का बैकअप 15 दिन लगभग बताया गया। 3 किलोमीटर की एरिया में लगाए गए कैमरे जो कि पेड़ों पर लगाए गए कैमरे जिससे टाइगर अगर कोई हरकत करता है तो उसकी हरकत कैमरे में कबर होगी और उसी के आधार पर कार्यवाही आगे बढ़ाई जाएगी अगर टाइगर का संकेत मिलेगा। वहीं पर वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से अनुरोध करते हुए कहा कि आप लोग शाम के बाद खेतों में काम ना करें क्योंकि खूंखार जानवर होने की संभावना है। वन विभाग के रेंजर उदय प्रतापए एसआई लाला राम ने अपने रुपयों से खाने का भंडारा चलाया जिसमें पुलिस स्टाफ वन विभाग स्टाफग्रामीणों को भी भोजन कराया गया।

# दिव्यांग महिला के कपड़े फाड़े, पति को मारी गोली

**● पुलिस ने सात के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा, एचटी-एसटी एक्ट में भी दर्ज हुआ केस**

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**भूमि** विवाद में गाँव के दबंगों नें फिल्मी अंदाज में दिव्यांग महिला के लज्जा भंग करने का प्रयास किया जबकि उसके पति नें विरोध किया तो उसके गोली मार दी। पुलिस नें मामले में 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम नगला महरूपुर सहजू निवासी गौरी शंकर पुत्र रामस्वरूप नें पुलिस को तहरीर दी गाँव के ही कुछ दबंग लोगों नें उसकी 20 बीघा गेंहू की फसल जोत ली। जिसकी शिकायत गौरी शंकर और उसके भाई शिवशंकर नें आलाधिकारियों से की थी। गौरी शंकर का आरोप है कि उसी की खुन्नास में बीते 1 दिसम्बर को दबंग नीतू व नीरज पुत्र चरन सिंह उर्फ छल्लू निवासी नौसारा, पंकज पुत्र अतर सिंह, गोपाल पुत्र कश्मीर निवासी नौसारा, कमलेश पुत्र सेवाराम, अरविन्द पुत्र कमलेश निवासी कुबड़ी खेरा राजेपुर, महावीर पुत्र सिपाही के शिवशंकर की दिव्यांग पत्नी छाया की लज्जाभंग करने का प्रयास किया जब उसके पति नें बचानें का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट की है। दबंगों का इतने से भी जी नही भरा तो फिर उन्होंने शिवशंकर के गोली मार दी। जिससे वह जख्मी हो गया। पुलिस नें तहरीर मिलने पर आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 148, 323, 307, 504, 354 (ख), 506 के साथ ही एचसीध्एचटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## क्विक न्यूज

### दुधमुंहे के साथ कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

**घाटमपुर।** कोतवाली की पुलिस चौकी पतारा क्षेत्र के एक गांव में एक दुधमुहें के साथ पड़ोस में रहने वाले युवक ने कुकर्म किया, बच्चे के रोने की आवाज सुनकर लोग मौके में पंहुचे और कुकर्मी को पकड़ कर पीटा तथा पतारा चौकी पुलिस के हवाले कर दिया। उधर परिजन गंम्भीर हालत में बच्चे को लेकर कोतवाली पंहुचे और घटना की जानकारी दी, कोतवाली पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर बच्चे को वास्ते इलाज व मेडिकल जॉच के लिये सीएचसी भेजा गया है। चिकित्साधिक्षक कैलाश चंद्रा ने बताया कि बच्चे को इलाज के बाद हैलट रिफर कर दिया गया है।

### आज जिले में होंगे कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री

**फर्रुखाबाद।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद आज जनपद में होंगे। वह पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम करेंगे। कांग्रेस की बैठक में गांधी निबिया राजेपुर में बुधवार को कांग्रेस की बैठक का आयोजन है। कांग्रेस के पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद शिरकत करेंगे। वह पार्टी पदाधिकारियों और समर्थकों को आगामी 2022 के चुनाव की तैयारी को लेकर भी चर्चा कर सकते है।

### सड़क दुर्घटना में मौत

**इटावा।** बसरेहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत किल्ली सुल्तानपुर के निवासी विकास पुत्र सतराम उम्र 28 साल की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटना की जानकारी जब परिजनों को मिली तो घर में कोहराम छा गया।

### गंभीर हालत में महिला को किया गया सैफई रेफर

**इटावा।** जिला अस्पताल में 2 दिन से प्रसव पीड़ा से परेशान एक महिला को जिला अस्पताल से सैफई भेजा गया पीड़ित मोहम्मद रफीक निवासी ताखा की पत्नी सेलिना खातून के पहले से ही एक बच्चा था तथा दूसरे बच्चे के जन्म के समय उसका स्वास्थ्य चालक खराब होने लगा जिसको लेकर उसके पति द्वारा जिला अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचा जहां डॉक्टर ने महिला को अति गंभीर हालत देखते हुए उसे सैफई भेज दिया पर पति द्वारा उसे शहर के प्राइवेट अस्पतालों में उपचार कराने लगे जहां उसका स्वास्थ्य सही नहीं हो पाया तो पति द्वारा अपनी पत्नी को दोबारा महिला चिकित्सालय लेकर पहुंचा जहां महिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा पीड़ित महिला को दोबारा देखकर उसका चेकअप किया पर महिला का स्वास्थ्य सही नहीं था और जिला अस्पताल में पर्याप्त संसाधन न होने की वजह से इसे सैफई भेजा गया।

### करंट लगने से मौत

**इटावा।** फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत करण लग जाने से 40 वर्षीय डिप्टी पुत्र मुरली निवासी कोकपूरा की घर पर ही मौत हो गई घटना की जानकारी परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटना के बाद घर में मातम का माहौल छाया हुआ है

### 22 छात्रों का चयन

**फर्रुखाबाद।** बुधवार को म्युनिसिपल इंटर कालेज के छात्रों के लिए एनसीसी का चयन किया गया। जिसमे दौड़ में ही अधिकतर छात्र क्लीन बोल्ड हो गये। कुल 22 छात्रों का चयन किया गया। जिसकी शनिवार को सूची चस्पा की जायेगी। फतेहगढ़ के स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में एनसीसी की भर्ती कर्नल राजीव नेगी व लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर की देखरेख में सम्पन्न हुई। जिसमे कुल 212 छात्रों नें प्रथम दौड़ में हिस्सा लिया। जिसमे मात्र 54 छात्र ही पास हो सके। पास हुए कुल 54 छात्रों नें की लिखित परीक्षा 30 मिनट की आयोजित की गयी। इसके साथ ही शारीरिक दक्षता का भी परीक्षण किया गया। एमआईसी के लेफ्टिनेंट गिरजा शंकर नें बताया कि सम्पूर्ण परीक्षा के आधार पर कुल 22 छात्रों का चयन एनसीसी में हुआ है। जो छात्र चयनित हुए हैं उनका 2 वर्ष का प्रशिक्षण सेना द्वारा कराया जायेगा। उसके बाद लिखित परीक्षा करायी जायेगी जिसमे पास हुए कैडेटों को एनसीसी का प्रमाणपत्र दिया जायेगा। इस दौरान सूबेदार मेजर हरकेश सिंह, सूबेदार मनोज कुमार, सुखवीर सिंह, मनोज कुमार, अजय कुमार व गिरीश चन्द्र रहे।

### जिले में एक्टिव कोरोना मरीजों की संख्या 184,10

**फर्रुखाबाद।** जिले में 10 कोरोना मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई हैं जिससे जिले में कुल कोरोना संक्रमितों की संख्या 4364 पर पहुंच गई है। जिले में कोरोना से मृतकों की संख्या 75 हो गई है।कोरोना सक्रमितों की संख्या की रोकथाम के लिए डीएम सहित सभी आलाधिकारी लगे हुए हैं। देर रात आई कोरोना रिपोर्ट के मुताबिक जिले में 10 कोरोना मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है जिससे जिले में संक्रमितों की संख्या 4364 पर पहुंच गई है। इसमें 184 मरीज एक्टिव हैंए वहीं जिले में स्वस्थ एंव होमआईसोलेशन मरीजों की संख्या 4105 हो गई हैं। सभी स्वस्थ मरीजों को प्रशासन की निगरानी में उन्हें घर भेज दिया है वहीं सभी होमआईसोलेट मरीजों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जबकि जिले में मृतकों की संख्या 75 पर पहुंच गई है।

### सीआईएसएफ जवान को पुलिस ने पकड़ा

**जसवंतनगर।** पहली पत्नी के होते हुए भी दूसरी शादी कर रहा सीआईएसएफजवान आखिरकार जसवंतनगर क्षेत्र में पकड़ा गया है। पिछले दिनों कानपुर में उक्त सीआईएसएफ जवान प्रदीप यादव पुत्र स्वर्गीय उदयवीर सिंह यादव ग्राम श्यारमऊए रामलाल थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद अपनी दूसरी शादी कर रहा था। यह पता लगने पर पहली पत्नी ने कानपुर के थाना बर्रा में इस मामले की रिपोर्ट दर्ज करा कर शादी के समय मौके पर पहुंचकर शादी कार्यक्रम को रूकवा दिया पर दूल्हा बना सीआईएसएफजवान वहां से भाग खड़ा हुआ तब से उसकी पहली पत्नी व उसके परिजन लगातार उसका पता लगाकर पीछा करते रहे। बुधवार को उन्हें पता चला कि उक्त जवान प्रदीप जसवंतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम जौनई में छुपा हुआ है तो उन्होंने पुलिस लेकर वहां पर छापा मारा और प्रदीप को गिरफ्तार कराकर जसवंतनगर थाना ले आए हैं जहां से बर्रा कानपुर पुलिस को अवगत कराया गया। जवान की पत्नी रितु यादव ने यहां थाना कोतवाली परिसर में पत्रकारों को बताया कि उसने पहले से ही उक्त सीआईएसएफ जवान अपने पति के खिलाफ महिला थाना फिरोजाबाद मे पंजीकृत कराया था। इसके आलावा घरेलू हिंसा का आदेश उसके पक्ष में होने के बावजूद घर में नहीं जाने दिया। बाद में दूसरी शादी बिना तलाक हुए करने के सम्बन्ध में जानकारी हुई तो 30 नवंबर को वह अपने परिजनों को लेकर शादी स्थल चौधरी हरमोहन सिंह सभागार मेहरबान सिंह पुरवा निकट रायपुरवा कानपुर पहुंची वहां पति प्रदीप यादव व माँ शैलेन्द्री देवी व भाई सन्दीप यादव व जिठानी लाली तथा शिवकुमार उर्फ पप्पू ग्राम देवरपुर सरैया जनपद औरैया निवासी की पुत्री जिससे शादी हो रही थी इन सब लोगों ने हम लोगों को भद्दी. भद्दी गाली व मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकियां दीं और कार्यक्रम रोक कर भाग गए थे। जानकारी होने पर पति को यहां से पकड़वा दिया है। थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह ने बताया कि उक्त सीआईएसएफजवान को कानपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया है नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय पर होगी दलित महापंचायत

**कायमगंज फर्रुखाबाद ।** उत्तर प्रदेश सरकार की दलित विरोधी मानसिकता के कारण शोषित एवं दलित समाज पर लगातार अत्याचार बढ़ते चले जा रहे हैं । दलितों पर होने वाले अत्याचारों की किसी भी स्तर पर कायदे से सुनवाई ही नहीं हो रही है । यहां तक की अनुसूचित जाति. अनुसूचित जनजाति कांग्रेस विभाग के प्रदेश अध्यक्ष आलोक प्रसाद पासी तक को अकारण कई दिनों तक जेल की यातनाएं दी गई । पूरे प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज ही नहीं बची है । दलित वर्ग अत्याचारों की मानवता विरोधी नीति का शिकार हो रहा है । इसी के विरोध में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 4 दिसंबर को एक दलित महापंचायत बुलाई है ।

# पुलिस ने खनन माफिया पर कसा शिकंजा



संवाददाता। जसवंतनगर

**पुलिस** लगातार अवैध रूप से मिट्टी खनन करने वालों पर शिकंजा कसे हुए है। बुधवार दोपहर बाद थाना प्रभारी रमेश सिंह की अगुवाई में टीम ने ग्राम धनुआ क्षेत्र में अवैध रूप से खनन कर रहे माफियाओं पर छापेमारी की तो खनन माफिया और लेबर मौके से फरार हो गए। लेकिन पुलिस ने एक ट्रैक्टर पर जुगाड़ से कसी हुई जेण्सीण्बीण् मशीन को पकड़ा है। खनन माफियाओं के खिलाफ पुलिस की इस कार्यवाही से खनन करने वालो में हड़कंप मचा हुआ है। और खनन माफिया दिन भर ट्रैक्टर पर कसी जेसीबी को छुड़ाने के लिए प्रयास करते रहेए लेकिन पुलिस की सख्ती के चलते कामयाब न हो सके। गौरतलब है कि इस क्षेत्र में पिछले काफी समय से पुलिस को शिकायतें आ रही थीं कि यहां पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से मशीनों के द्वारा खनन किया जा रहा है। बुधवार को जैसे ही थाना प्रभारी को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने तत्काल पुलिस टीम को क्षेत्र की ओर रवाना किया। एकाएक पुलिस टीम की दबिश को देखते हुए अन्य टेक्टर व जेण्सीण्बीण् चालक मशीनें लेकर फरार हो गए।

# हत्या पर मौन जुलूस निकाल ज्ञापन सौंपा

**जसवंतनगर इटावा।** प्रदेश के बलरामपुर में पत्रकार राकेश सिंह की जलाकर नृशंश हत्या कर डालने की घटना को लेकर प्रेस क्लब जसवंतनगर ने घोर रोष व्यक्त करते प्रदेश के राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी जसवंतनगर ज्योत्स्ना बन्धु को सौंपाया। ज्ञापन में प्रदेश में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के साथ के साथ निरन्तर घटित हो रही आपराधिक घटनाओं की तीव्र भर्त्सना की गई और आये दिन प्रदेश में हो रहे हमलों पर गम्भीर चिंता व्यक्त की गई।। प्रेस क्लब जसवंतनगर के अध्यक्ष वेदव्रत गुप्ता के नेतृत्व में ज्ञापन देने मौन जुलूस के साथ पहुंचे पत्रकारों ने ज्ञापन में बलरामपुर के मृतके पत्रकार के आश्रितों को सरकार द्वारा 50 लाख रुपये की सहायता राशि और स्वर्गीय पत्रकार की पत्नी को सरकारी नौकरी दिए जाने व परिवारीजनों की सुरक्षा की मांग की गई।

# जिलाधिकारी ने किसान यूनियन के अध्यक्ष को किया सम्मानित

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** डॉ. दिनेश चंद्र ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष रशीद अहमद को पराली दान करानेए कृषकों को फसल अवशेषों को न जलानेए किसानों को फसल की गुणवत्ता खादए पानीए बीज आदि के लिए जानकारी देने व केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का व्यापक तरीके से प्रचार प्रसार कर कृषको को जानकारी उपलब्ध कराए जाने के चलते शाल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



वहीं जिलाधिकारी ने जनपद के कृषकों से अपील की है कि फसल अवशेषों को न जलाएं तथा जनपद में संचालित निराश्रित गौशालाओं हेतु संबंधित एसडीएम से संपर्क कर पराली दान कर सम्मान पाएं। जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि विनोद कुमार यादव को निर्देशित किया कि जनपद के कृषकों को खाद बीज की समस्या न हो उन्हें समय से सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएं तथा कहीं पराली भी न जलने दे। सभी संबंधित अधिकारीगण भ्रमण कर पराली जलाने की घटनाओं को रोके। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्माए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राजीव राज आदि अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अधीक्षण अभियंता विद्युत व अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को लापरवाही पर दी चेतावनी

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** डॉ दिनेश चंद्र ने अधीक्षण अभियन्ताए विद्युतए बारा अकबरपुर व अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड 2 भगवान दास को दिनांक को आयुक्त महोदय द्वारा जिला मुख्यालय से तहसील मुख्यालय को दो लेन से जोडने के अर्न्तगत रनियांए मैथाए बैरीसवाई मार्ग से तहसील मैथा को

जोडने वाले मार्ग का चैडीकरण व सुन्दरीकरण के कार्य का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के समय निर्देशित किया गया था कि किमी0 02 से 07 तक के भाग में इलेक्ट्रिक लाइन के पोल मार्ग की लेपित सतह से बिल्कुल किनारे पर है। उसे विद्युत विभाग व लोक निर्माण विभाग के आपसी समन्वय से तत्काल हटाये जाने व जब तक विद्युत पोल न हटे तब तक विद्युत पोलो पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाये जाने के निर्देश दिये गये थे ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। दिनांक को इस सम्पूर्ण मार्ग ;सड़कद्ध का निरीक्षण जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षकए कानपुर देहात के साथ तहसील समाधान दिवस तहसील मैथा जाते समय किया गया जिसमें पाया गया कि आयुक्त महोदय द्वारा दिनांक को दिये गये निर्देश के अनुपालन में अभी तक न तो एक भी विद्युत पोल हटा है और न ही पोल पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप ही लगाया गया है तथा सड़क के दोनों तरफ किनारे क्राष्ट को समतल किए जाने हेतु सड़क से 2 फीट ऊंची मिट्टी डाल दी गई है और उसे रोलर चलाकर समतल नहीं किया गया है जिससे दुर्घटना घटित होने की सामने और अधिक बढ़ जाती है जिससे जनमानस के दुर्घटना ग्रस्त होने की सम्भावनायें ज्यों की त्यों बनी हुयी है। लगभग 01 माह से अधिक का समय व्यतीत होने के बावजूद भी उक्त कार्य में कोई प्रगति न होना अत्यन्त ही आपत्तिजनक होने के साथ उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना भी प्रतीत होती है। यदि उक्त कार्य के अभाव में किसी प्रकार की कोई दुर्घटना होती हैध्जनहानि होती है तो इसमें आपके विभाग का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि आयुक्त महोदय द्वारा निरीक्षण के समय दिये गये निर्देश के अनुपालन में लोक निर्माण विभाग व अधीक्षण अभियंता विद्युत आपस में समन्वय स्थापित कर विद्युत पोल को हटवाये जाने एवं जब तक विद्युत पोल न हटे तब तक रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाए जाने का कार्य यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करें ।

# डेढ़ सौ रूपये पैकेट गिरा आलू भाव

**फर्रुखाबाद।** बीते कई दिनों सप्ताह से आसमान पर चल रहे आलू के भाव में गिरावट आ गयी। जिसका मुख्य कारण मंडी में आलू की आवक दो गुना होना बताया जा रहा है। लेकिन आलू अभी छोटी आकर का ही आ रहा है। आलू का भाव लगभग डेढ़ सौ रूपये पैकेट रहा।दरअसल बीते काफी दिनों से आलू का फुटकर भाव भी 50 से 60 रूपये चल रहा है। जो लगातार थाली का वजट बिगाड़ रहा था। लेकिन अब आलू के खेतों में खुदाई भी धीरे –धीरे बढने से किसान मंडी की तरफरुख कर रहा है। बीते कई दिनों से आवक सातनपुर मंडी में 30 ट्रक के लगभग हो रही थी। जो बुधवार से लगभग 60 ट्रक पर आ गयी। आलू की आवक बढने से भाव डेढ़ सौ रूपये नीचे चला गया।आलू आढती अरविंद राजपूत नें बताया कि बीते मंगलवार को आलू 1450 रूपये से 1550 रूपये तक बिक्री हुआ। जबकि बुधवार को आलू का भाव 1300 से 1400 रूपये प्रति पैकेट बिक्री हुआ।

# मंडल स्तर पर पांच हजार नये मतदाता बनायेगी बीजेपी

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**खंड** स्नातक एवं शिक्षक चुनाव संपन्न होने के दूसरे दिन से ही भाजपा नें कार्यकर्ताओं को नया होमवर्क दिया है। जिसके चलते अब भाजपा आगामी 2022 की जमीन तैयार करने में लगी है। बीजेपी नें प्रत्येक मंडल में 5 हजार मतदाता बनाने का लक्ष्य रखा है।

शहर के आवास विकास स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। जिसमे 15 दिसंबर तक चलने वाले मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। जिलाध्यक्ष नें कहा कि 3 व 4 दिसंबर को मंडल स्तर पर बैठकें आयोजित होंगी इन बैठकों में मतदाता बढ़ाने के लिए फार्म वितरित किए जाएंगे। जनपद के सभी 18 मंडलों वह 1536 बूथों पर यह अभियान पार्टी द्वारा चलाया जाएगा इस अभियान के अंतर्गत मंडल बार बैठकों में प्रत्येक मंडल स्तर पर 5000 मतदाता बनाने की रणनीति बनेगी। 5 दिसंबर को प्रत्येक मंडलों में बूथ स्तर पर तब 10–10 मतदाता बनाने का कार्य किया जाएगा।

6 दिसंबर से प्रत्येक दिन जिले स्तर पर अभियान की समीक्षा के लिए वर्चुअल बैठक आयोजित होगी जो आईटी विभाग द्वारा संचालित होगी जिसमें मंडल पदाधिकारी सेक्टर प्रभारी एवं सेक्टर संयोजक अपेक्षित रहेंगे। अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, कायमगंज विधायक अमर सिंह खटीक नें अपने विचार व्यक्त किये। इसके साथ ही संचालन जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी भास्कर द्विवेदी ने किया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में हुआ दस समस्याओं का निस्तारण

**कायमगंज फर्रुखाबाद ।** जन समस्याओं के निस्तारण हेतु आज तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी सुनील कुमार यादव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ । जिसमें सबसे अधिक राजस्व विभाग की ही शिकायतें प्राप्त हुई । उनमें से अधिकतर अवैध कब्जों तथा चक मार्गों व चक रोडों पर किए गए अतिक्रमण से संबंधित थी । प्रायः ग्रामीण क्षेत्रों में यह देखने में आ रहा है कि हल्का लेखपालों एवं राजस्व कानूनगो की लापरवाही व निष्क्रियता साथ ही लालच के कारण खेतों पर जाने वाले रास्ते अवैध रूप से कब्जा ग्रस्त हैं। किंतु क्षेत्रीय लेखपाल जिनका यह दायित्व है कि वे अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करेंए किंतु वे ऐसा नहीं करतेए परिणाम स्वरूप रास्ते पर निकलने को लेकर आए दिन विवाद होते रहते हैं । कहीं.कहीं तो ऐसे ही विवाद लोगों की जान के लिए खतरा भी साबित हो चुके हैं । लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं देता। आज कुल 32 समस्याओं से संबंधित फरियादियों ने अपनी गुहार लगाई जिनमें से 10 का मौके पर ही निस्तारण करने के बाद शेष प्रार्थना पत्र संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को स्थलीय निरीक्षण कर त्वरित गति से निस्तारण के निर्देश दें सौंप दिए गए। संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह गौरए खंड शिक्षा अधिकारीए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली एवं अन्य थानों के थाना अध्यक्ष तथा ज्यादातर विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## घाटमपुर-नौबस्ता रोड पर

# सीएनजी बसों का संचालन बन्द होने से डग्गामार वाहनों का चांदी



संवाददाता घाटमपुर

**नौबस्ता** कानपुर रुट पर चलने वाली सीएनजी बसों के बन्द होने से घाटमपुर बस स्टैण्ड डग्गामार वाहन स्टैण्ड बना हुआ है। बस स्टैन्ड से लेकर चौराहे तक डग्गामारी करने वाली मैजिकों और आटो रिक्सा वालों की धमा चौकड़ी और बीच सड़क में खड़ी होकर सवारियाँ बैठाने व उतारने के चलते दिन भर जाम ज्सै हालात बने रहते हैं तथा पैदल यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ीत है। और पुलिस तब नजर आती है जब कोई आला अधिकारी को आना होता है। नगर के कानपुर रोड के अलावा हमीरपुर और मूसानगर रोड पर चलने वाली मैजिके, जेएसए बिक्रम और आटो–रिक्सा बस स्टाप के वाहर सड़क पर खड़े होकर बुला बुला कर सवारियाँ बैठाते रहते हैं जिसके चलते पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। वैसे तो नगर के मुख्य चौराहे पर आये दिन जाम जैसे हालात बने रहते हैं और जुम्मेदार जाम से निजात दिलाने के बजाय सार्ट कट रास्ता अपना कर निकल जाते है। केवल आम जन मानस व बाहर आने–जाने वालों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

### दुर्घटना को दावत दे रहे हैं पुलिस के सीज वाहन

**घाटमपुर।** कोतवाली गेट के सामने सड़क पर खड़े सीज वाहन जहाँ आवागमन में लोगों को दिक्कत होती है वही हर पल दुर्घटना का खतरा मड़राने से राहगीर भयभीत रहते है। बताया जाता है कि चौराहे से लेकर सरकारी अस्पताल तक मूसानगर रोड वनबे है और अतिब्यस्तम रोड है, वही बीते वर्ष गोबश ले जाते हुए पकड़ा गया कंन्टेनर व सीज डफर लम्बे समय से कोतवाली के सामने ही खड़े है दुकानदारों ने बताया की सीज वाहन सड़क पर खडे होने से इस रोड पर अक्सर जाम लगता रहता है।

# 10 का मौके पर ही किया निस्तारण

**फर्रुखाबाद।** तहसील दिवस में सदर फर्रुखाबाद में फरियादियों की मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसियां ने मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 वंदना सिंह ने समस्याओं को सुनकर मौके पर निष्तारण कर गुणवत्तापूर्ण न्याय दिलाने का वादा किया।

विधान परिषद चुनाव के एक दिन बाद ही तहसील सदर में हुए तहसील दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सीडीओ राजेन्द्र पैसिंया एंव सीएमओ डा0 वंदना सिंह ने एक.एक कर फरियादियों की समस्याओं को सुना। जिसमें सीडीओ ने 69 फरियादियों में 10 का मौके पर ही निष्तारण कर गुणवत्तापूर्ण न्याय दिलाने का वादा किया। इसमें सबसे ज्यादा फरियादी राजस्व सम्बन्धी अवैध कब्जे के देखने को मिले। वहीं कोविड महामारी को देखते हुए सामाजिक दूरी का लगातार पालन कराते रहे। बिना मास्क लगाये फरियादियों को तहसील दिवस में प्रवेश नहीं दिया गया। सेनेटाइजर का प्रयोग करवाकर एंव मास्क लगाये लोगों को ही प्रवेश दिया गया।

# मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह 17 से 23 तक फिल्म महोत्सव का करेंगे शुभारंभ

संवाददाता। चित्रकूट



**अंतर्राष्ट्रीय** फिल्म महोत्सव के बुंदेलखंड यूपी संयोजक बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि 17 से 23 दिसंबर तक खजुराहो में छठवें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव कर शुभारम्भ मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। कोरोना के कारण मुख्य मंच व टपरा टॉकीज के अलावा 60/40 रेसियों में वर्चुअल प्लेटफार्म पर आयोजित होगा। मास्क बिना किसी को शामिल होने की अ नुमति नहीं मिलेगी। कोविड नियमों का बखूबी पालन किया जाएगा। फिल्म महोत्सव में वेन्सजुएला, मोरक्को, ईरान, अर्जेंटीना समेंत छह विदेशी देशों के राजदूत मौजूद रहेंगे। जावेद जाफरी, पंकज धीर, नितिन भारद्वाज, अनीता राज, पूनम ढिल्लो, भाग्यश्री, मनीषा कोइराला और शनि देवोल समेत दर्जनों फिल्मी हस्तियों का जमावड़ा लगेगा।

अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के परिकल्पक संयोजक और बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। दस दिसम्बर तक फिल्मों का संग्रह होगा। दिवंगत फिल्मी सितारों को श्रद्धांजलि दी जायेगी। कोविड एवं राष्ट्र प्रेम विषय आधारित लघु फिल्म, फीचर फिल्म, एनीमेशन फिल्म, गीत वीडियो एवं वृत्तचित्र फिल्म का प्रदर्शन वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर नियमित किया होगा। सर्वश्रेष्ठ फिल्म निर्माता, निर्देशक, अभिनेता, गायक को भी सम्मानित किया जाएगा। महोत्सव के यूपी बुंदेलखंड अजीत सिंह ने बताया कि लघु फिल्म, फीचर फिल्म, एनीमेशन फिल्म, गीत वीडियो एवं वृत्तचित्र आदि 10 दिसम्बर तक भेजे जा सकते हैं। सुप्रसिद्ध अभिनेत्री सुष्मिता मुखर्जी समेंत कई साहित्यकारों की लिखी पुस्तकों का महोत्सव के मंच पर लोकार्पण होगा। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम शमां बांधेंगे। दो बुंदेलखंडी नाटक जाति न पूंछों साधु की व मोहल्ले में हल्ला का मंचन किया जाएगा। बुंदेलखंड की लोक विधाओं और लोककलाकारों को तो हर साल इस मंच की प्रतीक्षा रहती है। चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, झांसी और ललितपुर के सैकड़ों कलाकार महोत्सव में हर साल उपस्थिति दर्ज कराते हैं। यूपी बुंदेलखंड के सात जिलों से अब तक डेढ़ दर्जन से अधिक फिल्में भी पहुंच चुकी हैं जिनका प्रदर्शन किया जाएगा।

# सभी कर्मी प्रयास करें कि अस्पताल प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करेः डीएम

● एडी ने कहा कि मै तो शुद्ध हरी धनिया हू, कर्मी तेजपत्ते हैं

**हमीरपुर।** कायाकल्प योजना में चार लाख रुपये का अवार्ड पाने के बाद आज जिला चिकित्सालय पुरुष में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डा. ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश में जिला अस्पताल ने 14वी रैंक हासिल की है वह सराहनीय है अब प्रयास यह करना है कि अस्पताल सूबे में पहला स्थान प्राप्त करे।

डीएम ने कहा कि अस्पताल इसी प्रकार साफ सुथरा रहे, लोगो को सुविधाएं मिलती रहे यह सभी को प्रयास करना है। वही मंडल के अपर स्वास्थ्य निदेशक(एडी) आरबी गौतम ने कहा कि मै तो शुद्ध हरी धनिया हूं अस्पताल के सभी कर्मी तेज पत्ते है,क्योकि जब सब कुछ अच्छा अच्छा हो जाताहै तो मंडलीय अधिकारी उसका श्रेय लेने आ जाते है इसलिये सभी कर्मियों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर जिला अस्पताल के सीएमएस विनय प्रकाश ने कहा कि कम मैन पावर होने के बाद भी अस्पताल में मरीजो को सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही है। शासन से जो भी दिशा निर्देश आते है उसका पूरी तरह पालन किया जाता है यही कारण है कि जिला पुरुष अस्पताल सूबे में साफसफाई व्यवस्था में 14वे रैंक पर आया है अगले साल प्रयास होगा कि जिला अस्पताल प्रथम स्थान पर आये। इस मौके पर सीएमओ डा आरके सचान, अस्पताल के प्रबंधक विवेक राजधर, डा मोहित, डा महेंद्र, डा मनीराम वर्मा, डा राधारमण, डा शैलेंद्र, सीएमएस महिला, शिवकुमार, लिपिक अनिल बाबू, अवधेश यादव, मुखराम सचान हरेंद्र यादव, व अन्य कर्मियों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम का संचालन योगेश व्यास ने किया।

## क्विक न्यूज

### भदवां गौशाला से डीसीएम में बलपूर्वक भर ले गये गायें

**जालौन (उरई)।** विकास खंड के ग्राम भदवां में संचालित गौशाला से मंगलवार की रात गायों को डीसीएम में भर कर ले जाने का आरोप सचिव समेत 3 लोगों पर लगाया है। गोशाला के चौकीदार ने पुलिस को शिकायत देकर आरोपितों पर मारपीट का आरोप लगाया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदवां निवासी सीता देवी पत्नी दीपक ने बताया कि उनके पति दीपक व देवर धीरज गोशाला में चौकीदारी करते हैं। मंगलवार की रात वह गौशाला पर थे। । रात के अंधेरे में एक डीसीएम ट्रक आया तथा सचिव जितेन्द्र, रामलला, लोकेंद्र आदि आये तथा गोशाला में गायों को ट्रक में भरने लगे जब उनके पति व देवर ने विरोध किया तो उन्होंने दोनों लोगों के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। महिला का आरोप है कि जब ग्रामीण से देवर व पति की मारपीट की उन्हें सूचना मिली तो वह भी मौके पर पहुंची गयी तथा दोनों को बचाने का प्रयास किया तो इन लोगों हमारे साथ भी मारपीट कर दी तथा गायों को भर ले गये हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस सचिव को मौके पर बुला कर बात की तो सचिव जितेन्द्र ने बताया दीपक को चौकीदारी से हटा देने के कारण झूठा आरोप लगाया जा रहा है। कोतवाल रमेशचंद्र मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा गायों के गायब करने की सूचना गलता प्रतीत हो रही है।

### किसान क्रान्ति आन्दोलन में किसान दिल्ली रवाना

**चित्रकूट।** भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट का एक और जत्था दिल्ली के लिए रवाना हुआ है। जिले के किसानों ने खुशी जताई है। बुधवार को प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देश पर भाकियू के राजापुर तहसील अध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल की अगुवाई में राजापुर लूपलाइन चौराहे से दिल्ली आन्दोलन में हिस्सा लेने को निजी वाहन से तमाम किसान रवाना हुए। क्षेत्र के तमाम किसान भाई और यूनियन के पदाधिकारियों ने माला-फूल पहनाकर व तिलक लगाकर किसानों को दिल्ली रवाना किया। तहसील अध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल ने कहा कि एक-एक किसान किसान क्रान्ति आन्दोलन में हिस्सा लेने को तैयार है। केन्द्र सरकार ने किसान विरोधी बिल वापस नहीं लिया तो जिले के सभी किसान अपने बच्चों के साथ किसान क्रान्ति आन्दोलन में हिस्सा लेंगे। इस मौके पर भाकियू के आधा सैकड़ा पदाधिकारी और सदस्य तथा किसान भाई मौजूद रहे।

### 5 दिसंबर को लगने वाला पठानबाबा का मेला हुआ स्थागित

**राठ(हमीरपुर)।** कोरोना के कारण हर वर्ष धूमधाम से मनाये जाने वाले पठान साहब बाबा के उर्स मेले को भी ग्रहण लग गया। कोरोना के कारण इस वर्ष पठान बाबा की मजार पर उर्स के दिन अब अकीदतमंदों की भीड़ नहीं दिखेगी। राठ से 8 किमी दूर जराखर मार्ग पर पठान साहब बाबा की दरगाह है। प्रत्येक वर्ष 5 दिसंबर को यहां सालाना उर्स भक्तगण बड़ी धूमधाम से मनाते है। यहां हजारों की तादात में लोग कमिटि की तरफसे आयोजित भंडारा छकने आते है। लेकिन इस वर्ष इन सभी आयोजनों पर कोरोना का ग्रहण लग गया। कमिटि के प्रबंधक राजाराम सैनी ने बताया कि शासन द्वारा जारी कोविड प्रोटोकाल को देखते हुये इस वर्ष 5 दिसंबर को पठान बाबा के उर्स पर लगने वाले मेले व सभी आयोजन स्थागित कर दिये गये है। कमिटि की तरफसे कोई भी आयोजन नहीं किया जा रहा है। अकीदतमंद बाबा की मजार पर चादरपोशी करेंगे।

### धूल चाटकर भूख मिटा रहे गौआश्रय केंद्र में बंद गौवंश

**मौदहा(हमीरपुर)।** मौदहा विकासखंड के ग्राम पंचायत परछा के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में ही मनरेगा द्वारा एक गौशाला का निर्माण 7.53 लाख रूपये की बड़ी लागत से कराया गया था, जिसमें लगभग एक माह पूर्व काफी तादाद में जानवर बन्द किए गए थे।लेकिन जैसे ही रबी की फसल आई तो पूरे जानवर गौशाला से निकाल दिए गए। ग्रामीणों के अनुसार और अब दोबारा उस गौशाला में जानवर न बन्द करने की बात कहकर प्रधान ने अपना पल्ला झाड़ लिया इस संबंध में जब ग्राम पंचायत परछा के गौशाला के बारे में ग्राम विकास अधिकारी शिव शंकर पाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सरकार के आदेशानुसार जिस गांव में अन्ना जानवरों की तादाद कम से कम 30 होगें उसी गांव में गौशाला संचालित कराई जांएगी जिसका व्यय शासन उठाता है।ग्राम सचिव ने बताया कि यदि गांव मे घूम रहे अन्ना जानवर 30 नहीं होंगे तो गौशाला किसी भी हाल में संचालित नहीं कराई जा सकती।।

### गाली गलौज करने पर शांतिभंग की कार्रवाई

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र के शाहगंज निवासी गुड्डू खां पुत्र मंसूर खां अपनी पत्नी बानो को गाली दे रहा था। पत्नी को गाली-गलौज कर सड़क पर निकलकर मोहल्ले के लोगों को गाली-गलौज करने लगे। चौकी प्रभारी संजीव दीक्षित ने मौके पर पहुंचकर आरोपित को पकड़ लिया तथा कोतवाली ले आये हैं। आरोपित के खिलाफशांतिभंग की कार्रवाई की

### वृद्ध की बिगड़ी हालत, मौत

**राठ।** क्षेत्र के उमारिया गांव में एक वृद्ध की अचानक हालत बिगड़ी गई। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। चिकित्सक ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। उमारिया गांव निवासी लल्लू 80 पुत्र बैजू की बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे घर में अचानक हालत बिगड़ गई। वृद्ध की हालत बिगड़ती देख परिजन आनन फानन में इलाज के लिये सीएचसी ले गये। वृद्ध को मृत घोषित कर दिया।

### दो अपराधी किए गए जिला बदर

**हमीरपुर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट की अदालत ने आज दो अभियुक्तों को छह छह माह के लिये जिला बदर कर दिया है। पुलिस के मुताबिक सुमेरपुर कस्बा निवासी मंगल सिंह, मुस्करा निवासी अंकित यादव जिनके खिलाफकई मुकदमे विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज है। यदि छह माह के पहले जिले की सीमा मे प्रवेश करेगे तो पुलिस सख्त कार्यवाही करेगी।

### बंटवारे के विवाद को लेकर चले लाठी-डंडे

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** क्षेत्र के ग्राम पालनगर निवासी सुरजीत पुत्र अरविंद ने कोतवाली में दी गई तहरीर मे कहा है कि जमीन के बंटवारे को लेकर परिवार के तीन लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध पर उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। बचाव में आए उसके छोटे भाई संजीव से भी मारपीट की। तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### दिव्यांशु ने प्राप्त की नीट में 974वीं रैंक

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के शत्रुघ्नपुरी मोहल्ले के दिव्यांशु कुमार मिश्र पुत्र विनोद कुमार मिश्र ने नीट की परीक्षा में 974वीं रैंक प्राप्त कर जिले का गौरव बढाया है। पं जवाहरलाल नेहरु राजकीय मेडिकल कालेज जिला चम्बा हिमांचल प्रदेश में एमबीबीएस में अपना स्थान पक्का कर लिया है। उनके पिता विनोद कुमार मिश्र पुलिस विभाग सिसोलर मौदहा में वाहन चालक पद पर तैनात हैं। दिव्यांशु की प्रारम्भिक शिक्षा बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज चित्रकूट में हुई है। हाईस्कूल में 88 फीसदी तथा इंटर में 85 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण किया है।

### जिले में मिले 11 नए कोरोना संक्रमित

**हमीरपुर।** जिले में बुधवार को ग्यारह कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। इन सभी को सीएचसी कुरारा में भर्ती कराया जा रहा है। पांच मरीजों को कोरोना से ठीक होने के बाद कुरारा सीएचसी से डिस्चार्ज किया गया है। जिन लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है।

# गर्भवती महिला का पति निकला हत्यारा



पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी।


**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर रैपुरा थाना पुलिस ने खजुरिहाकला में गर्भवती महिला की हुई हत्या के मामले का खुलासा कर पति को आलाकत्ल समेत गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बुधवार को रैपुरा थानाध्यक्ष सुशीलचन्द्र शर्मा की टीम ने 29 नवम्बर की रात खजुरिहाकला गांव में संगीता देवी की हत्या के मामले में पति रामराज कुशवाहा पुत्र कामता कुशवाहा को कत्ल में प्रयुक्त हसिया समेत दबोचा है। रामराज कुशवाहा ने कबूला कि पत्नी के साढ़ू के लड़के सरजू व गांव के एक ब्राम्हण युवक से अवैध सम्बन्ध थे। इसे लेकर वह पत्नी के साथ मारपीट करता था। पुलिस की पूंछताछ में आरोपी ने जुर्म कबूलकर कहा कि उससे पाप हो गया है। उसने ही पत्नी की हत्या हसिया से हमला कर की थी। उसकी निशानदेही पर छिपाया हुआ हसिया पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने हत्या में संतोष कुमार आदि को जमीन के विवाद की वजह से तथा भाभी सावित्री देवी के नाम हिस्सा बंटवारे को लेकर गाली-गलौज व धमकी देने के कारण लिखवा दिया था। टीम में रैपुरा थानाध्यक्ष सुशीचन्द्र शर्मा, सिपाही लाखन व बलराम शामिल रहे।

# युवक की संदिग्ध मौत हत्या की आशंका

**मौदहा ( हमीरपुर )।** ग्राम रीवन में कई सालों से मजदूरी कर रहे अधेड़ की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गयी। सुबह उसका शव फांसी में टंगा देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। वहीं मृतका के परिजनों ने मृतक की हत्या किये जाने की आशंका पुलिस से जताई है। जनपद महोबा के ग्राम ग्योंड़ी निवासी लल्लू (40) पुत्र राज कुँवर लगभग तीन वर्ष से कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम रीवन में सुशीला पत्नी स्वर्गीय रमेश कुशवाहा के यहां रह कर उसकी खेती किसानी व आटा चक्की में काम करता था। बुधवार की सुबह लल्लू को संदिग्ध हालत में फांसी पर लटकता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।वहां मौजूद ग्रामीणों ने लल्लू को आनन फानन फांसी से उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जानकारी होते ही कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार शुक्ला ने दलबल सहित घटनास्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# मन्दाकिनी नदी के अधूरे कार्यों को 15 दिन में करें पूराः जिलाधिकारी

संवाददाता। चित्रकूट



बैठक में निर्देश देते डीएम शेषमणि पाण्डेय।

**जिलाधिकारी** शेषमणि पाण्डेय ने मन्दाकिनी नदी को वर्षभर प्रवाहमान बनाये रखने को उप्र व मप्र के भूमि संरक्षण अधिकारियों को निर्देश दिये कि मन्दाकिनी गंगा के पुर्नजीवित के जो कार्य शुरु नहीं कराये हैं उन पर तत्काल कार्य शुरु कराकर अधूरे कार्यों को पूरा करायें। बुधवार को जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में उन्होंने कहा कि श्रमिकों की व्यवस्था संबंधित विभाग कराये। अधिशाषी अभियंता लघु सिंचाई से कहा कि नालों पर छोटे-छोटे चेकडैम बनाकर मनरेगा से कार्य करायें। भूमि संरक्षण व वन विभाग भी मन्दाकिनी नदी के जुडने वाले सभी नालों पर भी कार्य करायें। उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देश दिये कि मनरेगा के कार्यों की गुणवत्ता की जांच अधिशाषी अभियंता सिंचाई निर्माण खण्ड के साथ करायें। खण्ड विकास अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक हैण्डपम्प के पास सोकपिट अवश्य बनायें।

जिलाधिकारी ने एक्सईएन सिंचाई निर्माण खण्ड से कहा कि ग्रामोदय के प्रो शशिकान्त त्रिपाठी से सम्पर्क कर मन्दाकिनी गंगा में वाटर राउंड के कार्य जल स्तर का आंकलन करायें। प्रत्येक ब्लाक में शासकीय जमीन चिन्हित कर दस इकोपार्क भी बनाये जायें। गणेशबाग के पास रामकथा पार्क का सुन्दरीकरण कराया जाये। मन्दाकिनी नदी के पुर्नजीवित के अधूरे कार्य 15 दिन के अन्दर पूरे करा लिए जायें। बैठक में प्रशिक्षु आईएफएस विकास यादव, डीपीओ आरके त्रिपाठी, डीपी मनरेगा गयाराम यादव, एक्सईएन सिंचाई निर्माण खण्ड, डीबी सिंह एक्सईएन सिंचाई प्रथम आशुतोष कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी हिमांशु पाण्डेय, हरिराज सिंह, ईओ नगर पालिका नरेन्द्र मोहन मिश्र आदि मौजूद रहे।

# इंटर कालेज प्रबंधक ने सपा पूर्व विधायक पर लगाया जमीन हड़पने का आरोप

● प्रबंधक की शिकायत पर डीएम ने दिया कार्यवाही का आश्वासन





विद्यालय के खेल मैदान में किया गया दरवाजा।

**उरई ( जालौन )।** एक ओर जहां प्रदेश के मुखिया नजूल की जमीनों पर किये गये अवैध अतिक्रमणों पर बुलडोजर चलवाकर उन्हें नेस्तनाबूद करने में लगे हुये हैं तो वहीं दूसरी ओर सपा के पूर्व विधायक रहे दयाशंकर वर्मा ने विद्यालय के खेल मैदान में बलपूर्वक पहले दरवाजा लगा दिया बाद में निर्माण कार्य कराकर चार-पांच फिट छज्जा मैदान की ओर बढ़ाकर दूसरी मंजिल पर निर्माण कराने में जुटे हुये हैं। विद्यालय की प्रबंधक इंदू शर्मा ने डीएम को सारे प्रकरण से अवगत कराया तो उन्होंने आरोपी पूर्व विधायक पर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

डीएम डा. मन्नान अख्तर को संबोधित दिये गये शिकायती पत्र में श्री गांधी इंटर कालेज की प्रबंधक श्रीमती इंदू शर्मा ने बताया कि स्टेशन रोड स्थित श्री गांधी इंटर कालज की स्थापना कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष रहे चतुर्भुज शर्मा ने 1949 में की थी। विद्यालय के बगल में ही सपा के पूर्व विधायक का आवास व लॉज है जिसमें वह पिछले कुछ समय से निर्माण करा रहे है इसी दौरान पूर्व विधायक ने पहले विद्यालय के खेल मैदान में गुपचुप तरीके से दरवाजा कर लिया बाद में चार फिट का छज्जा भी विद्यालय की जमीन की ओर कर दिया इतना ही पूर्व विधायक ने विद्यालय परिसर की ओर तारफेसिंग कराकर जमीन हड़पने की योजना तैयार कर ली। जब उसका इंटर कालेज के शिक्षकों ने विरोध किया तो शिक्षकों ने इसका विरोध किया तो उन्हें मुंह बंद रखने की धमकी दी गयी। इंटर कालेज प्रबंधक ने जिलाधिकारी से अवैध निर्माण ध्वस्त करने व जमीन पर अवैध निर्माण से संस्था को मुक्त कराने की मांग की।

# विवाह के बाद ससुरालियों की नीयत बदली, अब मांग रहे दहेज

**जालौन ( उरई )।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों द्वारा विवाहिता के साथ मारपीट व गाली, गलौज करने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में शिकायत देकर की है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खर्रा निवासी सुनीता पत्नी अखिलेश ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2019 में उसके पिता ने उसकी शादी सामूहिक शादी सम्मेलन में अखिलेश के साथ की थी। शादी में पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार उपहार व नगदी दी थी। लेकिन शादी के बाद सुसरालियों की नीयत बदल गई और वह अतिरिक्त दहेज के रूप में सोने की जंजीर व बाइक की मांग करने लगे। कई बार समझाने के बाद भी जब वह नहीं माने और उसके साथ मारपीट करने लगे तो पिता ने मजबूरी में कर्ज लेकर ससुरालियों को बाइक दे दी। लेकिन इससे भी ससुराल के लोग संतुष्ट नहीं हुए।

# छात्राओं को वितरित किए गए स्वेटर, खुशी से झूमे



बच्चों को स्वेटर वितरित करते शिक्षक

**सरीला ( हमीरपुर )।** क्षेत्र के चंडौत डांडा गाँव के कन्या प्राथमिक विद्यालय में सर्दी से बचाव के लिए छात्राओं को स्वेटर बांटे गये।बुधवार को कन्या प्राथमिक विद्यालय चंडौत में बच्चियों को विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष हरचरण एवं समिति के सदस्य छत्रपाल की अध्यक्षता में स्वेटर वितरित किए गए। स्वेटर पाकर बच्चियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कन्या प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य लखन सिंह ने शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर देते हुए बच्चियों को घर में निरंतर पढ़ाई करने की अपील की। हेडमास्टर ने कहा कि सभी बच्चों को मेहनत से पढ़ायी करना चाहिये यदि नीव कमोजर होगी तो कामयाबी नही मिल पाती है इसलिये सभी को मेहनत से शिक्षा प्राप्त करना चाहिये। इसके साथ-साथ बच्चियों को हिदायत दी कि वह कोरोना वायरस के प्रति जागरुक रहे और सावधानी बरतें । और बच्चों से अपील की है कि सभी बच्चे घर में मन लगाकर पढ़ाई करें। इस मौके पर विद्यालय के अध्यापक व छात्रायें एवं उनके अभिभावक मौजूद रहें।

# कोटरा में कच्चे पुल से अवैध वसूली को लेकर बारातियों से हुई कहासुनी

**उरई ( जालौन )।** कस्बा कोटरा में बेतवा नदी पर नगर पंचायत द्वारा कच्चे पुल का ठेका लेने वाले ठेकेदार के कारिंदों की बीती रात बारातियों से अवैध वसूली को लेकर कहासुनी शुरू हुई तो नौबत हाथापाई तक जा पहुंची कच्चे पुल पर बैठे अराजकतत्वों ने बारात में शामिल एक कार के शीशे चकनाचूर कर दिये। यह नजारा देख बारातियों ने भी पलटबार किया तो अवैध वसूली करने के लिये बैठे अराजकतत्व दुम दबाकर भाग जाने में सफल रहे। माधौगढ़ क्षेत्र के ग्राम सिद्धपुरा से बारात झांसी जनपद के कुड़री गांव जा रही थी। बारात के वाहन कच्चे पुल पर पहुंचे तो वहां पर पहले से ही घात लगाये बैठे अराजकतत्वों ने निर्धारित शुल्क से कई गुना ज्यादा पैसा मांगने लगे। बारातियों व अराजकतत्वों के बीच पहले तो काफी देर तक कहासुनी होती रही बाद में अरातकतत्वों ने बारात में शामिल एक कार के शीशे तोड़ दिया तो बारातियों का गुस्सा भड़क उठा और फिर जब अराजकतत्वों पर पलटकार किया तो वह मौके से भाग जाने में सफल हो गये।

# इंडस्ट्री एरिया कालपी के विकास हेतु मिले 2.34 करोड़ का हो रहा बंदरबांट

● डीएम जालौन का ड्रीम प्रोजेक्ट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा

**कालपी ( जालौन )।** डीएम के अथक प्रयास से कालपी इंडस्ट्री एरिया के विकास हेतु मिले दो करोड़ 34 लाख रुपये का जमकर बंदरबांट हो रहा है। उक्त प्रोजेक्ट का शिलान्यास करने जनपद के जिलाधिकारी डॉ. मन्नान अख्तर ने 1 अक्टूबर को कालपी इंडस्ट्री एरिया आकर शिलान्यास किया था सही गुणवत्ता से पूरा कार्य करने के निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसी को कड़े निर्देश दिए थे कि निर्माण कार्य में किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग ने जिलाधिकारी के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए लाखों रुपए की घटिया निर्माण सामग्री मंगा कर निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया। निर्माण कार्य में



निर्माण स्थल पर डमप घटिया सामग्री।

प्रयोग होने वाली गिट्टी ईटा तथा मौरम बहुत ही घटिया क्वालिटी की प्रयोग की जा रही है मोरम तो मिट्टी युक्त प्रयोग की जा रही है अगर घटिया सामग्री का प्रयोग न रोका गया तो हो रहा निर्माण का अतिशीघ्र ध्वस्त हो जाएगा। इंडस्ट्री एरिया के प्रमुख उद्यमियों ने घटिया निर्माण कराए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए डीएम जालौन आयुक्त झांसी मंडल झांसी को पत्र लिखकर किसी उच्च स्तरीय तकनीकी एजेंसी से जांच कराने की मांग की है। नरेंद्र कुमार तिवारी अध्यक्ष उत्तर प्रदेश हाथ कागजनिर्माता समिति ने उक्त निर्माण कार्यों पर चिंता व्यक्त करते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। विभाग द्वारा चयनित ठेकेदार ने गोरा मछिया की गिट्टी का फर्जी बिल बनवाकर तथा मुहाना की मौरम की जगह मिट्टी युक्त बालू का प्रयोग करके जहां एक और पीडब्ल्यूडी की साख पर बट्टा लगा रहा है वहीं दूसरी ओर सरकार द्वारा दी गई बड़ी धनराशि का गोलमाल कर रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी जी जहां एक और भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने का प्रयास कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर लोक निर्माण विभाग उनके सपनों को चकनाचूर करने में लगा है कालपी फैक्ट्री एरिया का निर्माण कार्य भ्रष्टाचार का जीता जागता उदाहरण है।

# कोर्ट के आदेश पर चिकित्सक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**जालौन ( उरई )( सं. )।** मोतियाबिन्द का आपरेशन कराने अधेड़ का चिकित्सक ने लापरवाही करते हुए आप्रेशन कर दिया है। लापरवाही से आप्रेशन करने से अधेड़ की आंख खराब हो गई तथा उंगली कटवानी पड़ी। न्यायालय के आदेश पर चिकित्सालय के संचालक व चिकित्सक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

थाना रामपुरा के ग्राम हुसेपुरा जागीर निवासी रमेश राठौर पुत्र सियाराम 23 फरवरी 20 को मोतियाबिन्द का आपरेशन कराने गौरव नेत्र परीक्षण केंद्र पर आया था। सुगर बढ़े होने की जानकारी देने के बाद भी चिकित्सक डा. अरूण ने मोतियाबिन्द का आपरेशन कर दिया तथा आप्रेशन के 21000 रुपए ले लिए। जब आंख खराब हो गई तो इसकी शिकायत चिकित्सक से की तो उन्होंने इलाज कराने तथा इलाज का खर्च देने का आश्वासन दिया था। ग्वालियर में इलाज के दौरान 2 लाख रुपए खर्च हो गये तथा ऊंगली कटवानी पड़ी।

# किसान संसोधन बिल के विरोध में किसान नेताओं ने गिरफ्तारी देकर की नारेबाजी

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते व गिरफ्तारी देते किसान नेता।

**केन्द्र सरकार** द्वारा पिछले दिनों पारित किये गये तीन किसान संसोधन बिल के विरोध में भाकियू लोकशक्ति के पदाधिकारियों ने भारी संख्या में एकत्र होकर धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष हरिओम गुप्ता व जिलाध्यक्ष हासिम अली सहित दो दर्जन लोगों ने गिरफ्तारी दी। जिन्हें दो घंटे बाद निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष नें कहा कि देश के अन्नदाताओं के हितों के लिये उनका संगठन संघर्ष करेगा।

स्थानीय निरीक्षण भवन में भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के पदाधिकारियों प्रदेश उपाध्यक्ष हरिओम गुप्ता, जिलाध्यक्ष हाशिम अली, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनिया गुप्ता आदि के नेतृत्व में एकत्र हुए दर्जनों किसानों ने किसान बिल के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान किसान नेताओं ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा पास किया गया किसान संशोधन बिल पूरी तरह किसानों के विरुद्ध है। किसानों को सरकार द्वारा छला जा रहा है।

किसानों की जमीनों को निजी कंपनियों के अधिकारों में दिए जाने का प्लान केंद्र सरकार कर रही है। जिसके विरोध में भारी संख्या में किसान नेता दिल्ली बॉर्डर पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों की ऐसी तमाम समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति भी लगातार प्रयत्नरत है। इसके उपरांत किसानों ने कोतवाली पहुंच कर गिरफ्तारी देने के लिए हंगामा काटा। जहां पुलिस ने किसान नेताओं को निरीक्षण भवन में अस्थाई रूप से गिरफ्तार कर लिया। करीब दो घंटे बाद छिबरामऊ उपजिलाधिकारी देवेश गुप्ता द्वारा गिरफ्तार किए गए किसान नेताओं को निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया। अंत में प्रदेश उपाध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। इस दौरान युवा जिलाध्यक्ष आलोक यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनिया गुप्ता, मुख्य सचिव मकबूल अहमद, राजेश गुप्ता, शादाब खॉन, सनी यादव, धर्मेंद्र गुप्ता, मुफीद खॉन, अरविंद, मलखान, नीरज दुबे, रामअवतार सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सांसद ने धान क्रय केंद्र प्रभारी को लगाई फटकार



संवाददाता। दोस्तपुर,सुल्तानपुर

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने दोस्तपुर में सैकड़ों लोगों की समस्याओं को सुना। दोस्तपुर धान क्रय केन्द्र पर मारा छापा। छापेमारी के दौरान किसानों की धान न खरीदने की शिकायत पर इंचार्ज प्रवीण कुमार सिंह को दी चेतावनी। कहा एक भी किसान की शिकायत मिली तो जेल भेजवा दूंगी।

बुधवार को सांसद मेनका गांधी ने दोस्तपुर इलाके का दौरा किया। इस दौरान मेनका गांधी ने फरियादियों की समस्याएं सुनी और सम्बंधित अधिकारियो को इनकी समस्यायों के निराकरण का निर्देश दिया। वहीँ ग्रामीणों की शिकायत पर मेनका गांधी अचानक धान क्रय केंद्र पहुंची। किसानों के साथ हो रही धान खरीद का जायजा लिया। किसानों द्वारा धान खरीद में हीलाहवाली बरतने की शिकायत पर सांसद मेनका गांधी ने क्रय केंद्र प्रभारी को जमकर फटकार लगाई। मेनका ने कहा कि अगर किसानों द्वारा धान खरीद में किसी भी तरह की अनियमित्ता सामने आई तो कठोर कार्यवाही के साथ साथ जेल भेजवा दिया जायेगा। इसके बाद मेनका आगे के लिये रवाना हो गई।

# राजस्व, आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने की चेकिंग



संवाददाता। सुलतानपुर

**जिलाधिकारी** रवीश गुप्ता के निर्देश के क्रम में 18 नवम्बर के अनुपालन में उप जिलाधिकारी कादीपुर प्रिया सिंह व जिला आबकारी अधिकरी हितेन्द्र शेखर ने जनपद सुलतानपुर के ईट भट्ठों की रैण्डम चेकिंग राजस्व विभाग, आबकारी विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर 29 नवम्बर को की गयी। चेकिंग में ईट भट्ठों में कार्यरत महिला श्रमिकों की सुरक्षा के अतिरिक्त भट्ठों पर कार्यरत पुरूष श्रमिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु भट्ठा मालिकों को निम्न निर्देश दिये गये।

श्रमिकों के अस्थायी आवास की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। श्रमिकों के आवास के बाहर एवं अन्दर रात्रि पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। महिला एवं पुरूष श्रमिकों के लिये अलग-अलग शौंचालय की व्यवस्था की जाय। श्रमिकों के बच्चों को विद्यालय में पंजीकृत कराकर उनकी शिक्षा की व्यवस्था की जाय। पुरूष एवं महिला का पारिश्रमिक एक समान रखा जाय और इसका विवरण अलग-अलग रजिस्टर में स्पष्ट रूप से अंकित किया जाय। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु की महिला-पुरूष श्रमिकों के रूप में न रखे जायें। उपरोक्त के अतिरिक्त रैण्डम चेकिंग में ईट भट्ठों के आप-पास की तालाशी में अवैध कच्ची मदिरा के निर्माण एवं विक्री होते हुए नहीं पाया गया।

# अस्पतालों में हो रहा आम जनता का शोषण

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**जहां** देखा जाए कि निरंतर अपनी ताकत की ओर बढ़ते हुए दलाल डॉक्टर अपने निजी अस्पताल को और ऊंचाइयों और बुलंदियों तक ले जा रहे हैं जिसमें मुख्य रुप से शिकार बनते हुए आम जनमानस नजर आ रहे हैं। उन्हीं से काली कमाई करके अपने अस्पतालों का नाम ऊंचा कर रहे हैं जनपद में सरकारी अस्पताल से लेकर निजी अस्पताल के दलाल अपने जाल में शहर के कई मासूम आम जनमानस को शिकार बना रहे है। सरकारी अस्पताल से ही निजी नर्सिंग होम एवं पैथोलॉजी सेंटर के दलाल मरीजों को बैहला फुसलाकर अपने साथ ले जाते हैं उन से मिलने वाला कमीशन लेकर भूल जाते हैं ऐसा कारनामा पूरे जिले में चल रहा है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन के अधिकारी दलालों पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं जबकि प्रदेश सरकार ने हर आम और खास नागरिकों के लिए सरकारी अस्पताल और पर्याप्त एवं विशिष्ट सेवाएं मुहैया कराई। 1दिन में हजारों लोग इन सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने आते हैं जिनमें अधिकतर गरीब और कम पढ़े लिखे लोग शामिल होते हैं इसी वजह से निजी नर्सिंग होम के दलालों की नजर कम पढ़े लिखे और गरीब लोगों पर ही रहती है वही आसानी से शिकार बनते हैं ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीज। लेकिन सबसे बड़ी उम्मीद जिला अस्पताल दलालों का गढ है जहां रोजाना लगभग 40 मरीज आते हैं जिनमें से औसतन 90: मरीजों में बहुत अशिक्षित भी होते हैं इसलिए जब सरकारी अस्पताल में अच्छी व्यवस्था नहीं मिलती तो मौजूद दलाल मरीजों और तीमारदारों के शुभचिंतक बन कर आते हैं उनको अपनी चिकनी चुपड़ी बातों में उलझा कर निजी अस्पताल जाने के लिए तैयार करते हैं उसके बाद तत्काल निजी नर्सिंग होम की एंबुलेंस आती है जो मरीज को अस्पताल ले जाती है जब मरीज अस्पताल पहुंच जाता है और भर्ती हो जाता है तब तक उनका बहुत ज्यादा ख्याल और ध्यान रखा जाता है किंतु जब मरीज भर्ती हो जाता है उसके बाद उनको सिर्फतीमारदारों दलालों की तरफ से सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता है और उनके दवा खर्च का बिल लंबा चौड़ा बनाकर उनके सामने प्रस्तुत कर दिया जाता है और उससे वहीं निजी अस्पताल के तीमारदार पैसों का बंदरबांट करते हैं जबकि सरकारी अस्पताल के डॉक्टर चाहे तो ऐसे दलालों के ऊपर अंकुश लगा सकते हैं किंतु वही सरकारी अस्पताल के डॉक्टर भी उन पैसों के बंदरबांट में अहम भूमिका निभाते हैं। सूत्रों के मुताबिक कई स्त्री रोग विशेषज्ञ लोगों को ऑपरेशन करवाने के लिए निजी अस्पतालों की सलाह देती है और अपना रिफ्रेंस देकर निजी अस्पतालों में अपने मरीजों को भेज देती है जिससे काले धन की उगाही की जा सके सरकारी अस्पताल के डॉक्टर खुद मेहनताना करके निजी अस्पतालों में सेवाएं प्रदान करते हैं और सरकार से भी पैसा लेते हैं और काम करते हैं निजी अस्पतालों में आए दिन सरकारी अस्पताल में कोई ना कोई डॉक्टर या कर्मचारी गायब ही रहता है यहां तक सूत्रों के मुताबिक माने तो बछरावां सीएचसी में कुछ डॉक्टर ऐसे हैं की कोई ना कोई बहाना बनाकर मरीजों को प्राइवेट हॉस्पिटल में भेज देते कुछ डॉक्टर लाइट ना होने का बहाना बनाते हैं की लाइट नहीं है ऑपरेशन नहीं हो पाएगा तो कुछ दवा का या मशीनों का बहाना बनाते हैं और उनको अपने कमीशन खोरी प्राइवेट हॉस्पिटलों में भेज देते हैं जिससे अच्छी खासी मोटी रकम कमाई जा सके। यह एक यक्ष प्रश्न उठता है उन जिम्मेदार डॉक्टरों के ऊपर जो जानते हुए भी प्राइवेट नर्सिंग होम पैथोलॉजी व मेडिकल स्टोरों में अपने काले धन की कमाई करने के लिए गरीब असहाय का शोषण करते हैं और वह जिम्मेदार लोग जानते हुए भी अनजान बनते हैं अब देखना यह होगा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार जो स्वास्थ्य सेवाएं अच्छी करने की बड़े-बड़े दावे कर रही तो ऐसे अस्पतालों नर्सिंग होम पैथोलॉजी ऊपर कार्रवाई करती है या फिर यूं ही लोगों की जाने जाती रहेंगी सरकारें तमाशा देखती रही अधिकारी अपने महंगी कुर्सियों में आराम फरमाते रहेंगे।

# खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद का आयोजन

संवाददाता। श्रावस्ती




**सिरसिया** युवा कल्याण विभाग द्वारा विकासखंड सिरसिया के नेपाल सीमा के निकट स्थित थारु जनजाति बाहुल्य ग्राम कटकुइया कला में खेलकूदप्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके संयोजक कृष्ण स्वरूप मिश्रा व अध्यक्ष परियोजना निदेशक श्रावस्ती खंड विकास अधिकारी सिरसिया मौजूद रहे। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग व महिला वर्ग का विशेष आकर्षण परियोजना निदेशक ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। और पुरस्कार वितरण भी किया। बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान सुशीला राणा द्वितीय स्थान बंदना राणा तृतीय स्थान रवीना राणा ने हासिल किया तथा 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान छाया राना द्वितीय स्थान सुशीला राणा तृतीय स्थान रवीना राणा प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में सुशीला राणा प्रथम स्थान दितीय बंदना तृतीय रेखा रही। 800 मीटर दौड़ में गरिमा राणा प्रथम स्थान रोली राणा द्वितीय स्थान आरती राणा तृतीय स्थान रहा।1500 सौ मीटर दौड़ मे निशा प्रथम स्थान अनीता द्वितीय स्थान सुशीला राणा तृतीय स्थान तथा डिस्कस थ्रो में प्रथम स्थान सीमा राना द्वितीय अनीता अस्थान संध्या राणा तृतीय स्थान निशा राणा एवम गोला फेक प्रथम स्थान अंजनी द्वितीय स्थान रेखा तृतीय स्थान पर सीमा रही।वॉलीबॉल में पुरुष वर्ग प्रथम स्थान कट कुईया कला द्वितीय स्थान भचकाही महिला वर्ग मसहाकला प्रथम स्थान मोतीपुर कला द्वितीय स्थान रहा। सभी खेलकूद में सुशीला राणा का दबदबा कायम रहा। जिला क्रीड़ा अधिकारी युवा कल्याण बिभाग के कृष्ण स्वरूप मिश्रा ने बताया कि सरकार द्वारा हर वर्ष ग्रामीण अंचलों में खेलकूद के प्रतिभा को निखारने के लिए बिकास खंड स्तरीय खेलकूद कराया जाता है जिसमें बिकिस खंड से लेकर जिला स्तर प्रदेश स्तर तक बच्चों को खेल प्रतिभा निखारने के लिए खेलकूद कराया जाता है इसी तरह हर वर्ष की भाति इसबार भी जनजाति क्षेत्र में खेल प्रतिभा को निखारने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें जनजाति के बच्चे भी खेल में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारने में लगे हैं।

# 25 हजार का इनामी चढ़ा पुलिस के हत्थे



**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी भिनगा हौसिला प्रसाद के नेतृत्व में थाना मल्हीपुर प्रभारी निरीक्ष दद्दन सिंह व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने मु0अ0सं0 288.2019 धारा 8.20.29 एन0डी0पी0एस0 एक्ट का वाँछित व 25000 रुपये का इनामिया अभियुक्त पंकज कुमार पुत्र कौशल किशोर निवासी बल्दीरामपुरवा थाना कोतवाली नानपारा जनपद बहराइच को मुखबिर की सूचना पर बुधवार को मिर्जापुर तिराहा मल्हीपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त 17 नवम्बर 2019 को थाना मल्हीपुर क्षेत्र में हुई 87 किलो ग्राम गांजा की बरामदगी में वांछित चल रहा था। थाना मल्हीपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी का लगातार प्रयास किया जा रहा था लेकिन वह लगातार पुलिस को चकमा देकर पकड़ में नही आ रहा था। जिसपर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती द्वारा 25000 रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

# दो हत्यारोपी गिरफ्तार



संवाददाता। श्रावस्ती

**भिनगा.** बीते 28 नवम्बर को भिनगा कोतवाली के ग्राम पंचायत मक्षरिहवा में छेड़खानी के मामले को लेकर युवक जगतराम मौर्य की गांव के ही लड़की पक्ष के लोगों ने डंडो तथा लोहे की पाइप से बेरहमी से पीट पीट कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया था जिसकी जिला चिकित्सालय भिनगा में इलाज के दौरान थोड़ी ही देर मौत हो गयी थी। पुलिस ने घटना का नामजद एफआई आर दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दिया था। पुलिस अधीक्षक अरविन्द मौर्य ने हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए कयी टीमें बनाकर गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये जिसमे हौसिला प्रसाद क्षेत्राधिकारी भिनगा के निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक थाना को0 भिनगा देवेन्द्र पांडेय मयटीम द्वारा मु0अ0सं0 390.2020 धारा 304 भादवि के वांछित अभियुक्तगण शब्बीर व कलाम पुत्रगण नौरख नि0 मछरिहवा थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को भरथाबेलभरिया गांव के पास से गिरफ्तार करने में सफलता पायी तथा घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल डंडा व लोहे की पाइप को अभियुक्तगण के घर से बरामद कर उन्हें जेल रवाना किया।

# मंदबुद्धि युवक को पुलिस ने बिछड़े परिवार से मिलाया



संवाददाता। शिवगढ़ (रायबरेली)

**शिवगढ़** पुलिस ने मंदबुद्धि युवक को उसके परिजनों से मिलाकर मानवता की सच्ची मिसाल पेश की है। विदित हो कि बछरावां थाना क्षेत्र के कन्नावा गांव का रहने वाला मंदबुद्धि युवक राजेश कुमार पुत्र रामप्रसाद परिजनों से बिछड़ कर ठंड में इधर-उधर भटक रहा था। युवक पर जब शिवगढ़ पुलिस की नजर पड़ी तो पुलिस ने युवक के पास जाकर युवक से उसका नाम पता जानने की कोशिश की किंतु युवक सही तरीके से अपना नाम नही बता पा रहा था। थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने महसूस किया कि युवक भूखा है। जिसके बाद पुलिस युवक को अपनी गाड़ी में बिठकार थाने ले आयी और खाने का सामान मंगाकर युवक को भरपेट खिलाया, पानी पिलाया। जिसके बाद करीब 2 घंटे तक पुलिस युवक से सरलता पूर्वक पूछताछ करती रही और उसके बताएं स्थानों से सम्पर्क करती रही। करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पता चला कि युवक बछरावां थाना क्षेत्र के कन्नावा गांव का रहने वाला है। जानकारी होने के बाद पुलिस ने युवक के परिजनों से फोन से सम्पर्क किया और युवक के चाचा शिव बालक, अवसान को बुलाकर युवक को उनके सुपुर्द कर दिया। परिवार से बिछड़े भतीजे को पाकर उसके चाचा शिवबालक और अवसान ने शिवगढ़ पुलिस का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आज शिवगढ़ पुलिस उनके लिए भगवान हो गई। युवक के चाचा शिवबालक ने बताया उनका भतीजा राजेश मंदबुद्धि है जो मंगलवार को गांव से भटक कर चला आया था। प्रतिदिन की तरह शाम को जब राजेश घर वापस नही गया तो खोजबीन की गई और रिश्तेदारियों में पता किया किंतु राजेश का कहीं पता नही चला। आज बुधवार को जब शिवगढ़ पुलिस ने फोन से बताया कि राजेश शिवगढ़ थाने में है इसे ले जाओ तो घर वालों ने राहत की सांस ली। इस मौके पर एसआई राम कृपाल सिंह, कांस्टेबल दयाशंकर यादव, कांस्टेबल सुनीता पटेल पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### अवशेष जलाएं नही, कंपोस्ट खाद बनाएं

**शिवगढ़ ( रायबरेली )** उप कृषि निदेश हरि नरायन सिंह ने पराली न जलाने को लेकर शिवगढ़ क्षेत्र के रायपुर नेरुआ, ढेकवा,शिवली सहित 3 ग्राम पंचायतों में चौपाल लगाकर किसानों को जागरूक किया। किसानों को जागरूक करते हुए उप कृषि निदेशक ने कहा कि खेतों में पराली जलाने से उठने वाला धुआं हवा में घुलकर पर्यावरण को दूषित कर देता है। पराली को जलाएं नही, पहले हैरो से खेत की जुताई करें उसके बाद कल्टीवेटर अथवा रोटावेटर से खेत की जुताई करें। अथवा मनरेगा योजना के तहत खेत अथवा खाली पड़ी जगह में गड्ढा खुदवाकर पुआल एवं फसलों के अवशेष से कंपोस्ट खाद बना ले, फसलों के अवशेष को सड़ाने के लिए कृषि विभाग द्वारा डी कंपोजर निरूशुल्क प्रदान किया जायेगा। कम्पोस्ट खाद के प्रयोग से जहां फसल उत्पादन लागत कम आएगी वहीं मिट्टी की उर्वरा उर्वरा शक्ति अच्छी होगी। उपकृषि निदेशक ने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि पुआल अथवा फसल अवशेष जलाना दण्डनीय अपराध है। फसलों का अवशेष जलाने पर कृषि भूमि 2 एकड़ से कम होने पर 2500 रुपए अर्थदंड का प्राविधान है। वहीं 2 एकड़ से 5 एकड़ तक की दशा में 5000 रुपए अर्थदंड एवं 5 एकड़ से अधिक कृषि भूमि होने पर 15000 रुपए के अर्थदंड का प्राविधान है। इस मौके पर रायपुर नेरुआ प्रधान रामरानी रावत,प्रधान प्रतिनिधि रतीपाल रावत, राजकीय बीज भण्डार प्रभारी ओम प्रकाश, बीटीएम दिलीप वर्मा, टीएसी अजय कुमार, एटीएम अंशू वर्मा, युवा भाजपा नेता विजय कुमार रावत, अशोक कुमार, द्वारिका प्रसाद, रामचंद्र, बुद्धू, रामदेव, सत्रोहन,चन्द्रभान रावत,ढेकवा प्रधान राजबहादुर सिंह,शिवली प्रधान संतोष रावत आदि लोग मौजूद रहे।

## आगे जा रहे ट्रक में घुसी इनोवा , दो लोगों की मौत

**ऊंचाहार,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के अरखा प्लाई फैक्ट्री के निकट मंगलवार की रात लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर तेज रफ्तार इनोवा कार आगे जा रहे ट्रक में जा घुसी। घटना में इनोवा में सवार एक महिला समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीन अन्य लोग घायल हो गए, फिलहाल सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की रात मिर्जापुर जनपद से लखनऊ इन्नोवा कार से पाँच लोग एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे तभी क्षेत्र के अरखा के प्लाई फैक्ट्री के समीप उनकी कार अनियंत्रित होकर आगे जा रहे एक ट्रक में घुस गई। जिससे कार में सवार सीता पत्नी मोहन लाल (50) व पंधारी (48) की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं कार में सवार अन्य सभी मामूली चोट के बाद सुरक्षित हैं। दोनों मृतक मिर्जापुर जिले के जिगनापुर निवासी बताये जा रहे हैं। एम्बुलेंस की मदद से दोनों मृतक को सीएचसी ऊँचाहार लाया गया है। फिलहाल सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। कोतवाल विनोद सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद उपरोक्त प्रकरण में विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने नगरपालिका के विभागों का किया औचक निरीक्षण

**रायबरेली।** अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव ने नगरपालिका के सभी विभागों का निरीक्षण कर कर्मचारियों की क्लास लगाई कहा कि नगरपालिका का कोई भी कर्मचारी कार्यालय में सुबह 10रू00 बजे के बाद अगर अनुपस्थित होता है तो उसकी तनख्वाह कट जाएगी नगर पालिका के अध्यक्ष प्रतिनिधि नगरपालिका के जल एवं प्रकाश विभाग स्वास्थ्य विभाग टैक्स विभाग निर्माण विभाग सहित सभी विभागों के कर्मचारियों को सचेत करते हुए कहा कि सभी लोग कार्यालयों में समय पर रहे ताकि किसी प्रकार की भी किसी शहरी को अव्यवस्था का सामना न करना पड़े किसी की भी कोई इस तरह की शिकायत आती है तो उसको दंडित किया जाएगा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव ने सफाई हवलदारओ से कहा कि अपने.अपने वार्डों में 10 दिन के अंदर सुंदर एवं स्वच्छ बनाएं जिस भी वार्ड में सफाई सबसे अच्छी होगी उस वार्ड के हवलदार को साफसाफसफाई कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा नगर पालिका रायबरेली द्वारा नगर के सभी वार्डों में प्रतिदिन पार्किंग के लिए भी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि निर्देशित किया है

### धूमधाम से मनाया कंप्युटर साक्षरता दिवस

**ऊंचाहार,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र ऊँचाहार के निकट स्थित न्यू एक्सेल कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर में धूमधाम से कंप्यूटर साक्षरता दिवस मनाया गया। इस मौके पर इंस्टिट्यूट में छात्र-छात्राओं के साथ ज्ञानवर्धक कंप्यूटर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस दौरान विजेता टीम को कोचिंग के डायरेक्टर के द्वारा ट्राफी दी गई। बताते चलें कि विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस भारतीय कंप्यूटर कंपनी छप्प्ज् द्वारा 2001 में अपनी 20 वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुरू किया गया था, जिसने अनुसंधान के जवाब में यह सुझाव दिया कि दुनिया भर में अधिकांश कंप्यूटर उपयोगकर्ता पुरुष थे। इसी क्रम में साथ ही साथ कोरोना महामारी से बचने के लिए छात्र छात्राओं को मास्क का भी वितरण किया गया। इस मौके पर संस्थान के प्रबंधक श्री प्रवीण मिश्र , मैनेजर अभय पांडेय,अजय,अरविंद आदि शिक्षक गण मौजूद रहे

### ताला तोड़ रहे युवकों का शांतिभंग मे चालान

**लालगंज रायबरेली** ।लालगंज कोतवाली क्षेत्र के त्रिवेदीपुर मजरे तौधकपुर गांव स्थित देसी शराब के ठेके मे चोरी करने की नीयत से ताला तोड रहे दो युवकों को गांववालो ले पकड लिया।गांववालों ने डायल112 पुलिस बुलाकर दोनों युवको को उनके हवाले कर दिया है।वहीं शराब ठेके के सेल्समैन रोहित सिंह ने पकडे गये युवकों सुसील गुप्ता व राजा गुप्ता निवासी स्टेसन रोड लालगंजके खिलाफ पुलिस मे सिकायत भी किया।रोहित सिंह का कहना है कि दोनों युवक ठेके मे चोरी करने आये थे।पुलिस ने पकडे गये दोनों युवकों का शांति भंग की धारा 151 मे चालान किया है।

### किसान समस्यायों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सुल्तानपुर।** राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष बेलाल अहमद ने साथियों के साथ किसान समस्याओं को लेकर मुखर हो गए हैं। किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए राष्ट्रपति को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। मांग की है कि किसान हित में पारित बिल को केंद्र सरकार वापस ले। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है और हमारे कृषि प्रधान देश के किसानों ने सदैव देश की अर्थव्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान किया है। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी और लॉकडाउन के फलस्वरूप भी किसानों द्वारा उत्पादन करके अर्थव्यवस्था में अवर्णनीय सहयोग दिया है। केन्द्र सरकार द्वारा कृषि सम्बन्धी ऐसे कानून पारित किये गये हैं जिनके लागू होने से किसानों की स्थिति सोचनीय ही नहीं बल्कि दयनीय हो जायेगी।

### बिना मास्क मिले तो वूसला गया जुर्माना

**सुल्तानपुर।** बिना मास्क के घूमने वाले दर्जनभर युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया। चौक, शाहगंज चौराहा, बस स्टेशन पर एसपी शिवहरी मीणा की अध्यक्षता में जांच अभियान चला। कोरोना काल में लापरवाही बरतने वाले युवकों को नगर कोतवाली लाया गया। जुर्माने के साथ पकड़े गए युवकों की रिहाई हुई। पुलिस से बचने के लिए अफसरों से नोकझोंक अभिभावक करते रहे।

### पशु क्रूरता एक्ट की हुई कार्यवाही

**गोसाईगंज,सुल्तानपुर।** क्षेत्र भ्रमण से लौट रहे सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार ने गोसाईगंज थाना क्षेत्र के महादेवपुर चौराहे पर एक पिकअप में पांच भैंसें लादकर ले जा रही पिकअप को रोककर चार पशु तस्कर और वाहन चालक को पुलिस के हवाले किया। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि यहां पशुओं के साथ क्रूरता है एक पिक में पांच भैंसें बेरहमी तरीके से लादी गई है। थाना अध्यक्ष गोसाईगंज ओमवीर सिंह ने बताया कि पिकअप को कब्जे में लेकर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है।

### गंगा पूजन के साथ कार्तिक पूर्णिमा पर्व का समापन

**ऊंचाहार,रायबरेली।** तीन दिनों तक चलने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेला व पर्व का आयोजन इस वर्ष नहीं हुआ, लेकिन सांकेतिक पूजा का समापन बुधवार को भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष अभिलाष कौशल ने गंगा पूजन के साथ किया है । बुधवार तीन दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा मेला स्थगन के तीसरे दिन विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दक्षिण वाहिनी मां गंगा गोकर्ण ऋषि की तपस्थली गोकना घाट पर मां गंगा गोकर्ण जन कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में लोक कल्याण व कोरोना महामारी से निजात हेतु, युवा समाजसेवी अभिलाष चंद्र कौशल ने किया है । जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ भाजपा रायबरेली ने निरस्त मेला के अंतिम दिन विधि विधान से गंगा पूजन, गंगा महाआरती, दीपदान किया और उन्होंने लोक कल्याण व कोरोना महामारी से निजात हेतु गंगा मईया से प्रार्थना की । उन्होंने इस मौके पर मौजूद लोगों से कहा कि कोरोना महामारी के विरुद्ध सबको मिलकर लड़ना होगा । हमारी सजगता और सावधानी ही इस महामारी को मिटा सकते है ।कार्यक्रम की व्यवस्था एवं पूजन संस्था के सचिव पंडित जितेंद्र कुमार द्विवेदी ने कराया। उक्त अवसर पर मनीष कौशल ,गजानन द्विवेदी, सूरज, सोमू, अनदना द्विवेदी , मुन्ना आदि लोग रहे।

### 5 व 13 दिसंबर को बूथ पर रहेंगे बीएलओ

**लालगंज रायबरेली** ।विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर विषेष संक्षिप्त मतदात पुनरीक्षण व पंजीकरण कार्यक्रम वर्तमान मे चल रहा है।18 वर्ष के लोगमतदाता सूची मे अपना नाम पंजीकृत करा सकते है।यह जानकारी देते हुये लालगंज एसडीएम जीतलाल सैनी ने बताया कि मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम 17नवम्बर से 25 दिसम्बर तक चलेगा।दो बार बूथों पर पंजीकरण हो चुका है।आगे 5 और 13 दिसम्बर को बीएलओ बूथों पर मौजूद रहेंगे।बूथ पर नाम बढाने,संसोधन व मृतको के नाम हटाने का कार्य होगा।उन्होने अपील करते हुये कहा है कि बूथों पर जाकर 18 वर्ष के युवक व युवतियां अपना नाम मतदाता सूची मे बढवा ले। आधार की फोटोकापी व एक फोटो ले जाना अनिवार्य है।

### अन्तिम वोटर लिस्ट का प्रकाशन 29 दिसंबर को होगा

**लालगंज रायबरेली।** ग्राम पंचायत चुनावों के मद्दे नजर मतदाता सूची ठीक कियेजाने का कार्य जोरों पर चल रहा है।यह जानकारी देते हुये एसडीएम जीतलालसैनी ने बताया कि ग्राम पंचायत,क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत चुनाव केबाबत तैयारियां चल रही है।मतदाता पुनरीक्षण के बाद 6 दिसम्बर को वोटर लिस्ट का प्रकासन किया जायेगा।6 दिसम्बर से 12 दिसम्बर के बीच दावा वआपत्तियां ली जायेंगी।13 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक सभी का निस्तारण करदिया जायेगा।20 दिसम्बर से 28 दिसम्बर के बीच मतदाता सूची के अभिलेखदुरूस्त कर 29 दिसम्बर को अन्तिम प्रकासन होगा।

# डीएम ने फरियादियों की समस्याओं को सुना

-निस्तारण का दिया निर्देश

-संतकबीर नगर के तीनों तहसीलों पर हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस



संवाददाता। संतकबीरनगर

**माह के** प्रथम मंगलवार को शिक्षक एमएलसी चुनाव मतदान होने के कारण जिला प्रशासन ने सम्पूर्ण समाधान दिवस बुधवार को आयोजित किये जाने का निर्णय लिया था। जिसके क्रम में जनपद के तीनो तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। दिन बदलने के कारण तहसीलो में फरियादियों की संख्या कम रही। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल धनघटा तहसील में पहुॅचकर जनसमस्या सुनी, मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र खलीलाबाद तहसील एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार पाण्डेय मेंहदावल तहसील में पहुॅचकर फरियादियों की शिकायतो का निस्तारण किये जाने का निर्देश दिया।

बुधवार को तहसील सभागार में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें कुल 68 लोगो ने समस्याओं के समाधान का फरियाद किया। एक मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। मंगलवार को शिक्षक निर्वाचन का मतदान होने के कारण संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन बुधवार को किया गया। राजस्व विभाग से संबधित 35 मामले पेश हुए। विकास विभाग के तीन मामले आए। पुलिस से संबधित समस्या को लेकर 12 लोगो ने फरियाद किया। अन्य विभागो के 18 मामले दर्ज किए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस हो या समाधान दिवस में आए मामलो का निस्तारण संबधित विभागो के अधिकारी निर्धारित समय के भीतर अवश्य कर दे। इस मौके पर बाल विद्यालय परसादपुर के स्काउड गाइड जन जागरुकता कार्यक्रम कोरोना से बचाव और पराली न जलाने के संबध में पेश किया। बच्चो द्वारा प्रस्तुत किए गए नुक्कड़ नाटक की प्रशंसा डीएम समेत अन्य अधिकारियो ने किया। इस अवसर पर एसडीएम गुलशन कुमार, तहसलीदार बंदना पांडेय सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## श्री निवासन को पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर हर्ष

संवाददाता। सोनभद्र

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्षा सांसद सोनिया गांधी द्वारा भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री निवासन पी0 बी0 वेंकेटेशन को भारतीय युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर सोनभद्र युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार दुबे आशु ने कहा कि संगठन में कार्य करने वालों का हमेशा सम्मान होता रहा है श्रीनिवासन को पूर्ण रूप से अध्यक्ष बनाना यह स्पष्ट करता है कि काम करने वालों का सम्मान हमेशा सुरछित है श्रीनिवासन जी भारत के युवा आईकान के रूप में है पूरे देश के नौजवान युवा बेरोजगार यह देखते हैं और जानते भी हैं कि नौजवानों गरीबों दलित आदिवासियों मजदूरों की आवाज बनकर आगे आने वाले श्रीनिवासन हैं और पार्टी के नेताओं ने भी इसको देखा और सराहा है।

# जनता को सुरक्षा व महंगाई से निजात देने में विफल है प्रदेश सरकार: अजय लल्लू

संवाददाता। सेमरियावां (संतकबीरनगर)



**बुधवार** को सेमरियावां बाजार में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू ने संगठन सृजन अभियान के तहत न्याय पंचायत की बैठक को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के प्रति निस्वार्थ होकर काम करे और पार्टी को मजबूत करने के लिए पार्टी की नीतियों को लोगो तक पहुंचाये उन्होंने कार्यकर्ताओं में नयी ऊर्जा का संचार करने हेतु उनमें जोश भरा।

इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर करारे प्रहार किए और आरोप लगाया कि महिलाओं, गरीबों, मजदूरों, किसानों, नौजवानों के हित में यह सरकार कोई काम नहीं कर रही। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार झूठी है। किसानों पर इस कदर अत्याचार ढहाए जा रहे हैं कि उन पर लाठी चार्ज किया जा रहा है, आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। उन्होंने कृषि विधेयक के नुकसान बताते हुए किसानों को आगाह किया। कहा कि कृषि विधेयक से जमाखोरी बढ़ जाएगी। समर्थन मूल्य को लेकर भी मनमानी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि खाद, बीज के रेट अप्रत्याशित रूप से बढ़ाए गए हैं। बिजली का बिल भी काफी बढ़ा है। ऐसे में आम लोगों का जीना दूभर हो गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बूथ स्तर से लेकर जिले के सभी कांग्रेस पदाधिकारी निरंतर पार्टी को मजबूत करने का काम तेजी से करते रहे। तो वही बेलहर ब्लॉक के लोहरौली चौराहे पर संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत प्रदेश अध्यक्ष ने पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होने कहा कि पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से लगातार संपर्क में रहें। गांव गांव जाकर पुराने कार्यकर्ताओं को भी उत्साहित करने का काम करें। इस दौरान विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव विश्व विजय सिंह, प्रदेश सचिव दिवेन्द्र निषाद, जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय, पूर्व विधायक अफसर यू अहमद, जिलाउपाध्यक्ष दिलशाद अफसर, जिला उपाध्यक्ष मो.नजीर, ब्लॉक अध्यक्ष अकरम नजीर, पूर्व प्रधान अशफाक अहमद, हाजी शमीम अहमद राना, नौशाद अफसर, इमामुद्दीन, अबरार अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### स्थापित किया गया हाई मास्ट राष्ट्रीय ध्वज



**सोनभद्र।** एनसीएल की जयंत परियोजना के महाप्रबंधक आर बी प्रसाद ने महाप्रबंधक कार्यालय में 40 मीटर ऊंचा हाई मास्ट राष्ट्रीय ध्वज फहराया इतनी उचाई पर लहराते राष्ट्रीय ध्वज को जयंत के लगभग सभी स्थानों से देखा जा सकता है। इस अवसर पर समस्त विभागाध्यक्ष श्रमिक प्रतिनिधि अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान सीआईएसएफकी टुकड़ी द्वारा तिरंगे को सलामी दी गयी साथ ही स्कूली बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया महाप्रबंधक आर बी प्रसाद ने सभी जयंत कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड जनित कठिन परिस्थितियों के बावजूद जयंत के सभी कर्मियों ने सुरक्षित रहते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। इसी के चलते जयंत परियोजना प्रत्येक कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में सफल रही है। इस अवसर पर समर्पिता महिला समिति की अध्यक्षा नीलू प्रसाद के साथ पूरी महिला समिति की सदस्याएं भी उपस्थित रहीं।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**राजगढ़ (मिर्जापुर)** । स्थानीय पुलिस द्वारा मंगलवार सायं अभियोग से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । मंगलवार को थाना मड़िहान वादिनी द्वारा अपनी 15 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में थाना मड़िहान पर नामजद अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था । अभियोग की विवेचना एवं वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के मंगलवार सायं चौकी प्रभारी राजगढ़ संतोष सिंह मय हमराह का0 संजय सिंह द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए वांछित अभियुक्त करन पुत्र लोलारक निवासी अमुई थाना मड़िहान मीरजापुर को ग्राम अमोई से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।

### नवागत एसपी डॉ. कौस्तुभ का हुआ आगमन

**संतकबीरनगर।** शासन से स्थानान्तरित होकर आये बुधवार की देर शाम नवागत पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ का आगमन होने पर अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बुके देकर उनका स्वागत किया। नवागत पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया। तदोपरान्त उन्होने अपर पुलिस अधीक्षक जनपद के भौगोलिक स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान सीओ लाईन/धनघटा अम्बरीश भदौरिया, सीओ मेंहदावल रामप्रकाश, आर0आई0 पंकज कुमार तिवारी, इंस्पेक्टर कोतवाली मनोज कुमार पाण्डेय, गोला चौकी इंचार्ज श्रीमती प्रतिभा सिंह, उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

### रोडवेज परिसर में रैनबसेरा की व्यवस्था

**बस्ती।** रोडवेज परिसर में रैनबसेरा का उद्घाटन डीएम आषुतोष निरंजन ने फीता काटकर किया। इस रैनबसेरा में देर रात रोडवेज बस से आने वाले यात्रियों को ठंड से बचाने के लिए रूकने की व्यवस्था की गई है। नगरपालिका के सौजन्य से लगभग एक दर्जन बेड वाले रैन बसेरा में रूकने वाले यात्रियों को कोई शुल्क नहीं देना होगा। उद्घाटन करते हुए डीएम ने रैन बेसरा के नियमित साफसफाई पर विशेष जोर दिया। सहायक प्रबन्धक रोडवेज आरपी सिंह ने बताया है कि इस रैन बसेरा में एक दर्जन बेड की व्यवस्था की गई है। पेयजल, अलाव की नियमित व्यवस्था की गई है।

### दुष्कर्म कर बनाया फोटो, वायरल करने की दी धमकी

**बस्ती।** गौर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 21 वर्षीय एक युवती से चाकू की नोक पर धमकाकर दुष्कर्म करने और उसकी फोटो खींचकर उसे वायरल करने की धमकी देते हुए उसके बाद कई बार बलात्कार करने का मामला प्रकाष में आया है। अनेक बार दुष्कर्म का षिकार हुई युवती पहले लोकलाज के भय से खामोष रही, लेकिन जब हद पार हो गई, विरोध करने पर फोटो फेसबुक पर वायरल करने की धमकी दी गई तो विवष होकर उसने पुलिस की शरण ली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गांव निवासी आरोपित युवक सूरज के विरूद्ध दुष्कर्म, धमकी, आईटी एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 5 को

**बस्ती।** श्री कृष्णा मिशन हास्पिटल बरगदवा में 5 दिसम्बर को दिन में 10 बजे से सायं 5 बजे तक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। यह जानकारी चेयरमैन बसन्त चौधरी ने दी। बताया कि शिविर में दिल्ली के वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डा. अजय कुमार सिंह न्यूरो से सम्बंधित बीमारियों सिर दर्द, फालिज, लकवा, दिमाग में पानी, रीढ, गर्दन की चोट, मिर्गी, दिमाग में खून का थक्का जमना आदि रोगों एवं जयपुर के वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डा. रवि पाण्डेय किडनी से सम्बंधित बीमारियों, प्रोटेस्ट रोग, मूत्र रोग, गुर्दे की पथरी, प्रत्यारोपण का इलाज, पेशाब में खून का आना, पुरूष नंपुसकता, बच्चों में जन्मजात गुर्दे व पेशाब के रास्ते में परेशानी आदि रोगों का परीक्षण कर समुचित सुझाव देंगे। सम्बंधित रोगियों से आग्रह किया कि वे नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में पहुंचकर समुचित परामर्श ले।

### दिल्ली से आने वाले यात्रियों की अनिवार्य होगी कोविड जांच

**बस्ती।** दिल्ली से ट्रेन और बस से आने वाले यात्रियों की अनिवार्य रूप से कोविड-19 जांच कराई जाय। इसके लिए विभागीय अधिकारी रेलवे स्टेषन, बस स्टेषन पर स्वास्थ्य टीम लगाएं। ऐसे यात्रियों का पहचान पत्र भी लिया जाय। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी रेलवे स्टेषन मास्टर, एआरएम रोडवेज से सम्पर्क कर यात्रियों की जांच कराना सुनिश्चित करें। यह निर्देष डीएम आषुतोष निरंजन ने दिया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कोविड-19 की समीक्षा के दौरान कोविड टेस्ट, कन्टेनमेन्ट जोन एक्टीविटी, स्पाट मैपिंग, कान्टैक्ट ट्रेसिंग, नए मरीजो को फैसिलिटी एलाटमेन्ट आदि की समीक्षा की। मेडिकल कालेज में कोविड-19 के मिले मरीज की जांच, उनके समुचित इलाज,परिवार के लोगों को आईसोलेट के बारे में प्रधानाचार्य डॉ0 नवनीत कुमार से जानकारी प्राप्त किया। सभी एमओआईसी को निर्देषित किया कि कोविड-19 की जांच के बाद फार्म पर मरीज का विस्तृत मेडिकल रिपोर्ट, वास्तविक पता ,मोबाइल नम्बर लिखें। फार्म के साथ मरीज का फोटोयुक्त पहचान पत्र भी अटैच करें ताकि मरीज की जानकारी करके सही कन्टेनमेन्ट जोन बनाया जा सके। टीवी, एचआईवी पाजिटिव,कैंसर रोगियों का कोविड-19 जांच कराने को गम्भीरता से लें क्योकि ये हाईरिस्क जोन में आते है। कहा कि टीवी रोगी प्रत्येक सप्ताह दवा लें ले। एआरटी सेण्टर आने पर उनकी कोविड जॉच नियमित रूप से कराई जाए। इसमें शिथिलता मिलने पर संबंधित एमओआईसी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। बताया कि 5 दिसम्बर को मुख्यमंत्री द्वारा 'मेरा कोविड केन्द्र' एप का शुभारम्भ किया जाएगा। इससे जिला अस्पताल, कैली, सभी सीएचसी/पीएचसी जोड़ दिए गए है। सभी एमओआईसी 24 घण्टे के भीतर इस एप को अपने मोबाइल पर अपलोड करें ताकि एप क्रियाशील हो सकें।

## गर्भवती बढ़ाएं रोग प्रतिरोधक क्षमता

**मिर्जापुर( सं. )।** कोरोना से लड़ने के लिए देश व प्रदेश की सरकार की ओर से भी जिले स्तर पर तमाम प्रकार की योजनाओं को संचालित किया जा रहा है। इस जिले स्तर पर बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से गर्भवती महिलाओं को केन्द्र स्तर पर जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है और कहा जा रहा है कि यदि कोरोना को हराना है तो महिलाओं को अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा होगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के प्रमोद कुमार सिंह ने दिसम्बर महीने के शुरूआत में कोरोना को लेकर अत्यधिक गम्भीर हो गये है। उन्होने विभाग की ओर से पत्र जारी कर सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व बाल विकास परियोजना अधिकारी को सूचित कर बताया है कि केन्द्र पर आने वाले सभी गर्भवती महिलाओं को बताया जाये कि उनको इस समय अपने स्वास्थ्य को लेकर अत्यन्त सर्तक रहने की आवश्यकता है।

# तापमान में गिरावट होने से बढ़ सकता है कोरोना संक्रमण

संवाददाता। सोनभद्र

**सर्दी** ने दस्तक दे दिया है इसके चलते तापमान भी घट रहा है। तापमान में गिरावट होने की वजह से कोरोना संक्रमण की दर में वृद्धि होने की संभावना तेज हो गई है। इस सर्दी के मौसम में कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिए इम्यूनिटी का मजबूत होना बेहद जरूरी है। ऐसे में खानपान पर विशेष ध्यान देते हुए नियमित दिनचर्या अपनाना बहुत आवश्यक है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसके उपाध्याय ने बताया कि सर्दी का आगमन हो चुका है और मौसम बदलने से तापमान में गिरावट बढ़ रही है। इससे कोरोना संक्रमण बढ़ने की आशंका है। वर्तमान समय में अनियमित जीवनशैली अपनाने से हमारी इम्यूनिटी कम होगी और इससे कोरोना वायरस संक्रमण का नुकसान कई गुना बढ़ सकता है। इसलिए कुछ छोटे-छोटे बदलाव एवं सामान्य प्रयासों से इस महामारी से अपने आप को सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस सर्दी के मौसम में अधिकतर लोग सर्दी, जुखाम, बुखार, खांसी से ग्रसित हो रहे हैं। इस समय ठंडी वस्तुओं के सेवन से बचने की आवश्यकता है क्योंकि यह शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए गर्म पानी का सेवन करें और गर्म पानी से गरारे करें तथा भाप भी ले। कोरोना संक्रमण से से बचने के लिए मास्क का प्रयोग करें 2 गज की दूरी बनाए रखें और सैनिटाइजर से बार-बार हाथ होते रहे। इस मौसम में गर्म कपड़ों का सेवन करें तथा घर के बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष ख्याल रखें और उनको सर्दी से बचाएं। साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें और ज्यादा जरूरी हो तभी घर के बच्चों व बुजुर्गों को घर से बाहर जाने दें। इसके अलावा बीमार होने पर अपने आप को बचाने के लिए डॉक्टर से सलाह लें ।

# प्रत्येक बूथ पर मतदाता का नाम वोटरलिस्ट मे जुड़वाने का करें कार्य: अशोक चौरसिया

संवाददाता। सोनभद्र



**आगामी** विधानसभा चुनाव निर्वाचन सम्बंधी मतदाता पुनरीक्षण कार्य के लिए भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र की एक आवश्यक बैठक जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर सम्पन्न हुयी बैठक में बतौर मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया मौजूद रहे। बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मुख्यअतिथि व भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने दीप प्रज्जवलित कर किया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे व संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश दूबे ने किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी निरंतर चलने वाली प्रयासरत व गतिशील वाली पार्टी है, पार्टी के कार्यकर्ता अभी स्नातक चुनाव में लगे थे परन्तु अब आगामी विधानसभा चुनाव से संबंधित मतदाता पुनरीक्षण के कार्य में लगकर एक एक मतदाता का नाम वोटरलिस्ट मे जुड़वाने कार्य करें मतदाता पुनरीक्षण अभियान भारतीय जनता पार्टी के लिए बहुत बड़ा अभियान होता है।

# बूथ स्तर पर पार्टी मजबूत होगी तभी देश व प्रदेश में होगी मजबूत पार्टी: भगवती

संवाददाता। मिर्जापुर



**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी बाजीराव खरे न्याय पंचायत देवरी चौराहे पर संगठन सूजन अभियान के तहत एवम जिला कांग्रेस कार्यालय में संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत किया जाए जब संगठन मजबूत होगा तभी कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी जब से बीजेपी आई है जनता त्रस्त मंहगाई चरम पर है हम सभी लोगों को एकजुट होकर जनता के लिए लड़ाई लड़े कभी कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी जब कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी तो देश और प्रदेश मजबूत होगा

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मंडल प्रभारी मकसूद खान ने भी संगठन सूजन अभियान के तहत संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को हर बूथ पर खड़ा करना होगा जब हमारा बूथ मजबूत होगा तब कांग्रेस पार्टी मजबूत हो जाएगी इसी के तहत आगे क्या उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव देव प्रताप सिंह ने कहा ब्लॉक अध्यक्ष एवं न्याय पंचायत अध्यक्ष की जिम्मेदारी युवाओं को दिया भूत पर कांग्रेस पार्टी को मजबूत किया जाए जिला कांग्रेस कमेटी शिव कुमार पटेल इस कार्यक्रम का जस्ता करते हुए कहा कि मिर्जापुर में संगठन को मजबूत करेंगे हर ब्लाक हर न्याय पंचायत में जाकर लोगों को जोड़ने का प्रयास करेंगे।

## पीएम मातृ वन्दना लक्ष्य पूरा न करने पर रोका वेतन

**बस्ती।** प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना का लक्ष्य पूरा न करने पर नगरीय और ब्लाक क्षेत्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी, ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक, ब्लाक कम्युनिटी प्रासेस मैनेजर, अरबन हेल्थ कोआर्डिनेटर, एमटीएस आपरेटर का नवम्बर माह का वेतन, मानदेय रोकने का सीएमओ को निर्देष दिया है। इसमें नगरीय क्षेत्र, साऊंघाट, गौर, कुदरहा, मरवटिया, हर्रैया, कप्तानगंज, रूधौली, बनकटी, विक्रमजोत, सल्टौआ, बहादुरपुर शामिल है। सीएमओ को भेजे गए पत्र में कहा है कि योजना प्रारम्भ से लक्ष्य के सापेक्ष लाभार्थियों का पंजीकरण नहीं किया गया। 3461 लाभार्थियों को अभी तक आर्थिक सहायता की तीसरी किस्त नही दी गई, उनका प्रपत्र भी नही भरा गया है।

# सक्सेरिया कालेज के प्रिंसिपल व प्रवक्ता पर गबन का मुकदमा

-खेल सामान, फीस और फर्जी बिल के सहारे 26 लाख 28 हजार 524 रुपये के गबन का आरोप

संवाददाता। बस्ती

**जिले के** पुराने और प्रतिष्ठित इंटर कालेजों में से एक सक्सेरिया इंटर कालेज में लाखों रुपये के गबन का मामला सामने आया है। इसका खुलासा पहले आडिट टीम ने किया, उसके बाद के काम को जांच कमेटी ने अंजाम दे दिया।

पिछले चार साल में 26 लाख 28 हजार 523 रुपये का गबन कार्यवाहक प्रधानाचार्य ओमप्रकाष श्रीवास्तव एवं प्रवक्ता घनश्याम लाल श्रीवास्तव और वर्तमान में हुकुम सिंह इंटरमीडिएट कालेज कैसरगंज बहराइच में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत के द्वारा किया गया। बच्चों की फीस, खेल निधि, और फर्जी बिल और बाउचर के जरिए धन का बंदरबांट किया गया, पचास हजार की रकम को तो प्रवक्ता द्वारा फर्जी बिल के जरिए निकाल लिया गया। यह पहला मामला है,जब षहर के प्रतिष्ठित कालेज में इतने बड़े घोटाले का खुलासा हुआ। कालेज के प्रबंधक जगदीश्वर प्रसाद सिंह उर्फ ओमजी ने दोनों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

# अप्रैल-मई में पंचायत चुनाव होने की संभावना

-रोड़ा बन रहा नगर पंचायतों का परिसीमन, बोर्ड परीक्षा एवं सक्षिप्त पुनरीक्षण

-कुदरहा, रामनगर, गौर और सल्टौआ ब्लॉक के कई ग्राम नगर पंचायत में चले

-ब्लॉकों के परिसीमन के बिना नहीं हो सकता बीडीसी एवं जिला पंचायत सदस्य का चुनाव

संवाददाता। बस्ती

**जनवरी**-फरवरी में पंचायत चुनाव की रणनीति बनाने वाले उम्मीदवारों को यह जानकार मायूसी होगी कि चुनाव मई-अप्रैल से पहले होने की संभावना नहीं है। मतदाता सूची का अन्तिम और अंतिम प्रकाशन तो समय से हो जाएगा, मगर चुनाव समय से नहीं होगा। इसके पीछे जो कारण सामने आ रहे हैं, उसे देखकर कहा जा सकता है, कि ग्राम पंचायतों का बागडोर प्रशासक के रुप में एडीओ पंचायतों के हाथों में जाना तय है। ग्राम पंचायतों और जिला पंचायत का गठन मई में होने का दावा विभाग के जिम्मेदार कर रहे है। तब तक दोनों पंचायतों का कार्यभार ब्लॉकों में कार्यरत एडीओ पंचायत संभालेंगे।

दिसंबर के अंतिम सप्ताह में ग्राम पंचायतों और जिला पंचायत का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। पहले लोगों की उम्मीद थी, कि चुनाव समय से होगा। 29 दिसंबर को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाषन के बाद आपत्ति और उसके निस्तारण में समय लग सकता है। चूंकि चुनाव का वर्ष बदल रहा है, यानि चुनाव 2021 में होंगे तो जाहिर सी बात है, उन नये मतदाताओं को शामिल करना पड़ेगा, जो जनवरी 21 में 18 वर्ष के होगें, यानि ऐसे लोगों को भी मतदाता बनाना होगा, क्यों कि जनवरी 21 में 18 साल के होने वाले मतदाताओं को मतदान से वंचित नहीं किया जा सकता। इसके लिए पुन: संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम चलेगा, जिसमें काफी समय लग जाएगा, सबसे बड़ा कारण ब्लॉकों का परिसीमन न होना माना जा रहा, क्यों कि बिना परिसीमन के चुनाव हो ही नहीं सकता, और अभी तक परिसीमन होने का अता पता ही नहीं है। जिन चार ब्लॉकों का परिसीमन होना है, उनमें कुदरहा, सल्टौआ, गौर और रामनगर षामिल है। इन ब्लॉकों के कई ग्राम पंचायतें नये सृजित हुए भानपुर और गायघाट नगर पंचायत में चली गई, इसके आलावा गौर के कुछ ऐसी ग्राम पंचायत है, जिसे बभनान नगर पंचायत में षामिल किया गया है। इसके आलावा माध्यमिक बोर्ड परीक्षा मार्च से षुरु हो जाता है। उक्त प्रक्रियाओं को निभाने में कम से तीन से चार माह लग सकता है। यही कारण है कि चुनाव अप्रैल और मई के मध्य होने की संभावना जताई जा रही है।

### मतदाता डाटा फीडिंग में दिखा डीएम की सख्ती का असर

एक समयऐसा लग रहा था कि जिले में समय से अंन्तिम मतदाता सूची का प्रकाषन नहीं हो पाएगा। इसका अंदाजाइसी बात से लगाया जासकता है, 22 नवंबर तक 15 फीसद सूची का फीडिगं हुआ था, वह अचानक 60 फीसद हो गया, इसके लिए डीएम आषुतोष निरंजन की उस सख्ती का असर माना जारहा, जो उन्होंने 22 को चेतावनी जारी की थी। चेतावनी के बाद फीडिगं करने वाले वेंडर ने अचानक 16 कम्प्यूटर के स्थान पर 32 लगा दिया, 24 घंटें फीडिगं हो रही है। फीडिगं के मामले में जिला मंडल में अव्वल है। 5.50 लाख के सापेक्ष 3.25 लाख मतदाताओं की फीडिगं हो चुकी है। वहीं सिद्धार्थनगर में 20 और जनपद संतकबीरनगर में 50 फीसद हो चुका है।

## 12 ग्राम पंचायतों में हुआ फर्जी वोटरों के बढ़ाने का खेल

**बस्ती।** बीएलओ और संभावित एवं वर्तमान प्रधानों ने वोटरों के बढ़ाने का खेल खूब खेला है। प्रधानी जीताने और अवैध कमाई के चक्कर में बीएलओ ने मतदाता जनसंख्या अनुपात की जमकर धज्जियां उड़ाई। 117 फीसद तक वोटर बना दिए। हजारों ऐसे लोगों का नाम मतदाता सूची में षामिल कर दिया, जो गांव के निवासी ही नहीं है। अभी तक इस तरह के लगभग 20 हजार फर्जी मतदाताओं के नामों का खुलासा हो चुका है। अगर तहसीलों ने इन नामों को मतदाता सूची से खारिज नहीं किया तो चुनाव के समय अफरातफरी का माहौल खड़ा हो सकता है। धन के लालच में बीएलओ नें आयोग और डीएम के आदेष और निर्देषों की खुलकर अवहेलना की, ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग हो रही है। जिन ग्राम पंचायतों मतदाता जनसंख्या अनुपात की अनदेखी कर फर्जी वोटर बढ़ाए गए, उनमें सबसे अधिक सदर ब्लॉक का षहर से सटे खौरहवा है, यहां पर 70 फीसद के स्थान पर 117 फीसद मतदाता किए गए। परसुरामपुर के सेहरिया में 112 फीसद इसी ब्लॉक के सलेमपुर कुंवर और सदर ब्लॉक के षहर से सटे सुपेलवा में 111-111 फीसद, सल्टौआ के ग्राम बंजरिया में 103 फीसद, कुदरहा के डेलवा में 95 फीसद, गौर के गिधनी और रुधौली के पिपरपाती में 94-94 फीसद, कप्तानगंज के ग्राम मड़ौहा में 93 फीसद और दुबौलिया के ग्राम पंचायत भरखरी में 95 फीसद वोटर बनाए गए।

## पीडब्लूडी के फर्जीवाड़े का विधायक संजय जायसवाल ने किया भंडाफोड़


**बस्ती( सं. )।** रुधौली के विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने पीडब्लूडी निर्माण खंडएक के फर्जीवाड़े की पोल खोलकर रख दी है। जिन सड़कों को विभाग ने सीडीओ के जरिए गडढ़ामुक्त करने कादावा किया था, उस दावे को विधायक ने धज्जियां उड़ाकर रख दी है। कहा कि विभाग के अधिकाी सड़कों के गडढ़ामुक्त के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे है। गडढ़ामुक्त को लेकर 'पायनियर' की ओर से अभियान चल रहा है। 'पायनियर' की खबर को विधायक ने पुष्टि कर दी है। जनपद के जिन 17 सड़कों को गड्ढा मुक्त किए जाने के प्रशासनिक एवं विभागीय दावे पर विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने सवाल खड़ा किया है, उसमें रूधौली विधानसभा क्षेत्र के उखड़ा, भैसहिया शंकरपुर मार्ग, विशुनपुरवा हनुमानगंज सुरवार कला मार्ग है। सड़कों की फोटोग्राफसहित डीएम को लिखे पत्र में विधायक ने कहा कि जिन सड़कों को विभाग गड्ढामुक्त बताकर षासन को गुमराह कर रहा है, असल में वे सड़कें अभी भी अपूर्ण है। विधायक के मीडिया प्रभारी अमर सोनी ने बताया कि विधायक ने डीएम को अपूर्ण सड़क, गड्ढों का छाया चित्र भेजा है।

# एलजी सिन्हा के प्रथम गाजीपुर आगमन पर भव्य स्वागत

## सभा को संबोधित करते हुए हो गये भावुक

## माता वैष्णो देवी व बाबा अमरनाथ दर्शन के लिए लोगों को आने का दिया निमन्त्रण







संवाददाता। गाजीपुर

जम्मू कश्मीर राज्य के लेफ्टिनेंट गवर्नर मा मनोज सिन्हा आज उप राज्यपाल बनने के बाद पहली बार अपने गृह जनपद गाजीपुर पहुंचे।इस अवसर लहुरी काशी वासियों ने उनका भाव पूर्ण जोरदार स्वागत किया लंका मैदान मे आयोजित अभिनन्दन समारोह मे जनपदवासियों ने फूल माला पहनाकर जोरदार नारे लगाते हुए स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने एक विशाल स्वागत अभिनन्दन सभा को सम्बोधित करते हुए गाजीपुर वासियों से कहा की आपका स्नेह सदैव हमे ताकत देता रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह जी ने मुझ पर जो भरोसा और विश्वास व्यक्त किया है मै आप सबसे कह सकता हूँ की जम्मू कश्मीर में जो दायित्व मुझे मिला है वहां ऐसा कोई काम नहीं होगा जिससे गाजीपुर का नाम कलंकित हो। उन्होंने कहा की जब मुझे यह दायित्व मिला लोगों ने कहा की बहुत बडी चुनौती है लेकिन हमने सोचा चुनौती ही अवसर प्रदान करता है। अपने जीवन के गम्भीर वृतान्त के माध्यम से पुरी तरह से भावपूर्ण एवं डबडबाए नयनोंएरूधे गले से लोगों को सम्बोधित करते हुए गाजीपुर के लोगों से दूर रहने का अफसोस व्यक्त किया तथा लोगों से माता वैष्णो जी के दर्शनएतथा अमरनाथ की यात्रा का आग्रह भी किया।उन्होने कहा की जम्मू कश्मीर के लोगों मे एक नये प्रकार का विश्वास पैदा हुआ है। कहा की मै 111-112 दिनो मे अनुभव किया हूँ की प्रतिभा बहुत है वहाँ के लोगों मे। उन्होंने भरोसे के साथ कहा की जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है यह देश की संसद ने पारित किया है लेकिन भारत के साथ पूरी तरह से इंटीग्रेशन हो यह काम मुझे करना है।उन्होंने कहा की जहां तक मैं पहुंचा हूं यह रास्ता मैं अकेले नहीं तय कर सकता और गाजीपुर के बहुत से लोगों ने अपना बहुत कुछ दिया है उन्होंने कहा अनेक कंटका के रास्तों के बाद भी सही मार्ग पर चला जाए या आप सभी से मिला है। कार्यक्रम को विधायक सुमिता सिंह एवं विधायक डॉ संगीता बलवंत ने भी संबोधित किया इस अवसर पर उनके द्वारा गाजीपुर के प्रति किए गए सभी कार्यों से पूरित एक अभिनंदन पत्र प्रोफ़ेसर बाबूलाल बलवंत ने पढ़कर सुनाया और उनको सौंपा इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने आईटी संयोजक कार्तिक गुप्ता प्रवीण पाठक श्रीराम जायसवाल आदि ने स्मृति चिन्ह भेंट किया । इस अवसर पर गाजीपुर जनपद वासियों की तरफ से एक विशाल माला उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को पहनाई गई। इससे पहले वह अपने पैतृक निवास स्थान मुहम्मदाबाद के मोहनपुरा आवास पर परिवार सहित पहुंच कर अपने गृह पुज्य अराध्य देवी देवताओं का पूजन अर्चन किया।

उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ठीक 12.05 बजे अपने परिवार सहित विमान से अंधऊ हवाई अड्डा पहुंचे जहाँ भाजपा जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व मे सैकड़ों उपस्थित लोगों ने क्रमबद्ध होकर फूल माला से उनका अभिवादन किया। जिसमें विधायक डा संगीता बलवंत, सुनीता सिंह, अलका राय, सरिता अग्रवाल,सरोज कुशवाहा, मुकेश राय,सच्चिदानन्द राय,प्रभुनाथ चौहान, रामनरेश कुशवाहा,रमेश सिंह पप्पू,विनोद अग्रवाल,ओमकार मिश्रा, पारसनाथ राय ओमप्रकाश राय,शशिकान्त शर्मा कार्तिक गुप्ता। जहाँ से वह सीधे सडक मार्ग से अपने पैतृक गृह मोहन पुरा चले गये। इससे पहले वह परिवार सहित पहुंच कर अपने गृह पुज्य अराध्य देवी देवताओं का पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर कृष्ण बिहारी राय रणजीत कुमार सिंह एडवोकेट अखिलेश सिंह ओम प्रकाश रायएजितेंद्र पांडेय राजेश भारद्वाजए शशिकान्त शर्मा ,अच्छे लाल गुप्ता,मुराहू राजभरएसरोज मिश्रा एरूद्रा पांडेय,विपिन सिंह,सहित आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

### विमान से पहुँचे स्ळ मनोज सिन्हा, एयर पोर्ट पर माननीयों ने किया स्वागत

**गाजीपुर।** जनपद में बुधवार को जम्मू कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा अंधऊ एयरपोर्ट पहुँचे। एयरपोर्ट से मोहनपुरा गांव स्थित अपने पैतृक घरके लिए एलजी मनोज सिन्हा रवाना हुए। एलजी बनने के बाद पहली बार अपने गृह जनपद आये हैं मनोज सिन्हा। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत करने के लिए सदर विधायक संगीता बलवंतए जमनिया विधायकए जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के अलावा काफी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा बंदोबस्त को देखते हुए पुलिस महकमा भी मुस्तैद नजर आया।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर नही हो रहा शिकायतों का निस्तारण

**सकलडीहा,चन्दौली।** सम्पूर्ण समाधान दिवस पर शिकायतों का निस्तारण शिथिल होने से लोगों का विश्वास उठने लगा है। बुधवार को तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 20 प्रार्थना पत्र पड़ा। लेकिन एक भी समस्या का निस्तारण नही होने पर फरियादी मायूस होकर लौट गये। अधिकांश अधिकारी मोबाइल पर चैटिंग और आते जाते रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर किसान धान की खरीदारी को लेकर परेशान थे। पराली की स्थायी समाधान को लेकर अधिकारियों का निर्देश का इंतजार कर रहे है। गांव में साफ सफाई तो दूर सफाई कर्मीयों के नही आने से कूड़ा करकट का अम्बार लगा हुआ है। कोटेदारों की मनमानी के कारण समय से खाद्यान नही मिल पा रहा है। ब्लॉक पर समय से सचिवों के नही आने का शिकायत को लेकर फरियादी तहसील का चक्कर काट रहे थे। घंटों इंतजार के बाद भी एक भी समस्या का समाधान नही हो पाया। यही नही कुल 20 प्रार्थना पत्र पड़ा दोपहर दो बजे के बाद शिकायतों को रजिस्टर पर चढ़ा कर सम्बन्धित विभाग को सौप दिया गया। लेकिन एक भी शिकायतों का मौके पर निस्तारण नही होने पर फरियादी मायूस होकर लौट गये। इस बाबत एसडीएम प्रदीप कुमार ने बताया कि सम्बन्धित शिकायतों को दूर करने के लिये अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। इस मौके पर तहसीलदार वंदना मिश्रा, नायब तहसीलदार बृजेश सिंह, बीडीओ गुलाब चन्द्र सोनकर, सुशील मिश्रा, आशा देवी, पूर्ति निरीक्षक अमित द्विवेदी, केके मिश्राए कोतवाल वंदना सिंह,एसडीओ आकाश सिंह, बीईओ सुरेन्द्र बहादूर सिंह,सीडीपीओ अवधेश सिंह, कृषि संभाग प्रभारी शिवशंकर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## कार के चपेट में आने से युवक की मौत

**मुग़लसराय,चन्दौली।** दिन बुधवार को अलीनगर थाना क्षेत्र के आलू मिल के पास कार के चपेट में आने से युवक की हुई मौत। बताया जाता है कि आलू मिल क्षेत्र निवासी वकील नामक 45 वर्षीय युवक जो शौच करने हेतु जा रहा था तभी पीछे से आ रही कार अनियंत्रित हो गई जिससे कि युवक उसकी चपेट में आ गया और उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई । वहीं कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई जिसमें कार चालक को भी चोटें आई । सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस चालक को घायल अवस्था में इलाज़ हेतु निजी चिकित्सालय भेजवाया और शव को अपने कब्जे में लेते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

## सदस्यता अभियान चलाकर किसानों को जोड़ने का किया जा रहा कार्य

**मुग़लसराय,चन्दौली।** ऑर्गेनिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए बीएचयू के प्रोफेसर एसएन त्रिपाठी आगे आकर फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन, एफ पीओ, के तहत सदस्यता अभियान चलाकर किसानों को जोड़ने का काम कर रहे हैं। इससे किसानों की आय में वृद्धि होने का सपना साकार होगा। इसके लिए बकायदा ब्लॉक स्तर पर नौगढ देवेश सिंह, सकलडीहा अजीत यादव, चहनिया रामनरेश सिंह व अजीत यादव,धानापुर कैलाश यादव,चकिया रवि प्रकाश सिंह,शाहबगंज प्रदीप यादव,बरहनी भुवनेश्वर उपाध्याय व अभिषेक मिश्राएसदर अरुण पाठक व अजय पालए नियमताबाद पीयूष कुमार को नियुक्त किया गया है। यह जानकारी कंपनी के निदेशक यशवंत सिंह यादव व आयुष पाठक ने देते हुए कहा कि सदस्यता अभियान के बाद किसानों को औषधीय युक्त खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा । इसमें अश्वगंधा,तुलसीएकालमेघ, सफेद मूसली,रीठा, ब्राह्मणी, सतावरएपामा रोजा,गुलाब, आंवला, सहजन, गिलोय मेहंदी आदि औषधि खेती शामिल है। इसके साथ ही काला धन व गेहूं भी शामिल किया जाएगा। यही नहीं कृषि विभाग की तरफसे मिट्टी परीक्षण हर्बल प्रोडक्टएव्यापारएकंपोस्ट खाद आदि की भी सुविधा उपलब्ध होगी। चंदौली पिछड़ा जनपद होने की वजह से बीएचयू इसको गोद लेकर किसानों की आय बढ़ाने का काम कर रहा है।

## अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल कल से

**चकिया, चन्दौली ।** ग्राम गणवा को राजस्व गांव का दर्जा दिए जानेएग्राम पंचायत बलिया कला व जोगिया कला से वनाधिकार कानून के तहत दाखिल दावों की सुनवाई किए जाने से सहित छह सूत्री मांगों को लेकर ताजपुर गणवा में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे इंकलाबी नौजवान सभा तथा अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के कार्यकर्ताओं का अनिश्चितकालीन धरना 11 सितंबर से शुरू है। जिस पर पहुंचे उपजिलाधिकारी चकिया द्वारा 6 सूत्री मांगों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया किंतु कोई ठोस कार्यवाही ना होने के कारण इंकलाबी नौजवान सभा तथा अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के कार्यकर्ता धरने के 84 में दिन 3 दिसंबर 2020 से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने जा रहे हैं। जिसके पहले दिन बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ममता चौहान तथा अर्चना चौहान 24 घंटे के लिए भूख हड़ताल पर बैठेंगी और सभा की जाएगी। जिसे भाकपा ;मालेद्धजिला सचिव कामरेड अनिल पासवान तथा अखिल भारतीय किसान महासभा जिला अध्यक्ष श्रवण मौर्य संबोधित करेंगे। उक्त आशय की जानकारी भाकपा;मालेद्ध चकिया ब्लॉक लीडिंग टीम सदस्य तथा अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा जिला उपाध्यक्ष कामरेड विजई राम ने दी।

## कोरोना से मानसिक रोगियों को सुरक्षित रखने का होगा प्रयास

**गाजीपुर।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने हाल ही में कोविड .19 महामारी के दौरान मानसिक रोगों के प्रबंधन के लिए नए दिशा.निर्देश जारी किए हैं ताकि मानसिक विकारों से ग्रस्त कमजोर रोगियों एवं प्रथम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं में कोरोनोवायरस के जोखिम को कम किया जा सके। इसके लिए सरकार ने मानसिक स्वास्थ्य केंद्र और निकटवर्ती कोविड अस्पताल के बीच हॉटलाइन संपर्क स्थापित करने का भी सुझाव दिया है ताकि सेवाओं को आसानी से प्राप्त किया जा सके। विशेष रूप से यह दिशानिर्देश ऐसे लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाये गए हैं जो कोरोना पॉजिटिव होने के साथ ही आघात या अवसाद से भी पीड़ित है या जो इस महामारी के कारण अवसाद से पीड़ित हो गए हैं और जो पहले से ही किसी गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त हैं।

एसीएमओ डॉ उमेश कुमार ने बताया की इन विशेष दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए एक नोडल अधिकारी की भी नियुक्ति की जायेगी जो समय समय पर इन दिशानिर्देशों की समीक्षा भी करेगा और गाइड लाइन में जो भी नया अपडेशन होगा उसको मानसिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत स्टाफ एवं मानसिक स्वास्थ्य के मामले देखने वाले पेशेवरों के साथ साझा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त गाइड लाइन में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को समुदाय में भी उपलब्ध कराने की बात की गयी है जिसके लिए समुदाय में पहले से मौजूद मानसिक रोगियों एवं कोविड.19 के दौरान आये नए मानसिक मामलों को कम करने के लिए सुरक्षात्मक उपायों का प्रचार प्रसार किया जाएगा। साथ ही डिजिटलए प्रिंट और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य एवं कोविड.19 पर सटीक तथ्यों के प्रचार. प्रसार के लिए आईईसी सामग्री का उपयोग भी किया जायेगा साथ ही मानसिक रोगी की देखभाल एवं उनके घर तक दवाईयों की सतत उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे गैर सरकारी संगठनों की भी मदद ली जाएगी। गाइड लाइन में कहा गया है कि मानसिक रोगियों एवं उनकी देखभाल करने वाले लोगों को कोरोना से बचने के लिए केवल आपातकालीन परिस्थितियों में ही मानसिक स्वास्थ्य केंद्र में आना चाहिए। स्थानीय स्तर पर मानसिक रोगों से सम्बंधित दवाइयों की खरीद में कोई कठिनाई हो तो सहायता के लिए स्थानीयए राज्य व राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। बुजुर्ग या ऐसे मानसिक रोगी जो ओपीडी तक जाने में असमर्थ हैं उनके लिए गृह भ्रमण जैसी सेवायें शुरू की जायेंगी साथ ही दिशानिर्देशों में यह भी कहा गया है कि महामारी का उपयोग एक अवसर के रूप में करते हुए समुदाय आधारित मानसिक सेवाओं को सुद्रढ़ बनाना चाहिए। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों को छोड़कर अस्पताल जाने से बचने के लिए टेली.मेडिसिन सुविधा को और भी बढ़ावा दिया जाएगा। मानसिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पताल संक्रमण समिति का गठन भी किया जाएगा जो मानसिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कोविड.19 महामारी के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सुझाए गए नए मानदंडों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करेगा ताकि मानसिक रोगियों को सुरक्षित रूप से मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया जा सके।

### महिला का चेन छीनकर उच्चका फरार, साथी धराया

**शाहगंज, जौनपुर।** नगर के ओरिएंटल बैंक की शाखा के समीप मंगलवार की दोपहर दो उच्चको ने बाजार करने आयी महिला के गले का चेन छीनकर भागने लगे। महिला के शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने एक उचक्के को दौड़ा कर धर दबोचा जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। स्थानीय नगर के रोडवेज स्थित ओरिएंटल बैंक के समीप मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे परिवार संग शाहगंज बाजार करने आई अमृता पत्नी रोशन लाल चौहान निवासी लोनिया पट्टी के गले में पहने सोने का चेन को दो उच्चको ने छीनकर भागने लगे। महिला के शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने उच्चको को दौड़ा लिया जिसमें से एक उच्चके को लोगों ने धर दबोचा जबकि दूसरा भागने सफल रहा। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने उच्चके को हिरासत में ले कर मामले की छानबीन में जुटी है।

### शाहगंज में छप्पर रखने के विवाद को लेकर हुए मारपीट में पांच घायल

**शाहगंज, जौनपुर।** क्षेत्र के ताखा पूरब गांव में मंगलवार की सुबह छप्पर रखने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट की इस घटना में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए पुरुष चिकित्सालय लाया गया। क्षेत्र के ताखा पूरब गांव में मंगलवार की सुबह करीब छः बजे छप्पर रखने को लेकर दो पक्ष आमने.सामने हो गए। विवाद बढ़ा तो दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट की इस घटना में एक पक्ष से बलजोर 50ए विनोद कुमार 65ए राम भुवाल 60 बंसराज 76 व दूसरे पक्ष से रमेश गौड़ 55 गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए पुरुष चिकित्सालय लाया गया।

# भाजपाइयों ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन

संवाददाता। देवरिया



भाजयुमो सदस्यों ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाते

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के 60 वें जन्मदिन पर भाजयुमो देवरिया के कार्यकर्ताओं ने भीखमपुर रोड़ और पिडरा गांव के दलित बस्ती के युवाओ को मिठाई खिला मनाया। इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष विन्देश पाण्डेय ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डाजी को जन्मदिन की ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं। उनके कुशल और प्रेरक नेतृत्व में पार्टी निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रही है।मेरी युवा मोर्चा देवरिया के कार्यकर्ताओं की तरफसे कामना है कि वे सदा स्वस्थ रहें और दीर्घायु हों।नड्डा जी के नेतृत्व में पार्टी निरंतर सशक्त होकर आगे बढ़ रही है। उनकी कार्यशैली हम युवाओं को उर्जा देने का काम करती है। पूर्व जिलामहामंत्री भाजयुमो नवीन सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद से अपने सामाजिक और राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले जेपी नड्डा का जन्म पटना में हुआ था।1975 में जेपी नड्डा जयप्रकाश नारायण ;जेपीद्ध आंदोलन का हिस्सा बने और अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की। उन्होंने एबीवीपी में शामिल होकर छात्र राजनीति में प्रवेश किया। तब उनके पिता पटना विश्वविद्यालय के वाइस.चान्सेलर थे। 1977 में एबीवीपी के टिकट पर उन्होंने पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के सचिव के रूप में चुनाव जीता। वह एबीवीपी के दिन.प्रतिदिन के कामकाज में शामिल हो गए और विभिन्न पदों पर काम करते हुये भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में हम सभी मार्गदर्शन दे रहे है।आज हम उनके जन्मदिन पर स्वस्थ व सुखी जीवन की कामना करते है। मीडिया प्रमुख भाजपा अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि भाजपा के 11 वें राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के जन्मदिन पर हम समस्त कार्यकर्ताओ की तरफ से उनके दीर्घायु होने की कामना करते है।विद्यार्थी परिषद से राजनीति में प्रवेश करने वाले नड्डा जी पहली बार 1993 में हिमाचल प्रदेश से विधायक चुने गये थे। उसके बाद वे राज्य और केंद्र में मंत्री भी रहे हैं।वे 1994 से 1998 तक हिमाचल विधानसभा में पार्टी के नेता भी रहे।इसके बाद वे दुबारा 1998 में फिर विधायक चुने गये। इस बार उन्हें स्वास्थ्य और संसदीय मामलों का मंत्री बनाया गया।2007 में उन्हें फिर से चुनाव जीतने का अवसर मिला और प्रेम कुमार धूमल की सरकार में उन्हें वनपर्यावरण, विज्ञान व टेक्नालॉजी विभाग का मंत्री बनाया गया ।2012 में जेपी नड्डा को राज्यसभा का सांसद चुना गया तथा उन्हें मोदी सरकार में स्वास्थ्य मंत्रालय की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली। जनवरी 2020 को उन्हें भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया तब से वे लगातार पार्टी के विस्तार के लिये काम कर रहे है। इस दौरान आकाश मिश्रा, रूपम पाण्डेय,अंकित वर्मा,मुकेश कुमार,रूप कुमार,सूरज कुमार,विद्दु वर्मा, श्याम मौर्य,आनंद प्रभाकर, करन यादव,रमन सिंह,अमन शुक्ला, राज दीक्षित,सूर्यान्श कुशवाहा, दुर्गेश कुमार,नितेश त्रिपाठी, प्रदीप तिवारी,मोनू मल्लए ओम तिवारी,विशाल पाण्डेय,अमित सिंह,रोहित मिश्राए दिलीप सिंहएसचिन शुक्ला आदि रहे।

## पानी की टंकी के गोदाम में लगी आग

### लोगों की सतर्कता से बचा बड़ा हादसा, हजारों का नुकसान

संवादाता। देवरिया

न्यू कॉलोनी मोहल्ले में डॉ अरविंद मिश्रा के सामने पानी की टंकी का रखने का एक गोदाम है जहां आज दोपहर में अचानक पानी की टंकी में आग पकड़ लिया जिससे धुआं उठने लगा आसपास के लोगों ने वहीं कुछ दूरी पर जैस्वाल बिल्डिंग मैटेरियल्स के मालिक रितेश जायसवाल को सूचना दी जिस पर अगल.बगल के लोगों ने छतों से पानी फेंक कर आग को कंट्रोल किया जहां पानी की 3 टंकी जल गई वहीं 3 टन किया क्षतिग्रस्त हो गई और पानी के पाइप भी क्षतिग्रस्त हो गए । जिससे दुकानदार को हजारों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा वहीं फायर ब्रिगेड की गाड़ी सूचना



के बाद भी नहीं पहुंच सकी लोगों ने आग काबू कर बड़ी घटना नहीं होने दी ।

# तेजस्वी ने किसान बिल पर सवाल उठाया

संवाददाता। गाजीपुर

### बहू भोज में शामिल

जनपद में बुधवार को बिहार विधानसभा के नेता विरोधी दल तेजस्वी यादव निजी विमान से जनपद के अंधऊ एयरपोर्ट पहुंचे। तय समय से काफी देर बाद एयरपोर्ट पर उनका विमान उतरा। जहां पर समाजवादियों व कांग्रेसियो ने जोरदार स्वागत किया। अंधऊ एयरपोर्ट से तेजस्वी यादव का काफिला शहर के तुलसी सागर स्थित गहमर कुंज के लिए रवाना हुआ, जहां अशोक सिंह के घर



आयोजित एक वैवाहिक कार्यक्रम में तेजस्वी यादव शामिल हुए। वही तेजस्वी यादव ने इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए किसान बिल पर सवाल उठाया और कहा किसानों को उनकी फसल की सही कीमत मिलनी चाहिये और इस बात पर ध्यान दिया जाना चाहिये कि किसानों की आय कैसे दोगुनी हो। उन्होंने कहा की एयर इंडिया और रेलवे समेत कई सरकारी संस्थाओं का निजीकरण सरकार कर रही है।एक कृषि क्षेत्र का निजीकरण बचा हुआ था।इस क्षेत्र के निजीकरण से किसानो का बहुत नुकसान होगा। हमने तो बिहार में चुनाव ही सिंचाई एकमाईएपढ़ाई और दवाई के मुद्दे पर ही लड़ा था।

### आधुनिक भारत के निर्माण में भारतीय संविधान का अहम योगदान : विजय बहादुर दुबे

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान दिवस 26 नवम्बर से 2 दिसम्बर के बीच मे आयोजित होने वाले संगोष्ठी के क्रम में जिला कार्यालय औराचौरी में संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष अन्तर्यामी सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान में ड्राफ्टिंग कमेटी के सदस्यों ने आधुनिक भारत के निर्माण को ध्यान में रखते हुए सभी वर्गों के हितो के बातो को संविधान में रखा है। कार्यक्रम संयोजक पवन कुमार मिश्र ने कहा कि भारतीय संविधान में पहली बार महिलाओ को मतदान का अधिकार मिला। जिसके कारण महिलाये अपने अधिकारो के प्रति जागरूक होकर आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता विजय बहादुर दुबे जी ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में हमारे संविधान का अहम योगदान रहा है। जिला उपाध्यक्ष अजय दुबे जी ने कहा कि हमारा संविधान नागरिको के मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान

संवाददाता। देवरिया



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में आज दीवानी न्यायालय देवरिया के परिसर में 12 दिसम्बर 2020 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के भव्य सफलता हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव न्यायाधीश शिवेन्द्र कुमार मिश्र के अध्यक्षता में आज बुधवार को हस्ताक्षर अभियान व विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन दीवानी न्यायालय के परिसर में किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव न्यायाधीश शिवेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि न्यायालय के इस स्तम्भ से हमेशा ही सुलह.समझौता के आधार पर किसी भी विवाद को बड़े ही सहजताए सरलता एवं सुगमता से निस्तारित किया जाता हैं। इस हस्तारक्षर अभियान के माध्यम से आमजनमानस से अपील की गयी कि अपने वादों को अपने अधिवक्ता या स्वत: के माध्यम से लोक अदालत में लगाकर उसको नियत तिथि पर निस्तारित करा सकते हैं। न्यायाधीश ने कहा कि ऐसे ब्यक्ति जो अत्यंत निर्धन हैं तथा जिनके पास स्वयं के अधिवक्ता नहीं हैं वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर अपने लिए अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं तथा इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी सुलहनीय वाद जैसे शमनीय वादए धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियमएबैक वसूली वाद,मोटर दुर्घटन प्रतिकरएश्रम वादए विद्युत एंव जल पारिवारिक वादएएभूमि अधिग्रहण वादए इत्यादि जैसे मामलो को निस्तारित करा सकते है। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रयास से इस वैश्विक महामारी कोरोना ;कोविड.19द्ध में जो कार्य निरन्तर किया जा रहा हैं इसमें आप सभी के सहयोग की आवश्यकता हैं जिससे इस महामारी से पूर्णत: बचाव भी किया जा सकें और राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। इस हस्ताक्षर अभियान व विधिक साक्षरता कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला बार अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सिंहासन गिरी, कलेक्ट्रेट बार के अध्यक्ष सतीश चन्द्र पति त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्र मंत्री मनोज राय पूर्व मंत्री प्रकाश मणि त्रिपाठी निराला मौजूद रहे।

# सैकड़ों किसानों ने गन्ना संस्थान में डाला डेरा

संवाददाता। बाराबंकी



**सरकारी** धान खरीद में हो रही मनमानी व्याप्त भ्रष्टाचार व किसानों की उपेक्षा से आक्रोशित भारतीय किसान यूनियन ष्टिकैतष् ने जनपद की सभी तहसील मुख्यालय पर धान से लदी ट्रैक्टर ट्रॉलियों सहित डेरा डालकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।दोपहर से शुरु हुई प्रदर्शन में दो दौर की चली वार्ता में कोई ठोस हल न निकलने से आक्रोशित किसानों में गन्ना दफ्तर में डेरा डाल दिया।जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा ने कहा कि समस्याओ का समाधान न होने तक यह आंदोलन अनिश्चित कालीन चलेगा। गौरतलब रहे कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर हो रही सरकारी धान खरीद किसानों को अपना धान बेंचने के लिए उपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा था,विचौलियों को सम्मान और किसान को अपमान के भी घूंट पीने पड़ रहे थे।इसी को देखते हुए भारतीय किसान यूनियन द्वारा बीते एक सप्ताह पूर्व जिला प्रशासन को उपरोक्त समस्याओ से अवगत कराया गया था।कई मांगो पर कोई कार्यवाई न होने से जनपद की सभी तहसीलों पर धरनाध्प्रदर्शन की चेतावनी दी थी।इसी कड़ी में बुधवार की भोर से ही सैकड़ो किसान अपना धान ट्रैक्टर ट्रॉलियों में लादकर गन्ना दफ्तर पहुंचने लगे।ट्रॉलियों की बढ़ती आमद देखकर प्रशासन हरकत में आ गया।गन्ना दफ्तर से लेकर पुलिस लाइन और जनेसमा कॉलेज से लेकर एसपी कार्यालय तक ट्रालियों का जाम लग गया।इसके बाद आने वाली ट्रॉलियों को जिला प्रशासन से जी आई सी स्थित मैदान में खड़ी करवाया।दोपहर बाद गन्ना दफ्तर में शुरू हुए धरने में पहुंचे जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय मे किसानों की हालत बद से बदतर हो गयी है।जो देश का पेट भरता है उसको अपना धान बेंचने के अपमानित होना ओढ़ रहा है जबकि व्यापारियों को सम्मान दिया जा रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष राम किशोर पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार में जितना शोषण का शिकार किसान हुआ आजतक किसी भी सरकार में नहीं हुआ।किसान सिर्फ भाषणों में है, शासन प्रशासनकी प्राथमिकता में किसान है ही नही।अन्याय चरम पर हो चुका है इसलिए लड़ाई आर पार की होगी।उपजिलाधिकारी नवाबगंज और डिप्टी आर एम ओ संतोष द्विवेदी से दो दौर की चली वार्ता में कोई सार्थक नतीजा नही निकल सका।किसान अपने धान की तौल कराने पर अड़े रहे।जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा ने बताया कि यह आंदोलन अब अनिश्चित कालीन चलेगा,किसान रात्रि में यहीं डेरा डालेंगे,आगे की रणनीति गुरुवार को तय की जाएगी।इस अवसर पर जिला संरक्षक उत्तम वर्मा,अनुपम वर्मा,मीडिया प्रभारी सतीश वर्मा ष्रिन्कूष्राम सेवक रावत, रामानंद, भगौती प्रसाद, प्रमोद कुमार,ओम प्रकाश,शिव नरायनआदि उपस्थित रहे।

## प्रशासन से होगी आरपार की लड़ाईः राधेलाल

**बाराबंकी।** किसानों की अनदेखी करने वाले जिला प्रशासन से आर.पार की लड़ाई होगी उत्तम विचार भारतीय किसान यूनियन राधे के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधे लाल यादव नेस्थानी गन्नादफ्तर में केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए किसान विरोधी बिल के विरोध में आयोजित धरना प्रदर्शनमें व्यक्त करते हुए कहा कि किसान विरोधी बिल वापस ना किया गया तो तो आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी जिला प्रशासन द्वारा जानबूझकर किसानों के मामलों में देरी की जा रही है धरना प्रदर्शन आंदोलन से भी जिला प्रशासन के कान में जूं नहीं रेंगती क्योंकि भ्रष्टाचार के आकंठ डूबा हुआ है। ऐसे में किसान मजदूर दलित सभी वर्ग को परेशान किया जा रहा है भारतीय किसान यूनियन राधे इसका पुरजोर विरोध करती हैं। यदि से निस्तारण नहीं हुआ तो सड़कों पर आंदोलन होगा कार्यक्रम का संचालन जिला प्रभारी मोहम्मद इस्माइल ने किया इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष केके गुड्डू यादव,मंडल अध्यक्ष अब्दुल रहमान, युवा मंडल अध्यक्ष फैसल मलिक, मंडल प्रवक्ता मोहम्मद उबैद अशशू, जिला प्रवक्ता बलराम सिंह यादव, तहसील अध्यक्ष मोहम्मद रियाज, मसौली ब्लाक प्रभारी मोहम्मद इरफान अली, गोविंदा नगर अध्यक्ष कलीम, मुनिया नगर उपाध्यक्ष रसूल अहमद, गुल्ले भाई, माताफेर यादव, विजय बहादुर यादव, मोहम्मद शकील अंसारी, मोहम्मद तौहीद खान, मोहम्मद आरिफ मोहम्मद हसनैन आदि सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे धरने उपरांत गन्ना दफ्तर से सड़कों पर प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया गया जिला के जिलाधिकारी कार्यालय पर उप जिलाधिकारी न्यायिक को ज्ञापन सौंपा गया

## क्विक न्यूज

### गुण्डे किए गए जिला बदर

**अमेठी ।** जिन व्यक्तियों का आस.पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ा रूख अपनाते हुये जिला मजिस्ट्रेट अरुण कुमार ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। जिला मजिस्ट्रेट ने जिन 02 गुण्डों को जिला बदर किया है उनमें थाना जामों निवासी रामशाहपुर मजरे सम्भई के हेमंत कश्यप उर्फ कल्लू महरा पुत्र हरिशंकर मेहरा तथा थाना अमेठी के निवासी ग्राम पठकापुर मजरे कुशीताली के नवीन कुमार पाठक पुत्र दद्दन पाठक के नाम सम्मिलित है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय गुंडा तत्व एवं अपराधिक कार्य में संलिप्त लोगों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैंए जनपद के किसी भी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोई भी असामाजिक तत्वों द्वारा यदि लोकशांति व लोक सुरक्षा को भंग करने का प्रयास किया जाएगा तो उसके विरुद्ध तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने हेतु पुलिस को कड़े निर्देश दिए गए हैं

### दो पक्षों में मारपीट, आधा दर्जन घायल

**मुसाफिरखाना अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे बैशन गांव में बुधवार को खेत मे मेड़ के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। दोनों पक्षों की तहरीर लेकर पुलिस ने घायलों को इलाज के सीएचसी भेजा। कोतवाली क्षेत्र के पूरे बैशन मजरे हरदोईया गांव में बुधवार खेत के विवाद को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गए। एक पक्ष आरोप है कि मेरे खेत का मेड़ काट रहे थेए जबकि दूसरे पक्ष का आरोप था कि जुताई करने से मना कर रहे थे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हो गयी। मारपीट में एक पक्ष से राधे श्यामए मनपताए विवेक व राम औतार चोटिल हुए। दूसरे पक्ष से बचाऊए अनिलए सुनील व प्रमोद सहित चार लोग घायल हुए। दोनों पक्ष के लोग कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया। कोतवाल परशुराम ओझा ने बताया कि दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार दर्जन भर से अधिक लोगों के खिलाफकेस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### अज्ञात वाहन ने सायकिल सवार युवक को रौंदा

**तिलोई, अमेठी।** थानाक्षेत्र शिवरतनगंज अन्तर्गत चिलौली गांव के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 56न पर थानाक्षेत्र के अंगुरी गांव निवासी एक युवक की उस समय मौत हो गई जब वह निमंत्रण से साइकिल से घर वापस आ रहा था और अज्ञात वाहन ने उसे रौंद डाला। जानकारी के मुताबिक गांव निवासी केतार नाथ पुत्र माता फेर 35 वर्ष मंगल वार रात निमंत्रण से घर वापस आ रहे थे कि जैसे वह शिवकुमारी शुक्ला विद्यालय के पास पहुंचा और मार्ग पार करने लगा कि सामने से अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।और मौके पर ही मौत हो गई।सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष डी के सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### घरातियों व बारातियों में हुई जमकर मारपीट

**त्रिवेदीगंज बाराबंकी**।डी जे बजाने के विवाद में जनातियों व बारातियों में मारपीट हो गई द्यजिसमे आधा दर्जन बारातियों को चोट आई है।मामला थाना लोनीकटरा के नरदही गांव का है।यहां मंगलवार को थाना क्षेत्र के ही खैरा कनकू से आई थीजहां द्वारपूजा के समय डी जे की धुन पर बाराती नाच रहे थे।आरोप है कि डांस के दौरान वधूपक्ष की युवतियों से बारातियों ने छेड़छाड़ शुरू कर दीजिससे वधू पक्ष ने डी जे बंद करवा दिया द्यइसी को जनातियों व बारातियों में मारपीट हो गई द्यजिसमें बारात में शामिल खैरा के आशीष,हरी प्रसाद,झब्बू सहित आधा दर्जन लोगों को चोट आई द्यसूचना पर पहुंची पीआरवी ने मामला शान्त करा शादी की रस्में पूरी करवाई

### बुजुर्ग महिला ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**बाराबंकी।** दूसरे की बाइक पर बैठकर वैवाहिक कार्यक्रम में जा रही बुजुर्ग महिला की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत हो गई सूचना मिलने पर पहुची पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।प्राप्त विवरण के अनुसार टिकैतनगर थाना क्षेत्र के अयोध्या मार्ग पर नियामतगंज कस्बे के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक से नीचे गिरी अयोध्या जिले के रौनाही थाना क्षेत्र के बेगम गंज निवासी 60 वर्षीय प्रेमारानी पत्नी जगदीश राय गम्भीर रूप से घायल हो गई और घायल प्रेमारानी को स्थानीय लोगों उपचार कराया उसके बाद प्रेमारानी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।किसी ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी उसके बाद मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

### जताया आभार

**लालगंज प्रतापगढ़।** जिले में स्नातक तथा शिक्षक विधान परिषद चुनाव के शान्तिपूणर्प सम्पन्न होने पर आल इंडिया रूरल बार एशोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने डीएम डॉ. रूपेश कुमार तथा एसपी अनुराग आर्य के कुशल प्रशासनिक प्रबंधन की सराहना की है। वहीं श्री ज्ञानप्रकाश ने जिले के प्रबुद्ध मतदाताओं तथा मतदान में लगे कार्मिकों व प्रशासनिक अधिकारियों के भी शांतिपूर्ण मतदान में प्रभावी भूमिका के लिए आभार जताया है।

### हत्या के प्रयास तथा बलवा का केस

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफहत्या के प्रयास, बलवा तथा घर में घुसकर मारपीट व धमकी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के पूरे भट्टाचार्य बीजूमऊ निवासी मुन्ना सरोज ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेइस नवंबर को गांव के लालजी, राजकली, हरिशचंद्र, त्रिभुवन, नन्हे, मालती, सिद्धनाथ ने बच्चों के विवाद में लाठी डंडे तथा धारदार हथियार से हमला बोल दिया। आरोपियों ने पीड़ित को मारना पीटना शुरू किया तो वह शोर मचाते जान बचाने को घर में घुस गया। इसके बाद आरोपी जबरिया उसके घर में घुस गए। आरोपियों ने लाठी डंडे तथा धारदार हथियार से मारपीट कर पीड़ित व उसकी पुत्री को चुटहिल कर दिया। हमले में पीड़ित तथा पुत्री गम्भीर चोट के कारण बेहोश हो गए। तहरीर के आधार पर मंगलवार की रात पुलिस ने आरोपी लालजी समेत सात के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

### अब जीत-हार के लगने लगे कयास, बढ़ी धड़कन

**लालगंज प्रतापगढ़।** शिक्षक तथा स्नातक विधान परिषद चुनाव के मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के दूसरे दिन अब प्रबुद्ध वर्ग में जीत हार को लेकर कयास तेज हो गया दिखा। तहसील तथा दीवानी परिसर एवं स्कूल कालेजों में लोग शिक्षक तथा स्नातक विधायक के चुनाव में अपने अपने समर्थक प्रत्याशियों की जीत का दावा करते दिखे। हालाकि इस बार स्नातक विधान परिषद चुनाव में जिले में मतदान प्रतिशत कम होने की चर्चा भी छायी दिखी। वहीं प्रत्याशियों के समर्थकों में जीतहार को लेकर धड़कन भी बढ़ी दिखने लगी है। विधान परिषद के शिक्षक व स्नातक चुनाव की गुरूवार को लखनऊ में होने वाली मतगणना को लेकर भी प्रत्याशियों के स्थानीय अभिकर्ताओं को दोपहर बाद से लखनऊ कूच करते देखा गया।

### विशेष कैम्प का आयोजन

**प्रतापगढ़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने बताया है कि अर्हता तिथि 1 जनवरी 2021 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 5 दिसम्बर शनिवार को जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष कैम्प का आयोजन किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने आमजन मानस से अनुरोध करते हुये कहा कि यदि निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित न हो तो फार्म-6 भरकर यथा आयु, पता की प्रमाण पत्र आदि की छायाप्रति संलग्न कर निर्वाचक नामावली में नाम शामिल करा सकते है।

# भूमाफियाओं के खिलाफ हुई कड़ी कार्रवाई

संवाददाता। प्रतापगढ़

**प्रदेश** में भू-माफियाओं, दबंगों द्वारा सरकारी, ग्राम पंचायत व निजी सम्पत्तियों, जमीनों पर अवैध ढंग से कब्जा कर उस भूमि पर व्यावसायिक, आवासीय भवनों का निर्माण कर हड़पने की चल रही अराजकता पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगाम लगाई है। बड़े-बड़े भूमाफियाओं, दबंगों, गुण्डों द्वारा किये गये अवैध कब्जों को न केवल मुक्त कराया बल्कि ऐसे लोगों के विरूद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल भी भिजवाया है। मुख्यमंत्री जी के प्रदेश की बागडोर संभालते ही शासन-प्रशासन में तमाम शिकायतें अवैध कब्जों की आने लगी जिसमें गरीबों व कमजोर लोगों की जमीनें, ग्राम पंचायतों की सार्वजनिक सम्पत्तियों, नगरीय क्षेत्रों की भूमि, सीलिंग की भूमि, वन विभाग एवं सिंचाई विभाग की जमीनों सहित अन्य तरह की खाली जमीनों पर भू-माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा कर बड़ा लाभ कमाया जा रहा था। मुख्यमंत्री जी ने ऐसे भू-माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने एवं अनाधिकृत कब्जे/अतिक्रमण को हटवाकर सम्बंधित मालिक को भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिये, जिसका अनुपालन करते हुए राजस्व विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर कार्यवाही अमल में लाना शुरू कर दिया गया।

प्रदेश सरकार के एण्टी भू-माफिया कानून से प्रदेश की आम जनता में सुरक्षा की भावना जागृत हुई। सरकार द्वारा की जा रही कार्यवाही से लोगों में विश्वास जगा है कि अब कोई भू-माफिया उनकी जमीन नहीं हड़प सकेगा। प्रदेश सरकार ने ''एण्टी भू-माफिया पोर्टल'' विकसित किया है जिस पर सार्वजनिक एवं निजी भूमि पर भू-माफियाओं द्वारा किये गये अवैध कब्जे के प्रकरणों को जनमानस सुगमतापूर्वक अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। शिकायत पर कृत कार्यवाही की जानकारी, फीडबैक, सुझाव भी दे सकता है। राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा पोर्टल पर सतत् अनुश्रवण भी किया जाता है। प्रदेश में ग्राम सभा की परिसम्पत्तियों, वन विभाग की जमीन, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य सरकारी भूमि पर किये गये अवैध कब्जों को गठित एण्टी भू-माफिया टास्क फोर्स द्वारा मौके पर जाकर हटवाया गया है और भूमि को सम्बंधित विभाग को सुपुर्द की गई है। प्रदेश सरकार ने अवैध कब्जे/अतिक्रमण को हटाने के लिए राज्य स्तर, मण्डल स्तर, जिला स्तर एवं तहसील स्तर पर एन्टी भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन किया है। प्राप्त शिकायतों एवं चिन्हित स्थलों के आधार पर टास्क फोर्स मौके पर जाकर अवैध कब्जे हटवाती है।

प्रदेश सरकार ने जिलों में अनाधिकृत कब्जे की जमीनों को मुक्त कराया है। प्रत्येक जिलों में तहसील स्तर पर विशेष अभियान चलाकर अवैध कब्जे हटाये गये हैं। एन्टी भू-माफिया पोर्टल पर मई 2017 से 26 अक्टूबर, 2020 तक कुल 2,88,745 शिकायतें दर्ज की गई। प्राप्त शिकायतों को सम्बंधित क्षेत्र के जिलों में गठित एन्टी भू-माफिया टास्क फोर्स द्वारा मौके पर जाकर 2,87,447 शिकायतों का निस्तारण किया गया है। प्रदेश में चलाये गये इस अभियान के अन्तर्गत कुल 67,793 हेक्टेयर भूमि को अवैध कब्जे/अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। इस अभियान के दौरान 22,838 राजस्व वाद एवं 841 सिविल वाद के मुकदमें पंजीकृत कराये गये। प्रदेश में 4210 भू-माफियाओं के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कराते हुए 2339 अतिक्रमणकर्ताओं को भू-माफिया के रूप में चिन्हित किया गया तथा 182 भू-माफियाओं को जेल में निरूद्ध किया गया है। प्रदेश सरकार की इस कार्यवाही से आम जनता में खुशी है।

# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन के दौरान सुनी जन समस्याएं



संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में 10 बजे जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। शासन के निर्देश पर बुधवार को सभागार में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड.19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंए मास्क लगाएं तथा साफसफाई व सैनिटाइजेशन पर नियमित रूप से ध्यान देंए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सोशल डिस्टेंसिंग का का पालन कराते हुए जन समस्याएं सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। आज जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष लगभग 25 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईए जिनमें नाली विवादए भूमि पर अवैध कब्जेए वसीयतए भूमि की पैमाइशए शौचालयए राशन आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईए जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों को लंबित न रखा जाएए शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएए इसके साथ ही उन्होंने कहा जिस भी विभाग से संबंधित शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## बीस गोवंश छुड़ाए

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मवेशियों को बंधक बनाकर तस्करी के लिए ले जा रहे इक्कीस मवेशियों को बरामद करने में बड़ी सफलता ली है। इनमें से एक मवेशी मृत मिला तो बीस मवेशियों को आजाद कराने में पुलिस सफल रही। हालांकि चालक समेत तीन आरोपी पुलिस की घेराबंदी देख कैनटेनर छोड़कर भाग निकले। कोतवाल सुभाषचंद्र यादव को गोपनीय सूचना मिली कि मंगलवार को लीलापुर पुलिस चौकी के हदराही में गोवंश प्रजाति के इक्कीस मवेशियों को कैनटेनर में लादकर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। आनन फानन में कोतवाल ने लीलापुर चौकी इंचार्ज बीडी राय को एलर्ट करते हुए औचक दबिश दे दी। दबिश में पुलिस को देख कैनटेनर का चालक और उसमें सवार तीन आरोपी भाग निकले। पुलिस ने कैनटेनर को कब्जे में लेकर जब उसे खुलवाया तो उसमें इक्कीस मवेशी बंधे मिले। पुलिस ने मवेशियों को ट्रक से उतरवाया किन्तु एक मवेशी की मृत्यु हो गई थी।

# अधिकारी सख्ती से कोविड-19 का पालन कराएंः डीएम

संवाददाता। ललितपुर

**जिलाधिकारी** अन्नावि दिनेशकुमार की अध्यक्षता में कोविड.19 कोर कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में सर्वप्रथम विगत 24 घंटे के कोविड परिणामों पर चर्चा हुईए जिसमें बताया गया कि आज 1604 टेस्ट किये गए हैं। आज जनपद में 04 धनात्मक केस पाए गए हैंए साथ ही 05 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। जनपद में वर्तमान में कुल 89 एक्टिव केस हैं। जनपद में मरीजों का रिकवरी रेट 95ण्67ए सीएफआर 1ण्47 तथा धनात्मकता रेट 1ण्54 प्रतिशत है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि तजचबत टेस्ट मानक के अनुसार किये जायेंए साथ ही होम आइसोलेशन के मरीजों के स्वास्थ की जानकारी भी लेते रहें।

कोविड अस्पतालों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्1 एवं स्2 कोविड अस्पतालों में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें। मरीजों को गर्म खाना परोसा जाए तथा चिकित्सक मरीजों के पास जाकर स्वयं उनका हालचाल लें।

कांटेक्ट ट्रेसिंग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद में 1 मरीज के सापेक्ष 30 लोगों की ट्रेसिंग की जा रही है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग के कार्य की विशेष निगरानी की जाये। रेलवे स्टेशन तथा जनपद में ललितपुरए महरौनी एवं तालबेहट बस अड्डों पर कोविड जांच केंद्र स्थापित किये जायें। जिलाधिकारी ने सार्वजनिक कार्यक्रम जैसे शादीए रैलीए पार्टी या अन्य कार्यक्रमों में कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन कराये जाने हेतु उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया।बैठक में यह भी बताया गया कि जनपद में धारा 15;3द्ध के तहत सार्वजनिक स्थानों पर मास्क न लगाने पर 40456 चालान कर 4313350 रु0 जुर्मानाए धारा 15;4द्ध के तहत रात्रि में निषेधाज्ञा धार्मिक जुलूस आदि के सम्बन्ध में 2987 चालान कर 378950 रु0 जुर्माना तथा धारा 15;5द्ध के तहत दोपहिया वाहन पर निर्धारित संख्या से अधिक सवारी बैठाने पर 4783 चालान कर 1241000 रु0 जुमार्ना वसूला गया है। इस पर जिलाधिकारी महोदय ने निर्देश दिए कि मास्क न पहनने वालों का चालान करने के साथ.साथ तत्काल उनका कोविड टेस्ट भी कराया जाए।डोर 2 डोर सर्विलांस की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्र में सर्वे के कार्य का सत्यापन करायेंए साथ ही लोगों को मास्क पहनने के लिए जागरुक भी करें।साफ सफाई एवं सैनिटाइजेशन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्रों में सफाई अभियान संचालित करेंए साथ ही विभिन्न प्रचार माध्यमों से कोविड के सम्बंध में शासन के दिशा.निर्देशों को प्रसारित करायें। संचारी रोगों की समीक्षा के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में जांच टीमों के द्वारा निरीक्षण कर मच्छरों के लार्वा को नष्ट कराया जा रहा हैए इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर जल भराव हो ऐसे स्थानों को चिन्हित कर जल को खाली करवाएं तथा लार्वा रोधी या कीटनाशक का छिड़काव करवाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार पांडेय, ए अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डीके गर्ग, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ; डॉ अमित चतुर्वेदी, जिला मलेरिया अधिकारी मनोज कुमारए जिला पंचायत राज अधिकारी अवधेश कुमार, जिला क्षय रोग अधिकारी जेएस बक्शी व जिला प्रतिरक्षण अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## पिता की हत्या के आरोपी पुत्र को आजीवन कारावास की सजा

**बाराबंकी।** अपर जिलाजज राम औतार यादव ने हत्या सम्बन्धी एक मुकदमे का फैसला सुनाते हुये हत्या के आरोपी पुत्र को आजीवनकारावास व दस हजाररुपये जुर्माना की सजा से दण्डित किया।जिला सहायक शाश्कीय अधिवक्ता मथुरा प्रसाद वर्मा ने अभियोजन कथानक का व्योरा देते हुए बताया कि वादी मुकदमा लल्लन यादव पुत्र छोटे लाल निवासी मोती पुरवा मजरे लोहटी जई थाना राम नगर के पिता छोटे लाल अपने बरामदे में सो रहे थे तभी उसका पुत्र टीकाराम अपने पिता से अपने हिस्से की जमीन की मांग को लेकर बांके से प्रहार कर 8 जून 2017 को हत्या कर दी थी। तभी से टीका राम जेल में बन्द है।अभियुक्त के विरुद्ध परिवार के लोगो ने गवाही दी थी।न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद आरोपी टीका राम को भादस की धारा 302 के तहत दोसी करार देकर आजीवनकारावास की सजा व दस हजार रूपये अर्थ दण्ड की सजा से दण्डित किया।

# संविदा तथा निविदा विद्युत कर्मियों ने नियमतीकरण व समान वेतन लेकर भरी हुंकार

**लालगंज प्रतापगढ़।** नगर के एसडीओ विद्युत कार्यालय परिसर में बुधवार को उत्तरप्रदेश बिजली कर्मचारी संघ(एटक) का द्विवार्षिक सम्मलेन संपन्न हुआ। सम्मेलन में संविदा तथा निविदा विद्युत कर्मियों के नियमतीकरण व पेंशन सुविधा एवं इपीएफघोटाले की जांच व विद्युत निगमों के निजीकरण के विरोध समेत कई प्रस्ताव पारित हुए। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए पूर्वांचल बिजली कर्मचारी संघ के अध्यक्ष निखलेश सिंह ने कहा कि सरकार मजदूरों तथा संविदा कर्मियों को समान कार्य के अनुरूप समान वेतन नही देकर मौलिक अधिकारों का हनन कर रही है। उन्होने कहा कि जनता तथा किसानों को सस्ती बिजली मुहैया कराते हुए सरकार संविदा और निविदा कर्मियों को उनकी मेहनत के अनुरूप वेतन तथा पेंशन नही प्रदान करती तो उनका संघ आन्दोलन करेगा। सम्मलेन को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय मंत्री एवं जिलाध्यक्ष हेमन्त नन्दन ओझा ने मजदूरों तथा संविदा एवं निविदा कर्मियों की कठिनाईयों का खाका प्रस्तुत किया। बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने संघ के प्रस्तावों को विधायक तक पहुंचाए जाने के साथ संघर्ष में हर सम्भव सहयोग का भरोसा दिलाया। जूनियर इंजीनियर संघ के जिलाध्यक्ष सीलवंत सिंह ने संघ के अब तक किए गए संघर्षों की रूपरेखा प्रस्तुत की। सम्मेलन की अध्यक्षता डिवीजन अध्यक्ष कमलेश तिवारी व संचालन शिवमूरत ने किया। मंत्री रामेंद्र मिश्रा ने आभार जताया। सम्मेलन को अधिशासी अभियन्ता एके सेठ, ईओ सुभाषचंद्र सिंह, प्रमुख ददन सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, एसडीओ लालगंज आशुतोष कुमार, सांगीपुर एसडीओ एके शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य कमलेश, विजय बहादुर सिंह, लतीफ रामप्रकाश, नारेंद्र, अवर अभियंता प्रमोद यादव ने भी सम्बोधित किया।

## दो तस्कर गिरफ्तार मार्फिन बरामद

**सिद्धौर बाराबंकी।** थाना जैदपुर पुलिस द्वारा 02 तस्कर को किया गया गिरफ्तार,कब्जे से 60 ग्राम मारफीन व एक मोटर साइकिल बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक जैदपुर संदीप कुमार राय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम उ0नि0 श्री हर्दोष सिंह सेगर,का0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह,का0 सुबेदार यादव,म0का0 सविता द्वारा वांछित व सक्रिय अपराधियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। जिसके चलते बुधवार को थाना जैदपुर पुलिस द्वारा शातिर अभियुक्त शेषनरायन मिश्रा पुत्र प्रेम प्रकाश मिश्रा निवासी भटगवां थाना सुबेहा व कंचन राजपूत पत्नी पवन निवासी थाना असन्द्रा को समय 06ण्25 बजे चन्दौली नहर पुलिया से गिरफ्तार किया । गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 30.30 ग्राम कुल 60 ग्राम नाजायज मारफीन व एक मोटर साइकिल यूपी 41 एएन 1309 बरामद किया गया । अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना जैदपुर में सम्बंधित धाराओ में मुकदमा पंजीकृत किया गया ।

# एक और लेखपाल की रिश्वतखोरी का खुलासा

संवाददाता। बाराबंकी

**रिश्वतखोरी** पर सरकार सख्ती बरत रही है कई अधिकारी व कर्मचारी इसी के चलते जेल भी जा चुके हैं फिर भी इनमें खौफ पैदा नहीं हो रहा प्रधानमंत्री आवास योजना इसका ज्वलंत प्रमाण है जिसमें बेखौफ होकर रिश्वत वसूल रहे हैं चित्र देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है जिसमें साफ तौर पर प्रदर्शित हो रहा है कुर्सी पर बैठा व्यक्ति किस तरह रिश्वत का पैसा स्वयं न लेकर दूसरे की ओर इशारा कर रहा है ऐसे में जहां सरकार का सपना चकनाचूर हो रहा है वही गरीब जनता इधर उधर भटक रही है। यह करतूत किसी और की नहीं बल्कि नगर पंचायत बेलहरा में तैनात लेखपाल ओम प्रकाश की है जहां प्रधानमंत्री आवास योजना में रिपोर्ट लगाने के नाम पर खुलेआम वसूली की जा रही है इस बात की पोल तब खुलकर सामने आ गई जब संवाददाता द्वारा शिकायत पर दौरा कर इसका अवलोकन किया गया तब ना केवल सच्चाई सामने आई बल्कि रिश्वतखोरी का वीडियो भी कैमरे में कैद कर लिया। पूछे जाने पर स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त लेखपाल द्वारा दर्जनों पात्र ऐसे हैं कि वह पात्रता संबंधी समस्त शर्ते पूरी हैं किंतु इन गरीब पात्रों को उक्त लेखपाल की मनमानी के कारण आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है तथा परेशान होकर इधर.उधर आवास पाने के लिए पात्र होते हुए भी भटक रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि कई बार उक्त लेखपाल के गलत कार्यों का भ्रष्टाचार करने की शिकायतें भी की गई हैं मगर इनके विरुद्ध ना तो आज तक किसी भी प्रकार की कोई जांच की गई और ना ही कार्यवाही। लेखपाल की कार्यवाही अत्यंत दूषित व विवादित है लोगों ने मांग की है उक्त लेखपाल के द्वारा किए गए शासकीय कार्यों का सत्यापन करा जाए तो सारा मामला साफ हो जाएगा।